# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 159 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, सोमवार 08 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### मोदी की पाकिस्तानी बहन ने भेजी राखी, 2024 के चुनाव के लिए भी दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। देश में 11 अगस्त यानी गुरुवार के दिन रक्षा बंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। बहनें अपने भाइयों को राखी बांध कर रक्षा का वचन लेंगी। ऐसे में एक बहन ने अपने भाई नरेंद्र मोदी को पवित्र धागा राखी भेजी और 2024 के आम चुनाव में



उनके जीत की कामना की। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए पीएम मोदी की पाकिस्तानी बहन कमर मोहसिन शेख ने कहा कि उन्होंने सारी तैयारी कर ली है और इस बार पीएम मोदी से मिलने की उम्मीद है। मुझे उम्मीद है कि वह (पीएम मोदी) इस बार मुझे दिल्ली बुलाएंगे। मैंने सारी तैयारी कर ली है। मैंने कढ़ाई डिजाइन के साथ रेशमी रिबन की राखी खुद बनाई है।उन्होंने एक पत्र लिखा और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन के लिए प्रार्थना की। उन्होंने 2024 के चुनाव के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मैंने एक पत्र लिखा और लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। अच्छा काम करते रहे जैसे हमेशा कर रहे हैं। कमर ने कहा कि 2024 के चुनाव में कोई संदेह नहीं है कि वो फिर से पीएम बनेंगे। वह इसके हकदार हैं क्योंकि उनके पास वे क्षमताएं हैं और मैं चाहती हूं कि वह हर बार भारत के पीएम बने।

### दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले तीन साल में पंजाब से कोई नहीं आयाः सीएम भगवंत मान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को नीति आयोग की सातवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। इस बैठक में पंजाब के



सीएम भगवंत मान ने किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग सहित राज्य से जुड़े मुद्दों को पीएम मोदी के सामने रखा. बैठक में शामिल होने के बाद सीएम मान ने कहा कि आज नीति आयोग की सातवीं बैठक थी और सीएम बनने के बाद यह मेरे लिए पहली बैठक थी।

पंजाब के सीएम ने कहा कि, ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले तीन साल में पंजाब से कोई नहीं आया. हमारे पूर्व के सीएम आराम की जिंदगी जी रहे थे. आज में डिटेल में होमवर्क करके गया, विस्तार से मैंने पंजाब के मसले नीति आयोग के सामने रखे।

उन्होंने कहा कि, हम धान–गेंहू के चक्रव्यूह में फंसे गए हैं. पानी 500–600 फूट नीचे जा चुका है. पंजाब के 150 में से 117 जोन डार्क जोन में हैं. हम बहुत कुछ उगा सकते हैं, हमारी धरती उपजाऊ है, लेकिन हमें उस पर एमएसपी नहीं मिल रही. एमएसपी से किसान दूसरी फसल लगाएगा और उसे उतना ही फायदा होगा।

### साइबर ठगों ने WhatsApp हैक करने का खोजा नया तरीका, मोबाइल कंपनियों के कर्मचारी बनकर ऐसे बना रहे शिकार

लखनऊ।साइबर ठगों ने व्हाट्सएप हैक करने का एक ऐसा फॉर्मूला खोजा है जिसे सुनकर आपके होश




उड़ जाएंगे. शातिर ठग खुद जिओ, रिलायंस, वोडाफोन, एयरटेल या बीएसएनएल जैसी मोबाइल कंपनियों का कर्मचारी बनकर कॉल करते हैं और पूछते हैं कि नेटवर्क से संबंधित कोई समस्या तो नहीं आ रही है. समस्या बताने पर ठग उन्हें एक नंबर पर कॉल करने को कहते हैं और यह दावा करते हैं उस नंबर पर कॉल करने से नेटवर्क एकदम सटीक हो जाएगा. यह नंबर हैशटैग के बाद कोई भी चार नंबर हो सकते हैं. साइबर ठग इस कोड के आगे अपना मोबाइल नंबर जोड़ने को कहते हैं।

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक, शिक्षा नीति समेत कई मुद्दों पर चर्चा, 2047 के लक्ष्य पर फोकस

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की अहम बैठक रविवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इस दौरान पीएम मोदी ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात भी की। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की बैठक में राज्यों से फसल विविधीकरण पर ध्यान देने को कहा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने संचालन परिषद की बैठक के बाद कहा, भारत को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनते हुए देखना चाहते हैं। नीति आयोग पिछले 5–6 वर्षों के डेटा दालों के उत्पादन में वृद्धि में तेजी से प्रगति दिखाते हैं। हम कुछ




दालों का निर्यात और आयात भी कर रहे हैं। हमें केवल मसूर और अरहर की दालों में कमी है। हम अन्य दालों के मामले में आत्मनिर्भरता के बहुत करीब हैं।

प्रधान मंत्री ने कृषि विविधीकरण के महत्व को व्यक्त किया और खाद्य तेलों में विशेष रूप से आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है – हम आयात से खाद्य तेल की अपनी कुल मांग का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर रहे हैं ... कुल मिलाकर, राज्य काफी सहयोगी थे और इस पहलू पर काम कर रहे हैं। नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने कहा कि यहां एनईपी पर एक मजबूत सहमति है। लगभग सभी मुख्यमंत्रियों ने एक के बाद एक इस संबंध में अपने द्वारा उठाए गए कदमों की बात की। विभिन्न राज्यों में कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। यह आने वाले समय में वास्तव में परिवर्तनकारी होगा।

बता दें कि जुलाई 2019 के बाद परिषद की यह पहली बैठक है जिसमें सभी प्रतिभागी आमने –सामने हैं। संचालन परिषद, नीति आयोग की शीर्ष संस्था है और इसमें राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, एस जयशंकर के साथ ही उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, मध्य प्रदेश और असम के मुख्यमंत्री शामिल हुए। हालांकि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने इस बैठक का बहिष्कार किया। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वास्थ्य कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पाए हैं।

# लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने शुरू कर दी है तैयारी यादव, मुस्लिम और जाटव मतदाताओं को साधने की कोशिश

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट जीतने के अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कवायद शुरू कर दी है और इसके तहत इसने खासतौर पर, यादव, जाटव और पसमांदा मुसलमानों को साधने का उपक्रम शुरू कर दिया है, जो दूसरे दलों के परंपरागत मतदाता माने जाते रहे हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य ने 31 जुलाई को ट्वीट किया था, ''यदुवंशियों (यादव) रविदासवंशियों (जाटव) के साथ–साथ पसमांदा मुसलमानों को भी भाजपा के साथ लाएंगे। (वर्ष) 2024 में उप्र के हर बूथ पर कमल ही कमल खिलाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में हुए आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद दावा किया था कि 2024 में उत्तर प्रदेश की 80 में 80 लोकसभा सीट जीतेंगे। इसके पहले भाजपा ने



80 में 75 सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया था। अब विशेष रूप से भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट जीतने के लिए यादव, जाटव (अनुसूचित जाति) और पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों को भी साधने में जुट गई है। मौर्य के ट्वीट से इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि 2024 के चुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) के मुस्लिम और यादव एमवाई समीकरण तथा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के परंपरागत जाटव मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए भाजपा पूरी ताकत से जुट गई है।

इस बीच, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने मौर्य पर निशाना साधते हुए कहा, हम जातिगत राजनीति करते हैं। हमारी विचारधारा समाजवादऔर सामाजिक न्याय पर आधारित है। चौधरी ने कहा, संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद वह (केशव मौर्य) क्या बोल रहे हैं, इसकी सच्चाई लोग जानते हैं। सपा प्रवक्ता ने दावा किया, समाजवादी विचारधारा में जातिवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। मौर्य के ट्वीट के अब राजनीतिक निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं। इस बीच भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तिरंगा यात्रा सप्ताह (11 अगस्त से 17 अगस्त) तथा आगे के जनसंपर्क अभियानों में भाजपा ने यादवों, जाटवों और मुसलमानों के बीच भी व्यापक जनसंपर्क की योजना बनाई है। उत्तर प्रदेश के 80 लोकसभा क्षेत्रों में एक लाख 70 हजार से ज्यादा बूथ हैं और भाजपा ने अपने संगठनात्मक सर्वे में इनमें से 22 हजार बूथ को कमजोर माना हैं। सूत्रों के मुताबिक ये बूथ खासतौर से यादव, जाटव और मुस्लिम बहुल हैं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल ने एक बैठक में इन बूथ को साधने के लिए सांसदों और विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी थी और जनप्रतिनिधियों ने इस पर अमल किया था। पिछले महीने राज्य के उन 14 लोकसभा क्षेत्रों में भी केंद्रीय मंत्रियों के दौरे हुए जहां भाजपा 2019 में चुनाव नहीं जीत सकी थी। राज्य की 80 सीट में से 64 सीट पर फिलहाल भाजपा और दो सीट पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) का कब्जा है, जबकि 10 सीट बसपा, तीन सीट सपा और एक पर कांग्रेस का प्रतिनिधित्व है।

## मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास के सरकारी आवास पर पुलिस की दबिश, गिरफ्तारी वारंट जारी

लखनऊ। मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी के आवास पर यूपी की पुलिस ने दबिश दी है. लखनऊ की महानगर पुलिस ने विधायक अब्बास अंसारी के सरकारी आवास पर दबिश दी है. लखनऊ की एक कोर्ट ने अब्बास अंसारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. पुलिस ने ये दबिश दरुलशफा के विधायक अब्बास के निवास 107 नंबर दी है।

अब्बास पर लखनऊ पुलिस को बगैर बताए शस्त्र लाइसेंस नई



दिल्ली ट्रांसफर कराने का आरोप है. इसके अलावा उन पर एक लाइसेंस पर धोखाधड़ी कर कई शस्त्र लेने का भी आरोप है. अब्बास अंसारी की अग्रिम जमानत अर्जी भी खारिज हो चुकी है. अब उत्तर प्रदेश पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबिश दे रही है।

अवैध तरीके से शस्त्र लाइसेंस ट्रांसफर कराने के आरोपी अब्बास को एमपी–एमएलए कोर्ट ने महानगर पुलिस को 10 अगस्त तक पकड़कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है. इससे पहले अब्बास ने कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया. ऐसे में अब्बास को कोर्ट के सामने सरेंडर करना होगा।

अब्बास अंसारी की तलाश में पुलिस की आठ और टीमें लगाई गई हैं. लखनऊ कमिश्नरेट के साथ ही मऊ, गाजीपुर, आजमगढ़ और वाराणसी समेत कई जनपदों की पुलिस उनको पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापेमारी कर रही है. एसटीएफ की दो टीमें भी अब्बास अंसारी की तलाश कर रही है. यूपी के कई शहरों में पुलिस टीमों की ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है. अब्बास अंसारी के सभी मोबाइल नंबर लगातार स्विच ऑफ बताए जा रहे हैं।

# यूपी के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान हुए फरार अवैध हथियार केस में सुनाई जानी थी सजा

कानपुर नगर। यूपी सरकार में मंत्री राकेश सचान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. कानपुर की एक अदालत ने शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान को शस्त्र अधिनियम के तीन दशक से अधिक पुराने मामले में दोषी ठहराया. वहीं सीएमएम कोर्ट के पेशकार ने मंत्री राकेश सचान समेत तीन लोगों के खिलाफ कानपुर में कोतवाली थाने में एफआईआर के लिए तहरीर दी है. पूरे मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में जो निकलकर आयेगा, उसी के आधार पर आगे कार्रवाई की जायेगी।

यूपी सरकार में मंत्री राकेश सचान के खिलाफ 35 साल पुराने एक मामला कोर्ट में विचाराधीन था. इस मामले में शनिवार को फैसला आना था. पूरा मामला एसीएमएम आलोक यादव के कोर्ट में चल रहा है. फैसला आने से पहले मंत्री राकेश सचान कोर्ट पहुंचे. आरोप है कि फैसला सुनाने से पहले ही राकेश सचान मौके से भाग निकले. उनके वकील ने ऑर्डर कॉपी छीनने की कोशिश की. हालांकि ऑर्डर कॉपी छीनने की पुष्टि किसी ने नहीं की गई है. लेकिन कस्टडी में लेने से पहले ही मंत्री राकेश सचान भाग निकले।

वहीं इस मामले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए ट्वीट किया, बीजेपी के मंत्री के साथ–साथ फरार आईपीएस को भी ढूंढ लीजिएगा।



मामले ने तूल पकड़ा और राकेश सचान के खिलाफ कोर्ट के पेशकार ने कोतवाली थाने में तहरीर दी है. ज्वाइंट कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर कोर्ट के पेशकार ने मंत्री राकेश सचान के खिलाफ दी है. जिसमें फैसला सुनाने से पहले भाग जाने और विवाद जैसी बात लिखी है. मामले की जांच की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज चेक किये जायेंगे. एसीपी कोतवाली की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मंत्री राकेश सचान का कहना है कि एसीएमएम की कोर्ट पहुंचे थे. पुराने मामले में फैसला सुनाने की बात सामने आई थी. लेकिन अचानक तबियत खराब होने पर वह चले गये थे. अगली तारीख के लिए एप्लिकेशन दी गयी है. जिसे जज ने रख लिया और फाइल लेकर मंत्री के भागने वाली बात गलत है।

## कोई मौका नहीं छोड़ रहे दोनों नेता, अखिलेश यादव और केशव प्रसाद मौर्य में जमकर हो रही है जुबानी जंग

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बीच जुबानी जंग कोई नई बात नहीं है. लेकिन इन दिनों दोनों के बीच जुबानी तीर एक बार फिर शुरू हो गए हैं. दरअसल, मीडिया के सवाल का सपा प्रमुख ने ऐसा जवाब दिया कि वो डिप्टी सीएम को चुभ गया है. इसके बाद उन्होंने अखिलेश यादव के इस बयान को पिछड़ों के खिलाफ बता दिया।

सपा प्रमुख ने कहा, डिप्टी सीएम के पिछड़े होने का लाभ बीजेपी उठा रही है. लेकिन वो भूल जाते हैं कि बीजेपी सरकार में सबसे ज्यादा पिछड़े, दलित और मुसलमानों के साथ धोखा हुआ है। अब अखिलेश यादव के इस बयान पर जब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से सवाल हुआ तो उन्होंने जबरदस्त पलटवार किया।


डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे



लगातार अवसर मिल रहा है, ये सपा प्रमुख को सहन नहीं हो पा रहा है. उनको लगा कि केशव प्रसाद मौर्य चुनाव हार अब तो मुझे राहत मिलेगी. लेकिन हारने के बाद भी मेरे शीर्ष नेतृत्व ने डिप्टी सीएम बना दिया. इससे वो हताश, निराश और उदास हैं. उनको लगता है कि वो हमको धोखा नहीं दे सकते हैं. अब वो फूट नहीं डाल सकते हैं। इन दोनों के बीच सियासी बयानबाजी का दौर विधानसभा में हुई बहस के बाद से ही लगातार चल रहा है. उन दोनों के बीच हुई बहस का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था. तब सदन से शुरू हुई ये जुबानी जंग अब भी जारी है. दोनों नेता एक दूसरे को घेरने का कोई भी मौका नहीं चूकते हैं।

## भारतीय बाक्सरों ने लगाई गोल्ड मेडल की हैट्रिक, अनु रानी ने वूमेन्स जैवलिन थ्रो में ब्रान्ज जीतकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के दसवें दिन का खेल जारी है। आज 7 अगस्त को भारत के मुक्केबाजों नीतू, अमित



पंघाल और निकहत जरीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड अपने नाम किये। इसके अलावा अनु रानी ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया, वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश ही पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी बन गयीं।

विश्व चौंपियन निकहत जरीन ने ब्रिटेन के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में महिलाओं के 50 किग्रा फ्लाईवेट में स्वर्ण पदक जीता। जरीन ने आयरलैंड की कार्ली मैकनॉल को हराकर अपना पहला राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक जीता। निकहत जरीन ने स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की क्योंकि युवा मुक्केबाज ने अपना दूसरा स्ट्रैंड्जा मेमोरियल बॉक्सिंग टूर्नामेंट और विश्व चौंपियनशिप स्वर्ण पदक जीतने के बाद सीजन का अपना तीसरा बड़ा स्वर्ण पदक जीता। निकहत ने इंग्लैंड की स्टबले अल्फिया सवाना को 5–0 से हराकर महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया था।

भारतीय मुक्केबाज नीतू घंघास ने राष्ट्रमंडल खेलों की महिलाओं के मिनिममवेट (45 –48 किग्रा) वर्ग में मेजबान इंग्लैंड की रेस्जटान डेमी जेड को 5–0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। नीतू घंघास रिंग में आ गईं और ऐसे शुरू हुईं मानो उन्हें काम खत्म करके कहीं और जाने की जल्दी हो। इंग्लैंड डेमी–जेड रेसिस्टेंस को हराकर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल और नीतू गंघास ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में अपने दबदबे भरा प्रदर्शन जारी रखते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किये। इन दोनों मुक्केबाजों ने अपने मुकाबलों के फाइनल में मेजबान देश इंग्लैंड के प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। पंघाल ने इस तरह पिछले चरण के रजत पदक का रंग बेहतर किया।

## बरेली में महिला के साथ मारपीट करने वाला बीजेपी नेता गिरफ्तार, व्यापार मंडल ने भी संगठन से निकाला

बरेली। यूपी के बरेली में बीजेपी नेता जितेंद्र रस्तोगी पर महिला से मारपीट का आरोप लगा है. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है. वहीं पुलिस ने बीजेपी नेता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था. अब इस मामले में एबीपी न्यूज की खबर का बड़ा असर हुआ है. बरेली पुलिस ने पिटाई करने वाले बीजेपी नेता जितेंद्र रस्तोगी गिरफ्तार कर लिया है।

इससे पहले बरेली में महिला के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी ने निशाना साधा था. बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा, बीजेपी नेताओं की करतूतों से शर्मसार यूपी. नोएडा के बाद अब बरेली में बीजेपी नेता ने सरेआम महिला और उसकी बेटी को पीटा, निंदनीय और शर्मनाक. सत्ता के नशे में बेलगाम अपने नेताओं को महिलाओं का सम्मान करना सिखाएं मुख्यमंत्री. आरोपी बीजेपी नेता के खिलाफ हो कठोरतम कार्रवाई।

बरेली पुलिस ने जितेंद्र रस्तोगी को उसके घर से गिरफ्तार



किया है. बताया जाता रहा है कि नाली के विवाद में ये मारपीट हुई थी। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था. मिली जानकारी के अनुसार व्यापार मंडल ने भी जितेंद्र रस्तोगी को संगठन से निकाला दिया है. ये पूरा मामला शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ख्वाजा कुतुब का बताया जा रहा है। वहीं पीड़िता का आरोप है कि उनकी नाली बंद हो गई थी. जिसके लिए उन्होंने नाली की खुदाई करवाई तो बीजेपी नेता ने उनके और उनकी बेटी के साथ मारपीट करवाई. पीड़िता की तहरीर पर शहर कोतवाली में आईपीसी की धारा–307 के बीजेपी नेता जितेंद्र रस्तोगी और 4–5 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. जिसके बाद अब पुलिस एक्शन लिया है. इस मामले में बरेली के एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज का भी बयान आया था।

# संक्षिप्त समाचार

### शाहपुर मंडल युवा मोर्चा की बैठक हुई संपन्न



भदफर सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक शाहपुर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ0वासुदेव पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके निज निवास चंदेसुवा में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा हर घर तिरंगा और तिरंगा बाइक रैली आयोजन के संयोजन का रहा।बताते चले कि युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में 10 अगस्त को बाइक तिरंगा रैली का आयोजन होना है, यह तिरंगा यात्रा शाहपुर से प्रारंभ होकर मंडल के विभिन्न ग्रामों से होकर शिव मंदिर तक होगी। इस मौके पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सियाराम मिश्रा, भाजपा नेता श्री विनोद शुक्ला एवं शाहपुर मंडल युवा मोर्चा टीम उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रुप से रामजी शुक्ला अमित त्रिवेदी रेशू मिश्रा सत्यम त्रिवेदी रिंकू वर्मा जीत त्रिवेदी सत्यम मिश्रा शुभम वर्मा दिलीप पांडे उमेश गुप्ता अंकित शुक्ला छोटू केवट सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### झूठी खबरें चलाकर अफवाह फैलान वाले पत्रकारों पर हो उचित कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को पत्र

सीतापुर। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा लहरपुर में तथाकथित पत्रकारों द्वारा गलत समाचार पत्र का प्रकाशन किया जाना वह गलत अफवाह फैलाना इसी क्रम में दंगा हुआ अपवाद कराना यह सब सम्मिलित करते हुए अभी 2 दिन पहले त्यागी बाबा के कावड़ यात्रा में नबीनगर जैसी घटना को नवादा में भी दोहराने का कार्य किया जा रहा है इसमें कुछ तथाकथित पत्रकारों का ही सम्मिलित होना एक अचंभित करता है सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि नवादा ग्राम सभा के प्रधान उसके भाई इस घटनाक्रम में सम्मिलित होने की भी संभावना है अतः जिलाधिकारी द्वारा व पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुरोध है कि मेरे दैनिक अयोध्या टाइम के प्रकाशन के आधार पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए जो तथाकथित भ्रष्ट पत्रकार हैं यदि पर आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई तो किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है इस को ध्यान में रखते हुए सीतापुर के जिला अधिकारी अप पुलिस अधीक्षक महोदय से अनुरोध है कि इसकी एक जांच कराए जाने की कृपा करें जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके इसी क्रम में तहसील के प्रशासन चाहे सीओ साहब हो या स्पेक्टर लहरपुर इन सब को बदनाम किया जा रहा है जबकि वास्तविकता यही है कि इसमें कुछ पत्रकारों का इनवाल होना ही एक महत्वपूर्ण भूमिका है जब तक इनकी जांच नहीं कराई जाएगी तब तक इसी प्रकार के कुचक्र बरसते रहेंगे और शासन व प्रशासन को वह ईमानदार उत्तर प्रदेश सरकार को बदनाम करने की कोशिश करते रहेंगे।

### खेरेश्वर मंदिर पर नानामऊजिला पंचायत सदस्य ने करवाया विशाल भंडारे का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सुनील शुक्ला शिवराजपुर। खेरेश्वर मंदिर पर नानामऊ जिला पंचायत सदस्य गगन सिंह ठाकुर ने भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। रविवार को दूर दराज अन्य जनपदों से खेरेश्वर मंदिर पर





भोलेनाथ के दर्शन कर गंगा स्नान करने आए शिवभक्तो के लिए समाजसेविको ने विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। नानामऊ जिला पंचायत सदस्य गंगा ठाकुर ने बताया की खेरेश्वर मंदिर पर भक्तो के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।हजारों की तादात में आकर भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया है।गगन सिंह ठाकुर के साथ विक्रम ठाकुर कृष्णा ठाकुर अवनीश कटियार आदित्य तोमर आदि समजसेविक मौजूद रहे।

### पुरवा महिपाल में जलभराव होने से परेशान लोग

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स



कंचौसी,औरैया। रविवार सुबह से रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश से सहार विकास खंड के ग्राम पंचायत नौगवा के मजरा पुरवा महिपाल में बारिश होने सड़क पर जलभराव हो गया ,बारिश का पानी लोगो के घरों के अंदर भी घुस गया।लोगो ने इसकी शिकायत वीडियो सहार से की है।राम सिंह ,राजू ,बीरेन्द्र, राजाराम आदि लोगो ने बताया ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार से कई बार नाली की सफाई करवाने के लिए कहा लेकिन ग्राम प्रधान ने उनकी बात पर ध्यान नही दिया।नालियां चोक होने से पानी का निकास ना होने से पानी लोगो के घरों में घुस गया है।

### सभी नागरिक अपने-अपने घर पर तिरंगा फहरायें : डा. सुशील सम्राट




अनिल कुमार जिला ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ. प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील सम्राट ने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों एवं सभी नागरिकों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने की अपील की है स उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान के साथ फहराया जाना चाहिए स हम सभी को राष्ट्रीय ध्वज की पवित्रता एवं गरिमा कायम रखने के लिए युवाओं को प्रेरित करें स प्रदेश अध्यक्ष डा. सम्राट ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है इसलिए सभी नागरिक अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ स्वेच्छा से अपने–अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं।

## प्रसूता का हुआ एंबुलेंस में प्रसव जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सुनील शुक्ला

शिवराजपुर। एक बार फिर एंबुलेंस चालक और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन की सूझबूझ से गर्भवती महिला की सफल डिलीवरी हुई जानकारी के अनुसार शिवराजपुर ब्लॉक के गांव जरैला पुरबा की आशा ममता देबी निवासिनी ने अपने फोन से अपने ही गांव के निवासी नीलम देवी पत्नी विबेक प्रसव पीड़ा होने की सूचना एंबुलेंस को दी कुछ ही देर में एंबुलेंस UP32BG9823 घर पहुंची और पीड़िता को लेकर परिजन सहित स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकले इसी बीच रास्ते में महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी एंबुलेंस चालक विजय प्रताप सिंहऔर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन रोहित कुमार ने प्रसूता की आशा की मदत से एंबुलेंस में ही सफल डिलीवरी कराई जंहा प्रसूता ने एक बेटी को जन्म दिया उसके उपरांत जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर जच्चा–बच्चा पूरी .. तरीके से स्वस्थ हैं और शिवराजपुर समुदायिक स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक डॉ अनुज कुमार दीक्षित ने बताया जच्चा–बच्चा को कुशल डॉक्टर की देखरेख में रखा गया है जहां दोनों स्वास्थ्य है।

### भारतीय विशाल हिंदू युवा सेवा संगठन द्वारा समस्त देश, नगर वासियों को रक्षाबंधन एवं स्वतंलता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत कानपुर। भारतीय विशाल हिंदू युवा सेवा संगठन रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा संस्थापक जय कुमार शर्मा मंडल प्रचार प्रसार प्रमुख अग्निरेश शर्मा जिला अध्यक्ष महेश शर्मा जिला सचिव राम जी कटियार जिला मंत्री विनोद कुमार अग्निहोत्री आज पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर स्वतंत्रता दिवस पर विशेष तैयारी करते हुए कहा कि आने वाले रक्षाबंधन पर्व पर सभी बहन राखी उसी के बांधें जो आपकी रक्षा करें हिंदू धर्म में सदियों से चले आ रहे संस्कार को मजबूत कर क्योंकि रक्षाबंधन पर्व एक रेशम के धागे से बंधा हुआ भाई बहन का प्यार व रक्षा हेतु कवच होता है जिस धर्म में अपनी ही बहन बेटियों को अपनी बीवी बना लिया जाता है उस धर्म को रक्षाबंधन पर्व का महत्व क्या जानना है सभी हिंदू बहनों से निवेदन है कि कृपया ध्यान रखें सिर्फ हिंदू भाइयों को ही राखी बांधे।

## शिवसेना की सभी कमेटियां भंग, जिलाध्यक्ष ने नगर निगम व वनविभाग पर साधा निशाना




दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता कानपुर। कानपुर के पदाधिकारियों की एक बैठक बर्रा–6 स्थित शिवसेना कार्यालय मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया की कानपुर जिले की सभी कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।वर्तमान मे सुरेंद्र राजपूत जिला महासचिव, रंजीत सिंह सेंगर जिला सचिव,अशोक गुप्ता सचिव, गोविंद कुशवाह संयुक्त सचिव, शिवम शुक्ला कार्यालय प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है।जिलाध्यक्ष ने नगर निगम पर निशाना साधते हुए कहा की गुजैनी अम्बेडकर नगर मे जिस तरह डायरिया ,मलेरिया,जैसी घातक बीमारी फैल गई है।बजबजाती नालियां नगर निगम का असफलता का प्रमाण है बारिश के पहले शहर की नालिया सफाई अभियान के नाम पर करोड़ो खर्च करने का दावा झूठा सवित हुआ,इसकी जांच होनी चाहिए।वही दुसरी वनविभाग के अधिकारियों पर अरोप लगाते हुए कहा की हर वर्ष वनविभाग वृक्षारोपण के नाम करोड़ो पौधे लगाने का दावा करते है लेकिन वृक्षारोपण केवल नाम का होता है वनविभाग सरकार को धोखा देकर करोड़ो का नुकसान पहुंचने काम कर रहा है। शिवसेना का एक प्रतिनिधि मंडल बहुत जल्द जिलाधिकारी से मुलाकात कर जांच की मांग करेगी।बैठकमे मुख्य रूप से श्रीमती मिश्रा प्रदेश सचिव, उमेश सोनी,राधेश्याम श्रीवास्तव, नरेश शर्मा, सुरज कुमार, राकेश ,आदि लोग मौजूद थे।

## स्वर्गीय डॉक्टर डीके सिंह की स्मृति में किया गया वृक्षारोपण



दैनिक अयोध्या टाइम्स कानपुर देहात भूपेंद्र सिंह चौहान अकबरपुर। अकबरपुर कानपुर देहात में स्वर्गीय डॉक्टर डीके सिंह की स्मृति वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें डीएम नेहा जैन कानपुर देहात एसपी सुनीति बैडमिंटन दिवस पर वन विभाग एवं खेल विभाग के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप चौहान प्रभागीय वन अधिकारी एके द्विवेदी वन क्षेत्राधिकारी सर्वेश कुमार सिंह उदय प्रताप सिंह अमित कुमार अमित कटियार जी विजय सिंह जी धर्मेंद्र कुमार अनिल कुमार जितेंद्र कुमार भूपेंद्र राम सजीवन आज सैकड़ों लोग मौजूद रहे अकबरपुर माती स्टेडियम में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया और बताया गया कि खेलकूद में मानसिक व शारीरिक दोनों में वृद्धि होती है।

## स्व0 डी0के0 सिंह आल इंडिया बैडमिन्टन खिलाड़ी, पदक विजेता उ0प्र0 वन विभाग जी की स्मृति में बैडमिन्टन की दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ







छायाकार: राधा ठाकुर

कानपुर देहात। आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत स्व0 डी0के0 सिंह ऑल इंडिया बैडमिन्टन खिलाड़ी, पदक विजेता उ0प्र0 वन विभाग जी की स्मृति में बैडमिन्टन दो दिवसीय प्रतियोगिता का जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में हरिशंकरी का पौधरोपण एवं गुब्बारे को हवा में छोड़कर शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी बैडन्टिन टीम के खिलाड़ियां से परिचय लिए तथा कहा कि आजादी का अमृत महोत्वस की श्रृंखला एवं स्व0 डी0के0 सिंह ऑल इंडिया बैडमिन्टन खिलाड़ी, पदक विजेता उ0प्र0 वन विभाग जी की स्मृति में यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी प्रतिभागी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें तथा अच्छे से खेले और सफल हो। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी घनश्याम चौरसिया, डीएफओ अनिल कुमार द्विवेदी, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश द्वारा ली गयी बैठक

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात की अध्यक्षता में एडीएम/ नोडल–राष्ट्रीय लोक अदालत अधिकारी, कानपुर देहात एवं कानपुर नगर, एएसपी/ नोडल–राष्ट्रीय लोक अदालत अधिकारी, कानपुर देहात, सभी एसडीएम एवं तहसीलदार, कानपुर देहात एवं बिल्हौर–घाटमपुर, कानपुर नगर, एलडीएम एवं सभी बैकों के मैनजर की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में श्री वाकर शमीम रिजवी, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश/प्रभारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत कानपुर देहात, शिवा नन्द, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात व संगीता– सचिव, जिला विधिकि सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात उपस्थित रहे। साथ मे यह भी निर्देश दिये कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित वादों में जारी नोटिस का समय से और ज्यादा से ज्यादा तामीला हो। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जो भी समस्या बतायी गयी उसका निस्तारण किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष द्वारा उपस्थित समस्त को दिनांकः –13 अगस्त 2022 द्वितीय शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का सुलह–समझौता के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु निर्देश दिये।

## चोरों ने दो घरों के ताला तोड़कर घर मे की चोरी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- नगदी, जेवरात सहित कीमती सामान किया पार, पुलिस कर रही जांच



अजीतमल,औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में चोर ने बीती रात दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर में चोर नगदी सहित जेवरात पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। घर के लोगों से बात करके जानकारी ली। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। घटना कोतवाली क्षेत्र के मौहारी गांव की है। यहां के निवासी चंद्रशेखर सिंह कुशवाहा अपनी पत्नी प्रेमवती के साथ घर की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। सुबह जगकर नीचे गए तो गेट का ताला टूटा हुआ था। बताया कि घर के अंदर जाकर देखा तो देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ था। चंद्रशेखर ने बताया कि चोर एक जोड़ी वृजवाला, एक मंगल सूत्र, पायल, हार, अंगूठी सहित पचास हजार रुपए की नगदी पार कर दिए। चंद्रशेखर के बेटे अजय प्रताप और अभय प्रताप दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। ৮ एक अन्य घर से जेवरात व सामान पार दियाৎ इसके अलावा इसी गांव के ही मुजीबउर्रहमान अपनी पत्नी रुखसाना, बेटी नेहा आदि रिश्तेदारों के साथ घर में सो रहे थे। रात में अज्ञात चोर घर में घुस आए। उन्होंने घर में रखे जेवरात सहित कीमती का सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही सीओ प्रदीप कुमार और कोतवाली प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। सीओ ने बताया कि मौहारी में दो घरों में चोरी की जानकारी मिली है। मौके पर जाकर जानकारी ली गई है। जांच की जा रही है।

## तीन मंजिला इमारत अचानक एक साइड से जमीन में धंसी, इमारत हुई टेढ़ी, इमारत के अंदर रह रहे लोग बाहर निकलकर भागे, टला बड़ा हादसा हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

कानपुर दक्षिण। गोविंद नगर थाना अंतर्गत रतनलाल नगर इलाके में बने इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के सामने साधवानी पार्क के बगल में लगभग 356 वर्ग मीटर में बनी देव वाटिका अपार्टमेंट नाम की 3 मंजिला इमारत है जोकि 2003 में बनी थी जिसको अभी मात्र 19 साल हुए है और वह इमारत बीते दिन शनिवार को अचानक से चटकते हुए व जमीन फाड़ते हुए एक तरफ से जमीन में धंस गई। इमारत में 1BHK के 14 फ्लैट बने हुए हैं जिसमें कुल 12 परिवार रहते है। ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट नंबर 2 में रहने वाली महिला कुमुदिनी ने बताया कि शनिवार शाम तकरीबन 06:00 बजे वह अपने फ्लैट में अकेली थी और अपने रिश्तेदारों से फोन पर बात कर रही थी। जिस बीच अचानक चटकने की जोरदार आवाज आई और छत का लेंटर टूट कर नीचे गिरा, नीचे कमरे की जमीन पूरी तरह फटती चली गई और इमारत जोर से हिली जिससे वह घबरा कर घर के अंदर से बाहर भागी जिनके साथ साथ फ्लैट में रह रहे मौजूद सभी लोग एक– एक कर बाहर भागे और जब बाहर आकर देखा तो इमारत टेढ़ी हो गई थी और इमारत के तीन पिलर जमीन में 6 इंच नीचे धस गए थे। जिसे देख फ्लैट के सभी लोग घबरा गए और पुलिस को सूचना दी जिनकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस संग एसडीएम हिमांशुनाग पाल जिन्होंने मौके का मुआयना कर रेस्क्यू करने तक इमारत को ताला लगाकर बंद करवा दिया और साथ ही जिस ओर इमारत झुकी थी उस ओर बगल में बने मकान को भी खाली करवाकर उसमे भी ताला लगवा दिया घरों को खाली करने के बाद फ्लैट में रह रहे लोगो ने रात गुजारने के लिए आस पड़ोस में रहने वाले मित्रों से मदद मांगी तो किसी ने अपने रिश्तेदारों से मदद मांगी तो कोई बिस्तर लगाकर बाहर सोया अचानक इमारत धंसने के कारण फ्लैटों में रह रहे लोग अपनी जान बचाकर घरों से बाहर आ गए। जिस कारण लोग फ्लैटों के अंदर रक्खा गृहस्ती का सारा सामान फ्लैट से बाहर नहीं निकाल पाए और सारा सामान अंदर रह गया जोकि अभी भी इमारत के अंदर है।

## संपन्न हुई माता आदिशक्तिकी दिव्य मासिक महाआरती

- संगठन का लक्ष्य धर्म, राष्ट्र व मानवता की सेवा
- पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट व भगवती मानव कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में मां महाआरती का आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता कानपुर। नगर के तहसील बिल्हौर अंतर्गत ककवन रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील बिल्हौर कानपुर नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र को नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, जातिभेद मुक्त, छुआछूत मुक्त व सांप्रदायिकता से मुक्त रहने के लिए और संस्कारवान जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की प्रारंभिक बेला में श्याम जी व निधि चौरसिया ने माता आदिशक्ति व सद्गुरुदेव भगवान के जोरदार स्वरों में जयकारे लगवाये। कार्यक्रम का संचालन टीम प्रमुख श्रवण कुमार ने किया।

उक्त अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, जिला अध्यक्ष चंद्रेश सिंह व भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील बिल्हौर के तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी के साथ–साथ उदयनारायण सचान, सत्यवती पाल, रामचंद्र यादव, संजीव कटियार, श्री कृष्ण कठेरिया, रविशंकर गुप्ता, मुनेश चौरसिया, निधि चौरसिया, सोनम चौरसिया, योगेश कटियार, सर्वेश सचान, मंजू सचान, किशन लाल पाल, रमन पाल, रौनक पाल, मेवालाल, श्रीष तिवारी, राहुल कुमार, श्री कृष्ण त्रिपाठी, दुर्गा सिंह, रश्मि कटियार व अंकित कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम की समापन मेला में टीमप्रमुख अन्नपूर्णा शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र, जिलाध्यक्ष चंद्रेश सिंह व जिलाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी द्वारा उपस्थित मां भक्तों को संबोधित किया गया और संगठन की विचारधारा जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा बिल्हौर के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने बताया कि माता आदिशक्ति जगतजननी की महाआरती का क्रम प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को संपन्न किया जाता है जिसमें निरंतर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया साथ ही आये हुए मां भक्तों के प्रति तहेदिल से आभार व्यक्त किया। अंत में सभी ने शक्तिजल एवं प्रसाद ग्रहण किया।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज ।अपराधियों पर नकेल कसने के साथ अपराधों पर अंकुश लगाने के चलते मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चला कर महिलाओं को जागरूक किया गया स पुलिस अधीक्षक, कन्नौज कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में "मिशन शक्ति" अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन, महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से कन्नौज पुलिस द्वारा बालिकाओं/छात्राओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचला/शोहदो द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

## एडी हेल्थ ने किया सीएचसी व हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का निरीक्षण

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डॉ. जीएस बाजपेई द्वारा रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ



एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर फतेहपुर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमहरा में चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का भी निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि एडी हेल्थ मेजर डॉ. जीएस बाजपेई और एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे, जहां उनके द्वारा सर्वप्रथम प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे महा अभियान की जमीनी हकीकत जानी गई। उन्होंने इमरजेंसी सहित एफआरयू यूनिट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके बाद वे हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर फतेहपुर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे अभियान का निरीक्षण किया और बांटी जा रही दवाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमारा में चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों से बात कर मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और दवाओं सहित अन्य सेवाओं पर संतुष्टि जाहिर की है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार यादव, जिला लेखा प्रबंधक सतपाल सिंह, अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह, डॉ. शोएब अख्तर, डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, फार्मासिस्ट आशीष कुमार शर्मा, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तैय्यब सिद्दीकी, बीसीपीएम रोहित पाल आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## घर-घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के निमित्त विशाल तिरंगा रैली का होगा आयोजन

पीलीभीत 129 विधानसभा पूरनपुर के सभी कार्यकर्ता बंधुओं, पदाधिकारी घर–घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के निमित्त विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। यात्रा में दिनांक 10 अगस्त 2022 को सुबह 8:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पूरनपुर में सभी कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण होगा इसके बाद सभा का आयोजन कर सभी कार्यकर्ता बंधुओं के साथ शेरपुर हुसैना पुर नजीरगंज होते हुए सुल्तानपुर यात्रा पहुंचेगी उसके पश्चात सभा होने के बाद गढ़वा खेड़ा अंडावझी होते हुए सिकराना गुलडिया भूपसिंह होते हुए घुँघचिहाई में सभा का आयोजन कर पूरनपुर यात्रा पहुंचेगी इसके बाद घुँघचिहाई चौराहे से खमरिया पट्टी होते हुए माधोटांडा क्रॉसिंग से कलीनगर में सभा करते हुए यात्रा माधोटांडा होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर से स्टेशन चौराहा होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में यात्रा का समापन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय विधायक बाबूराम पासवान के नेतृत्व में



होगी। सहयोग के रूप में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा पूरनपुर के सभी कार्यकर्ता बन्धु रहेंगे। जो भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से यात्रा में सहयोग करना चाहता है वह सुबह 8:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर यात्रा में सहयोग प्रदान करे।

## कटेनर पिकअप की भिड़ंत में दो युवकों की हालत गंभीर

- हादसा करने के बाद कंटेनर को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

पूरनपुर। सीतापुर जा रही पिकअप सामने से आ रहे कंटेनर से टकरा गई।हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हरदोई जिले के गांव बेनीगंज देहात निवासी रजनीश व सोनू तिवारी चालक व परिचालक है।वह पीलीभीत से पिकअप में कद्दू भरकर सीतापुर मंडी ले जा रहे थे।इसी दौरान पूरनपुर खुटार आसाम हाईवे पर स्थित गहलुईया मोड के पास खुटार की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे को लेकर लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर युवकों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।इस दौरान सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कंटेनर चालक को दबोच लिया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कंटेनर चालक को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

## मोटरसाइकिल यात्रा निकालकर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की

पीलीभीत पुरनपूर। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत तथा रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने संयुक्त रूप से मिलकर आजादी के 75 में आजादी महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त के



अंतर्गत एक मोटरसाइकिल यात्रा निकालकर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य तथा रोटरी रॉयल्स के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए आज पूरनपुर नगर में एक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जिसमें समस्त पूरनपुर वासियों से अपील की गई की 13 से 15 अगस्त तक अपने परिवार एवं प्रतिष्ठान पर ध्वजारोहण करें तथा आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल होकर देश का मान बढ़ाएं यह मोटर साइकिल रैली वह तहसील परिषद पूरनपुर से शुरू होकर मेन मार्केट स्टेशन चौराहा आसाम रोड घुघचिहाई चौराहा पकड़िया चौराहा होते हुए तहसील में आकर समाप्त हुई संस्थाओं के द्वारा सभी से ध्वजारोहण की अपील की गई

कार्यक्रम में कौशलेंद्र भदौरिया आकाश खंडेलवाल शेखर ठाकुर शेखर खंडेलवाल शिवम भदौरिया संजय मिश्रा मुकुल अंबर डॉ मनदीप सिंह विज्ञान भदौरिया, ऋषभ सक्सेना श्रेष्ठ सिंह अक्षत कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक सम्पन्न

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक नगर पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर ने की। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जनहित के प्रत्येक कार्य जैसे स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सहित दबे कुचलों को न्याय दिलाने के लिये हमेशा प्रयासरत रहेंगे तथा अन्याय के खिलाफ अपनी लेखनी के दम पर मजबूती से लड़ेंगे। प्रेस क्लब के साथी शहवाज सिद्दीकी के बड़े भाई के आकस्मिक निधम पर प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना की। उसके पश्चात् प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार स्व. संतोष पाण्डे, स्व. मुजीब अहमद सिद्दीकी, स्व. अनिल पाण्डेय जिनका निधन हो गया है उनके नाम से उनकी गली में पत्थर लगाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन नगर पालिकाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा को सौपा गया। जिस पर उन्होंने कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार हरीश चन्द्र सिंह, विमल सिंह, शिवम राठौर, मो. इलियास, तनवीर सिद्दीकी, रियासत अली



छोटे, शहवाज सिद्दीकी, अर्जुन राठौर, सिदाकत मंसूरी, तौहीद मंसूरी, फिरोज मंसूरी, अवश्वनी राजपूत, अमित कुशवाहा, शारिव अली, पपिल, मो. असलम, रितेश शुक्ला व शुभव सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला महिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को देखकर नाराज हुए एडी हेल्थ



- सात दिनों में व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश
- अपर निदेशक मेजर डॉ. जीएस बाजपेई ने किया जिला महिला चिकित्सालय में प्रिकॉशन डोज महाअभियान का शुभारंभ

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ द्वारा रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे महा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और जिला महिला चिकित्सालय सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा उपस्थित रही। इसके बाद उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां पर अवस्थाओं को देखकर वे बेहद नाराज हुए। अस्पताल में चारों ओर बेहद गंदगी थी, आवारा पशु अस्पताल में खुलेआम घूम रहे थे। जेएसवाई के पेमेंट की स्थिति खराब थी। उन्होंने सात दिनों के भीतर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा को दिए हैं। वहीं जेएसवाई के पेमेंट को लेकर डीपीएम अनिल कुमार यादव और डैम सतपाल सिंह को निर्देश दिए हैं। जिसके बाद वे जिला चिकित्सालय पुरुष के पुराने भवन में लगाए गए वैक्सीन कैंप का निरीक्षण करने भी पहुंचे। जानकारी देते हुए एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले भर के 96 सेंटरों में प्रिकॉशन डोज को लेकर रविवार को अभियान चलाया गया है। जिसका स्थलीय निरीक्षण करने अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डॉ. जीएस बाजपाई पहुंचे। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय में लगाए गए वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ किया, उसके बाद जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वहां पर कई आवारा पशु घूमते हुए दिखाई दिए। चारों तरफ गंदगी दिखाई दी। सफाई की बेहद कमी थी। जिसे देखकर उन्होंने खासी नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने जेएसवाई के पेमेंट का निरीक्षण किया जो सिर्फ 52 प्रतिशत था जो कि बेहद कम था। इसे लेकर डीपीएम और डैम को इसे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिलीवरी के एक घंटे के बाद ही माता को बच्चे का स्तनपान कराने को कहें, यह बच्चे के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। बायोमैट्रिकल वेस्ट कोई व्यवस्था नहीं है, जो बेहद खराब स्थिति है। साथ ही उन्होंने हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा पर कार्य पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल मैनेजर अपना कार्य ईमानदारी से नहीं कर रही हैं। ऐसे में विभागीय कार्यवाई लिए तैयार रहें। एसएनसीयू वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों की देखरेख को लेकर तैनात स्टाफ को निर्देश दिया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित मरीजों से जिला महिला चिकित्सालय द्वारा मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर जच्चा–बच्चा को जिला महिला चिकित्सालय में समस्त सुविधाएं निःशुल्क दी जा रही हैं। वहीं टीकाकरण को लेकर भी वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाता है। सामान्य टीकाकरण को लेकर सोमवार से शनिवार तक 9 से 5 वर्ष के बच्चों का नियमित टीकाकरण भी किया जाता है। जरूरी है कि सभी अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण कराते रहें। जिससे वह 14 से अधिक बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सात दिनों का समय दिया है। जिसके बाद वे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे और अगर व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो इसे लेकर विभागीय कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

## बैंकर्स ने किया भव्य कार्यक्रम, समूह की महिलाओं को बाटे झंडे

- किसान संगोष्ठी, एग्री बिजनेस, राइस मिलर्स मीट का हुआ भव्य आयोजन

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। इंडियन बैंक के तत्वावधान में शनिवार को किसान संगोष्ठी, एग्री बिजनेस व राइस मिलर्स मीट का भव्य आयोजन होटल इलायट–इन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के कॉरपोरट महाप्रबंधक चन्द्रशेखरन वी ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में इंडियन बैंक ने 50 करोड़ से अधिक के नए एमएसएमई ऋण प्रस्ताव प्राप्त किए। 151 स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल एवं कई किसानों को कृषि ऋण आदि का 08 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान पर भी एक भव्य कार्यक्रम हुआ।

आयोजन में विभिन्न शाखाओं के प्रमुख, जनपद के कई प्रतिष्ठित उद्योगपतियों, किसानों स्वयं सहायता समूह की 200 से अधिक महिला सदस्यों आदि को महाप्रबंधक ने संबोधित करते हुए बैंक की अनेक ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने हर



घर तिरंगा अभियान के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को तिरंगा प्रदान किया। इंडियन बैंक लखीमपुर खीरी के अंचल प्रमुख मिथिलेश कुमार ने किसानों, उद्यमियों एवं जनसामान्य को बैंक, सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक से जुड़ने और अपनों को जोड़ने की अपील के साथ इंडियन बैंक द्वारा सर्वोत्तम सेवा दिए जाने का आश्वासन दिया।

## अनुशासन और संस्कार की पाठशाला बना परिषदीय विद्यालय रामपुर फुलैया

- खेल–खेल में पढ़ाई, संगीत की लय के साथ बच्चे सीख रहे अंकों का ज्ञान
- मिला बेस्ट स्कूल आफ द वीक का खिताब

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में बच्चे स्वयं को निजी विद्यालय के बच्चों से कमतर न समझें। इसके लिए कई शिक्षक मेहनत और समर्पण के साथ परिषदीय



विद्यालयों का स्तर उठाने में लगे हैं। बांकेगंज ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलैया की सूरत अन्य विद्यालयों से काफी जुदा है। यह किसी भी मामले में कॉन्वेंट स्कूलों से कमतर नहीं है। यहां न सिर्फ किताबों का ज्ञान कराया जाता है, बल्कि संस्कारों की शिक्षा के साथ अनुशासन का पाठ भी बखूबी पढ़ाया जाता है। नित नए प्रयोगों के लिए पहचान बना चुके इस विद्यालय के बच्चे काफी प्रतिभावान है। लगातार नए प्रयोगों से अपना लोहा मनवाने वाले इस विद्यालय को अब उसकी खूबियों के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शुरू अनूठी पहल के तहत प्रशासन ने बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक के लिए चयनित किया। सात वर्षों में बदली तस्वीररू आशीष की नियुक्ति वर्ष 2015 में सहायक अध्यापक के पद पर प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलैया में हुई थी। वर्ष 2015 में विद्यालय की स्थिति एक आम सरकारी विद्यालय की तरह ही थी। बच्चों की अनियमित उपस्थिति, साधारण भौतिक परिवेश, विद्यालय में अनुशासन की कमी आदि कई समस्याएं मौजूद थीं। पूर्व प्रधानाध्यापक अरविंद शर्मा ने विद्यालय को बेहतर बनाने का प्रयास और स्कूल को कायकल्पित किया। उसी विरासत को आशीष श्रीवास्तव वर्तमान इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने सहायक स्टाफ विकास वर्मा व शिक्षा मित्र रीना के साथ मिलकर सात वर्षों में पूरे परिवेश को बदलकर रख दिया।

- संगीत की लय के साथ बच्चे सीख रहे अंक ज्ञान

यहां खेल–खेल में ही बच्चों को पढ़ाया जाता है। किताबी ज्ञान अनमन न लगे, इसके लिए संगीत का प्रयोग किया जाता है।

संगीत की लय पर विद्यार्थी पहाड़े और गिनती याद करते हैं। अंकों को संगीत में इस प्रकार ढाला गया है कि मानो कोई अंताक्षरी खेली जा रही हो।

- खेल आधारित शिक्षण के प्रयास

बदलते परिवेश को देखते हुए बच्चों का लगाव विद्यालय से बढ़ने लगा। बच्चों की दैनिक उपस्थिति में बढ़ोतरी होने लगी। बच्चों के मानसिक स्तर में भी परिवर्तन देखने को मिला। बच्चों में स्वस्थ प्रतियोगी भावना विकसित हुई, जिससे उनके प्रदर्शन में भी निखार आया। गणित किट के प्रयोग व रुचिकर विधियों से छात्रों में आकृतियों व गणितीय तथ्यों की समझ के साथ–साथ गणित में रुचि विकसित हो रही। क्षेत्र में विद्यालय में रुचिकर शिक्षण के चर्चे होते रहते हैं। सबसे खास बात यहां योगाभ्यास की है। योगा के अभ्यास से छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास करने का प्रयास किया जा रहा। योगा को यहां दिनचर्या में सम्मिलित किया।

- व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रमों की भरमार

विद्यालय को बाला कांसेप्ट पर विकसित करने का प्रयास किया गया, जिससे बच्चे विद्यालय की दीवारों पर बनी कलाकृतियों से सीख सके। प्रतिदिन बच्चों को नैतिक मूल्य व साफ सफाई के बारे में बताकर उनके चरित्र, व्यक्तित्व विकास का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षक एक टीम के रूप में चाहते है कि उनके छात्रों को भी वो सब मिले जो वे अपने खुद के बच्चों को देना चाहते बेहतर भवन, खेल–सामग्री, रुचिकर पुस्तकें एक सहानुभूति भरा वातावरण,उज्जवल भविष्य। यह सब करने के लिए इच्छा शक्ति चाहिए। इनका प्रयास है कि ये सभी अपना संकल्प पूरा करे। अपने छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें।

- क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक

हम सभी एक टीम के रूप में चाहते है कि हमारे छात्रों को भी वो सब मिले जो हम अपने खुद के बच्चों को देना चाहते बेहतर भवन, खेल सामग्री, रुचिकर पुस्तकें एक सहानुभूति भरा वातावरण। इस सब को करने के लिए इच्छा शक्ति चाहिए। परिषदीय विद्यालयों का स्तर उठाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की ही है। इसी दिशा में प्रयासरत रहते हैं। विद्यालय स्टाफ व विभागीय सहयोग से भौतिक व शैक्षिक परिवेश में परिवर्तन संभव हो सका है। हमें अच्छा लगता है, जब हमारे स्कूल से उत्तीर्ण बच्चा अंग्रेजी में अपना परिचय देने में सक्षम होता है। बच्चों को हर स्तर पर अच्छा माहौल देने के लिए हम प्रयासरत हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## दहेज के खातिर विवाहिता की गला दबाकर हत्या का प्रयास

- कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों पर दर्ज की रिपोर्ट

पूरनपुर। दहेज में पांच लाख की नगदी नहीं दी तो विवाहिता को जान से मारने की नियत से बंधक बनाकर गर्दन दवाई। किसी तरह से छूटी विवाहिता ने सूचना अपने मायके वालों को दी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी छोटेलाल ने अपनी पुत्री राधा वर्मा की शादी मोहल्ले के ही रहने वाले कन्हैया लाल वर्मा के साथ दो साल पहले की थी।शादी में सामर्थ के अनुसार दहेज दिया गया।लेकिन दिए गए दहेज से सुसराली संतुष्ट नहीं हुए।शादी के 11 महीने बाद ससुरालियों ने विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में पांच लाख की नगदी लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। विवाहिता ने मायके पक्ष की हालत ठीक न होने का हवाला देकर दहेज लाने से इंकार कर दिया।इस पर ससुराली उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे।मांग पूरी ना करने पर उसको घर से निकाल दिया।विवाहिता ने एसपी को पत्र दिया।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।मामला परामर्श केंद्र पर पहुंचा।जहां दोनों पक्षों का समझौता कराकर हंसी खुशी से दोनों को घर भेज दिया।आरोप है कि से समझौते के कुछ माह बाद ससुरालियों ने फिर से दहेज की मांग शुरू कर दी।16 जुलाई को ससुरालियों ने एक राय होकर विवाहिता को कमरे में बंधक बना कर जमकर पिटाई लगाई।हत्या करने की नियत से उसकी गर्दन दवाई।किसी तरह से विवाहिता चुंगल से छूटी और मामले की सूचना अपने परिजनों को दी।विवाहिता ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी।पुलिस ने नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी पति कन्हैया लाल,बिंदेश्वरी, शिवम, रजत,खिलौना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।विवेचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## घर में घुस कर तमंचे की नोक पर महिला से दुष्कर्म

- युवक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की मामले की रिपोर्ट

पूरनपुर। पति की गैरमौजूदगी में घर में घुसे युवक ने तमंचे की नोक पर महिला को हवस का शिकार बनाया।तहरीर देने के वावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।महिला ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बलरामपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि गांव का ही रहने वाला एक युवक उस पर गलत नियत रखता है।19 मई को विवाहिता का पति अपनी बहन के यहां किसी काम से गया था।वह घर पर अकेली थी।आरोप है कि आधी रात को गांव का रहने वाला युवक घर में घुस आया।युवक ने चारपाई पर महिला को दबोच लिया।विरोध करने पर पिटाई लगाकर तमंचे की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म किया।शोर–शराबा करने पर युवक पुलिस में सूचना देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।बहन के यहां से वापस लौटे पति को महिला ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।इस पर उसके होश उड़ गए।युवक की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।मामले की तहरीर पुलिस को दी गई।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस महिला ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पुन्नापुर टांडा निवासी नन्हैलाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## वारदात की योजना वना रहे तीन को पकडा,जेल भेजा

पूरनपुर। कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ब्लाक के पास स्थित दूरदर्शन रिले केंद्र के पास खंडहर में कुछ डकैत वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।इस पर पुलिस सक्रिय हुई।बड़ी संख्या में पुलिस मुखबिर के जरिए बताए हुए स्थान पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर कई आरोपी भागने लगे।घेराबंदी करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से दबोच लिया। सभी को कोतवाली लाया गया।तलाशी लेने पर बदमाशों के पास से एक तमंचा,कारतूस,दो चाकू आदि चीजें बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम साहिल निवासी खानकहा,परवेज निवासी साहूकारा, रिहान निवासी शेरपुर कला बताया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

## घर जा रहे तीन युवकों पर धारदार हथियार से हमला

- पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की

पूरनपुर। भाई के साथ घर जा रहे तीन युवकों पर आरोपियों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार कर गंभीर घायल कर दिया। गंभीर हालत में तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।पुलिस ने तहरीर के बाद हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी नदीम खान ने बताया कि 6 अगस्त को वह अपने फुफेरे भाई यूसुफ के साथ काम निपटा कर घर जा रहा था।इसी दौरान ढका मोहल्ले के एक दर्जन आरोपी हाथ में बांका,लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से लैस होकर उसे घेर कर गाली–गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर उसको जमकर मारा पीटा।हत्या करने की नियत से पीड़ित पर बांके से कई प्रहार किए।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाने दौड़े भाई युसूफ व अतुल को भी दबंगों ने जमकर मारा पीटा।

दोनों की हत्या करने की नियत से धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां से हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई।

पुलिस ने नगर के मोहल्ला ढका निवासी नाजिम शाह,नाजिर शाह,हारुन,सलामत व कुछ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## सम्पादकीय....

# पुण्यतिथि पर

आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। सरकार हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान कर रही है। सरकार की यह मंशा है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये। राष्ट्रीय ध्वज हमारे राष्ट्र की शान है, सम्मान है। ष्हमारे देश में हमारा राष्ट्रीय ध्वज फहरायेष इस आशा और विश्वास में देश के असंख्य नागरिकों ने कुर्बानी दी है। हमारे उन पूर्वजों के त्याग और बलिदान की बदौलत आज देश स्वतंत्र है, हम स्वतंत्र है, फिर भी लोगों से राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए आह्वान करना पड़ रहा है। राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रीयता की भावना दिल से निकलती है। ऐसे ही दिल से निकलने वाली राष्ट्रीयता की भावना से भरे हुए एक महापुरुष की आज पुण्यतिथि है, जिसने अपने बाल्यकाल में ही यूनियन जैक को उतार कर फाड़ दिया और लहरा दिया था तिरंगा। राजे सुल्तानपुर के थाने पर लहरा रहे यूनियन जैक को देखकर बालक का मन आंदोलित हो उठता था, उसे लहराता देखकर उसकी आत्मा चीत्कार करने लगती थी, झंडे की फहराने से उत्पन्न होने वाली फर फर की ध्वनि उसके कानों में गूंजती रहती थी। वह बालक कोई और नहीं ष्धरती हमारी हम धरती के लाल ष का चितेरा, फैजाबाद का महान क्रांतिकारी, गरीब, मजदूर, किसान के अंदर अधिकारों की अलख जगाने वाला ग्राम उरई का राजबली यादव था। उस बालक ने मन में ठान लिया था कि अंग्रेजों का यह झंडा हवा में नहीं उडे गा। एक दिन क्रांतिकरी वसुधा सिंह के साथ मिलकर उसने उसे उतारकर, फाड़कर फेंक दिया, और लहरा दिया तिरंगा। राजे सुल्तानपुर के थाने पर तिरंगा लहराने वाले उस बालक राजबली यादव का जन्म सन् 1906 में फैजाबाद (अयोध्या) जिले के ग्राम उरई (अब अम्बेडकर नगर) में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री राम हर्ष यादव था। वह अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी माताजी का देहांत बचपन में ही हो गया था। देश आजादी के लिए संघर्षरत था। अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अत्याचार को सुन सुन कर क्रांतिकारी स्वर्गीय राजबली यादव के बाल मन पर अंग्रेजों के खिलाफ गुस्सा भरा हुआ था। उन्होंने प्राइमरी की पढ़ाई को बीच में ही छोड़ दिया और आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। इसी दौरान फैजाबाद के क्रांतिकारी वसुधा सिंह से मुलाकात हुई। वे आसपास अंग्रेजों के खिलाफ होने वाली जनसभाओं और कार्यवाहियों में शामिल होने लगे। अंग्रेजी हकूमत उनके कार्यों से परेशान हो उठी उसने उनके ऊपर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। अंग्रेजों ने उन्हें अपने लिए खतरा मानते हुए 25 वर्ष की उम्र में ही उन्हें जेल भेज दिया। किन्तु वे अपने रास्ते पर अडिग रहे। उन्हें देश की गुलामी तीर की तरह चुभती थी। नमक सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा आन्दोलनों में उन्होंने सक्रिय साझेदारी निभाई। इसीलिए वे अंग्रेजी हुकूमत के कोप भाजन बनते रहे। भारत छोड़ो आन्दोलन तक स्व0 राजबली यादव को कई बार जेल की सजा काटनी पड़ी। वे सात वर्षो तक जेल में रहे। उन्हें जेल में काफी प्रताड़ना दी गयी। अपने नाटक धरती हमारी, हम धरती के लाल मंचन के दौरान वे कभी कभी उस प्रताड़ना का भी जिक्र करते थे। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात् वह मया विधान सभा सीट से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत कर विधायक बने। उन्होंने कभी जाति और धर्म आधारित राजनीति नहीं किया और न ही सत्ता के पीछे भागे। बल्कि गरीबों के रहनुमा होने के कारण भयभीत सत्ता उनके पीछे भागी। आजादी के बाद भी उन्हें कई बार जेल की हवा खानी पड़ी। सन् 1972 में आजादी की 25वीं सालगिरह पर आजादी में उनके योगदान के लिए उन्हें ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री कमलापति त्रिपाठी उन्हें यह सम्मान देने स्वयं फैजाबाद आये थे। आजादी के बाद भी सामंतवादी ताकतों के विरुद्ध उनका संघर्ष जारी रहा। अशिक्षित, गरीब, मजदूर, दलित और पिछड़े लोगों को जगाने के लिए वे ष्धरती हमारी, हम धरती के लालष नाटक का मंचन करते रहे। सामंतवादी व्यवस्था का विरोध करने और गरीबों की रहनुमाई करने के कारण उनके ऊपर कई बार प्राणघातक हमले किए गए, उन्हें डकैती, आगजनी जैसे मामलों में फंसाया गया। लेकिन यह हमले और झूठे मुकदमे उनके मनोबल को तोड़ नहीं पाये। पूरे जीवन भर उन्होंने गरीबों और मजदूरों की रहनुमाई किया। उनके समर्थकों में हर जाति धर्म के गरीब तबके के लोग होते थे। वह वर्तमान ब्यवस्था से भी खुश नहीं थे क्योंकि वह हक और हुकूमत में बराबरी के पक्षधर थे। वे अपने जीवन में यह गीत गाते हुए सुने जाते थे, जिसमें उनकी नाखुशी झलकती है :–

किसे मालूम था आजादी का दिन ऐसा आएगा,
तमन्नाएं हमारी यों तड़पता छोड़ जाएंगी।
खुशी रोती गरीबों की उजड़ती दुनिया है लेकिन,
उजाला आने वाला है, अंधेरा बीत जाएगा।
उठो मेहनतकशो! जागो, जरा कुछ करके दिखला दो,
तुम्हारा खूं पसीना भी किसी दिन रंग लाएगा।
सता लो ऐ हमें जालिम, सता लो जितना जी चाहे,
हमारी आंख का पानी किसी दिन रंग लाएगा।

09 अगस्त 2000 को सामंतवादी व्यवस्था का विरोधी, गरीबों, शोषितों का रहनुमा और धरती हमारी, हम धरती के लाल का योजनाकार और चितेरा धरती मां की गोद में सो गया। कामरेड स्व० श्री राजबली यादव की विचारधारा आज भी प्रासंगिक हैं। (इन पंक्तियों के लेखक को नाटक धरती हमारी हम धरती के लाल मंचन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और क्रांतिकारी स्व0 श्री राजबली यादव जी से मिलने का अवसर मिला था।)

हरीराम यादव, अयोध्या

## रक्षा बंधन आया है

पावन पर्व भाई बहन का, रक्षाबन्धन आया है।
रेशम के धागों में लिपटा, नेह बहन का लाया है।
राखी लेकर बहना प्यारी, भैया के घर आयी है।
प्रेम पिरोकर रक्षा सूत्र में, शुभ्र कामना लायी है।
वह रोली अक्षत चंदन से, भ्राता को तिलक लगाती।
बांध कलाई में राखी को,है फूली नहीं समाती।
भाई बहन के अतुल प्रेम का, यह रिश्ता प्यारा होता।
श्रद्धा एवं विश्वास भरा, यह बंधन न्यारा होता।
कर्मवती का बंधु बना था, वीर हुमायूं अमर हुआ।
राखी की पति राखी उसने, बहन मदद को समर छुआ।
आओ मिलकर के हम सब भी, राखी का पर्व मनायें।
बंधकर इस रक्षा सूत्र में, रक्षा का वचन निभायें।

रजनीश मिश्र, शाहजहाँपुर उप्र

### भारत छोड़ो - आंदोलन दिवस 8 अगस्त 2022 पर विशेष

## आओ भारत छोड़ो आंदोलन से प्रेरणा लेकर, खाओगे तो जाओगे जन जागरण अभियान चलाएं

भारत में पिछले एक वर्ष से जोश और उमंग के साथ शासन प्रशासन और निजी स्तरपर हर क्षेत्र में आजादी का 75 वां अमृत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। अभी सोने पर सुहागा घर–घर तिरंगा, बढ़े चलो सहित अनेक प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन 15 अगस्त 2022 तक करने से हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रहित देशभक्ति की भावना परवाना चढ़ जोश खरोश के साथ चल रहा है, जो मेरा मानना है भारतीय इतिहास में कभी नहीं हुआ!! ऐसा है मेरा भारत!!इस अवसर पर मेरा सुझाव है कि भारत की स्वतंत्रता के लिए चलाए गए सभी आंदोलनों से हमें प्रेरणा लेकर वर्तमान में भारत विरोधी ताकतों, भ्रष्टाचारियों, अपराधियों, जनता का हक मारने वालों, अज्ञात स्त्रोतोंसे धन कमाने वालों, मानव तस्करी सभी प्रकार के अवैध नशे व्यापारियों सहित भारत के सोने की चिड़िया बनने में खलल डालने वालों के खिलाफ वैसे ही रणनीतिक रोडमैप से मुकाबला करने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि हम 8 अगस्त 2022 का भारत छोड़ो आंदोलन की 80 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं इसलिए इस आर्टिकल के माध्यम से हम अंग्रेजों के भारत छोड़ो आंदोलन, करो या मरो नारे और इन से प्रेरणा लेकर ना खाऊंगा ना खाने दूंगा और खाओगे तो जाओगे पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम 8 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन की करें तो, सन् 1857 के पश्चात देश की आजादी के लिए चलाए जाने वाले सभी आंदोलनों में सन् 1942 का श्भारत छोड़ो आंदोलनश सबसे विशाल और सबसे तीव्र आंदोलन साबित हुआ। जिसके कारण भारत में ब्रिटिश राज की नींव पूरी तरह से हिल गई थी। आंदोलन का ऐलान करते वक्त गांधी जी ने कहा था मैंने कांग्रेस को बाजी पर लगा दिया। यह जो लड़ाई छिड़ रही है वह एक सामूहिक लड़ाई है। सन् 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन भारत के इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता रहा।साथियों भारत छोड़ो आंदोलन द्वितीय विश्वयुद्ध के समय 8 अगस्त 1942 को आरम्भ किया गया था, जिसका मकसद भारत मां को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराना था। ये आंदोलन देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ओर से चलाया गया था। बापू ने इस आंदोलन की शुरूआत अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुम्बई अधिवेशन से की थी।भारत छोड़ो आंदोलन दिवसरू 'करो या मरो' का आह्वान8 अगस्त 1942 को, महात्मा गांधी ने मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत करते हुए राष्ट्र को अपना भाषण दिया, जिसे अगस्त क्रांति मैदान भी कहा जाता है। महात्मा गांधी ने अपने भाषण में लोगों से राष्ट्र के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसका मतलब था कि हम या तो भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराएंगे या राष्ट्र की रक्षा करते हुए मर जाएंगे, हम अब अंग्रेजों के गुलाम नहीं रहेंगे। साथियों भारत छोड़ो आंदोलन को अपने उद्देश्य में आशिंक सफलता ही मिली थी लेकिन इस आंदोलन ने 1943 के अंत तक भारत को संगठित कर दिया। युद्ध के अंत में, ब्रिटिश सरकार ने संकेत दे दिया था कि संत्ता का हस्तांतरण कर उसे भारतीयों के हाथ में सौंप दिया जाएगा। इस समय गांधी जी ने आंदोलन को बंद कर दिया जिससे कांग्रेसी नेताओं सहित लगभग एक लाख राजनैतिक बंदियों को रिहा कर दिया गया। भारत छोड़ो आंदोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। 8 अगस्त को क्विट इंडिया मूवमेंट डे 2022 का 80 वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है। भारत की आजादी के कई आंदोलन चलाए गए, जिसमें भारत छोड़ो आंदोलन ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

साथियों लोग ब्रिटिश शासन के प्रतीकों के खिलाफ प्रदर्शन करने सड़कों पर निकल पड़े और उन्होंने सरकारी इमारतों पर कांग्रेस के झंडे फहराने शुरू कर दिये। लोगों ने गिरफ्तारियां देना और सामान्य सरकारी कामकाज में व्यवधान उत्पन्न करना शुरू कर दिया। विद्यार्थी और कामगार हड़ताल पर चले गये। बंगाल के किसानों ने करों में बढ़ोतरी के खिलाफ संघर्ष छेड़ दिया। सरकारी कर्मचारियों ने भी काम करना बंद कर दिया, यह एक ऐतिहासिक क्षण था। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही डॉ. राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण और अरुणा आसफ अली जैसे नेता उभर कर सामने आये। भारत छोड़ो आंदोलन के कारण और परिणाम का फल ही है कि भारतीय नागरिक आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था।

साथियों बात अगर हम आजादी की 75 वीं अमृत महोत्सव जयंती वर्ष में अज्ञात स्त्रोतों से आए और भ्रष्टाचार पर ईडी के शिकंजे की करें तो मीडिया के माध्यम से हमने पढ़ा सुना कि कई बड़े बड़े अधिकारियों नेताओं व्यापारियों उद्योगपतियों व्यवसायियों पर शिकंजा कसकर ईडी ने जांबाजी से मामलों को उजगार किया और नोटों के पहाड़ों की जब्ती की!! परंतु मेरा मानना है कि हम आजादी के आंदोलनों से प्रेरणा लेकर ऐसे अधिकारियों नेताओं उद्योगपतियों जो संविधान अधिनियम नियमों को ताक पर रखकर अपनी कैपिटल बिल्डिंग में बेतहाशा वृद्धि कर रहे हैं, हर नागरिक को उनके खिलाफ जनजागरण करना होगा कि खाओगे तो जाओगे!! और हर शासकीय प्रशासकीय व्यक्ति को ना खाऊंगा ना खाने दूंगा का मंत्र जो पीएम द्वारा दिया गया है इसे अपने हृदय में गांठ बांध लेना चाहिए क्योंकि यदि 8 अगस्त 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन जो देशभक्तों का सबसे बड़ा आंदोलन था जिसने अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बीज बोए!! जबकि उस समय उतनी तकनीकी का विकास नहीं था जबकि आज भारत एक डिजिटल इंडिया का साकार रूप है तो हमदेश को सोने की चिड़िया बनाने में खलल डालने वालों के खिलाफ जन जागरण अभियान का संकल्प लेने की बात को रेखांकित कर सकते हैं!! बस जरूरत है आजादी से जुड़े अहिंसात्मक आंदोलनों से प्रेरणा लेने की। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत छोड़ो आंदोलन दिवस 8 अगस्त 2022 पर विशेष है।आओ भारत छोड़ो आंदोलन से प्रेरणा लेकर खाओगे तो जाओगे जनजागरण अभियान चलाएं। 75 वें अमृत जयंती महोत्सव में आजादी से जुड़े हर आंदोलनों से प्रेरणा लेकर भ्रष्टाचार अत्याचार से जांबाजी और जज्बे से अनुशासनात्मक मुकाबला करना समय की मांग है।

–संकलनकर्ता लेखक –
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## अंग्रेजों के जहन में भय का माहौल का केन्द्र बना : अगस्त क्रांति

8 अगस्त वह दिन जब हमने आजादी के लिए एक जबर्दस्त नारा दिया था करो या मरो अंग्रेजों भारत छोड़ो जिसका आज 80वीं वर्षगांठ भी है।कभी कभी एक छोटी घटना भी बड़ँ आन्दोलन का रूप ले लेती है ।अगस्त क्रांति आजाद भारत के लिए मील का पत्थर सावित होगा यह किसी ने सोचा भी न था ।उस समय के हुक्मरान ने इसे हल्के में लेकर भूल की थी, लेकिन देखते ही देखते यह भारत की हर जुवां पर बजने लगी और यहीं से यह एक आन्दोलन में बदल गयी और भारत वर्ष की जुबान बन गयी और अंग्रेजो के भय का कारण। आजादी के पचहत्तर साल में भारत ने लगातार तरक्की की है पहले हम पेट भरने को सोचते थे आज दुनिया हमारी तरफ भूखी नजरो से देखती है और हम उसे भी पेट भरते जा रहे हैं ।अभी हाल के दिनो में रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने भूखे देश के लिए खाद्यान्न की मदद दी है ।भारत हमेशा से ही मानवीय सहायता सभी को देता रहा है ।लेकिन सच्चाई यह भी है कि आज भी लगभग 20 करोड़ की एक बडी आबादी भरपेट भोजन नही कर पाती। भारत ही वह देश है जहाँ अलग अलग भाषा पग– पग बदलती संस्कृति और उनमें सभी को अपने अधिकार ।यह अजूबा संग्रह कही नहीं मिलता। जहाँ पृथकतावादी विचार हो लेकिन सभी को आजादी, लिखने, बोलने, रहने और अपने अपने धर्म की रक्षा करने का विशेष अधिकार संविधान से प्राप्त हो। सचमुच बड़ा ही कठिन और अचंभित करनेवाला है। यहाँ के पर्व–त्योहार, सभ्यता, संस्कृति की अनोखी मिशाल दुनियाभर में प्रसिद्ध है कई ऐसे पर्व हैं जो विदेश में भी प्रचलित हो गयी है। भारत का इतिहास गौरवशाली है जिसमें शास्त्र, पुराण, वेद, रामायण, महाभारत, गीता जैसे धर्म ग्रंथ है। हजारो वीरों का इतिहास है ।देव, दानवो मानवो, महात्मा ऋषि मुनियो का वर्णन है ।योग आर्युवेद जैसे स्वास्थ्य पद्धति है। इतने सारे गुण को सहेजना और सभी को एक जैसा अधिकार देना कोई सहज काम नही होता लेकिन देश के चारो स्तम्भ ने अबतक इसे बड़ी अच्छी तरह से संचालित कर देश का मान दुनिया के मंचो पर स्थापित कर एक जिम्मेदार उदाहरण प्रस्तुत किया है ।जिसके बदौलत आज भारत दुनिया में अपना लहरा रहा है ।भारतीय लोकतंत्र सही मायने में अदभूत और विश्वसनीय कार्य कर रहा है जो देश को हरपल गौरवान्वित करता रहा है। स्वतंत्रता संग्राम जो लंबी अवधि तक चली जहाँ मंगल पाण्डे,रानी लक्ष्मी बाई, वीर कुंवर सिंह , भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, गांधी, सुभाष, या पटेल जैसे महापुरुषों ने इस संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी उनका मकसद एक था आजादी, जो हमें मिली। इन सबके लंबी संघर्ष को शायद इन बीते वर्षो में पढ़कर लिखकर सुनकर भी आज हमलोग उनके विचारो का अनुसरण नही कर पाये यह बड़ी बात है ।आज जरूरत इसी बात की है। आज लोग इस लोकतंत्र पर विश्वास और आस्था के साथ अपने जान से ज्यादा विश्वास करते हैं। भारत एक विशाल जनसमूह, जो विभिन्न परम्पराओ और विविधताओं से भरा रहा है फिर भी हम सब को एक माला में पिरोकर मजबूती के साथ आगे बढा रहा है ।जिसमें संविधान और संसद की अहम भूमिका रही है ।आज यह जिस रूप में हमारे सामने है, उसे ऐसा गढ़ने में सभी की भूमिका रही है लोकतंत्र के चारो स्तम्भ मिलकर देश को मजबूती प्रदान कर रहे और लोगो का विश्वास कायम रहे यह अपने आपमें बडी बात है।

आशुतोष, पटना बिहार

## दोस्ताना हमारा

राहुल और रोहित बचपन से ही गहरे दोस्त थे,एक ही विद्यालय से दोनों ने दसवीं तक की पढ़ाई की थी,दोनों ही पढ़ाई में अव्वल आते । शिक्षक भी दोनों को काफी पसंद करते थे ।दसवीं के बाद राहुल पढ़ाई करने शहर चला गया। वहां बहुत ही बड़े महाविद्यालय में उसका नामांकन हुआ ।रोहित अपने घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से गांव में ही रह गया,और यहीं थोड़ी दूरी पर एक छोटा सा महा विद्यालय था,जहां उसका नामांकन हुआ।

रोहित को सिवाए पढ़ाई के किसी चीज से मतलब नहीं था ।उसने किसी को भी दोस्त नहीं बनाया ,किताबें ही उसके सच्चे साथी थे ।वक्त पंख लगाकर उड़ता रहा ।रोहित ने स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास कर लिया, वो स्नातक के विषयों के साथ– साथ यूपीएससी की भी तैयारी कर रहा था ।उसने पहली बार में ही यूपीएससी की प्रतियोगता परीक्षा में सफलता हासिल कर लिया। गांव में सब जगह उसकी तारीफ हो रही थी,उसके माता पिता और घर वालों के खुशी का तो ठिकाना न था। रोहित ट्रेनिंग के लिए शहर चला गया ।ट्रेनिंग खत्म होने पर अधिकारी के पद पर उसकी बहाली हुई ।वो मन लगा कर ईमानदारी पूर्वक जॉब करने लगा, छः महीने बाद वो छुट्टी ले कर गांव आया ।यहां उसका दोस्त राहुल उसे मिला,उसने उस से पूछा कि वो आजकल क्या कर रहा है,तो राहुल की आंखें झुक गई,रोहित के बहुत पूछने देने पर राहुल ने उसे बताया कि शहर के चकाचौंध में मैं पढ़ाई में पिछड़ गया ।जब मैं पहले तुमसे मिलता था,तो मैं तुम्हारे या सब के सामने खुद को होशियार साबित करता था ।लेकिन सच तो ये है कि मैंने जैसे तैसे इंटर पास किया,और स्नातक में तो मैं फेल कर गया ।ये बोल कर राहुल बेधार हो कर रोने लगा ।रोहित ने उसे गले से लगा लिया,और समझाया कि वो फिर से कोशिश करे ।लेकिन राहुल ने उससे कहा कि पढ़ाई उसके वश का नहीं है अब, और पिता भी उसे अब पैसे नहीं देना चाहते , क्योंकि पहले वो बहुत पैसे बर्बाद कर चुका है ।विद्यालय के बाद उसने कभी सही से पढ़ाई नहीं की ।रोहित ये सब सुन कर बहुत चिंतित हो गया,और सोचने लगा कि पढ़ाई में अव्वल आने वाला लड़का ,गलत संगत में पड़ कर कैसे अपनी जिंदगी खराब कर बैठा है। कुछ दिनों बाद जब रोहित अपने जॉब पर वापस जाने लगा ,तो राहुल को भी अपने साथ ले गया ।वहां उसने जगह किराए पर ले कर अपने पैसों से एक रेस्टोरेंट का उदघाटन किया,और राहुल को सौंप दिया, रेस्टोरेंट का नाम रखा दोस्ताना हमारा ।राहुल की खुशी का ठिकाना न रहा। और उसने रोहित से कहा,मुझे अब ऐ सत्य प्रतीत होता है कि जिंदगी में दोस्त सोच समझ कर ही बनाने चाहिए।

सविता राज
मुजफ्फरपुर बिहार

## शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का शक्तिशाली एवं उज्जवल भविष्य

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैस वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे–धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे–धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित –प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

संजीव ठाकुर,
चिंतक, रायपुर

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page


आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**
**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात बाइक सवारो ने की टप्पेबाजी

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बा निवासी केदारी पुत्र दुर्गा ने थाना प्रभारी को तहरीर देते हुए बताया की जब वह बाजार में अपनी भैंस को बेचकर 28 हजार रूपए लेकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में दो बाइक सवार अज्ञात युवको ने घर छोड़ने की बात बोलकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। पेट्रोल पंप के पास उतरने के बाद प्रार्थी ने जब घर जाकर देखा तो जेब कटी हुई थीं पैसे भी गायब थे। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम समयबद्ध एवं व्यापक सहभागिता से हर घर तिरंगा लगायें

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) श्रद्धा पाण्डेय ने जनपद के समस्त विकास खण्डों के ग्रामध्सहायक विकास अधिकारियों (स0क0) को सूचित करते हुए बताया है कि शासन के मंशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम समयबद्ध एवं व्यापक सहभागिता से ''हर घर तिरंगा'' लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसलिए समस्त ग्रामध्सहायक विकास अधिकारियों (स0क0) पूर्ण रूचि के साथ कार्यक्रम को सफल कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है, इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही न बरती जाए।

## औषधि निरीक्षक की टीम द्वारा छापेमारी कर कार्रवाई की गई

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला के निर्देशन में औषधि निरीक्षक की टीम द्वारा तहसील जमुनहा के जमुनहा बाजार में के भवनियापूर क्षेत्र में छापेमारी की कार्यवाही की गई। जिसमें अलोक कुमार मौर्या पुत्र पारस नाथ मौर्या द्वारा जमुनहा बाजार भवनियापुर तहसील जमुनहा में बगैर ड्रग लाइसेंस के औषधियों का विक्रय करते हुए पाया गया। उपजिलाधिकारी जमुनहा द्वारा उक्त गैर कानूनी तरीके से दवा की दुकान को संचालित करने की स्थिति में दवाओं को सीज करते हुए संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की गई।



## बारिश से गिरी घर की कच्ची छत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- मलबे में दबकर महिला घायल, ग्रामीणों ने निकालकर पहुंचाया अस्पताल
- हालत गंभीर देख डॉक्टर ने किया रेफर

बिधूना,औरैया। बिधूना तहसील क्षेत्र में सुबह से बारिश हो रही है। इसके चलते बेला थाना क्षेत्र के पुर्वातरा गांव एक मकान की कच्ची छत गिर गई। हादसे में बुजुर्ग महिला दबकर घायल हो गई। पड़ोसियों ने महिला को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कि लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह से रुक–रुककर बारिश हो रही है। दोपहर में करीब 12 बजे अचानक तेज बारिश के दौरान पुर्वातरा गांव में एक मकान के कमरे की कच्ची छत टपकने लगी। छत से पानी





टपकता देख बुजुर्ग उत्तरा देवी पत्नी राज बहादुर कमरे में रखा सामान बाहर निकालने लगी। ष्चीख पुकार सुन आस–पास के लोग दौड़कर पहुंचेष इसी दौरान छत धरासाई हो गई और बुजुर्ग मलबे में दब गई। घर वालों की चीख पुकार सुन आस–पास के लोग दौड़कर पहुंचे। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर सौरभ कुमार ने इमरजेंसी में महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल चिचौली के लिए रेफर कर दिया। बताया कि महिला के सिर, कमर, हाथ व सीने में चोट है।

## जय देवी वर्मा हम सब के लिए प्रेरणाश्रोत : विपिन लोधी डेविड

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

याकूबपुर औरैया। अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एटा सदर विधायक विपिन कुमार लोधी डेविड ने कहा कि पूर्व ब्लाक प्रमुख सहार आछे लाल वर्मा की धर्मपत्नी व पिछड़ा अल्पसंख्यक दलित आदिवासी मंच के प्रदेश अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र राजपूत (रवि) की मां पूर्व ब्लाक प्रमुख सहार व ग्रामीण परिवेश की जीती जागती मिसाल स्व जय देवी वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जय देवी वर्मा का पूरा जीवन ग्रामीण परिवेश में गुजरा। सादगी, सलीनता जिनकी पहचान थी। गरीबी का दामन थामे रहने के बाबजूद भी वो ब्लाक की प्रथम महिला की कुर्सी तक पहुंचीं। यह एक गौरवमयी उपलब्धि है, जो हम सब लोगों के लिए एक प्रेरणाश्रोत के रूम में हमेशा हम लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने पूर्व प्रमुख के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की व परिजनों को हर परिस्थिति में साथ देने का वादा कर उन्हें साहस प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व कन्या इण्टर कॉलेज याकूबपुर औरैया की प्रधानाचार्या नीलम राजपुत, कमलेश कुमार, राजेश कुमार, प्रिन्स राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



## समूह सखी महिलाओं ने तिरंगा रैली निकालकर दिया संदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। मौदहा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद संपूर्ण भारत में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में समूह सखियों ने भी रैली निकाल दीया संदेश। जिला ग्राम विकास संस्थान के डी.पी.ओ. विपिन कुमार के नेतृत्व में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिस पर जनपद के अलग–अलग क्षेत्रों से आई हुई समूह सखी की महिलाओं ने अपने अपने हाथों में तिरंगा लेकर गगन भेदी जोशीले नारों के साथ संस्थान से चलकर कस्बे के अम्बेडकर तिराहा, अरतरा चौराहा, सिसोलर मार्ग रागौल रेलवे स्टेशन तक पहुंच रैली का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान



मतदेय स्थल में वोटर लिस्ट में आधार जोड़ने के लिए ड्यूटी में लगाए गए बीएलओ बूथ संख्या 391 नरेंद्र कुमार, 392 अंबरीश कुमार, 393 अमित सिंह व 394 रामपाल आदि ने समूहिक रूप से बताया कि यह अभियान अगस्त के पूरे माह चलेगा सभी मतदाता अपना आधार नम्बर उपलब्ध करा दे।

वही संस्थान के कर्मचारियों में प्रदीप कुमार द्विवेदी, संजय कुमार रस्तोगी, छोटे, माली बाबा सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## पात्र लोग जल्द लगवा लें टीका कोरोना से खुद और समाज को करें सुरक्षित : सीएमओ

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। कोरोना महामारी एक बार फिर अपना सिर उठाने लगी है। जिले में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है स ऐसे में टीकाकरण ही एक मात्र विकल्प है। इस महामारी को रोकने के लिए इसी को देखते हुए जिले में रविवार को कोरोना से मुकाबला करने के लिए एहतियाती डोज अभियान का शुभांरभ हो गया है , सीएमओ ने समाज को संदेश देते हुए कहा कि कोरोना को सिर्फ टीकाकरण द्वारा ही रोका जा सकता है इसलिए सभी लोग अपने बूस्टर डोज जरुर लगवाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि पात्र लोग अपने टीका जरुर लगवाएं। यह खुद को और समाज को भी सुरक्षित करेगा। साथ ही समाज के सभी गणमान्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग समाज को कोविड से बचाव के लिए लगने वाले बूस्टर डोज के बारे में जागरुक करने के साथ ही खुद और अपने परिवार का भी टीका लगवा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने



कहा समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि यह टीका 18 वर्ष से ऊपर सभी लोगों के लगाया जा रहा है स कोरोना महामारी ने एक बार फिर दस्तक दे दी है इसको रोकने का एकमात्र विकल्प टीका ही है। इस लिए जल्द टीका लगवा लें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राकेश सिंह ने कहा कि जिले को कुल 13 हजार 409 लोगों ने टीकाकरण करवाया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को सेकेंड डोज लगे छः माह हो गए हों वो अपने जल्द टीका लगवा लें। उन्होंने बताया की अब तक कुल 82 हजार 144 लोगों ने बूस्टर डोज लगवा लिया है। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, यूनिसेफ से डीएमसी, यूएनडीपी से वीसीसीएम व अन्य लोग मौजूद रहें।

## गैगेस्टर एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। थाना



दिबियापुर के उ0नि0 प्रदीप कुमार अवस्थी द्वारा गश्त चेकिंग के दौरान अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र किशन पाल निवासी ककराही थाना दिबियापुर औरैया को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उधर जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानों से 9 अभियुक्तों को धारा 151 द0प्र0सं0 के अंतर्गत गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के तत्वावधान मे युवा मंडल विकास अभियान के अन्तर्गत 75 युवाओं को लगवाई बूस्टर डोज और हर घर तिरंगा की दी जानकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता गाजियाबाद। नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेन्द्र कुमार तथा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुकंद वल्लभ शर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा मंडल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, मुरादनगर में आज पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक और महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती बबिता त्यागी ने आज मुरादनगर में महिला मंडल का पुनर्गठन किया गया व महिला मंडल की बैठक कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी घरों पर तिरंगा लगवाने के लिए जागरूक करना है, इसके अलावा युवाओं को सोशलमीडिया के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ट्विटर, फेसबुक, वाटसप और इंस्टाग्राम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एप डाउनलोड कराये व उसकी सावधानी बतायी गयी, इस



अवसर पर कैच द रेन के सम्बन्ध में बताते हुए वारिस के पानी को संरक्षित करने तथा पानी के दुरुपयोग को रोकने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई, साथ ही वृक्षारोपण के सम्बन्ध में सभी से अनुरोध करते हुए इसकी सफलता का संकल्प दिलाते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए अपील की । महिला मंडल के पदाधिकारियों से सभी को बुला बुला कर बूस्टर डॉज लगवाने में डॉक्टर्स की टीम का सहयोग किया। इस कार्यक्रम में शैली, राजकुमारी,सुमन ,अर्चना,प्रीति,नेहा,सुरभि,विशाखा,राजा,माही,अभय,आदि मौजूद रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बूस्टर डोज के महा अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग ने 400 लोगो को बूस्टर डोज लगाई जिसमें नेहरू युवा केन्द्र की टीम के व्दारा 75 युवाओं के बूस्टर डोज लगवाने के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सहयोग प्रदान किया गया।

## पातालेश्वर महादेव मंदिर में महा आरती क्रम हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद से भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वॉधान में हर माह की भांति इस भी महिनें के प्रथम रविवार को हमीरपुर के पातालेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती क्रम समपन्न किया गया। सर्वप्रथम प्रांशी यादव व आराधना विश्वकर्मा ने मां गुरूवर के जयकारे लगवाये. जयकारो के उपरांत, कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तों ने साधनाक्रम पूर्ण करते हुए दिव्य आरती का लाभ प्राप्त किया।

समापन अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन महिला शाखा उत्तर प्रदेश की प्रांतीय अध्यक्ष शशिकला मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को संगठित होना होगा और अपने अधिकारो की रक्षा के लिए, अपने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए, मानवता की सेवा, धर्म रक्षा एवं राष्ट्र रक्षा के लिए लड़ना पड़ेगा और यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी, संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री रामेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जीवन हमें कई बार मिल जायेगें, लेकिन गुरूरूप में ऋषि का सानिध्य हमे बार– बार नहीं मिलेगा, अतरू सदगुरुदेव जी महाराज के बताये हुए रास्ते पर चलें और अपने जीवन को धन्य बना ले, भगवती मानव कल्याण संगठन की प्रांतीय उपाध्यक्ष रमा सिंह ने कहा कि गुरूवर श्री शक्ति पुत्र जी महाराज का अतिमहत्वपूर्ण शिविर 3,4,5 अक्टूबर 2022 को महाशक्ति शंखनाद शिविर पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम पोस्ट मऊ तहसील व्योहारी जिला शहडोल मध्य प्रदेश में होने जा रहा है आप सभी लोग शिविर में पहुंचकर मां गुरूवर का आशीर्वाद प्राप्त करे टीम प्रमुख राहुल यादव ने कहा कि आप सभी लोग अपने अपने घरों में 5 घंटे 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ क्रम अवश्य करवाये । समाज को नशे–मांस से मुक्त चरित्रवान समाज निर्माण हेतु भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यों में तन मन धन से सहयोग करे अंत में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष अनंतराम शिवहरे ने सभी का आभार व्यक्त किया, महाआरती क्रम का संचालन आराधना विश्वकर्मा ने सफलता पूर्वक किया। उदबोधनक्रम के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तों ने शक्तिजल और प्रसाद प्राप्त किया।

महाआरती में राजीव बाजपेयी,



धीरेन्द्र कुशवाहा, चुनूबाद कुशवाहा, अजय शिवहरे, रामप्रकाश गुप्ता, हरीओम योगभारती, दानी प्रसाद, देवनरायन पांडेय, श्रीलाल श्रीवास, लालाराम यादव, नरेंद्र सिंह, चेतराम विश्वकर्मा, हनुमान मिश्रा, आशुतोष तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह गौतम, कामता प्रसाद गुप्ता, शकुन्तला कुशवाहा, आराधना सिंह, लीलावती कुशवाहा, चंद्रकली गुप्ता, गीता शिवहरे, प्रीति कुशवाहा, रीता शिवहरे, मांडवी शिवहरे, सन्नो शिवहरे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर मुफ्त लगाई गई कोविड टीके की एहतियाती डोज





- जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर हुआ टीकाकरण आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को जिले के सभी शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड रोधी वैक्सीन की मुफ्त एहतियाती डोज लगाने का अभियान चलाया गया। मा0 विधायक राम फेरन पांडेय ने इकौना और गिलौला सीएचसी पर फीता काटकर इस विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन की निःशुल्क एहतियाती डोज लगाने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। सभी पात्र लोग इस सुविधा का लाभ उठाएं और स्वयं को व अपने परिवार को कोरोना से सुरक्षित बचाएं। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करते बिना किसी भेदभाव के हर एक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति कोरोनारोधी वैक्सीन की एहतियाती डोज लगवाने से वंचित न रहे स्वास्थ्य कर्मियों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रतिरक्षण) डॉ. मुकेश मातनहेलिया ने बताया कि 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को 15 जुलाई से निरूशुल्क एहतियाती डोज लगायी जा रही है। रविवार को इस महाभियान के तहत जिले सभी पांचों सीएचसी सहित, स्वास्थ्य उपकेंद्रों व हेल्थ एंड वेलनेस सेटर पर 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को निःशुल्क प्रीकाशनरी डोज लगाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक लोगों को पहले कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगने के नौ माह बाद एहतियाती डोज लगाई जा रही थी, लेकिन अब दूसरी डोज लगने के छह महीने बाद एहतियाती डोज लगवाई जा सकती है। एसीएमओ ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में सेव द चिल्ड्रन संस्था का विशेष सहयोग है। सभी टीकाकरण केंद्रों के लिए प्रचार सामग्री इसी संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

इस अवसर पर गिलौला सीएचसी अधीक्षक डॉ. दीपक शुक्ला, इकौना सीएचसी अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, डॉ. मनीष कुमार, आशुतोष पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गपचरियापुर गांव की मुख्य सड़क पर दलदल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- जलनिकासी की नहीं व्यवस्था, बारिश और घरों का गंदा पानी सड़क पर भरा, बीमारियों की खतरा

बिधूना,औरैया। बिधूना विकासखंड की सबहद ग्राम पंचायत के गपचरियापुर गांव का मुख्य मार्ग बेहद खराब है। यहां जलभराव होने से सड़क टूट गई है। सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढों में बारिश व घर की नालियों का गंदा पानी भरा रहता है। इसके कारण ग्रामीणों को आने–जाने में तो दिक्कतों का सामना करना ही पड़ता है। साथ ही बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।सड़क किनारे नाला का निर्माण न होने से जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन आश्वासन का अलावा कुछ नहीं मिला। हालत आज भी जस की तस बनी हुई है। गांव जाने के लिए मुख्य मार्ग की हालत खस्ता यह गांव रामगंगा नहर किनारे बसा है। नहर के रास्ते गांव में जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है। गांव के अंदर इस इस मार्ग का हाल बहुत खराब है। बारिश ही नहीं बल्कि अन्य दिनों में भी यहां पर जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण घरों का पानी भरा रहता है। इससे बाइक व छोटे वाहनों को यहां से निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण राजीव कुमार, राहुल कुमार, विमल कुमार व जय प्रकाश ने बताया कि सड़क में बारिश के समय तो पानी भर ही जाता है। इसके अलावा जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण अन्य समय में भी सड़क पर पानी भरा रहता है। इससे यहां पर बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिनके कारण यहां से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। बच्चों के गिरने का डर रहता है।

जिलास्तर तक बात पहुंचाई बात पर नहीं हुआ समाधान : बताया कि सड़क ठीक कराने व जल निकास हेतु नाला बनवाए जाने के लिए कई बार ब्लाक कार्यालय से लेकर जिलास्तरीय अधिकारियों तक बात पहुंचाई गई। इसके बाद भी अभी तक समस्या का



समाधान नहीं हुआ है। बताया कि बीडीओ जितेन्द्र कुमार यादव से मिलकर गड्ढों को गिट्टी, मिट्टी व ईंट द्वारा भरवाए जाने की मांग की गई पर कोई सुनवाई नहीं हुई। एडीओ पंचायत प्रवीन कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र नहीं मिला है। अगर कोई शिकायती पत्र ग्रामीणों द्वारा दिया जाता है तो मौका निरीक्षण कर गड्ढों को भरवाने का काम चालू कराया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को आने जाने में कोई दिक्कत न हो।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना बूस्टर डोज मेगा कैंप आयोजित किए गए





संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- पूर्व कृषि राज्यमंत्री सहित सदर विधायक व भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकम का फीता काटकर किया शुभारंभ

औरैया। रविवार को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर कोरोना बूस्टर डोज मेगा कैंप आयोजित किए गए जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर के मेगा कैंप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक चंद्रकांती मिश्रा, शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अवधेश कुमार शुक्ला तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ विजय आनंद सहित अस्पताल का संपूर्ण चिकित्सा एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने बूस्टर डोज लगवा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद कई लोगों ने कोरोना की बूस्टर डोज लगवाई। उधार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुरूगंज में कोरो ना बूस्टर मेगा कैंप का फीता काटकर उद्घाटन भाजपा के शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य ने किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अवधेश कुमार शुक्ला ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री ने अस्पताल के संपूर्ण स्टाफ से परिचय प्राप्त कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुरूगंज अस्पताल के समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अस्पताल का संपूर्ण स्टाफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना के चिकित्सक भी उपस्थित रहे। मेघा कैंपों के आयोजन करके आम जनमानस में बूस्टर डोज लगवाने पर बल दिया गया। वहीं सीएचसी अयाना में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने फीता काटकर कोविड19 टीकाकरण मेगा कैम्प का शुभारंभ किया। इस दौरान मुकेश ने पहली बूस्टर लगवाई। ।इस दौरान एसीएमओ डॉ शिशिर पुरी, अधीक्षक डॉ सुनील शर्मा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा। एसीएमओ डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि जिले में कोविड 19 टीकाकरण मेगा कैम्प के तहत 4500 लोगों को कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाई जानी थी। जिसमें दोपहर दो बजे तक 1300 लोगों को कोविड वैक्सीन की तीसरी डोज लगाई जा चुकी है। वहीं सीएचसी अयाना में 600 लोगों को बूस्टर डोज से सुरक्षित किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दुआ ए आशूरा 9 को पढ़ी जाएगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

कालपी। नगर की बड़ी मस्जिद के इमाम हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि कई सालों से दस मुहर्रम यानी आशूरा के दिन बड़ी मस्जिद में नमाज अदा करके दुआ ए आशूरा होती है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शिरकत करते हैं। बताया कि इस साल भी 9 अगस्त 10 मुहर्रम को सुबह नौ बजे जुलैहटी बड़ी मस्जिद में नमाज अदा करके इज्तेमाई दुआ ए आसूरा पढ़ी जाएगी। बताया कि सुबह सूरज निकलने के बाद से लेकर सूरज डूबने से पहले तक किसी भी वक्त कहीं पर भी इसे पढ़ सकते है।



## मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए बीएलओ ने नगर के 10 स्थानो पर बूथ लगाकर मतदाताओं को जोड़ा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच (जालौन)। रविवार को तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति के निर्देशन में नगर के प्राथमिक विद्यालय इंद्रा कन्या,अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलेज,नाथू बालिका इंटर कॉलेज, कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज, सेठ बिंद्रावन इंटर कॉलेज,एसआरपी इंटर कॉलेज एवँ तहसील कार्यालय पर बीएलओ बूथ पर पहुचे जहाँ उन्होंने मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए लगाया गया उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए ऑनलाइन गरुण एप के माध्यम से जोड़ा जाएगा एवँ ऑफलाइन जोड़ने के लिए 6(ख) फार्म भरकर जोड़ा जाना है यह शिविर 21 अगस्त को भी लगाया जायेगा मतदाता अपने अपने पहचान पत्र को आधार कार्ड से जुड़वाये वही तहसीलदार ने तहसील पर बने बूथ का निरीक्षण किया उन्होंने 6(ख)फार्म को जांचा इस दौरान बीएलओ प्रभुदयाल,मोनिका पाटकार,कमलकिशोर,अखिलेश सहित आदि मौजूद रहे।

## आजादी के महापर्व के उपलक्ष्य में निकाली जायेगी पदयात्रा : उर्मिला सोनकर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। आजादी के महापर्व को लेकर 75वें में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस पार्टी के द्वारा ऐतिहासिक स्मारकों पर पदयात्रा निकली जायेगी उक्त जानकारी उर्मिला सोनकर खाबरी (पूर्व पीसीएस) ने दी। उर्मिला सोनकर खाबरी (पूर्व पीसीएस) ने जानकारी देते हुये बताया कि देश भर में कांग्रेस पार्टी द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आजादी के 75 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे पदयात्रा निकाली जा रही है जिसके क्रम में नगर जालौन में भी पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन 9 अगस्त को छत्रसाल इंटर कॉलेज में उर्मिला सोनकर खाबरी जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु चतुर्वेदी की आगुवाई में पदयात्रा ऐतिहासिक स्मारकों से निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाये जाने को लेकर उन्होंने आम–जनमानस व वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ गणमान्य नागरिकों सहित कार्यकर्ताओ से अपील कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पदयात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये।



## बिधूना सीचसी पर कोविड टीकाकरण महाभियान शुरु

अनुराग ठाकुर दैनिक अयोध्या टाइम्स बिधूना (औरैया)। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप सीएचसी बिधूना पर कोविड टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ किया गया, माननीय सांसद प्रतिनिधि ऋषि पांडे के द्वारा किया गया इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीवपीवशाक्य चिकित्सा अधिकारी वहीं डा0 वी पी शाक्य ने बताया कि टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है तो जिस किसी व्यक्ति ने अभी भी टीकाकरण नहीं लगवाया है तो सभी लोग जल्दी से जल्दी टीका अवश्य लगवाएं जिससे इस महाभयंकर बीमारी से बचा जा सके, प्रदीप सिंह एनेस्थेटिक पदम सिंह नर्स मेंटर शिवानी स्टाफ नर्स बेबी स्टाफ नर्स निशा स्टाफ नर्स दीक्षा स्टाफ नर्स अमित कुमार शिवम कुमार विजयलक्ष्मी ज्योति स्टाफ नर्स एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- फफूंद में अछल्दा चौराहा पर वसीम प्रधान के आवास पर समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक कर 9 अगस्त से तिरंगा अभियान चलाया जाएगा

फफूंद,औरैया। रविवार को समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान चलाया गया ।जिसमें मुख्य रूप से औरैया जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री, व पूर्व सांसद मा. विशंभर प्रसाद निषाद , दिवियापुर विधानसभा से विधायक प्रदीप यादव ,जिलाध्यक्ष राजवीर यादव , दिबियापुर विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र राजपूत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सदस्यता की बहियाँ वितरण कर ज्यादा से ज्यादा हर जात हर वर्ग के लोगों को सदस्य बनाने का काम किया जाना चाहिए। बैठक में मौजूद रहे अछल्दा चेयरमैन राजू पोरवाल रामवीर यादव मेजर राजपूत भरत खन्ना तह राज यादव विपिन गुप्ता श्याम बाबू यादव भाग्यनगर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र दोहरे। मुन्ना सिद्दीकी वसीम प्रधान पप्पू पूर्व सभासद सुरेश गुप्ता घनश्याम यादव गया प्रसाद पाल राजीव दिवाकर उर्फ लाला पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## आबकारी निरीक्षक डाक्टर महेंद्र प्रताप वर्मा मय स्टाफ द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई, ओवर रेटिंग में सेल्समैन को भेजा जेल, विक्रेताओं में मचा हड़कंप




दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम बर्मा। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत यह मामला गोसाईगंज थाना से जुड़ा हुआ है जहां पर आबकारी आयुक्त महोदय प्रयागराज ,उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी महोदय ,व पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देश के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी सुलतानपुर के नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माण/अवैध एल्कोहल के परिवहन/बिक्री/ओवर रेटिंग/अपमिश्रण पर अंकुश लगाने हेतु आबकारी प्रवर्तन अभियान के क्रम में डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही। शनिवार शाम को देशी मदिरा, विदेशी वियर दुकानों का निरीक्षण कार्य किया गया इसी क्रम में आई शिकायत के क्रम में सुदनापुर वियर दुकान की टेस्ट परचेजिग कराई गई । जहां पर वीयर हैवरड फाइव थाउजेंड कैन 500 उसजो 110 की है विक्रेता सुरेन्द्र कुमार पुत्र राम सूरत यादव निवासी सैनपुर थाना बीकापुर जिला अयोध्या द्वारा 120 में बेचा जा रहा था ।जिसको आबकारी निरीक्षक डॉक्टर महेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा मौके से गिरफ्तार किया गया ।और सम्बंधित थाना गोसाईगंज में ले जाकर आबकारी की सुसंगत धाराओं के साथ ही साथ प्छ 420 मुकदमा पंजीकृत कर सेल्समैन को जेल भेजा गया। आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा के अलावा प्रधान आबकारी सिपाही शशांक भूषण त्रिपाठी ,आबकारी सिपाही ,शेष प्रताप सिंह आबकारी सिपाही ,अभिनव कुमार सिंह शामिल रहे आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया किसी भी गलत कार्य के लिए किसी को बख्शा नहीं जाएगा अनुज्ञापन के नियमों व शर्तों के साथ ही दुकान का संचालन करना सुनिश्चित किया जाएगा वहीं दूसरी तरफ आबकारी निरीक्षक ने यह भी जानकारी दी है कि इस प्रकरण में जेल जाने के उपरांत जुर्माना भी होना तय हुआ है जिसके उपरांत विभाग द्वारा तय किया जाएगा और यह भी कहा कि यह अभियान लगातार छापेमारी अभियान चलता रहेगा।

## गोमती मित्रों ने दिया है नारा, घर घर सजे तिरंगा प्यारा



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बिनय सेन। गोमती मित्र मंडल परिवार ने भी अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान से अपने आप को जोड़ते हुए कुशभवनपुर की जनता को जागरूक करने के लिए प्रयास तेज कर दिया है।

हर वार्ड में एक–एक गोमती मित्र को जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन ने निर्देशित किया है की अपनी देखरेख में प्रयास कीजिए कोई भी घर तिरंगे से छूट न पाए,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी व वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने गोमती मित्रों से निवेदन किया है कि इस पूरे कार्यक्रम में गोमती मित्र मंडल परिवार की सक्रियता धरातल पर दिखनी चाहिए,साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता श्रमदान के दिन भी भारत माता की जय कारों के बीच गोमती मित्रों ने पूरे तट परिसर को साफ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया,श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मुन्ना सोनी,राजेन्द्र शर्मा,संत कुमार प्रधान,अजय सिंह,राम क्विंचल मौर्या,युवा मंडल प्रदेश अध्यक्ष अजय वर्मा,आलोक तिवारी,अनुज सिंह,सोनू सिंह,अर्जुन यादव,सचिन सोनकर,तेजस्व पांडे,अभय,अर्पित,आकाश,प्रांजल,हैप्पी,आयुष,तुषार,आभास आदि मोजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता ने की डीएम से शिकायतें आस की कि मिलेगा न्याय




दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर अशोक वर्मा(लम्भुआ)। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में माह अगस्त के प्रथम शनिवार को तहसील लंभुआ सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा जन सामान्य की समस्याओंधशिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जनता दर्शन में एक बिकलांग व्यक्ति भी पहुँचा जो कि विकास खण्ड प्रतापपुर कमैंचा से सम्बंधित था उपजिलाधिकारी लम्भुआ ने सम्मान से कुर्सी पर बैठाते हुए स्वम् आकर पूरी जानकारी लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी को त्वरित कार्यवाही करने का भी दिशा निर्देश दिया और एक समस्या बिजली विभाग से थी।जिसको जिलाधिकारी ने खुद संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता लम्भुआ को त्रुटि को सुधारने का भी दिशा निर्देश दिया।

अब देखना यह है कि समस्त समस्याओं का विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा कितनी गुणवक्तापूर्वक निष्पक्षता से जाँच कर दी जाती है या फिर लीपापोती कर आख्या लगा दी जाती है।फिलाल जिलाधिकारी वा उपजिलाधिकारी ने गुणवक्ता पूर्वक रिपोर्ट के लिए सभीको हिदायत दी है।

# महिला शाखा तुलसी ने द्वारकाधीश मंदिर में किया पौधारोपण

- हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजन पर हुआ विचार विमर्श





औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए शहर को को हरा–भरा रखने के उद्देश्य से गत् वर्षो की भांति इस वर्ष भी फल, फूल, छायादार, लंबी आयु व सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले पौधों के पौधारोपण हेतु जीवनधारा पौधारोपण अभियान लक्ष्य–5100 पौधों का पौधारोपण के अंतर्गत यमुना तट, यमुना तट मार्ग, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, स्कूल कॉलेज, महाविद्यालयों, पार्कों आदि सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज दिनांक 7 अगस्त 2022 दिन रविवार को प्रातः 7 बजे समिति के सदस्यों ने प्रार्थना नर्सिंग होम के बगल में स्थित नवनिर्मित द्वारकाधीश मंदिर पर बेलपत्र, हरसिंगार, गुड़हल, चांदनी, समी, चितवन, पकड़िया व अशोक आदि के पौधों का पौधारोपण किया गया, समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि प्रकृति की अनमोल धरोहर पेड़ पौधे हमारे जीवन में नई उमंग के साथ नित्य नए रंग भरते हैं।

इनके बिना स्वस्थ मानव जीवन की कल्पना असंभव है, पौधारोपण के उपरांत मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में प्रमुख रूप से अतुल्य भारत की आन बान शान को यादगार बनाते हुए आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, समिति के संस्थापक ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त रविवार को यमुना तट अंत्येष्टि स्थल, शहीद स्मारकों, सिद्ध पीठ मंगला काली व देवकली मंदिर व शहर के प्रमुख चौराहों पर समिति के सदस्यों द्वारा तिरंगा झंडा लहराया जाएगा तथा देश के वीर शहीद सपूतों की मधुर स्मृति में शहीद पार्क, औरैया में कैंडल जलाकर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, बैठक के उपरांत समिति द्वारा संचालित बैकुंठ रथ सेवा की वार्षिक सदस्यता ग्रहण करने पर कानपुर निवासी अतुल कुमार पोरवाल (बीमा अभिकर्ता) का समिति के सदस्यों ने पटका पहनाकर हृदय से हार्दिक अभिनंदन किया। पौधारोपण अभियान व बैठक में प्रमुख रूप से बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी शेखर गुप्ता, धर्म अग्रवाल, महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष लक्ष्मी बिश्नोई, अंजू अग्रवाल, मीरा विश्नोई, आनन्द गुप्ता डाबर, सभासद छैया त्रिपाठी, रानू पोरवाल, मनीष अग्रवाल, अंकित गुप्ता, संजय अग्रवाल, अर्पित दुबे एडवोकेट, डॉ.अनिल पोरवाल, व्यापारी नेता नीरज पोरवाल, अनूप बिश्नोई, आदित्य पोरवाल, पंकज गुप्ता, डॉ. मिथुन मिश्रा, ऋषभ पोरवाल, राकेश चंद्र गुप्ता, सुनील अवस्थी, कपिल गुप्ता, रमेश कुमार प्रजापति, विकास गुप्ता, मोहित अग्रवाल लकी, अनूप बिश्नोई, रविंद्र कुमार पोरवाल, पुजारी शिवलाल, सतीश पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# ऑटो और बाइक की भिड़ंत में दो की मौत



संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- नौ यात्री गंभीर रुप से घायल
- घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

अजीतमल,औरैया। बिजली घर के पास हाइवे पर इटावा से औरैया की ओर गलत दिशा में जा रहे ऑटो से, औरैया से इटावा की ओर जा रही बाइक भिड़ी।घटना में बाइक सवार सहित ऑटो चालक की मौत हो गई। अयाना थाना क्षेत्र के बटपुरा गांव निवासी आशीष पुत्र मुनेश (30) ऑटो चलाकर परिवार में हाथ बटाता था। वह रविवार को गांव से बकरियों के व्यापारियों को लेकर बाबरपुर बकरमण्डी बाजार कराने लाया था। वहां से वह वापिस गांव जा रहा था। अजीतमल से वह गांव जाने के लिये लालपुरा अंडरपास तक न जाकर गढ़िया ओवरब्रिज से ही गलत दिशा में हाइवे पर ऑटो ले गया।वही कानपुर देहात के थाना भोगनीपुर अंतर्गत अमरौधा पोस्ट के पातेपुर गांव निवासी महेंद्र (25) पुत्र सुरेश दोहरे बाइक से अपनी ससुराल इटावा जनपद के तुर्कपुरा–पहाड़पुरा अपनी पत्नी व बच्ची के पास जा रहा था।अजीतमल बिजलीघर के पास हाइवे पर दोनो की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें ऑटो भी हाइवे पर पलट गया। घटना में महेंद्र सहित ऑटो चालक आशीष व ऑटो सवार बालिस्टर बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें हाइवे एम्बुलेंस से सीएचसी अजीतमल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने बाइक सवार महेंद्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं आशीष ने भी इलाज के दौरान रेफर होने से पहले ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना में बटपुरा गांव निवासी ऑटो सवार बालिस्टर (55) पुत्र पुत्तीलाल को सैफई रेफर कर दिया गया। घटना में अन्य छुटपुट घायलो में दिवान सिंह पुत्र पुत्तीलाल, राजा पुत्र दीवान सिंह, लालू पुत्र अर्जुन, अशोक पुत्र झुन्डेलाल , सुखराम पुत्र दसु, सुखराम का लड़का, बुद्धिमान पुत्र जसकरन निवासीगण बटपुरा ने छुटपुट घायल होने पर निजी चिकित्सालय में इलाज करवाया। पुलिस ने ऑटो व बाइक को अपने कब्जे में लिया है। ऑटो सवार गांव से बकरी लेकर बाबरपुर बाजार में बेचकर वापिस जा रहे थे।

# आवारा गोवंश से लोग परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। आवारा गोवंश नगर की सड़कों सहित फोर लेन सड़क पर विचरण हुए इधर–उधर घूम रहे है। जिसके कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं अन्ना गोवंशों के सड़क पर विचरण से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। नगर के लोगों ने नगर क्षेत्र में संचालित हो रही गोशालाओं में पशुओं को बंद कराने की मांग पालिका प्रशासन से की है। नगर क्षेत्र सहित उरई जालौन फोर लेन, झांसी कानुपर स्थित हाईवे पर आवारा जानवरों का विचरण होता रहता है। इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। इस मौसम में जहां किसान अपने पशुओं को अन्ना छोड़ देते हैं। वहीं, गोशालाओं में भी पशुओं को बंद नहीं किया जा रहा है। ऐसे में पशु भी चारे पानी के चक्कर में आवारा सड़कों पर घूम रहे हैं। पशु सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। दर्जनों की तादाद में सड़कों पर आवारा घूम रहे पशु दुर्घटनाओं का सबब बनते जा रहे हैं। सड़क पर वाहन चालक इन पशुओं से टकराकर अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जिससे न केवल वाहन क्षतिग्रस्त होते हैं। बल्कि वाहन चालक भी चुटहिल हो जाते हैं।

नगर क्षेत्र में अगर देखा जाये तो चारों ओर चौराहों एवं बाजार की सड़कों पर आवारा जानवर झुण्ड बनाकर घूमते दिखाई दे रहे है। इतना ही नहीं वह गोवंश बीच सड़कों पर भी खड़े हो जाते या बैठ जाते है। जिसके कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी आवागमन में उठानी पड़ती है।




गोशाला का संचालन होने के बाद भी अन्ना पशुओं की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं है। सड़कों पर जहां देखा वहां अन्ना पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे अक्सर दुर्घटनाएं घटित होती हैं। दीपेन्द्र, संजय, रामकुमार, देवी सिंह, शिन्टू आदि ने बताया कि अन्ना पशुओं के चलते अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। सड़कों पर आवारा घूम रहे पशु दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नगर में आवारा घूम रहे गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में बंद कराया जाए ताकि आवारा पशुओं की समस्या का समाधान हो सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## चिल्ली गांव में शहीद योगेंद्र पाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई। डकोर ब्लाक के चिल्ली गांव निवासी कारगिल शहीद योगेंद्र पाल सिंह की 23 वीं पुण्यतिथि पर खंड विकासअधिकारी और फौजी साथियों के अलावा परिवार के लोगों अथवा ग्रामीणों ने भी गांव में उनकी शहादत को याद किया। प्राइमरी विद्यालय बनी उनकी प्रतिमा में झंडारोहण कर माल्यार्पण किया गया और उनके बलिदान को याद किया गया खंड विकास अधिकारी निशांत तिवारी ने कहा कि योगेंद्र सिंह पाल की वीरता पर आज गांव नहीं पूरे जनपद को गर्व है, जिन्होंने अपने साहस से पाकिस्तानियों के दांत खट्टे कर दिए थे। योगेंद्र के योगदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। बता दें कि 26 जुलाई को कारगिल युद्ध को 23 साल बीत चुके हैं। इसी युद्ध में योगेंद्र पाल सिंह भी दुश्मनों की गोली का निशाना बने और फिर इलाज के दौरान ही उनकी शहादत हो गई थी। योगेंद्र ईएमई 631 रेजिमेंट में वर्ष 1996 में भर्ती हुए थे। जिसके बाद वह वर्ष 1999 मैं हुए कारगिल युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेते हुए हुए शहीद हो गए थे रविवार को गांव में उनकी 23 वी पुण्यतिथि मनाकर उन्हें याद किया गया। वही शहीद की पत्नी भूरी देवी, पुत्र रवि पाल सिंह की आंखों में आंसू छलक आए उन्होंने नम आंखों से उनके प्रीति श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर प्रधान पुष्पा देवी, सचिव राणा इंद्रजीत सिंह, प्रधान करन सिंह, सूबेदार साही राम, सपा नेता धीरेंद्र यादव, सनी, शिवा, देवेंद्र निरंजन, आदि रहे। वही ग्राम पंचायत जैसारी कलां निवासी शहीद धर्मपाल सिंह राजपूत की 2 वर्ष पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा उनकी शहादत को याद किया गया शहीद हवलदार धर्मपाल सिंह राजपूत जो गलवान घाटी लद्दाख में तैनाती के समय 7 अगस्त 2020 को ड्यूटी के दौरान पहाड़ों पर ऑक्सीजन की कमी से उनकी तबीयत बिगड़ जाने के बाद चंडीगढ़ आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान शहीद हो गए थे भाजपा नेता गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष हमीरपुर प्रीतम सिंह किसान, लक्ष्मी नारायण, नेत्रपाल राजपूत आदि ने उनकी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पत्रांक/ग्रा0पं0 निधि/2022–2023 दिनांक 7.8.2022

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत पाली विकासखंड पुवारका मैं सीसी निर्माण हेतु इच्छुक फर्मो ठेकेदारों से सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है दिनांक 7.8.2022 तक ग्राम पंचायत में निविदा फार्म सरत दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं उस दिन शाम 4:00 बजे। न्यूदाएं समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ट्रांसफार्मर से गणपत के खेत तक सी सी | 62x4 = 248 | अनुमानित लागत | 225000.00 |
| 2. मीदे के खेत से मदरसे तक | 66x4.5 =297 | अनुमानित लागत | 250000.00 |
| 3. रामकला के घर से राजवीर की दुकान तक सी सी | 95x3.60=342 | अनुमानित लागत | 370000.00 |
| 4. धर्म सिंह के घर से असगर के घर तक | 54x2=108। | अनुमानित लागत | 150000.00 |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पाली विकास खंड
पुवारका (सहारनपुर)

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत पाली विकासखंड
पुवारका (सहारनपुर)

# शास्त्रीय तथा व्यवहारिक दृष्टि से 12 अगस्त को ही रक्षाबंधन शुभ - आचार्य

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार मोतिहारी। महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान–वेद विद्यालय में रक्षाबंधन के मुहूर्त्त को लेकर विद्वानों के बीच उत्पन्न मतभेद की स्थिति को दूर करने के लिए कर्मकांड से जुड़े विद्वानों की एक विचार गोष्ठी प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उपस्थित विद्वानों ने निर्णायक ग्रंथ व पंचांगों का अवलोकन एवं उसपर विचार–विमर्श करने के बाद सर्व–सम्मति से यह निर्णय लिया कि 12 अगस्त शुक्रवार को ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाना उचित है। चूंकि श्रावणी तथा रक्षाबंधन भद्रा में नहीं किया जा सकता,भद्रा रहित पूर्णिमा में ही रक्षाबंधन करने का विधान है। इस वर्ष 11 अगस्त गुरुवार को दिन में 09:35 बजे से पूर्णिमा तिथि लगेगी जो 12 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 07:16 बजे तक रहेगी। भद्रा 11 अगस्त गुरुवार को पूर्णिमा तिथि के साथ ही दिन 09:35 से प्रारंभ होकर रात्रि 08:25 बजे तक रहेगी। इस प्रकार भद्रा से रहित पूर्णिमा 11 अगस्त गुरुवार को रात्रि 08:25 से लेकर 12 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 07:16 बजे के मध्य रक्षाबंधन किया जा सकता है,परन्तु रात्रि में रक्षाबंधन करना व्यवहारिक दृष्टि से भी ठीक नहीं है। अतः शास्त्रीय तथा व्यवहारिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त शुक्रवार को ही भद्रा से रहित पूर्णिमा में प्रातः 07:16 बजे तक अथवा सूर्योदय की तिथि मानकर सायंकाल 06:30 बजे तक रक्षाबंधन,श्रावणी उपाकर्म तथा संस्कृत दिवस का पर्व मनाया जाएगा। गोष्ठी में पण्डित विनोद पाण्डेय,दयानन्द मिश्र, ब्रजेन्द्र ओझा,सुनील दत्त पाराशर,राकेश तिवारी,रुपेश ओझा, सुधीर दत्त पाराशर, विकास पाण्डेय,राजकुमार मिश्र, राजन पाण्डेय,सुधाकर पाण्डेय, कुन्दन पाठक,अभिषेक कुमार दूबे,पारसनाथ पाण्डेय,धर्मेन्द्र चौबे,मदनमोहन नाथ तिवारी, दीनानाथ पाठक,मुकुल मनोहर पाण्डेय,मुनि दूबे,राजन चौबे,पवन दूबे,रोहन पाण्डेय,अरुण तिवारी, मनोज दूबे,ओंकार नाथ तिवारी आदि शामिल थे। उक्त आशय की जानकारी प्राचार्य सुशील कुमार पांडेय ने दी।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। भरौलिया ढाका रोड स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत सफलता प्राप्त करने पर अपने छात्रों का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन परिसरिय छात्रों द्वारा किया गया। बोर्ड परीक्षा के विद्यालय स्तर पर उज्जवल सागर प्रथम सौम्या गुप्ता द्वितीय तथा आकाशदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बाकी सभी बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त किया द्य मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन श्री संजय कुमार गुप्ता, वाईस चेयरमैन श्रीमती रंजीता गुप्ता, प्रबंध निर्देशक श्री शुभम गुप्ता शैक्षणिक निर्देशक श्री जे० एन० प्रसाद, प्राचार्य श्री अर्नव मुखर्जी, कोर्डिनेटर श्री मिलन बनर्जी, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर श्रीमती पूनम विष्णोई सहित परिसरीय अध्यापकों ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के कामना हेतु आशीष प्रदान किया। पुरे कार्यक्रम को सफलता पूर्वक चलाने में एग्यारह्वी के छात्र–छत्राओं ने अहम् भुमका निभाई। कृतिका नयन, सत्यम कुमार ने मंच संचालित किया। वही पलक कुमारी ने नृत्य के साथ–साथ संगीत का भी प्रदर्शन किया द्य इसी के साथ साथ सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ अपनी अनुभूति को बांटा। इस मौके पर परिसर में उत्सव महोत्सव जैसा माहौल देखा गया। उक्त आशय की जानकारी निर्देशक शुभम गुप्ता ने दी।





## कार्यालय ग्राम पंचायत औराही विकास खण्ड महसी बहराइच

पत्रांकः7/मनरेगा/निविदा/2022/2023 दिनाँकः07.08.2022

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत औराही विकास खण्ड महसी बहराइच निम्नलिखित निर्माण कार्य मे ईंट,मौरंग, गिट्टी , सीमेंट, प्लास्टिक पाईप, ह्यूम पाइप,बालू,ईंट गिट्टी आदि अधोहस्ताक्षरी पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं के निम्न विवरण के अनुसार तय दरें निविदाएं तय की जाती है निविदाओं आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपने मोहर बंद निविदा दिनांक 09.08.2022 को शाम 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कर दी जाती है अथवा रजिस्टर डाक द्वारा की जाती है निविदाएं दिनांक 10.08.2022 ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदाओं की आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में निविदा सूचना समिति द्वारा खोली जाएगी निविदा के साथ दिन पंजीकरण व पैन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है निविदा पत्र पर किसी प्रकार की कटिंग व अथवा अपर लेखन मान्य नहीं होगा निविदा प्रपत्र पर उल्लेख निविदा प्रपत्र पर व शब्दों में करना आवश्यक है सामग्री में लदाई ढुलाई भाड़ा उतरवाई चढ़ाई चट्टा लगवाई शामिल है भुगतान आपूर्ति के आधार पर किया जाएगा बिना कारण बताए किसी भी अपूर्ति निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत औराही को है।

01. ' होली राम के घर से रघुवर के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य लम्बाई चौड़ाई 173 × 3.30 अनुमानित लागत, 863863.00

02. मानसरोवर से लेकर मार्ग तक इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य लम्बाई चौड़ाई 292 × 3.30 अनुमानित लागत 1427523.00

जिस निविदा दाता का टेंडर सबसे कम रेट पर होगा उसे टेंडर में स्वीकृति के आधार पर आवश्यकता के अनुसार ग्राम पंचायत औराही द्वारा सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

किसी भी निविदा सूचना व टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत औराही के पास सुरक्षित है।

ममता देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत औराही
ब्लाक महसी बहराइच

उमेश चन्द्र
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत औराही
ब्लाक महसी बहराइच

## सर्वसाधारण सूचना

दिलबहार पुत्र रसी उद्दी निवासी सुनगा थाना पयागपुर जनपद बहराइच का मूल निवासी हूं मेरे चार लड़के हैं जिसमें अनीश का चाल चलन ठीक ना होने के और मुझे शारीरिक व मानसिक तरीके से प्रताड़ित करता है जिससे मैं तंग आकर अपने बेटे अनीश को अपने चल अचल संपत्ति व अपनी जिंदगी से बेदखल करता हूं जिसके लिए मैंने सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी है।भविष्य में हमारा अनीश से कोई मतलब नहीं है नाही किसी प्रकार की हमारी कोई जिम्मेदारी होगी।


# विकासशील इंसान पार्टी जिला कार्यालय अगरवा मोतिहारी में प्रखंड फेनहारा व मधुबन प्रखंड से आए युवा साथी को सदस्यता ग्रहण कराते हुए नियुक्तिपत्र दिया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। विकासशील इंसान पार्टी जिला कार्यालय अगरवा मोतिहारी में प्रखंड फेनहारा व मधुबन प्रखंड से आए युवा साथी को सदस्यता ग्रहण कराते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया।
सदस्यता ग्रहण कर नियुक्ति पत्र पाने वालों में मुख्य रूप से गुड्डू कुमार सहनी को जिला युवा उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया, वहीं संजय सहनी को फेनहारा प्रखंड के खान पिपरा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष पद पर मनोनीत पत्र दिया गया, जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सहनी व जिला युवा अध्यक्ष श्री अजय कुमार चौधरी ने संयुक्त रुप से नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
ज्ञात हो कि पार्टी सुप्रीमो श्री मुकेश सहनी जी के निर्देशानुसार जिले के अंदर लगातार पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी प्रखंडों में पार्टी का विस्तार किया जा रहा है,तथा जिला कमेटी को धारदार बनाने के लिए चलें गांव की ओर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सहनी तथा संचालन जिला युवा अध्यक्ष श्री अजय कुमार चौधरी ने किया। मौके पर उपस्थित मधुबन प्रखंड अध्यक्ष श्री राकेश कुमार सहनी जी, पकड़ीदयाल प्रखंड अध्यक्ष श्री चंदेश्वर कुमार सहनी जी, जिला सचिव श्री सुमन सहनी,जिला महासचिव जय श्री सहनी मौके पर उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में केशर राज ने जीता कांस्य पदक




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। भारतीय तलवारबाजी संघ के द्वारा महाराष्ट्र के नाशिक में पांच से सात अगस्त तक आयोजित होने वाले ग्यारहवीं मिनी (अण्डर–12) राष्ट्रीय तलवार बाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूर्वी चम्पारण की केशर राज ने तलवारबाजी (फेंसिंग) के बालिका वर्ग में फॉयल इवेन्ट में भाग लेकर बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक हासिल किया है। जानकारी देते हुए पूर्वी चम्पारण तलवारबाजी संघ के संयुक्त सचिव सह कोच अप्पु कुमार ने बताया की केशर ने अण्डर–12 राष्ट्रीय तलवार बाजी प्रतियोगिता में अपने लीग मैच में प्रथम स्थान हासिल करते हुए नॉक आउट के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद उसे सीधे टॉप–32 में खेलने का मौका मिला जहाँ उसने पंजाब की शुखमनप्रित कौर को 15–3 से हराकर टॉप–16 में प्रवेश किया। पुनः टॉप–16 में तमिलनाडु के जोआना यूनाइस को 15–2 से हराकर क्वार्टर फाइनल (टॉप–8) में अपनी जगह बनाई। फिर टॉप–8 में महाराष्ट्र की शौर्या इंगवाले को 15–9 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हरियाणा की अनुष्का से 15–13 की कड़ी टक्कर देते हुए हारने की वजह से केशर राज को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।
केशर की इस राष्ट्रीय उपलब्धि ने पूर्वी चम्पारण के तलवारबाजी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में नई ऊर्जा का संचार किया है।
वहीं सचिव अशफाक अहमद ने बताया कि केशर लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतते आ रही है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर उसने खुद के उत्कृष्ट प्रतिभा को साबित कर दिया है। वह मोतिहारी के अम्बिका नगर निवासी कुमारी रानी और सूरज कुमार की सुपुत्री है। वहीं शहर के जीवन पब्लिक स्कूल की छात्रा है। मोतिहारी पहुंचने पर पूर्वी चम्पारण तलवारबाजी संघ की ओर से केशर राज को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर पूर्वी चम्पारण तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष साजिद रजा, उपाध्यक्ष जीवेश कुमार सिंह,अमित कश्यप, सचिव अशफाक अहमद, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सदस्य रवि कुमार,यशवंत सिंह, मुकेश सिंह, राहुल रंजन, परशुराम सिंह, सज्जन कुमार यादव आदि ने केशर राज को बधाई दी।

# प्रसव के दौरान कॉर्ड प्रोलैप्स (गर्भनाल)आ गया बाहर डॉक्टर ने बचाई जान

- डिलीवरी के समय इसकी वजह से रूक सकती है बच्चे की सांसें
- निजी अस्पतालों में ऐसे ऑपरेशन के 40 से 50 हजार होते हैं खर्च
- सरकारी अस्पतालों में इस तरह के सुविधा से मरीजों को मिल रही राहत

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मधुबनी। गर्भावस्था और डिलीवरी के दौरान कई तरह के जटिलताएं आ सकती हैं जो कि शिशु की जान के लिए खतरा बन सकती हैं। इसकी पहचान और समय से प्रबंधन होना अत्यंत आवश्यक होता है नहीं तो बच्चे और माता की जान मुश्किल हो जाता है. ऐसा ही एक मामला शनिवार को सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष में हुआ जहां विनीता देवी पति शिव कुमार यादव, ग्राम –बलिया नवटोलिया, सकरी की रहने वाली महिला का जोखिम वाले प्रसव कराए गए. सदर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवृत्ति मिश्रा ने बताया प्रसव के दौरान बच्चे का कॉर्ड प्रोलैप्स ( गर्भनाल) बाहर (युटेरस की मुंह) की तरफ आ गया और बच्चा पीछे रह गया. बाहर के तापमान के संपर्क में आने से बच्चे का ब्लड फ्लो काफी कम हो गया था जिससे बच्चे की जान भी जा सकती थी ऐसी स्थिति में सिजेरियन प्रसव कराकर सुरक्षित बच्चे को बाहर निकाला गया. डॉ. मिश्रा ने बताया प्रेग्नेंसी में शिशु के जन्म से पहले या डिलीवरी के दौरान गर्भाशय ग्रीवा खुलने पर कॉर्ड दबाव के कारण गर्भाशय में आ गिर जाती है। या बाहर आ जाता है इससे शिशु को सांस लेने के लिए ऑक्सीजन मिलना बंद हो जाता है। इस स्थिति को कॉर्ड प्रोलैप्स कहा जाता है. हालांकि ऐसे मामले काफी कम होते हैं. सैकड़ो महिलाओं में से एक महिला में देखने को मिलते हैं। निजी अस्पताल में इस प्रकार के ऑपरेशन पर 40 से 50 हजार रुपए तक खर्च हो जाते हैं। सदर अस्पताल में ऐसे प्रसव होने से मरीजों को काफी सहूलियत हो रही है तथा आर्थिक लाभ भी हो रहा है. ऑपरेशन के बाद प्रसूता और नवजात बालक दोनों ही स्वस्थ है।
इस दौरान अस्पताल के एनेस्थेटिक, प्रसव कक्ष इंचार्ज माधुरी कुमारी सहित स्टॉफ मौजूद रहे । कॉर्ड लचीली और ट्यूब यानि नली की तरह होती है जो गर्भावस्था के दौरान शिशु को मां से जोड़ती है। कॉर्ड से शिशु को मां के जरिए जीवन मिलता है। इससे शिशु को पोषक तत्व मिलते हैं और शिशु के शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। यह नली एक धमनी और दो नसों से बनी होती है। प्रीटर्म प्रसव दो या तीन बच्चे होना बच्चे का पेट में उल्टा होना। कॉर्ड प्रोलैप्स बाहर आना एक इमरजेंसी स्थिति होती है जिसमें तुरंत डिलीवरी करवाने की जरूरत पड़ती है। इस स्थिति में आमतौर पर सिजेरियन ऑपरेशन से ही डिलीवरी करवाई जाती है। हालांकि, ज्यादा देरी करने पर शिशु को नुकसान या मृत्यु तक हो सकती है।



# महागठबंधन दलों राजद,सीपीआईएम,सीपीआई,माले,कांग्रेस के राज्य व्यापी आह्वान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार
सहरसा में जानलेवा बेहिसाब मंहगाई,भीषण वेरोजगारी, भयंकर भ्रष्टाचारी, युवा विरोधी अग्निपथ योजना ,भयंकर सुखाड़, आर्थिक केरेंट लगाने वाली बिजली संशोधन विल व स्मार्ट मीटर,खाद्य सामग्री व बच्चों के शिक्षा सामग्री सहित मुर्दों के कफन पर ळैज तथा देश में फैलाये जा रहे धार्मिक नफरत व उन्माद के विरुद्ध शंकर चौक से हजारों की संख्या में विशाल आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला गया। लाल हरा झंडा बैनर से लेश,बड़ी संख्या में अपनी मांगों से संबंधित नारों को कमीज स्वरूप अपने शरीर में पहने ब्व्ड प्रदर्शन कारी –– रोको मंहगी बांधो दाम नहीं तो होगा नींद हराम,दो करोड़ प्रति बर्ष रोजगार का वादा कहां गया मोदी जवाब दो,19 लाख रोजगार का क्या हुआ नीतीश जवाब दो, बिजली संशोधन विल व स्मार्ट मीटर बंद करो, बिहार को सुखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करो, किसानों को प्रति एकड़ पच्चास हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि दो, भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, अग्निपथ योजना वापस लो, हिटलर शाही नहीं चली तो मोदी शाही नहीं चलेगी, जो हिटलर की चाल चलेगा वो हिटलर की मौत मरेगा, नीतीश – मोदी मुर्दाबाद आदि गगन भेदी नारा लगाते सन 1857 पहली स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू बीर कुंवर सिंह चौक आये । जहां प्रतिरोध मार्च प्रतिरोध सभा में तब्दील हो गया। राजद जिलाध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन की अध्यक्षता में चलें सभा को सम्बोधित करते राजद के विधायक मोहम्मद सलाउ द्दीन एवं पूर्व विधायक श्री अरूण कुमार यादव, सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण एवं सीपीआईएम जिला सचिव रणधीर यादव ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों का जमकर आलोचना करते कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अडानी अंबानी को और अमीर बनाने के चक्कर में जनता उपयोगी वस्तुएं पर ळैज लगाकर गरीबों को मार रही है। मंहगाई वेरोजगारी तो सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जनता की मूल भूत समस्याओं से सरकार का कोई लेना देना नहीं है सिर्फ जात पात धर्म मजहब का झगड़ा लगाकर धार्मिक नफरत व उन्माद फैला कर राजनीतिक रोटी सेक रही है। पेट्रोल डीजल रसोई गैस सहित सभी वस्तुएं की कमीत जनता पर वौझ बन गई है। भयंकर सुखाड़ से पूरा बिहार त्रस्त है, किसान मंहगी खेती से आर्थिक तंगी में है। किसान यूरिया खाद के लिए हाहाकार में है और यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही है। पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सैनिक भर्ती एवं व्यवस्था को विना पेंशन चार बर्षो के लिए अग्निपथ योजना के सहारे युवाओं को फौज में भर्ती देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। अडानी अंबानी जैसे पूंजीपतियों के हाथ देश की सम्पत्ति को कोड़ी के भाव बेचा जा रहा हैं। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों ने माफी मांगने एवं अंग्रेजों का चाटूकारी करने वाले आज अपने को बड़ा राष्ट्रभक्त बन रहा है। आज देश संकट में है। संविधान खतरे में है। आमजन मंहगाई वेरोजगारी से परेशान है। और मंदिर मस्जिद, हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश को बांटा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा आज के दिन सन 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था और आज महागठबंधन का नारा है मोदी गद्दी छोड़ो। उपस्थित सभा को सम्बोधित करते एवं प्रतिरोध मार्च में प्रमुख भूमिका में सीपीआईएम से कृष्ण दयाल यादव, रूपेश रंजन,तौहीद आलम, हृदय नारायण यादव रामचन्द्र महतो, गुरूदेव शर्मा ब्यास प्रसाद यादव कुलानन्द कुमार नौजवान नेता मोहम्मद रियाज साहब रमेश यादव,के शकील अहमद खां, दिलीप ठाकुर, बलराम यादव राहुल कुमार माखन साह बद्रीनारायण मंडल,असफाक अंसारी, ब्रजेश वामपंथी शिवानंद विश्वास, डोमी पासवान, सुकनी देवी,अनिता देवी,केदार राम महेन्द्र शर्मा मुर्शीद आलम, नसीम मिस्त्री,दुखी शर्मा, मनोज शर्मा,केशव कुमार जगदेव शर्मा,जवाहर यादव, आलमी साहब,असलम, समरूल,पवन सादा,सुतीमलाल विश्वास, ई–रिक्शा यूनियन के संस्थापक शिव विलाश मुखिया, अध्यक्ष मोहम्मद अध्यक्ष कार्यकारिणी अध्यक्ष मुन्ना संतोष कुमार साह सचिव संजय साह, उपाध्यक्ष शिवजी साह, उपाध्यक्ष सुनील दास मनोज राम एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।




# संक्षिप्त समाचार

## नशे में धुत शराबी गिरफ्तार

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स
मानसी प्रखंड क्षेत्र के सैदपुर गांव से नशे में धुत शराबी को मानसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
इसकी जानकारी देते हुए मानसी थाना अध्यक्ष निलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी के पिता ने शिकायत किया कि उसके बेटे द्वारा शराब के नशे में धुत होकर लगातार परिवार को गाली गलौज किया जाता है ।जिसकी वजह से ये लोग परेशान हैं ।इस पर कार्रवाई करते हुए मानसी पुलिस ने विशेश्वर यादव के पुत्र प्रभास यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



## ब्रम्हाकुमारी में अलौकिक रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिवहर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। सीानीय सेवा केंद्र राज योग प्रशिक्षण केंद्र पर बड़े धूमधाम के साथ जिला प्रभारी ब्रम्हाकुमारी बहन भारतीय दीदी एवं जिले के विशिष्ट भाई बहनों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद के निवर्तमान चेयरमैन अंशुमान नंदन सिंह, भाजपा जिला मंत्री व रंजीत डेंटल क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ नूतन माला सिंह, पिपराही स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमाशंकर साह, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिशिर कुमार सहित पूर्व जिला परिषद सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता अजब लाल चौधरी जी की सशक्त एवं सहर्ष सहभागिता बनी रही। दीदी ने बताया कि यह पर्व हमें परमात्मा के पवित्र बंधन से बांध कर रक्षा कवच का अनुभव कराता है जो हमारी मनोविकारो , एवं पाप कर्मों से रक्षा करते हैं और सुख–शांति संपन्न जीवन का वरदान देते हैं। उक्त अवसर पर बहन भारती ने सभी के कलाइयों पर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया।



## सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन के पटना जिला अध्यक्ष हुए नियुक्त

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। सैल्यूट तिरंगा एक राष्ट्रवादी संगठन एक राष्ट्रवादी गैर राजनीतिक संस्था है जिसके बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के द्वारा बाढ़ के मुकुंद कुमार को संस्था का जिलाध्यक्ष पटना नियुक्त किया गया इस संस्था में संरक्षक के रूप में सांसद मनोज तिवारी अर्जुन लाल मीणा राजेंद्र जी श्री कीर्ति भाई सोलंकी सतीश दुबे श्याम जाजू रेणुका सिंह एम ओ एस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया श्री कपिल स्वामी श्री लोकेश प्रजापति एम ओ एस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं श्री शारदा श्रीवास्तव हैं इस संस्था के नेशनल सेक्रेट्री श्री प्रमोद कुमार मिश्रा है जनरल सेक्रेटरी के रूप में श्री सच्चिदानंद पोखरियाल पूर्व मंत्री उत्तराखंड श्री यशवंत सिंह दरबार एक्स एम ओ एस श्री गिरीश कुमार पाठक श्रीमती संयुक्ता प्रसाद एवं श्री प्रेम कुमार सिंह है पटना के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकुंद कुमार ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह का आभार प्रकट किया एवं लोगों के बीच राष्ट्रीय भावना के प्रचार प्रसार एवं तिरंगा के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया ।



## नेहा कुमारी को बीडीओ बनने पर जिले में हर्ष

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। कहा गया है कि इस धरती पर मानव की प्रतिभा कभी छुपी नहीं रह सकती, चाहे वह शहर में रहे या गांव में सभी जगहों पर अपनी कर्मठ प्रतिभा के कारण घर, समाज एवं देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जी हां ,शिवहर जिले में दो–दो बिटिया ने अपने कर्मठता के बल पर एक प्रखंड विकास पदाधिकारी बनी है तो यह जिला परिवहन पदाधिकारी। जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता व अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज की महिला के राष्ट्रीय अध्यक्ष रानी गुप्ता की पुत्री यशी गुप्ता ने जिला परिवहन पदाधिकारी बन कर घर ,समाज एवं जिले का नाम रोशन किया है इस बाबत आज शाम को उनका भव्य स्वागत कार्यक्रम भी तय हो चुका है। वही तरियानी प्रखंड के औरा ग्राम निवासी सेवानिवृत्त सैनिक स्वर्गीय जय नारायण सिंह की सुपुत्री नेहा कुमारी ने 396 रैंक लाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर चयनित हुई है। अत्यंत समान्य परिवार से आने वाली नेहा की पढ़ाई गांव के ही सरकारी मध्य विद्यालय औरा ही हुई थी। बताते चलें कि नेहा कुमारी के परिवार में पिछले 4 वर्षों में यह तीसरी चयनित प्रतिभागी है । पूर्व में इस के एक बड़े भाई प्रवीण कुमार जो अभी सीओ है। तथा छोटा भाई रोशन एलईओ है। तथा दो अन्य भाई संजय कुमार आर्मी में जेसीओ है, तथा रवि कुमार मेजर। इस बाबत इनके शिक्षक रहे सुरेश प्रसाद सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## कृषक विकास समिति मोतिहारी के तत्वधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। नाबार्ड प्रायोजित LEDP योजना के अन्तर्गत बनजरीया प्रखण्ड के बनकट गाँव में स्वंय सहायता समुह से जुड़े 150 महिलाओं को मसाला पैकेजिंग प्रशिक्षण दे कर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषक विकास समिति मोतिहारी के तत्वधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष उमा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई तथा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए –उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि जब तक गरीब महिलाएँ कृषि कार्य से अतिरिक्त घरेलू उधोग नहीं करेगी तब तक उनकी आय नहीं बढ़ेगी तथा उपस्थिति महिलाओं ने मशाला पैकेजिंग प्रशिक्षण हेतु तैयार हुई तथा कार्यक्रम में राजेश ओझा पुनम कुमारी रम्भा देवी संलाल कुमार गुप्ता च राम आशिश ओझा ईत्यादि ने अपना अपना विचार व्यक्त किया।

## महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार सहित जनविरोधी मुद्दों पर महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च निकाला गया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। महागठबंधन ने महंगाई, बेरोजगारी और कई खाद्य वस्तुओं को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर )के दायरे में लाए जाने के खिलाफ शिवहर शहर में प्रतिरोध मार्च निकाला है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद, राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हैदर अली रंगरेज, सहित महागठबंधन के घटक दल के प्रतिनिधियों ने पूरे शहर में प्रदर्शन करते हुए जमकर केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के विरोध में नारे लगाए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद ने बताया है कि अब महागठबंधन के सभी घटक दल के द्वारा केंद्र सरकार के विरुद्ध बिगुल फूंक दिया है। हम सब एक हैं। उन्होंने बताया है कि इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए महागठबंधन सड़क से लेकर संसद तक संग्राम कर रहा है।



जबकि राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद ने बताया है कि भारत के हालात से कमरतोड़ महंगाई और ऐतिहासिक बेरोजगारी से जो बर्बादी हुई है उसका श्रेय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को जाता है। रसोई गैस, पेट्रोल ,डीजल की महंगाई आसमान पर होने के कारण गरीब आम जनता का हाल बेहाल हो गया है। कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने बताया है कि पिछले 3 महीनों से जब से कांग्रेस अध्यक्ष ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की घोषणा की है, धमकी जीबी ने कांग्रेस पार्टी एवं हमारे नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध और डर की जहरीली राजनीति तेज कर दी है। इसलिए अब महागठबंधन चुप रहने को नहीं संघर्ष करने के लिए सड़क पर उतरी है। सरकार को सबक सिखाने का एकमात्र रास्ता आंदोलन करना हम लोग के लिए शेष रह गया है। प्रदर्शन में राजद नेता प्रेम शंकर पटेल, सतीश कुमार, मोहम्मद जमालुद्दीन, नगर अध्यक्ष अशरफ अली, कोषाध्यक्ष कांग्रेस सद्दाम हुसैन, विनोद कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद मधुकर , राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रमोद राय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हैदर अली रंगरेज, सहित सैकड़ों महागठबंधन के जिला नेता मौजूद थे।

## मधुबनी जिले के शिक्षा विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में दर्जनों शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्त

- बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निदेशक के आदेश का उल्लंघन
- विभिन्न न्यायालयों के आदेश के बावजूद दर्जनों शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति
- प्रतिनियुक्ति रद्द करने के लिए एक बुद्धिजीवी ने जिला पदाधिकारी मधुबनी को पत्र लिखा

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार) मधुबनी जिले में सैकड़ों शिक्षक जिला से लेकर प्रखंड तक प्रतिनियुक्त हैं जिला शिक्षा पदाधिकारी के मनमाना, लापरवाही, उदासीनता के कारण और कानून को हाथ में रखने के कारण इन शिक्षकों का प्रतिनियुक्ति रद्द नहीं किया गया है। मधुबनी जिले के नियोजित शिक्षक दरभंगा जिले में प्रतिनियुक्त है उनका वेतन भुगतान जिला शिक्षा पदाधिकारी के कलम से हो रहा है शिक्षा विभाग के निदेशक का आदेश और विभिन्न न्यायालयों के आदेश के बावजूद बिहार में शिक्षकों का गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्ति की जाती है।

सरकारी विद्यालय के प्रतिनियुक्त शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति रद्द करने के संबंध में शिक्षा विभाग निदेशक के7विविध35ध2015 अंश क 76 दिनांक 19ध01ध2021 विभागीय पत्रांक 780 दिनांक 7ध06ध2013 एवं 1068 दिनांक 22ध09ध2016 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि एवम् उल्लेख किया गया है। कि बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अप्रैल 2010 प्रभावी है। अधिनियम की धारा 27 के आलोक में निर्देशित किया गया है कोई भी शिक्षक 10 वर्षीय जनगणना ,आपदा तथा विधानमंडल संसद एवं स्थानीय निकाय के चुनाव को छोड़कर अन्य किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य के लिए प्रतिनियुक्त नहीं किए जाएंगे इस क्रम में भारत सरकार के द्वारा भी निर्देशित किया गया है कि चुनाव संबंधी कार्य में शिक्षकों का प्रतिनियुक्ति की जाए लेकिन मतदाता सूची के निर्माण, पुनरीक्षण का कार्य और गैर शैक्षणिक कार्य दिवसों, अवकाश एवं छुट्टियों के दिन में ही किया जाए अर्थात मतदाता सूची से संबंधित किसी भी कार्य का प्रभाव शिक्षक के शैक्षणिक गतिविधियों पर नहीं पड़े ।स्पष्ट निर्देश के बावजूद स्थानीय स्तर पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा अन्यत्र अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा शिक्षकों के प्रति नियुक्ति स्थानीय स्तर पर की जाती है। उपरोक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी के कार्यालय में और अन्य प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में कई दर्जन शिक्षक वर्षो से प्रतिनियुक्त हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे ।मधुबनी जिले के नियोजित शिक्षक दरभंगा जिले में भी प्रतिनियुक्त हैं जिला शिक्षा पदाधिकारी के मनमाना और कानून के हाथ में रखकर उसका वेतन भी भुगतान हो रहा है।

## राज्यव्यापी आह्वान पर महागठबंधन के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। केंद्र एवं राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत महागठबंधन के कार्यकर्ता मोतिहारी के सड़क पर उतर कर प्रतिरोध जाहिर किया महागठबंधन के सभी घटक दल जैसे राष्ट्रीय जनता दल भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा माले एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता शहर के मुफस्सिल थाना के नजदीक स्थित मंगल सेमिनरी छात्रावास के मैदान में हजारों की तादाद में एकजुट हुए जहां से राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव सीपी आईएम के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा सीपीआई के जिला मंत्री रामबचन तिवारी भाकपा माले के जिला मंत्री प्रभु देव यादव एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जुलूस के शक्ल में सरकार के विभिन्न जनविरोधी कानूनों जैसे अग्नि पथ कानून वापस लेने,महंगाई पर रोक लगाने,बेरोजगारी का निदान करने,अपराध पर रोक लगाने,खाद के कालाबाजारी पर रोक लगाने ,आवास्यक खाद्य पदार्थों पर से जीएसटी वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र एवम राज्य सरकार के विरुद्ध नारा लगाते हुए नगर थाना होते हुए मीना बाजार गांधी चौक, मधुबन छावनी चौक, आर्य समाज चौक होते हुए छतौनी चौक पर पहुंची जहां प्रतिरोध कर कार्यक्रम समाप्त हुआ।





कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल के सुरेश प्रसाद यादव ,संतोष कुशवाहा ,पूर्व विधायक डाक्टर राजेश कुशवाहा, विधायक मनोज यादव मक्का के सत्येंद्र कुमार मिश्रा, ध्रुव त्रिवेदी, अशोक पाठक, मुकेश यादव,प्रमोद कुमार ददन, मोहम्मद एजाजुल ,शमशुल हक अंसारी, अनिल प्रसाद,अजय यादव, जमालुद्दीन राकेश कुमार झा, उगम राम ,रामाश्रय पासवान ,युवा नेता संतोष कुमार शाह, छात्र नेता मुन्ना कुमार यादव ,उदय कुशवाहा, धर्मनाथ यादव, सुरेश सिंह सीपीआई के रामबचन तिवारी, विजय शंकर सिंह ,डॉक्टर शंभू शरण सिंह, रामायण सिंह,कन्हैया प्रसाद, भरत राय भाकपा माले के प्रभु देव यादव ,भैरव दयाल सिंह ,विष्णु देव यादव,रूपलाल शर्मा, शंभू लाल यादव, दिनेश प्रसाद कुशवाहा, भाग्य नारायण चौधरी कांग्रेस के शैलेंद्र शुक्ला ,सुमित्रा यादव,पवन कुमार सिंह, अरुण प्रकाश पांडे ने नेतृत्वकारी भूमिका निभाई।

## निलबिंत प्रधानाध्यापक पर एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा



- बिना अनुपस्थित विवरणी प्राप्त किये शिक्षिका का हो रहा वेतन भुगतान
- डीपीओ एवं जिला समन्वयक द्वारा परिहार प्रखंड के कई विद्यालय का किया गया निरीक्षण

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। प्रभारी प्रखंड साधनसेवी मध्यान्ह भोजन योजना परिहार से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला समन्वयक पंकज कुमार एवं डीपीओ मध्यान्ह भोजन संजय कुमार देव कन्हैया द्वारा मध्य विद्यालय नंरगा में जांच की गई। मध्य विद्यालय नंरगा दो स्थानों पर संचालित हो रहा है। प्राथमिक खंड बाजार में तथा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अलग खंड में संचालित है। दोनों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था नही है। सरकार के 28 फरवरी के आदेश से मध्यान्ह भोजन योजना बंद है, जिसे अब तक संचालित नहीं किया गया है। विद्यालय में 180 बोरा चावल भंडारित है, जो खराब हो रहा है। पूर्व में बच्चों के अभिभावक को देने के लिए उपलब्ध कराया गया था, जिसका वितरण नहीं किया गया। जिला पदाधिकारी के निरीक्षण में अनियमितता उजागर होने पर मध्य विद्यालय, मुजौलिया के प्रधानाध्यापक मो हैदर अली निलंबित हैं। मालूम हो कि प्रधानाध्यापक हैदर अली ही मध्य विद्यालय, नंरगा के वित्तीय प्रभार में थे, जहां अनियमितता पाई गई थी। डीपीओ कन्हैया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2015 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी की अनुशंसा डीईओ से की जा रही है। वहीं 180 बोरा चावल का मुख्य दोषी अली को माना गया है। अली से 180 बोरा चावल की राशि वसूल की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक विद्यालय में शिक्षा समिति का गठन नही हुआ है और नही मध्यान्ह भोजन योजना का खाता खुला है। बताया गया कि भगवान प्रसाद को प्रधानाध्यापक के दायित्व से मुक्त किया गया। जितेंद्र पासवान को शैक्षणिक प्रभार तो दिया गया परंतु वित्तीय प्रभार नही दिये जाने से मध्यान्ह भोजन संचालित नही हो सका।

विद्यालय की शिक्षिका सुमन भारती का प्रति नियोजन परिहार बीईओ ने अपने पत्रांक 445 से 6 अगस्त को ही रद्द कर दिया था, परंतु अब तक मूल विद्यालय में नही लौटी हैं। बताया गया कि इस विद्यालय से अनुपस्थिति विवरणी प्राप्त किये बगैर ही वेतन भुगतान भी हो रहा है। वहीं शिक्षक राम दिनेश राय 3 अगस्त से बिना सूचना अनुपस्थित है। वहीं जिला समन्वयक एवं डीपीओ द्वारा संयुक्त रूप से परिहार प्रखंड के कई विद्यालयों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

## अग्नि वीरों के बहाली को लेकर सेना द्वारा जारी नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ें नोटिफिकेशन में सभी बातें स्पष्ट कर दी गई है किसी भी तरह की अफवाह से बचें

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया है कि अग्निवीर योजना के तहत सेना भर्ती (पुरुषों के लिए) दिनांक 05 अगस्त से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। जिसमे सेना भर्ती कार्यालय, मुजफ्फरपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी 08 जिलो के अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते है।

केंद्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त एडुकेशन बोर्ड से शिक्षा प्राप्त स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं। नोटिफिकेशन में इसकी पूरी जानकारी दी गई है। किसी ऐसे खबर या अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। किसी भी तरह के संशय होने पर सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा बताया कि सभी अभ्यथियो www-joinindianarmy-nic-in ko dhyansepadhey रजिस्टेशन कराएं।

ऑनलाइन पंजीकरण 05 अगस्त 2022 से 03 सितंबर 2022 तक खुला रहेगा।

अग्निवीर (महिला) भर्ती प्रक्रिया दानापुर में आयोजीत किया जा रहा है उसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण 05 अगस्त 2022 से 03 सितंबर 2022 तक खुला रहेगा।

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन पंजीकरण ध्यान से भरें और भर्ती प्रक्रिया एक निशुल्क सेवा है किसी भी दलाल से सावधान रहे।

## जिलाधिकारी वैशाली श्री यशपाल मीणा के द्वारा बीमार व्यक्तियों के त्वरित इलाज कराने एवं इस प्रकार की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए व्यापक स्तर पर छापेमारी का निर्देश दिया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। महुआ राजा पाकर जंदाहा प्रखंड में संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु और कुछ लोगों के बीमार होने की सूचना पर जिलाधिकारी वैशाली श्री यशपाल मीणा के द्वारा बीमार व्यक्तियों के त्वरित इलाज कराने एवं इस प्रकार की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए व्यापक स्तर पर छापेमारी का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी स्वयं भी महुआ अनुमंडल गए । प्रभावित क्षेत्रों सहित जिला के सभी 16 प्रखंडों में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, आबकारी के पदाधिकारी के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाई गई। इस दौरान जन जागरूकता को लेकर भी प्रचार–प्रसार कराया गया और माईकिंग कराई गई। जिला के 300 महादलित टोला में मेडिकल टीम के द्वारा घर–घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई ।विकास आयुक्त के कार्यालय से जिला के सभी 278 पंचायतों के मुखिया से फोन पर संपर्क स्थापित किया गया और उनके पंचायत की स्थिति की जानकारी एवं अन्य फीडबैक प्राप्त किया गया। कल 6 अगस्त से अभी तक कुल 428 स्थानों पर छापेमारी की गई है जिसमें कुल 89 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान कुल 35 प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इन 2 दिनों में 759. 5 लीटर देसी तथा 953.60 लीटर विदेशी शराब एवं 30 ाह गांजा जब्त किया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जागरूकता अभियान के साथ साथ सघन छापेमारी एवं अन्य कार्रवाई लिए अगले 1 सप्ताह तक लगातार अभियान चलाई जाए। इस तरह के मामलों को रोकने तथा इस पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। भविष्य में यह घटना न हो इसके लिए सभी जरूरी कार्रवाई की जा रही है एवं सूचना तंत्र खुफिया तंत्र को भी लगा दिया गया है तथा निर्देश दिया गया है कि शराब के कारोबारियों की गिरफ्तारी हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी के द्वारा अपील की गई है कि लोग अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और शराब का सेवन करने से बचें तथा इसके कारोबारियों के विरुद्ध खुलकर प्रशासन का सहयोग करें ताकि इन पर नकेल कसा जा सके।



## महंगाई के खिलाफ महागठबंधन के प्रतिरोध मार्च में कांग्रेस की रही मजबूत भागीदारी

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। कमरतोड़ महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, अग्निपथ योजना, रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर जीएसटी के खिलाफ महागठबंधन द्वारा राज्य व्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत सीतामढ़ी जिला में आयोजित प्रतिरोध मार्च में कांग्रेस की मजबूत भागीदारी रही। विरोध प्रदर्शन में सीताराम झा, रकटू प्रसाद, रितेश रमण सिंह, डॉ. राजीव कुमार काजू, प्रमोद नील, अफाक खान, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज, अर्जुन खिरहर, अधिवक्ता संजय बिररख, विजय सिंह राठौर, अंजारुल हक, एसएम मोख्तार आलम, भगवान यादव, वीरेंद्र कुशवाहा, कमलेश सिंह, कमालुद्दीन रजा, आलोक कुमार, चुन्नू सिंह, तनवीर खान, अख्तर रजा खान, सुंदरम पाठक, राजीव कुशवाहा, भिखारी साह मुखिया, जय प्रकाश राय, मणि भूषण सिंह, मुश्ताक सरवर, रंधीर कुमार यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।




# संक्षिप्त समाचार

## एजेंसी के माध्यम से एंबुलेंस चालक व ईमटी का करें स्थानांतरण : डीडीसी

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। एंबुलेंस चालक व ईएमटी के मनमानी के विरोध में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र, बोखड़ा के प्रभारी डा संतोष कुमार रंजन ने



जिला समीक्षा बैठक में शिकायत की थी। ने कहा था कि एंबुलेंस चालक एवं ईएमटी के लोकल क्षेत्र के होने के कारण बहुत सारे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ ही अन्य चिकित्सा पदाधिकारी ने भी एंबुलेंस चालक एवं ईएमटी के मनमाने ढंग से कार्य करने की बात कही थी ।शिकायत पर उप विकास आयुक्त द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि वह अपने स्तर से एजेंसी के माध्यम से एंबुलेंस चालक व ईएमटी का स्थानांतरण करें। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार रंजन ने बताया कि रोगी के द्वारा इनकी शिकायत मिलती थी। जिला में शिकायत के उपरांत वरीय अधिकारी द्वारा ऐक्शन लिया गया है।

## दो बच्चों के झगड़े में एक की मौत

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) जदिया। जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत परसागढ़ी उत्तर पंचायत के वार्ड नंबर 6 में पड़ोसी बच्चों के बीच हुई , विवाद में एक किशोर की मौत उपचार के क्रम में हुई । घटना के संबंध में मृतक की मां अपराजिता देवी ने बताया कि बुधवार को पड़ोस की चांदनी देवी की पुत्री व मेरे पुत्र 15 वर्षीय सनी कुमार के बीच ट्यूशन पढ़कर आने के क्रम में खेलकूद में झगड़ा हो गया था । घर आने के बाद चांदनी देवी की पुत्री ने अपनी मां को सनी कुमार के बारे में बताया कि मेरे साथ स्कूल में ही खेलकूद करने के समय मारपीट किया है। इसके बाद चांदनी देवी अपने भाई विपिन कुमार मिस्र के साथ मेरे घर पहुंच कर मेरे साथ मारपीट करने लगा । इसी क्रम में मेरा पुत्र भी वहां आ गया तो चांदनी देवी के भाई विपिन कुमार ने लोहे के रड से मेरे पुत्र सनी कुमार के सिर पर प्रहार कर दिया । जिससे जख्मी होकर सनी तड़प कर जमीन पर गिर गया । जिसे जख्मी हालत में जिला मुख्यालय स्थित निजी अस्पताल में उपचार के लिए लाया । जहां उपचार के दौरान शुक्रवार देर शाम मौत हो गई । जिसकी सूचना जदिया थाना पुलिस को दी। सके बाद बाद जदिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया । मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां का रो रोकर बुरा हाल है । इसको लेकर जदिया थाना अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि मृतक की मां के आवेदन पर विपिन कुमार मिश्रा व चांदनी देवी के विरोध मामला दर्ज किया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बेटे को जन्म नहीं देने से पीड़िता को ससुराल पक्ष से होना पड़ रहा है प्रताड़ित


(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल । बेटे को जन्म नहीं देने पर पति सहित ससुराल पक्ष के सभी सदस्यों के द्वारा विवाहिता को जमकर मारपीट की गई । इस दौरान वह बुरी तरह घायल हो गई। सदर अस्पताल इलाज कराने पहुंची महिला की पहचान सुपौल के जोलहनिया निवासी जनार्दन शाह की पत्नी श्यामा कुमारी के रूप में हुई है। पीड़िता महिला ने बताया कि वह एक 5 वर्ष लड़की की मां है । उसके बाद उन्हें बच्चा नहीं हो रहा है। उनके साथ ससुर को पोता की जिद्द है , बेटा नहीं होने के कारण सास–ससुर एवं पति आए दिन मारपीट एवं दूसरी शादी करने की धमकी देते रहते हैं। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके ससुर देवनारायण साह ने बड़े बेटे विद्यानंद साह को सहरसा में जमीन खरीद कर दिया है। इस पर जब मैंने कहा कि जब उसे जमीन खरीद दिए है तो मुझे भी खरीद दीजिए , इसी बात पर ससुर ने कहा तुम्हारे संपत्ति को भोगने वाला कोई नहीं है तो तुम क्या करोगी जमीन का। जिस पर मैंने कहा मेरी बेटी के लिए कौन सोचेगा। इसी बात पर पति जनार्दन साह, उसका बड़ा भाई विद्यानंद साह,सास छेदनी देवी एवं ससुर देवनारायण साह ने मारपीट कर बेटी के साथ घर से निकाल दिया।

## यूरिया खाद ना मिलने से किसान परेशान

प्रिंस कुमार पाठक दैनीक अयोध्या टाइम्स कल्याणपुर पूर्वी चंपारण। यूरिया ना मिलने से किसान परेसान है किसानों ने बताया कि यूरिया मिल रहा है लेकिन जिसके पास ज्यादा पैसा है उसको कम पैसा बाले को नही मिल रहा हैं किसानों का कहना है कि दुकानदार यूरिया खाद को ज्यादा पैसा कमाने के लालच में ब्लैक में बेच रहा है मगर कोई भी अधिकारी एंव जन प्रतिनिधि का इसपर कोई बिचार नही है इस यूरिया के किल्लत ने किसानों को काफी सताया जा रहा है इसको लेकर किसान काफी परेसान हैं। उपस्थित किसान जितेंद्र पाठक अरुण पाठक मुखलाल पडित राजदेव पड़ित सुरेश मुखिया सुखदेव साह।

## कांग्रेस आईटी सेल के तुफैल अहमद जिला अध्यक्ष एवं सुंदरम पाठक लोकसभा अध्यक्ष बनाए गए

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी ।बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सिन्हा द्वारा आईटी सेल टीम का विस्तार किया गया। जिसमे अधिवक्ता



अफरोज आलम को प्रदेश महासचिव सह सीतामढ़ी–शिवहर जिला प्रभारी, मेहसौल चौक निवासी तुफैल अहमद को सीतामढ़ी जिला अध्यक्ष, सुंदरता पाठक को सीतामढ़ी लोकसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मनोनय पर अफरोज आलम एवं तुफैल अहमद ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा, प्रदेश अध्यक्ष (आईटी सेल) श्री सौरभ सिंहा, कांग्रेस नेत्री सरवत जहां फातमा, प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष (आईटी सेल) श्री पुष्कर सिंह को धन्यवाद दिया। मनोनय पर सीतामढ़ी समन्वय समिति के सदस्य श्री कमलेश सिंह, अंजारूल हक तौहीद, विपिन झा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीताराम झा, मणिभूषण कुमार, नसीम खान, अरसद रजा, मोबीन अशरफ, आदि ने नियुक्त पदाधिकारीयों को बधाई दिया।

## बिजली की चपेट में आने से महिला की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

श्याम बहादुर यादव ब्यूरो चीफ अ० टा0 अमेठी/गौरीगंज

आशुतोष पाण्डेय पीड़ित परिजनों के घर पहुंचकर उन्हें ढाढस बंधाते हुए



बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना पाते ही तहसील प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गौरतलब हो कि कोतवाली गौरीगंज के नरौली वासी रामेश्वर की पत्नी रामपति शनिवार देर शाम लगभग 8 बजे घर से सटे खम्भे में बंधी अर्गन से कपड़ा उतार रही थी। जिसमें पहले से ही करंट प्रभावित हो रहा था। जिस पर हाथ लगाते ही वह बिजली की चपेट में आकर जमीन पर गिर गई। ग्रामीण और परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाते ही उपजिलाधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार हर तरह से प्रशासनिक मदद दिए जाने का आश्वासन दिया। मृतका के तीन पुत्र और तीन पुत्रियां है। घटित घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं। बिजली विभाग के कर्मियों न पहुंचने से ग्रामीणों में बहुत ही रोष व्याप्त है।

## मुफ्त प्रिकॉशन डोज अभियान का लगा कैम्प

अयोध्या टाईम्स रिपोर्ट मो०सद्दामअमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज में रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कोविड19 वैक्सीन ष्मुफ्त प्रिकाशन डोज विशेष अभियानष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता भवानी दत्त दीक्षित ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





देश को आरोग्यता प्रदान करने की दिशा में अधिक से अधिक प्रिकाशन डोज लगाए जाने हेतु नर्स/आशा बहुओंध्आदि को प्रवृत्त करते हुए माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का देश की आरोग्यता में विशेष बल देने हेतु हार्दिक आभार जताया।वही सी एच सी अधीक्षक डा एच पी यादव ने बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे बहादुरपुर ब्लाक में 2240 लोगो को मुफ्त प्रिकाशन का डोज लगाया गया। इस मौके पर बीसीपीएम श्रीमती अम्बे साधना, बीपीएम श्री मनीष श्रीवत्सव, एसएमओ. एसपी त्रिपाठी नर्स ममता,शबाना, कल्पना एवं समस्त आशा बहुओं तथा संगिनी मौजूद रहीं।



सिंह फार्मा डिजिटल स्वास्थ्य केंद्र 1 साल पूर्ण होने पर सिंह फार्मा के संरक्षक श्री राजेंद्र सिंह द्वारा पौधारोपण करके अच्छी स्वास्थ्य सेवा देने का वादा किया इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह रामेंद्र सिंह सोमेंद्र सिंह आकृति सिंह लक्ष्मी सचान आदि लोग उपस्थित रहे

## भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी मोतिहारी के प्रांगण में निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा 7 अगस्त रविवार को सीनियर सिटीजन मेडिकल जाँच एवं मुफ्त दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 53 वर्षों से जिले में मानवता की सेवा करती रही है । जिसका लाभ लाखों बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं को मिलता रहा है ।इस नई रोटरी वर्ष में सीनियर सिटीजन का का आयोजन दिनांक 7 अगस्त रविवार 2022 को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी मोतिहारी के प्रांगण में एक वरिष्ठ नागरिकों का निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा किया गया। इस शिविर के चेयरमैन रोटेरियन डॉ अमित कुमार ने कहा कि सीनियर सिटीजन मेडीकल शिविर एवं दवा वितरण रोटरी क्लब मोतिहारी के मुख्य कार्यो में से एक है ।इस शिविर में आये हुए मरीजो का परिचय पत्र बनाया गया ।जिससे उनका रेगुलर इलाज होता रहे।इस शिविर में सभी तरह के बीमारियों का इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के द्वारा की जाती है।इस शिविर के को चेयरमैन रोटेरियन राहुल गुप्ता ने कहा कि इस शिविर में ब्लड प्रेशर और मधुमेह का जांच फ्री में किया जाएगा। इस शिविर में शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं महिला चिकित्सको रोटेरियन डॉ ओमप्रकाश ,रोटेरियन डॉ सुबोध कुमार सिंह, रोटेरियन डॉ अमित कुमार,,डॉ रंभा पांडेय के द्वारा लोगों का मुफ्त में इलाज किया गया तथा उनकी जांच कर उन्हें दवा दी गयी। शिविर में आये हए मरीजो,डॉक्टर, रोटेरियन, रोट्रेक्ट, पत्रकारो,तथा अन्य को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

शिविर का आयोजन प्रातः 11रू00 बजे से दिन के 2रू00 बजे तक किया गया । शिविर में रोटरी क्लब मोतिहारी के रोटेरियन महेश प्रसाद सिन्हा, रोटेरियन राहुल कुमार गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष और रोटेरियन बिभूति नारायण सिंह, रोट्रेक्ट क्लब बापूधाम के पूर्व अध्यक्ष विवेक गुप्ता,अध्यक्ष विकाश कुमार, रोट्रेक्ट क्लब ईस्ट चम्पारण के रितेश कुमार,अवधेश कुमार तथा रेड क्रॉस के अरुण जी , और स्टाफ अन्य उपस्थित थे।




## सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह मनाए कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है:पूर्व मंत्री मनोज पाण्डेय

• समाजवादी पार्टी में समीक्षा बैठक के साथ चला सदस्यता अभियान

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी

जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा महा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला संगठन से लेकर, विधानसभा व बूथ स्तर तक समीक्षा की गई। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला प्रभारी का जिले में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन वृंदावन होटल अमेठी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वतमान जिलाध्यक्ष राम उदित यादव और संचालन जिला महासचिव अरशद अहमद ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विधायक मनोज पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की शुरुवात किए। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ता भोला और मन का साफ होता है। कार्यकर्ता अपनी पार्टी की बुराई कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता। कार्यकर्ता ही बूथ जिताता है। जिसके लिए सभी जातियों को साथ लेकर चलने की जरूरत हैं। अब राजनीति का तरीका बदल चुका हैं। हमारी लड़ाई छोटे लोगो से नहीं है। जो हर तरह के हथकंडे अपनाकर सत्ता हासिल करने में माहिर हैं। जिसके लिए एकजुट होना होगा। और बड़े स्तर पर पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य करना होगा। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को व्यापक पैमाने पर चलाने की सख्त जरूरत हैं। और सभी कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है। सबको आपसी मनमुटाव को छोड़ पार्टी हित में कार्य करना होगा। जिससे पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जोड़ने की जरूरत बताई, इस दौरान उन्होंने जिला से लेकर तहसील, ब्लाक व बूथ स्तर तक की पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन के बारे में समीक्षा की, उन्होंने अमेठी व गौरीगंज विधानसभा सीट पर मिली जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दिया और कहा कि अमेठी जिले में पार्टी की जीत बड़ी मायने रखती हैं, लड़ाई एक तरफ कांग्रेस का गढ़, दूसरी ओर भाजपा सरकार से लड़ाई थी। इस सरकार को हटाने के लिए हम सबको मिल जुलकर लड़ना होगा। पार्टी के लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने की प्राथमिकता रहे। जिसका लक्ष्य हम सबको मिलकर हासिल करना होगा।





सदस्यता अभियान में अमेठी जिला रायबरेली से ज्यादा रहे, इसका संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रताप यादव बी आर सी रहे।

कार्यक्रम विधायक महराजी देवी, विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधानसभा प्रत्याशी विमलेश सरोज, विस प्रत्याशी मोहमद नईम, चंद्रशेखर यादव, राजा सिंह, प्रियंक हरि विजय तिवारी, राकेश कौहार, राम केवल यादव, अवधेश मिश्रा बघौरा, वेद ओझा, कुलदीप शुक्ला, मनी राम वर्मा, छेदी लाल साथी, गिरीश यादव, राम हेत, राम सुन्दर यादव, महेन्द्र शुक्ला बब्लू, लालजी यादव, राम फेर यादव, धर्मराज पाल, महावीर कश्यप, साधना सिंह, प्रतिभा यादव, रेखा यादव, निर्मला सरोज, रेखा पाल, गीता देवी, सीता देवी, पुष्पा देवी, गुड्डा, गीता जायसवाल, प्रेमा देवी आदि सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फोटो जीवन के अनमोल क्षणों को संजो कर रखने का एक माध्यम-प्रबंधक राज कुमार यादव

श्याम बहादुर यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी,जगदीशपुर में फोटो ग्राफर एशोशिएन ने भी मेधावियों को किया सम्मानित, फोटोग्राफी कार्यशाला में सीखे तकनीकी ट्रिप्स,

अमेठी फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश अमेठी इकाई द्वारा फोटोग्राफी कार्यशाला एवम मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह के दौरान जगदीशपुर ब्लाक के अंर्न्तगत् स्थिति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगौती प्रसाद यादव स्मारक महाविद्यालय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान गोपाल नगर वारिसगंज टॉण्डा जगदीशपुर अमेठी दिनाँक 07, 08, 2022 दिन रविवार फोटों ग्राफर एशोशिएसन उ०प्र० की तरफ से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार यादव, कार्यक्रम कीअध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में आये सेवानिवृत्त रक्षा विशेषज्ञ आत्मा राम यादव रिटायर्ड आर्मी पूर्व रक्षा विशेषज्ञ,प्रदेश प्रवक्ता दीपक कपूर ,शिव लाल यादव एवम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने संयुक्त रूप से विद्या की माँ सरस्वती जीं के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर आगे का कार्य क्रम की शुरुआत की गई। तदुपरांत विद्यालय प्रबंधक राजकुमार यादव ,जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा,प्रदेश प्रवक्ता दीपक कपूर,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवलाल यादव एवम फोटोग्राफर एसोसिएशन अमेठी इकाई के सदस्यों द्वारा विद्यालय की 20 मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित गया। फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में लखनऊ से आये फोटोग्राफी विशेषज्ञ विकास बाबू ने कैमरे की बेसिक जानकारी के साथ ही वेडिंग फोटोग्राफी, कैंडिड,सिनेमेटोग्राफी की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन को संबोधित करते हुए फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नही होती ।हम आजीवन कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। हमे कोई भी चीज सीखने में शर्म नहीं महसूस करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी उपस्थिति सदस्यों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष फोटोग्राफर एसोसिएशन लखनऊ अमर सिंह, महामंत्री समेत तमाम लोगों ने संबोधित किया।






इस अवसर पर शिव लाल यादव, राजेन्द्र वर्मा, रिंकू ओझा , तुलसी राम वर्मा,गुंजन,शिवांश,अमित, कृष्ण कुमार , सचिन यादव, राजेश यादव, अनुज शर्मा, अनिल यादव, ओम प्रकाश , दिनेश कश्यप, बलकरन चौरसिया, सौरभ यादव, आलोक मिश्रा,अनिल निरंकारी, दारा यादव ,गोलू यादव ,सादाब खान,सुरेंद्र कुमार, उपस्थित रहे एव आयोजित वर्कशॉप को सफल बनाने का स्वंकल्प लिया।

आयोजक फोटोग्राफर एसोसिएशन अमेठी की तरफ से जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया है।

कार्यक्रम के दौरान काफी दूर दराज से आये।

कई कम्पनियों ने लगाए अपने स्टाल।फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आयोजित फोटोग्राफी कार्यशाला में कई कंपनियों ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों के बारे में उपास्थित लोगों को फोटो ग्राफरों ने विशेषताओं से अवगत् कराया। आयोजित कार्यशाला में कम्प्यूटर सर्विस सेंटर जगदीशपुर, जे क्लास फोटोबुक,अन्नू फिल्म्स,डी जी फ्लिक,कैमरा केयर, फ्यूजी फिल्म,सन सिस्टम, जी 7 ने अपने स्टाल लगाकर उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में बताया।

मॉडल की फोटो खींचने के लिए मची रही होड़।

आयोजित फोटोग्राफी कार्यशाला में अमेठी से आई मॉडल की फोटो खींचने के लिए होड़ मची रही। अमेठी से मॉडल पूजा कृष्णन यादव ने अपनी शौक अदाओं से लोगों का मन मोह लिया। उक्त मौके पर हजारों की संख्या में भीड़ उपास्थित रही।

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे मुस्कराहट

ब्यूरो अयोध्या टाईम्स फुरसतगंज/अमेठी। कई दिनों से बारिश की आह जोह रहे किसानों को उस समय खुशी हुई जब रविवार को दोपहर बाद कई घंटे लगातार झमाझम बारिश हुई। किसानों के मुरझाए चेहरे खिल उठे।

रविवार को फुरसतगंज क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे वहीं सूख रही धान की फसल में रौनक लौट आई।

छेत्र के कोटवार मऊ,सैम्बसी, खालिस पुर, किशुनपुर केवई,तरौना ,मोहय्या केशरिया , पीढ़ी भदैया निगोहां, जमालपुर रामपुर आदि जगहों में हुई तेज बारिश से किसानों में खुशी की लहर दिखी। वहीं क्षेत्र के प्रगतिशील किसान शिवमूर्ति सिंह ने बताया कि इस तरह की बारिश सीजन में पहली बार हुई है ।और इस तरह की बारिश की जरूरत



भी है नहीं धान की फसल तैयार करने में बहुत लागत आएगी। वहां उन्नति शील किसान तथा वर्तमान प्रधान रामविशुन ने बताया कि जैसे तैसे करके संसाधनों के माध्यम से धान की रोपाई तो गई थी लेकिन कई दिनों से धान की फसल सूख रही थी यह बारिश धान की फसल के लिए अमृत के समान है जहां एक ओर इस बारिश से किसानों को सिंचाई में खर्च होने वाले संसाधनों पर



हजारों रुपए की भी बचत हुई ।इस बारिश ने क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर ला दी । वहीं पूरे भावा निवासी राम मनोहर मिस्त्री ने बताया कि बारिश न होने से वाटर लेवल काफी नीचे चला गया था जिससे इंजन बोरिंग से पानी




निकालने में बहुत दिक्कत होती थी और कुछ देर चलने के बाद ट्यूबवेल पानी छोड़ देते थे । जिससे अभी भी काफी पैमाने पर धान की रोपाई नहीं हो पाई है । अगर इसी तरह बारिश होती रहे तो वाटर लेवल सामान्य स्थिति में आ जाए। क्षेत्र में झमाझम बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली।

## कवि डा.कमलेश द्विवेदी की स्मृति में काव्य पुस्तक का हुआ विमोचन

• स्मृति समारोह एवं उनकी काव्य कृति मायने रखता है हिंदी गजल संग्रह पुस्तक विमोचन पर कानपुर के प्रसिद्ध कवियों ने डॉ कमलेश द्विवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया उन्हें नमन।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी।

कानपुर रविवार 7 अगस्त को मानव सेवा संस्थान काकादेव में सुविख्यात कवि डॉ कमलेश द्विवेदी जी की स्मृति समारोह एवं उनकी काव्य कृति मायने रखता है हिंदी गजल संग्रह पुस्तक का विमोचन विकास संस्था द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें उनकी काव्य प्रति माने रखता है जो कि एक गजल संग्रह है उसका विमोचन प्रख्यात कवि रचनाकार शिव ओम अंबर तथा अन्य साहित्यकारों के कर कमलों से संपन्न हुआ इस अवसर पर एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से डॉ राकेश शुक्ल हेमंत पांडे तथा अन्य कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर कमलेश जी को याद किया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री के के अवस्थी ने की तथा संचालन श्री शुक्ला ने किया कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉक्टर जहान सिंह विजय नारायण शुक्ला दांडी स्वामी रामानंद आश्रम संजय कानपुरी प्रेम स्वरूप त्रिपाठी शुक्ला राजकुमार सचान पूर्णिमा त्रिपाठी मोटर आधा शाक्य नीरज श्रीवास्तव सुधांशु त्रिपाठी प्रभा त्रिपाठी तथा अरूण तिवारी राघवेंद्र मोहन तिवारी उपस्थित रहे अंत में आभार संस्था के संयोजक डॉ विनोद त्रिपाठी और दुर्गा बाजपेई ने व्यक्त किया। वही कवि डॉ कमलेश द्विवेदी जी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी द्विवेदी एवं पुत्र दिव्यांश द्विवेदी एवं सुपुत्री अनामिका मिश्रा– पति देवेंद्र मिश्रा– (नाती) नैतिक मिश्रा– (नातिन)अनिका मिश्रा प्रज्ञा मिश्रा – पति लोकेश मिश्रा प्रज्ञांश मिश्रा एवं समस्त परिवार मौजूद रहा।




## संक्षिप्त समाचार

### लगातार छापेमारी और नित्य नये गुलाबी नोटों (जो आम के पहुँच से लगभग गायब ही हो गए थे) के हो रहे दर्शन पर प्रस्तुत है मेरी चार लाइना

(अनुरोध है कि राजनैतिक चश्मे से इसे ना देखें और मजे लें)

पिंजरे मे बंद तोता कभी
सीबीआई जो कहलाता था।
भ्रष्टाचार का खान खोदते,
निस दिन अब दिख जाता है।

ईडी को इडियट कह,
गाल बजाने वालों देखो,
गायब गुलाबी नोटों का कैसे,
दर्शन खूब कराता है।

रफ्तार यही गर रहा ए यारों,
पन्द्रह लाख आ जायेंगे।
खाते में गर ना मिले हमें
तो,काम देश के आएंगे।

अब अत्याचारी, ऐसी सत्ता पर,
विपक्ष ऐसा ही अत्याचार करे।
उनकी गलियों में ढूंढ ढूंढ कर,
भ्रष्टों पर प्रबल प्रहार करे।

अमरेश कुमार

### 'ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह के अथक प्रयास से प्राथमिक विद्यालय की बदली सूरत'

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

महराजगंज रायबरेली अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा बना दुसौती प्राथमिक विद्यालय ग्राम प्रधान के अथक प्रयासों से आज प्राथमिक विद्यालय दूसौती की तस्वीर बदली हुई नजर आ रही है ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने प्राथमिक विद्यालय की सूरत और सीरत बदल कर रख दी है आज प्राथमिक विद्यालय किसी मॉडल स्कूल से कम नजर नहीं आ रहा है जिस तरह ग्राम प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प किया है व वाकई मे काबिले तारीफ जिस विद्यालय मे बच्चे कभी आने से कतराते थे आज वही विद्यालय बच्चो की प्रथम पसंद बना हुआ है एव अन्य विद्यालयों के लिए एक उदाहरण बना हुआ है विद्यालय के कमरों और बिल्डिंग से लगता है कि यह कोई मॉडल स्कूल है लेकिन यह उत्तर प्रदेश सरकार का प्राथमिक विद्यालय है चारों तरफ की गई पेंटिंग और विद्यालय कुछ इस तरह सजाया और संवारा गया है क्षेत्र की जनता आज इसकी प्रशंसा कर रही है राष्ट्रगान सहित अन्य कई बातें लिखी हुई है जो बच्चों में राष्ट्रप्रेम जगा रही हैं अमावा ब्लाक का यह विद्यालय आज किसी मॉडल स्कूल से कम नहीं दिखाई पड़ रहा बाकी काम प्रगति पर चल रहा है विद्यालय को और अधिक सजाया और संवारा जा रहा है




### अयोध्या में जमीन पर अवैध कब्जा, लिस्ट में बीजेपी विधायक और मेयर के नाम शामिल

अयोध्या।अयोध्या में सरयू के करीब वाले क्षेत्रो मांझा जमथरा से लेकर गोलाघाट तक जिन लोगों ने डूब क्षेत्र में निर्माण किए हैं, विकास प्राधिकरण उन सभी को ध्वस्त कर रहा है. यही नहीं जमीन का अवैध कारोबार करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों को भी चिंहित कर लिया गया है. अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इस क्षेत्र की 40 कॉलोनियों को अवैध घोषित करते हुए ना सिर्फ ध्वस्त करने की बात कह दी, बल्कि 40 ऐसे लोगों के नाम जारी कर दिए जो जमीन की खरीद बिक्री के अवैध कारोबार में लिप्त हैं. सूत्रों की माने तो माझा जमथरा से गोलाघाट अयोध्या तक के क्षेत्र में कई बड़े नेताओं और अफसरों से लेकर सफेदपोशों तक ने बड़ी–बड़ी जमीनें खरीद रखी है. अब ऐसे में अयोध्या विकास प्राधिकरण का यह पत्र किसी भूचाल से कम नहीं है.

**बीजेपी विधायक का नाम**

इस लिस्ट में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लाखों की जमीन करोड़ों में बेचने के मामले में चर्चित हुए सुल्तान अंसारी और उनके पिता नन्हे मियां के साथ कई बड़े नाम शामिल हैं. इसमें अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, अयोध्या के बीजेपी विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और मिल्कीपुर विधानसभा के पूर्व बीजेपी विधायक गोरखनाथ बाबा के नाम भी शामिल हैं. शनिवार की देर शाम अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जारी की गई. इस लिस्ट से हड़कंप मचना तय है।

**बीजेपी सांसद की मांग**

इसको लेकर विपक्षी पार्टियां बीजेपी को जरूर कटघरे में खड़ा करेंगे. इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अपने पहले और दूसरे दोनों कार्य कालों में सबसे अधिक बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या आए हैं. उनके साथ घूमने वाले बीजेपी के बड़े चेहरे कटघरे में हैं. इसके पहले अयोध्या के बीजेपी सांसद लल्लू सिंह ने भी मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर अधिकारियों और भू–माफियाओं के बीच बड़े गठजोड़ की बात कही थी. इसके लिए एसआईटी बनाकर जांच करने की मांग की थी. वहीं समाजवादी पार्टी भी अयोध्या में लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाती रही है. ऐसे में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जारी हुआ पत्र विपक्ष के हाथ में किसी हथियार से कम नहीं होगा।

### श्रीमाली महासभा उत्तर प्रदेश ईकाई का सपथ ग्रहण सम्पन्न

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी/फुरसतगंज। रविवार को श्रीमाली महासभा की बैठक नहरकोठी चौराहा स्थिति इंडिया पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुई।जिसमें उत्तर प्रदेश ईकाई के नव नियुक्त पदाधिकारियों को वरिष्ठ समाजसेवी तथा संगठन को नित ऊंचाई पर ले जाने वाले श्री राम माली जी ने सपथ दिलाई। आजादी के अम्रत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत श्री माली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजनरायण पुष्प जीवी ने की । प्रदेश अध्यक्ष जी ने अपने उदबोधन में कहा कि महासभा के विकास के लिए सभी का यथोचित प्रयास होना चाहिए तभी संगठन मजबूती से खड़ा होता है





सभी का सहयोग भी निरंतर संगठन को मिले जिससे भविष्य में पिछड़े पायदान पे खड़े व्यक्ति को भी मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। । वहीं इस आयोजित कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाई।

,एडवोकेट श्री छोटेलाल श्री माली को बांदा जिले का उपाध्यक्ष बनाया गया, राजनरायण पुष्प जीवी श्री माली को प्रतापगढ़ जिले का अध्यक्ष बनाया गया, श्री छेदीलाल माली को लखनऊ का संयोजक,श्री राम क्रपाल श्रीमाली को मऊ जनपद का संरक्षक के पद पर , इन्द्र प्रसाद श्रीमाली को अमेठी जनपद के महासचिव पद पर , मुकेश कुमार श्रीमाली को लखनऊ जनपथ के कोषाध्यक्ष के पद पर बिन्ध्यवासिनी नन्दन श्रीमाली को गोरखपुर जिले के परामर्श दाता के रूप में पद भार दिया गया।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इन्द्र प्रसाद श्रीमाली ने बताया कि इस सपथ ग्रहण के कार्यक्रम में स्थानीय तथा अन्य जनपदों से आये श्रीमाली महासभा के लोगों ने हिस्सा लिया।

## सिविल लाइन्स रामपुर में सभी कांवड़ियों को फल,बिस्कुट,पानी,पेयपदार्थ का वितरण

रामपुर। पवित्र श्रावण के अन्तिम पावन सोमवार के एक दिन पूर्व विश्व हिन्दू परिषद जनपद रामपुर के दायित्वधारीगण एंव समस्त सम्मानित सदस्यों द्वारा सिविल लाइन्स रामपुर में सभी कांवड़ियों को फल,बिस्कुट,पानी,पेयपदार्थ का वितरण किया गया।बहुत दूर से पैदल चलकर तथा गंगाजल लाकर जनपद के भिन्न–भिन्न मन्दिरों में बाबा महादेव को अर्पित करना बहुत ही श्रद्धा एंव निष्ठा का कार्य है।इस पावन माह में लाखों श्रद्धालू इस कार्य को तन,मन,धन से करते हैं।आज इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री अनिल वशिष्ठ जी, अमरनाथ वाल्मीकि,राकेश जुनेजा जी,रवींद्र कुमार गुप्ता जी,संजीव जैन, माधव गुप्ता जी,विकास पाण्डेय उमेश रस्तोगी,संजय अग्रवाल,अविनाश पटेल, अनमोल सक्सेना,शिवांगी मारवाह, पुनीत शर्मा, राधे राजपूत ,जयवीर, दाताराम इत्यादि उपस्थित रहे।रवीन्द्र गुप्त,जिला उपाध्यक्ष एंव मीडिया प्रभारी,विश्व हिन्दू परिषद जनपद रामपुर।



## बिजली चोरी में एफआईआर दर्ज कराकर पौने नौ लाख रूपये शमन शुल्क जमा कराया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। विद्युत विभाग ने पिछले चार महीनों में करीब 15 सौ से अधिक बिजली चोरी में एफआईआर दर्ज कराकर पौने नौ लाख रूपये शमन शुल्क जमा कराया हैं।

एक्सईन प्रथम भीष्म कुमार तोमर ने बताया कि रामपुर में विद्युत विभाग द्वारा लगातार चौकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। बिजली चोरी के मामले में लगातार रिपोर्ट दर्ज कर जुर्माना भी डाला जा रहा हैं। उन्होने बताया कि एक अप्रैल से अब करीब 15 सौ लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी में एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। जिनमें से 399 का ही राजस्व निर्धारण 93.80 लाख शमन राशि के रूप में आठ लाख 74 हजार जमा किये गये हैं। इसी के तहत राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप माह अगस्त में विद्युत चोरी में राजस्व कलेक्शन कैंप लगाये जा रहे हैं जिसमें एक से 6 अगस्त तक लगभग 32 लोगों द्वारा छह लाख 68 हजार राजस्व निर्धारत एवं 66 हजार रूपये शमन राशि विभाग में जमा की गई हैं।

उक्त शमन एवं राजस्व निर्धारण कलेक्शन कैंप अगस्त माह में जगह–जगह विद्युत उपकेन्द्रों अथवा थानों के नजदीक लगाये जायेगे। जिन उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी के नोटिस प्राप्त नहीं हुए हैं उन उपभोक्ताओं को तत्काल विद्युत चोरी के नोटिस रिसीव कराये जायेंगे तथा राजस्व निर्धारण एवं शमन शुल्क संबंध वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा कड़े आदेशों का पालन रामपुर पुलिस करती हुई नजर आ रहीं

- दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा कड़े आदेशों का पालन रामपुर पुलिस करती हुई नजर आ रहीं हैं।

बताते चले कि श्रावण मांस को आखिरी सोमवार को लेकर रामपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैदी के साथ काम कर रहीं हैं। जिसका जीता जागता सबूत यह हैं कि आज सुबह बरेली के ग्रा हल्दी निवासी मदन लाल रामपुर की तहसील मिलक स्थित राठौंडा शिव मंदिर में जलाभिषेक करने आया था। बताया जाता हैं कि आज सुबह जब मंदिर के पास पड़ी लकडियों में उसका पैर रखे जाने पर सांप ने उसको काट लिया। जैसे ही श्रद्वालु के सांप के काटने की सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने बिना किसी देरी के उसे आनन–फानन में मिलक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आई। जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए बरेली स्थित मेडिकल कालेज राजश्री में भर्ती कराया। वहां से उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा डिस्चार्ज कर दिया गया।

इसके बाद थाना मिलक पुलिस द्वारा देखभाल के लिए दुबारा श्रद्वालु को मिलक सीएचसी में भर्ती कराया गया हैं जहां पर उसकी देखभाल की जा रहीं हैं।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा कांवडियों पर पुलिस को पूरा फोकस करने की मंशा आज पूरी होती हुई नजर आई। जिस प्रकार रामपुर पुलिस ने एक श्रद्वालु को पहले मिलक बाद में बरेली ले जाकर उसका उपचार कराया और फिर मिलक के अस्पताल में उसकी देखरेख कर रहीं हैं ।

वह प्रशंसनीय होने के साथ–साथ पुलिस की असली कार्यशैली को भी दर्शाती हैं। एसपी अशोक कुमार



शुक्ला ने जिस प्रकार कांवड मांस से पहले ही रामपुर पुलिस को पूरी तरह मुस्तैद करते हुए लगातार मंदिरों का निरीक्षण कर किसी भी श्रद्वालु को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए कड़े आदेश दे रखे थे इन्ही आदेशों का पालन करते हुए मिलक पुलिस ने बिना किसी देरी के एक श्रद्वालु की जान बचाने का प्रयास किया जिसकी सभी श्रद्वालु भूरी–भूरी प्रशंसा कर रहे हैं और कह रहे हैं कि पुलिस कप्तान हो तो अशोक कुमार शुक्ला जैसा जिसके मार्ग दर्शन में पुलिस किसी को प्रताड़ित नहीं बल्कि उसकी मदद करने को हर समय तैयार रहती हैं।

## होटल में मीटिंग कर शासन व प्रशासन की अपील पर हर घर व हर प्रतिष्ठान तिरंगा पहुंचाने का संकल्प

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने ओपल होटल में मीटिंग कर शासन व प्रशासन की अपील पर हर घर व हर प्रतिष्ठान तिरंगा पोहोचाने का संकल्प लिया जिलाध्यक्ष मो.शुऐब खान एडवोकेट की अध्यक्षता में उपस्थित समस्त पदाधिकारीगण ने यह फैसला लिया कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के साथ हर प्रतिष्ठान पर भी लहरवाएँगे तिरंगा जो लोग तिरंगा नही खरीद सकते उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन उपलब्ध कराएगा तिरंगा और लोगो को इसके प्रति जागरूक भी किया जाएगा ताकि लोग इसके महत्व को समझें और हमारे देश के वीर अमर सपूतों ने किस तरह से अपने प्राणों का वलिदान देकर हमारे प्यारे देश हिंदुस्तान को आजाद कराया था आज हम अपने प्यारे वतन

हिंदुस्तान की आजादी की 75वी वर्षगाँठ पर 15 अगस्त के शुभ अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा व हर प्रतिष्ठान तिरंगा लहराकर अपनी खुशियों का इजहार करेंगे और संकल्प लेंगे की



हमारा देश सदा स्वतंत्र रहे भविष्य में अंग्रेज ये कल्पना भी न कर सके कि हम कभी हिंदुस्तान को दुबारा गुलाम बनायेंगे आइये मेरे प्यारे देश हिंदुस्तान की जनता जागिये और जागरूकता लाइये हर घर तिरंगा घर घर व हर प्रतिष्ठान पर तिरंगा फेहराइये। मीटिंग में–सौरभ खंडेलवाल, नगर अध्यक्ष, शाहनवाज अकबर खां, आजम खां, विजयपाल यादव, डॉ सैग , रिषभ खंडेलवाल, शरीफ उर रहमान खां, महमूद मियां एडवोकेट, आदि थे।

# कई स्थानों पर नहीं पहुंचे बीएलओ

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

जलालाबाद के प्राइमरी स्कूल नंबर



एक स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ नहीं पहुंचे। मतदान केंद्र स्थल बंद होने पर मतदाता वापस लौट गए। बूंदाबांदी का मौसम होने के कारण क्षेत्र के मतदान स्थलों पर कम संख्या में मतदाता मत को आधार कार्ड से जुड़वाने के लिए पहुंचे।जलालाबाद के जूनियर हाई स्कूल मतदान केंद्र बीएलओ सत्येंद्र, अजीत सिंह, अवनीश, संगीता, अनुप्रिया मौजूद रही। नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज में बीएलओ भूप सिंह, नेहा ने 10 से अधिक फार्म जमा किए। गुरु नानक कन्या इंटर



कॉलेज में अनीता कश्यप, शालू चौहान, दिव्या जांगड़ ,अलका, प्रवेश गोस्वामी ने 90 से अधिक फार्म जमा किए। प्राइमरी नंबर 1 के तीन मतदान स्थल पर बीएलओ महेंद्र, विनती, कपिल अनुपस्थित रहे। मतदान स्थल के मुख्य द्वार पर ताला लगा रहा। मतदाता स्कूल पर ताला लगा देख निराश होकर घर वापस लौट गए। एसडीएम सदर ने बताया कि थानाभवन विधानसभा की जिम्मेदारी एसडीएम ऊन को दी गई है। तहसील क्षेत्र होने के कारण वह जांच करवा, अनुपस्थित बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आज होगी थानाभवन में बाइक तिरंगा यात्रा

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

जनपद शामली के थानाभवन नगर में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री व कार्यक्रम के संयोजन राव इफ्तिखार की अध्यक्षता में आज थानाभवन नगर में तिरंगा यात्रा बाइक रैली निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल जैन क्षेत्रीय मंत्री भाजपा होगे। प्रोग्राम के संयोजक व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री राव इफ्तिखार ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत और आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर थानाभवन नगर से बाइक रैली के माध्यम से एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जो थानाभवन के मोहल्ला कस्सावान मदीना मस्जिद से शुरू होकर जलालाबाद से होते हुए वापस थानाभवन बाजार के रास्ते रतन पेट्रोल पंप थानाभवन पर समाप्त की जाएगी। इस कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री राव इफ्तिखार ने



बताया कि कल पुलिस प्रशासन को भी तिरंगा यात्रा रैली के बारे में लिखकर अवगत करा दिया गया था।

# सेल्समैन पर अज्ञात हमलावरों का हमला

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

पेट्रोल पंप पर दर्जनभर अज्ञात हमलावरों ने पहुंच कर लाठी डंडों



से सेल्समैन पर हमला बोलकर सेल्समैन को घायल कर दिया। घायल सेल्समैन को गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। वही घटना के बाद पेट्रोल पंप मैनेजर ने लूट का आरोप लगाकर दर्जनभर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में वीडियो फुटेज खंगाल कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना जनपद शामली के कस्बा थानाभवन की है। कस्बा थानाभवन में स्थित रतन पेट्रोल पंप पर अचानक बाइक पर सवार होकर करीब दर्जन भर नकाबपोश हमलावर पहुंचे पेट्रोल पंप पर सेल्समैन कोमल के ऊपर अज्ञात हमलावरों ने लाठी–डंडों एवं लोहे की रॉड से बुरी तरह से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले को सेल्समैन इतना समझ पाते तब तक कोमल को मारपीट कर बुरी तरह से



घायल कर दिया गया। शोर मचाने पर अज्ञात हमलावर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद घायल हुए सेल्समैन कोमल को थानाभवन सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर हालत के चलते कोमल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मामला क्षेत्र में आग की तरह फैल गया। जिसके बाद पेट्रोल पंप के मैनेजर मुकेश ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 5 अगस्त को कुछ युवक पेट्रोल लेने के लिए पेट्रोल पंप पर आए थे। जिनके साथ खुले पैसे देने को लेकर विवाद हो गया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद समझौता हुआ था, लेकिन उसके बाद उक्त लोगों ने उन्हें जान से मारने एवं गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। जिसके चलते लूट के इरादे से दर्जनभर अज्ञात हमलावरों ने बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर हमला बोल दिया। जबकि बा मुश्किल रुपयों से भरे बैग को एक सेल्समैन ने बचाया। तहरीर के बाद पुलिस मामले में सक्रिय हो गई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। इस मामले में एडिशनल एसपी ओपी सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोविड बूस्टर डोस टीकाकरण व अरोग्य मेले का फीता काट कर उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम

रामपुर। बिलासपुर गेट स्थित सीएचसी पर कोविड बूस्टर डोस टीकाकरण व अरोग्य मेले का फीता काट कर उद्घाटन सभागसद फहीम अहमद द्वारा किया गया।

इस मौके पर सभासद फहीम अहमद ने कहा कि कोरोना संकट काल में जिस प्रकार हमारे देश के चिकित्सकों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर कोविड के मरीजों को बचाने का प्रयास किया वह प्रशंसनीय हैं। भारत के चिकित्सकों ने दिखा दिया कि ईश्वर के बाद यदि कोई हैं तो वह ईमानदार डाक्टर हैं। उन्होने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं कोरोना संकट काल में देश के वैज्ञानिकों ने अन्य देशों को पछाड़ते हुए कोविड महामारी का टीका बनाया हैं और आज पूरे देश की जनता इस टीके से लाभ उठा रहीं हैं। जनता में टीके के प्रति जागरूकता आई और लोग अब स्वयं अस्पताल जाकर कोविड वैक्सीन लगवा रहे हैं। उन्होने कहा कि जिस प्रकार हम पूरे दिन अपने कामों में व्यस्त रहते हैं ऐसे ही हमें कुछ समय निकाल कर अपने स्वास्थ्य पर भी देना चाहिए क्योकि जब हमारा शरीर स्वस्थ होगा तभी हम दूसरे काम कर सकते हैं। हर रोज व्यायाम करने से हमारे शरीर के साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता हैं। आज की इस भागदौड़ की जिन्दगी मे हमें अपना ख्याल जरूर रखना चाहिए। बिलासपुर गेट सीएचसी द्वारा समय–समय पर कैंप लगाकर टीका करण व चौकअप काम किया जाता हैं जो प्रशंसनीय



हैं ऐसे स्वास्थ्य मेलों का आयोजन होता रहना चाहिए क्योकि गरीबों को भी निशुल्क जांच का भरपूर लाभ मिल सकें। मेले में मरीजों को फ्री दवायें, ब्लड टेस्ट, टीका करण सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की गई। इस मौके पर डा. मोहम्मद इकबाल, डा. नाजिम, डा. तबस्सुम, आरिफ, शांति देवी, नीलम आदि मौजूद थे।

## रामपुर अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के द्वारा आयोजित किए जा रहे जश्न ए आजादी के अमृत महोत्सव का पहला कार्यक्रम मदरसा फैजुल उलूम पर आयोजित किया गया

दैनिक अयोध्या टाइप्स

रामपुर अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के द्वारा आयोजित किए जा रहे जश्न ए आजादी के अमृत महोत्सव का पहला कार्यक्रम मदरसा फैजुल उलूम पर आयोजित किया गया ! जिसमें मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री पैमक्सपैड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन सूर्य प्रकाश पाल रहे इस कार्यक्रम में मुफ्ती उलेमा और पूरे देश से मदरसे में तालीम ले रहे तालिब इल्म शामिल रहे ! मदरसों के बच्चों का जज्बा मादरे वतन जिंदाबाद , जश्न ए आजादी कायम रहे , और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से फिजा हुब्बल वत्नी का जोश भर रहा था वही बच्चों ने तिलावते कलाम ए पाक नाते पाक तकरीर से शहीदाने आजादी की जानकारियां दी ! इसी क्रम में मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि देश की आजादी में पूरे मुल्क की कुर्बानियां शामिल है उन्हें हिंदू मुसलमान सिख या ईसाई में बाटा नहीं जा सकता क्योंकि उस वक्त मे सभी आजादी के सिपाही थे देश की स्वतंत्रता में सभी बराबर के हिस्सेदार हैं !

मदरसा फैजुल उलूम के बच्चों के जज्बे को देखकर कहा कि हमारा भारत पूरी तरह से सुरक्षित है ! कुछ लोग मुल्क की फिजा में जहर घोलना चाहते हैं जो हर सूरत में नाकाम रहेंगे उन्होंने केंद्र और प्रदेश की सरकार के साथ–साथ हर घर तिरंगा लगाने का हर मुल्क के नागरिक से आवाहन किया इस मौके पर कार्यक्रम के





संयोजक मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने कहां की हमारी सोच कौमी एकता शांति और अमन की होना चाहिए! उन्होंने कहा कि हमें हमेशा देश के कानून सरकार और सरजमीन ए वतन का एहतेराम और पालन करना अपना फर्ज मानना चाहिए

मदरसे के बानी मोहम्मद असलम जावेद कासमी ने सभी मेहमानाने और मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया ! इस अवसर पर मुफ्ती नासिर साहब कारी शकील मौलाना उबेद उल रहमान खान फैजी के अलावा उलेमा मौलाना और मुफ्तयइकराम शामिल रहे! निजामत मुफ्ती जिया उल हक ने की

# संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर यातायात निरीक्षक ने एसएसपी के निर्देश पर सघन चेकिंग वाहन संचालित किया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

ई चालान कर वाहन चालको को यातायात नियमों के पालन करने के निर्देश दिए ।जलालाबाद कस्बे के दिल्ली यमुनोत्री हाईवे किनारे पर पुलिस चौकी निकट यातायात निरीक्षक संजय कुमार राणा के नेतृत्व में सघन



वाहन चेकिंग अभियान में पुलिसकर्मी ओमवीर सिंह निरवाल, दिनेश कुमार शर्मा, गगन पुनिया मौजूद रहे। बता दें कि यातायात निरीक्षक में 20 से अधिक टू व्हीलर के ई चालान, हेलमेट ना होने, तीन सवारी, आरसी की समय अवधि समाप्त होने पर किए। दो वाहनों को सीज किया गया। चार पहिया वाहनों के डीजल में 10 साल की समय अवधि, पेट्रोल में 15 साल की समय अवधि का निरीक्षण किया गया। सघन वाहन चेकिंग अभियान से बचने के लिए कुछ वाहन चालक अन्य मार्गो से वाहन ले जाते नजर आए।

### दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर यातायात निरीक्षक ने एसएसपी के निर्देश पर सघन चेकिंग वाहन संचालित किया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

ई चालान कर वाहन चालको को यातायात नियमों के पालन करने के निर्देश दिए ।जलालाबाद कस्बे के दिल्ली यमुनोत्री हाईवे किनारे पर



पुलिस चौकी निकट यातायात निरीक्षक संजय कुमार राणा के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान में पुलिसकर्मी ओमवीर सिंह निरवाल, दिनेश कुमार शर्मा, गगन पुनिया मौजूद रहे। बता दें कि यातायात निरीक्षक में 20 से अधिक टू व्हीलर के ई चालान, हेलमेट ना होने, तीन सवारी, आरसी की समय अवधि समाप्त होने पर किए। दो वाहनों को सीज किया गया। चार पहिया वाहनों के डीजल में 10 साल की समय अवधि, पेट्रोल में 15 साल की समय अवधि का निरीक्षण किया गया। सघन वाहन चेकिंग अभियान से बचने के लिए कुछ वाहन चालक अन्य मार्गो से वाहन ले जाते नजर आए।

### करंट की चपेट में आने से घोड़ी मरी, नाबालिग घायल

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दोपहर के समय घोड़ी चराने आया नाबालिग अचानक नीचे लटक रहे विद्युत तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से घोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि नाबालिग झुलस गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार की दोपहर कैराना देहात के गाँव आर्यापुरी निवासी अनीस का 12 वर्षीय पुत्र नफीस घर से घोड़ी चराने के लिए



निकला था, जैसे ही वह मोहल्ला इकरामपूरा में स्थित जैन बाग के सामने पहुँचा तो घोडी सहित विद्युत पोल से नीचे लटक रहे तार की चपेट में आ गया ,जिसमें करंट लगने से घोडी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नाबालिग नफीस झुलस गया,जिसे परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।बताया जाता है कि अनीस ईंट भट्टे पर घोडी बुग्गी से भराई का कार्य करके अपने बच्चों का पालन पोषण करता था। इसी घोडी के सहारे उसकी जिंदगी व्यतीत हो रहे थी। विद्युत विभग की लापरवाही के चलते उसका एक मात्र सहारा भी खत्म हो गया है।

### रक्तदाताओं को प्रधानपति ने हैलमेट देकर सम्मानित किया-जिला पंचायत सदस्य सहित 71 रक्तदाताओं ने शिविर में किया ब्लड डोनेट

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। गाँव तितरवाड़ा में प्रधानपति की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें जिला पंचायत सदस्य सहित 71 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान



प्रधानपति की ओर से सभी को हैलमेट भेंटकर सम्मानित किया गया। रविवार को क्षेत्र के गाँव तितरवाड़ा में प्रधानपति दिलशाद की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य बिनोद सहित 71 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ग्राम प्रधानपति दिलशाद चौहान द्वारा शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को हैलमेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान ही महादान है,इससे बढ़कर कुछ नहीं है। अगर किसी गरीब निर्धन व असहाय व्यक्ति को समय पर ब्लड मिल जाए और उसका जीवन बच जाए तो उससे बड़ी समाजसेवा कुछ नहीं हो सकती। इस दौरान

### अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 16 स्थानों पर लगी बूस्टर डोज

–18 वर्ष से अधिक वर्ग के लोगों को कैम्पों में लगाई गई बूस्टर डोज

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के रूप में मेगा कैम्प आयोजित कर 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दूसरी डोज के छह माह बाद बूस्टर डोज निःशुल्क लगाई जा रही है। रविवार को



स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक, उपस्वास्थ्य केंद्र व हैल्थ वेलनेस सेंटरों पर कैम्प का आयोजन कर 18 वर्ष से अधिक वर्ग के लोगों को कोविड की दूसरी डोज के छह माह बाद निःशुल्क बूस्टर डोज लगाई जा रही है। कैम्पों में उत्साह के साथ लोग निःशुल्क डोज लगवाकर लाभ उठा रहे हैं। चिकित्साधीक्ष कैराना शैलेन्द्र चौरसिया ने बताया कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकार अमृत महोत्सव के रूप में बूस्टर डोज का उपहार दे रही है,जिसमें,सभी, सामुदायिक,उपस्वास्थ्य केंद्रों पर मेगा कैम्प लगाकर बूस्टर डोज लगाई जा रही हैं। क्षेत्र के गांव कंडेला, भूरा, ऊंचा गांव 16 स्थानों पर बूस्टर डोज लगाई जा रही है। मायापुर रोड पर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित कैम्प का भाजपा नेता अनिल चौहान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान डॉक्टर विकास सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

### बाइक फिसलने से घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद की ग्राम पलिया की नई जी 4 दिन पहले आगरा जाते समय एक युवक की बाइक फिसल गई जिसके चलते गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिनाहट के ग्राम बरेंडा निवासी अभिषेक 25 पुत्र सुशील कुमार 3 अगस्त को बाइक से पिनाहट से आगरा जा रहा था। ग्राम पलिया के नजदीक उसकी बाइक फिसल गई। इसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद उसे आगरा उपचार के लिए भर्ती कराया है ।जहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया। नई दिल्ली ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया है।

### बच्चों के साथ मारपीट की शिकायत पर दो गिरफ्तार

जैतपुर । रविवार को जैतपुर के गढीरमपुरा गांव में रेखा देवी के बच्चों के साथ पडोसी जसराम आदि ने मारपीट कर दी थी। परिजनों से कहने पर धमकी दिए जाने से आहत रेखा देवी ने पुलिस से शिकायत कर दी। शिकायत पर पहुंची पुलिएस ने जसराम को गिरफ्तार कर लिया। जबकि डिफेंस कॉलोनी बाह में झगडे की सूचना पर पुलिस ने अशोक को पकड लिया। पुलिस ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

## हथिनीकुंड बैराज से तेरह हजार सात सौ क्यूसेक पानी किया गया डिस्चार्ज

– यमुना नदी में लगातार छोड़ा जा रहा पानी शनिवार को भी हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया था तेईस हजार 891 क्यूसेक पानी

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार बारिश होने के कारण हथिनी कुंड बैराज पर पानी का अधिक दबाव बढ़ने पर लगातार पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। यमुना में तेरह हजार सात सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

रविवार को ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि रविवार की प्रातः आठ बजे हथिनीकुंड बैराज से तेरह हजार 717 क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़ा गया है।उन्होंने बताया कि शनिवारकी प्रातः आठ बजे भी हथिनी कुंड बैराज से तेईस हजार 891 क्यूसेक पानी यमुना नदी में डिस्चार्ज किया गया था। रविवार को यमुना नदी का बहाव 229.80 सेंटीमीटर पर दर्ज किया है। शनिवार के बहाव से 25 सेंटीमीटर नदी के बहाव में रविवार को बढ़ोतरी दर्ज की गईं। यह पानी कैराना यमुना ब्रिज तक चौबीस घंटे बाद पहुंचेगा।

हालांकि इसके अनुसार खतरे की कोई बात नहीं है। क्योंकि यमुना का चेतावनी बिंदु 231 मीटर और खतरे का निशान 231.500 मीटर पर है। लगातार हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़े जा रहे पानी ने तटवर्तीय किसानों व ग्रामीणों की चिंता बढ़ा रखी है।

## वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने को बूथ पर लगे शिविर

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी बूथों पर बीएलो द्वारा मतदाता पहचान पत्र



को आधार से लिंक कराने व आधार एकत्रीकरण का कार्य किया गया। रविवार को चुनाव आयोग के निर्देश पर पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने व आधार नम्बर एकत्रीकरण के कार्यों को लेकर मतदेय स्थलोंस पर विशेष शिविर लगाया गया। इस दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में सम्मलित मतदाताओं के फॉर्म नम्बर 6 बी भरे गए। साथ ही स्वेच्छिक रूप से मतदाताओं के आधार नंबर एकत्रीकरण का कार्य भी किया गया। यह अभियान 7 अगस्त से 21 अगस्त तक जारी रहेगा,जिसमें नए मत भी बनाये जाएंगे तथा संशोधित का कार्य भी किया जा रहा है।

## श्री खाटू श्याम जी के आगामी संकीर्तन महोत्सव को लेकर की गई बैठक

• चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। श्री खाटू श्याम का संकीर्तन महोत्सव को लेकर आवश्यक बैठक की गई थी जिसमे श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव 11 अक्टूबर की रात्रि से कस्वा के एसएवी इण्टर कालेज के प्रांगण में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मशहूर भजन सम्राट संजय मित्तल (कलकत्ता) के साथ साथ साथ गायक मनीष शुक्ला कानपुर व गायिका मीनू शर्मा (वृन्दावन)द्वारा खाटू श्याम के संगीतमय भजन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे।श्री श्याम मित्र मण्डल के तत्वाधन की गई बैठक के



आयोजित करने को केलकर रुपरेखा तैयार की गई। कस्वा के भरथना विधूना मार्ग स्थित शक्तिपीठ श्री बालरूप हनुमान जी महाराज हनुमान गढी छोला मन्दिर पर शनिवार देर शाम श्री श्याम मित्र मण्डल की एक बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें आगामी 11 अक्टूबर की रात्रि से कस्वा के एसएवी इण्टर कालेज के विशालकाय पंडाल में भव्य श्री खाटू श्याम का ऐतिहासिक संकीर्तन दौरान अतुल पोरवाल,भानु वर्मा,पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिओम यादव,सुशांत उपाध्याय,बंटू यादव बांके पोरवाल,सर्वेश यादव,राजू चौहान,राजेश चौहान,दीपू दीक्षित,वीरेंद्र सिंह चौहान,रविन्द्र मिश्रा,रूप किशोर गुप्ता,पवन अग्रवाल,नवीन पोरवाल,रामपाल सिंह राठौर एडवोकेट,निशांत पोरवाल,सौरभ चौधरी,राम जी भदोरिया राजू पोरवाल,सहित अन्य खाटू श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### कोविड टीकाकरण मुफ्त प्रिकाशन डोज अभियान का शुभारंभ

• दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता।

उतरौला (बलरामपुर)।आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में अधीक्षक डॉ सीपी सिंह द्वारा कोविड टीकाकरण मुफ्त प्रिकॉशन डोज अभियान का शुभारंभ रविवार को किया गया।इस मौके पर सुरेन्द्र श्रीवास्तव,अखिलेश वर्मा,कुसुम यादव,खुशबू मिश्रा,स्वेता भारती,रेखा शर्मा,एएनएम सीएचओ योगित सचान,उर्वशी चौधरी विधानसभा प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार लालजी तिवारी, अंकुर गुप्ता, हर्षित जयसवाल समेत अनेक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैड़ास बुजुर्ग अधीक्षक डॉक्टर शोएब अहमद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कोविड टीकाकरण मुफ्त प्रिकॉशन डोज अभियान का शुभारंभ रविवार को किया गया।



डाक्टर हसन अंसारी, एम ओ मोहम्मद नफीस, चीफ फार्मासिस्ट संगीता उपाध्याय, अखिलेश पांडे, त्रिलोकीनाथ, राम शंकर यादव, सुरेश कुमार, मसूदुल हसन, वार्ड ब्वाय इफ्तेखार अहमद, आयुष्मान मित्र आजम मलिक समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी पर लगाया गया कोविड प्रिकाशन डोज का मेगा कैंप

संवाददाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद 7अगस्त। आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर कोबिड प्रिकॉशन डोज के मेगा कैंप का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गिर्राज कुशवाहा के द्वारा 18 के लोगो लिए कोरोना की बूस्टर डोज का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसमें पहली बूस्टर डोज मण्डल अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने लगवाई। साथ में चेयरमेन आशा देवी चक , मण्डल अध्यक्ष फतेहाबाद देहात मयंक जादौन, मण्डल महामंत्री अजय जादौन, मण्डल उपाध्यक्ष हरि सिंह कर्दम, निक्की पाराशर, धीरज शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार चक, सत्य प्रकाश जाटव मनोज राठौर,रामसनेही वर्मा आदि मौजूद रहे।



## देवस्थान से तेंदुए उठा ले गया जंगली कुत्ता, मचा हड़कंप-हाथों में लाठी- डडे लेकर जनलों में सर्च आपरेशन को निकले ग्रामीणों को नहीं मिले कुत्ते के अवशेष

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तीसरे दिन भी तेंदुए का आतंक बना हुआ है, देर रात्रि ग्रामीणों की आंखों के सामने ही आदमखोर तेंदुआ देवस्थान से जंगली कुत्ता उठा ले गया और उसे अपना शिकार बना डाला। मौके पर पूजा–अर्चना कर रहे दंपत्ति जान बचाकर भाग निकले शनिवार की देर रात्रि क्षेत्र के गाँव जगनपुर में एक बार फिर आदमखोर तेंदुआ देखा गया,जिसके बाद गाँव में दहशत फैला गई। जगनपुर निवासी रवि मुखिया पुत्र धर्मपाल अपनी पत्नी व बच्चे के साथ रात्रि लगभग नौ बजे भूमियाः देवस्थान पर पूजा–अर्चना के लिए गया हुआ था। शनिदेव के



पीपल पेड़ के पास ही एक जंगली कुत्ता भी प्रसाद आदि के इंतजार में खड़ा हुआ था। इसी बीच तेंदुआ वहां पहुँचा और कुत्ते को उठा ले गया,जिस पर वहां पूजा कर रही महिला की नजर पड़ गई। महिला ने कुत्ते को उठाने के संबन्ध में अपने पति को जानकारी दी तो आनन–फानन दंपत्ति वहां से भाग निकले और घटना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। दर्जनों ग्रामीण हाथों में लाठी–डंडे लेकर जंगलों में काम्बिंग के लिए निकले, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उधर कंडेला के ग्रामीणों ने भी गांव में स्थित चंद्रा तालाब के पास तेंदुआ देखा,जिसके बाद दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुँचे, लेकिन तबतक तेंदुआ वहां से निकल चुका था। घण्टों मशक्कत करने के बाद ग्रामीण वापस लौट आए। ग्रामीण बताते है कि सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुँची थी।

ग्रामीणों से तेंदुए द्वारा जंगली कुत्ते के शिकार की सूचना मिली है।



इससे पहले गाँव कनियाना में तेंदुआ होने की जानकारी मिली थी,जिसके बाद वहां पिंजरे लागये गए हैं। देर शाम तक गाँव जगनपुर में भी पिंजरे लगा दिए जाएंगे।

### एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने जलभराव की समस्या का किया निस्तारण-गत तीन दिन पूर्व दर्जनों महिलाओं संग ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर जलभराव की समस्या से कराया था अवगत

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क का कार्य अधर में लटकने व नाला निर्माण रूकने से गाँव की सड़कों पर जलभराव की समस्या का एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार कैराना प्रियंका जायसवाल ने गाँव में पहुँचकर ग्रामीणों से वार्ता करने के बाद निराकरण करा दिया है। गत शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर क्षेत्र की ग्रामपंचायत बीनड़ा से दर्जनों महिलाओं संग ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर पहुँचकर एसडीएम शिवप्रकाश यादव से शिकायती पत्र सौपते हुए बताया था कि गांव का मुख्य मार्ग निर्माणाधीन है। जिसके चलते पूर्व में निकासी का पानी जिस ओर निकलता था। उसे कुछ ग्रामीणों ने बंद कर दिया था।

समस्या का संज्ञान लेते हुए निर्माणाधीन मार्ग के ठेकेदार ने ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने के लिए नाले का निर्माण शुरू कराया। आरोप था कि कुछ ग्रामीणों ने नाले का निर्माण कार्य बंद करा दिया। जिसके बाद गांव



के मुख्यमार्ग पर जलभराव के कारण ग्रामीण परेशान है। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों से वार्ता कर गांव की निकासी के लिए निर्माणाधीन नाले के विवाद का पटाक्षेप करा दिया है। इस दौरान राजस्व टीम भी मौजूद रही

## विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त करने पर जेई ने दी तहरीर

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। ट्रैक्टर पर कैंपेन मशीन लादकर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ अवर अभियंता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की रविवार को मोहम्मदपुर राई विद्युत केंद्र और तैनात अवर अभियंता रवि ने कोतवाली में तहरीर देकर विद्युत लाइन को क्षतिग्रस्त करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। तहरीर में कहा गया है कि अवैध रूप से ट्रेक्टर पर लादकर लाई जा रही कैंपेन मशीन विद्युत लाइन से टकरा गई थी,जिसके बाद उसमें करंट दौड़ गया था।

इस दौरान किसी अज्ञात ने फोन कर विद्युत सप्लाई बंद कराने की बात कही थी। जेई रवि वर्मा का कहना है कि 11 केवी की लाइन के नीचे से ऐसे वाहनों को क्रॉस करने के लिए पूर्व में अनुमति ली जाती है,जिसके बाद ऐसे वाहनों को गुजारा जाता है।

अवैध रूप से लाइन को क्षतिग्रस्त करने के बाद अन्य विद्युत उपभोक्ताओं की सप्लाई भी बंद हो गई है। पुलिस ने तहरीर उपरांत जाँच शुरू कर दी है।

डेढ़ माह पूर्व किसानों ने की थी शिकायत

मोहम्मदपुर राई के किसानों ने नीचे झूलती जर्जर विद्युत लाईन को बदलवाने के लिए डेढ़ माह पहले विद्युत उपकेंद्र पर शिकायती पत्र दिया था, जिसके बाद इस जर्ज लाइन में कई बार फाल्ट हुआ और किसान बाल–बाल बचे,लेकिन अवर अभियंता की नींद नहीं खुली। हादसा हुआ तो अवर अभियंता ने खुद की लापरवाही को छुपाने के लिए उल्टा किसानों के खिलाफ ही कोतवाली में तहरीर देदी। लेकिन डेढ़ महीने पहले किसानों द्वारा दी गई तहरीर पर अवर अभियंता रवि वर्मा ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## प्रधानाध्यापक मोहम्मद उस्मान सिद्दीकी की अगुवाई में स्कूलो में शिक्षारत छात्र-छात्राओं ने विशाल तिरंगा रैली निकाली

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत आगामी 11अगस्त से 17अगस्त तक ष्स्वतंत्रता सप्ताहष् तथा हर तिरंगा कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनकटवा में प्रधानाध्यापक मोहम्मद उस्मान सिद्दीकी की अगुवाई में स्कूलो में शिक्षारत छात्र–छात्राओं ने विशाल तिरंगा रैली निकाली।

जागरूकता रैली में शामिल छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ ष्यौमे आजादी अमर रहेश हिन्दुस्तान जिन्दाबादश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहें,अमर रहें लगाये जा रहे गगन भेदी नारों जैसे इस बात की गारंटी ली कि आने वाले स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए उतरौला पूरी तरह से तैयार है।जागरूकता रैली पर लोगों ने फूल पंखुड़ियों की बारिश कर मानो यह पैगाम भी दिया कि डीएम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव क्षेत्र में एक नई मिशाल कायम करेगा।जागरूकता रैली स्कूल से निकलकर पूरे गांव में भ्रमण किया।इससे पूर्व रैली को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आयोजित हो रहे श्आजादी के अमृत महोत्सवश का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो तथा हम अपने राष्ट्र ध्वज जो हमारी अस्मिता तथा श्आन बान





शान श्का प्रतीक का सम्मान कर गौरान्वित हो सकें।उन्होंने सभी से अपील की कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हम अपने अमर सेनानियों को कैसे भूल सकते हैं।जिनकी कुर्बानियों की वजह से हमे आजाद मुल्क और संविधान प्राप्त हुआ है जो हमारे मौलिक अधिकारों को रेखांकित करता है।रैली में सहायक अध्यापक अबुल आसिम,ताज मोहम्मद,परवेज अहमद खां ,शानू,मुन्ना,मोहम्मद गुलफाम,अकबर अली चल रहे थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गौआश्रय स्थलों के प्रबंधन की समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

सभी गौआश्रय स्थलों पर विद्युत कनेक्शन, सोलर पैनल, समरसेबल, पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था करे सुनिश्चित –जिलाधिकारी

बलरामपुर! रविवार को जिलाधिकारी डॉ० महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में गौआश्रय स्थलों के प्रबंधन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी सभी गौ आश्रय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं स्वच्छ जल के लिए समरसेबल, विद्युत कनेक्शन, सोलर पैनल, फेंसिंग आदि व्यवस्था प्रत्येक दशा में 2 सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करे। गौआश्रय स्थल पर पर्याप्त मात्रा में हरे चारे एवं भूसे की व्यवस्था का निर्देश दिया गया।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल का पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा दिन में दो बार, खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिदिन एवं एसडीएम द्वारा हफ्ते में दो बार निरीक्षण किया जाए। गौआश्रय स्थल पर चिकित्सीय रजिस्टर, भ्रमण रजिस्टर आदि अनिवार्य रूप से रखे जाएं।

जिलाधिकारी ने गौआश्रय स्थल पर क्षमता के अनुरूप गोवंश रखे जाने का निर्देश दिया। कहा कि शहरी क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी निराश्रित गोवंश सड़कों पर ना दिखे। उन्होंने गौआश्रय स्थलों की क्षमता वृद्धि बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थल पर गोवंश कमजोर दिखी या किसी गोवंश की मृत्यु कमजोरी से हुई तो संबंधित के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में एफआईआर कराई जाएगी। राज्य वित्त निधि एवं मनरेगा से गौआश्रय स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योति गौतम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, उपायुक्त मनरेगा, परियोजना निदेशक डीआरडीए, समस्त एसडीएम, समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बारिश के कारण नयावांस गांव का उफना तालाब, ग्रामीणों के घरों के दरवाजे तक पहुंचा पानी

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र में लगाता हुई बारिश के चलते गांव नयावांस का तालाब उफनने से पानी मुख्य मार्ग सहित ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुंच गया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह से शाम तक पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश हुई जिसके चलते खेत खलियान तालाब,नाले सब लबालब हो गए।

बारिश के कारण क्षेत्र के गांव नयाबांस का तालाब बारिश का पानी भरने से उफन गया। जिससे गांव के मुख्य मार्ग सहित ग्रामीणों के घरों के दरवाजे तक तालाब का पानी पहुंच गया है। जलभराव की स्थिति और मार्गों पर पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही गांव में चारों तरफ पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को संचारी रोगों के फैलने का डर सताने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब के पानी की जल निकासी की मांग की है। आप बता दें पूर्व में गांव के मुख्य मार्ग पर तालाब का पानी भर जाने के कारण कई हादसे हो चुके हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तेजधार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध तेजधार हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। रविवार को कैराना पुलिस नगर–क्षेत्र में गश्त पर थी कि इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हसन स्टील फैक्ट्री के निकट एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर युवक को हिरासत में ले लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

### छह लीटर अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

कैराना। पुलिस ने गश्त के दौरान छह लीटर अवैध शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।रविवार को कैराना पुलिस गश्त पर थी कि इसी दौरान खुरगान रोड से राशिद पुत्र जानी उर्फ नवाज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से छह लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया है।

### खिदमत ए आवाम समिति के सहयोग से 2 बच्चों की पढ़ाई करायी निःशुल्क

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना खिदमत ए आवाम लंबे समय से गरीब बेसहारा वर्द्धा विधवा आदि जरूरतमंद लोगों की जनता के सहयोग से मदद करती चली आ रही है जिसमें कस्बे के कुछ जागरूक नागरिक जुड़े हुए हैं जिनके सहयोग से सामाजिक संगठन खिदमत ए आवाम समिति जरूरतमंदों की मदद को हर समय तैयार रहती है सामाजिक संगठन खिदमत ए आवाम को जागरूक नागरिकों द्वारा जानकारी मिली थी कि 2 गरीब मासूम बच्चे गरीबी के चलते पढ़ाई से वंचित हैं जिसे सामाजिक संगठन खिदमत ए आवाम के अध्यक्ष खलील फरीदी ने गंभीरता से लेते हुए दोनों मासूम बच्चों का एडमिशन एक निजी स्कूल मे कराया और स्कूल के प्रबंधक से मुलाकात कर बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिलाने की अपील की जिसके चलते स्कूल प्रबंधक ने खिदमत ए आवाम संघटन की अपील को स्वीकार करते हुए दोनों बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का आश्वासन दिया।



### मुजफ्फरनगर के जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर

दैनिक अयोध्या टाइम्स मुजफ्फरनगर चिकित्सालय मरीजों का शोषण किया जा रहा है इसकी सूचना मरीजों के परिजन द्वारा भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम जी को दी गई जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम अपने साथियों के साथ जिला चिकित्सालय पहुंचे और मरीजों से उनका हाल जाना तो सत्य पता चला कि सर्जिकल वार्ड का स्टाफ गुंडई पर उतरा हुआ है और लोगों के साथ अभद्रता का व्यवहार करता है पैसे देने वाले मरीज का ही ट्रीटमेंट करता है जो मरीज पैसे नहीं देता उसकी या तो छुट्टी करा देता है या उसे पड़ा रहने देता है सभी मरीजों के तीमारदारों ने अपनी आप बीती मीडिया से रूबरू की ओर जिस पर क्रोधित हुए भाकियू अम्बवता के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम जी ने सीएमएस राजेश कुमार जी को फोन पर वार्ता की पूरी घटना से अवगत कराया और चेतावनी देते हुए ऐसे भ्रष्ट स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की तो सीएमएस साहब ने उनके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया यदि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो होगा धरना प्रदर्शन।



### पुलिस ने चलाया संदिग्ध व्यक्तिवाहन चेकिंग अभियान, कई वाहनों के काटे चालान

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र में पर पुलिस ने आगामी त्योहारों को लेकर संदिग्ध व्यक्ति वाहन की चेकिंग की गई। जिसमें वाहनों को चेकिंग कर चालान काट कर कार्रवाई की गई।

आपको बता दें सावन माह में आगामी त्योहार रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस



को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क दिख रही है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी पिनाहट कुलदीप कुमार सिंह ने शनिवार को पुलिस कर्मियों के साथ कस्बा पिनाहट में पैदल गस्त किया। और दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी। वही थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों के साथ कस्बा के चांदनी चौक, नदगवां तिराहा, अंबेडकर चौराहा, चंबल नहर पुलिया, भदरौली चौराहा, सदर बाजार में संदिग्ध व्यक्ति वाहन को लेकर चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्ति पाए जाने पर उन्हें रोककर जानकारी के बाद ही आगे जाने दिया गया। दुपहिया,चार पहिया वाहनों रोक कर चेक किया गया। कागजात पूर्ण नहीं पाए जाने पर चालान काट कर कार्रवाई की गई। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और क्षमता से अधिक सवारी नहीं बिठाने की हिदायत दी गई।

### कमैटी के जज्बे को सलाम, बारिश मे भीगते हुआ ध्वजारोहण

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

अजीत नगर बाजार कमेटी परिवार के सेल्फी प्वाइंट ( तिरंगा चौक ) पर आज 1655 वें दिन मुख्य अतिथि रहे । श्री अजीत नगर बाजार कमेटी के सेल्फी पॉइंट तिरंगा चौक पर प्रतिदिन होने वाले ध्वजारोहण व राष्ट्रगान में आज हमारे मुख्य अतिथि श्री मुश्ताक जी (IPS AGRA),श्रीमनिक डंन जी (IAS AGRA)श्री मती प्रियंका ूध्व श्री प्रभाकर चौधरी(SSP आगरा) श्री मति ताबिठा w/o श्री मनिकडंन(IAS ) श्री मती किरण जोशी w/o श्री सुकीर्ति माधव (IPS ),श्री मती ललिता w/o श्री मुश्ताक(IPS) रहे । उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया और उपस्थित बाजार कमैटी परिवार के सदस्य राजेश यादव,सुन्दर लाल चेतवानी, परमात्मा अरोरा, अजय नोतनानी मनोज नोतनानी, संजय नोतनानी, दिनेश अरोरा,राणा रंजीत सिंह, अमित लवानिया,विकास अग्रवाल , शिव सहज, कमांडो महेन्द्र यादव,इमरान अब्बास, सुलभ कुलश्रेष्ठ,रिंकू अग्रवाल, अनुराग कुशवाह अनुराग अरुण चौहान,सीताराम जी आदि उपस्थित सभी पदाधिकारी, व सदस्यों को 26 जनवरी 2018 से निरंतर चलते हुए इस कार्यक्रम की प्रशंसा कर शुभकामनाएं दी।



## फतेहाबाद में बारिश से जमीन धंसी, निकला कुआं, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद 7 अगस्त। कस्बा फतेहाबाद के मोहल्ला मिश्रान में भारी बारिश के चलते जमीन धंस तत्काल नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी चक को दी। देखते ही देखते उसका व्यास बढ़ता गया तथा भारी मात्रा में पानी उसमें समाता चला गया।



गई तथा उसमें से 60 फीट गहरा कुआं निकल आया ।जानकारी पर तहसीलदार तथा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा फतेहाबाद के मोहल्ला मिश्रान में तालाब के नजदीक बने एक प्रधानमंत्री आवास के पास रविवार को हुई भारी बारिश के बाद जमीन धंस गई। तथा उसमें से करीब 60 फीट गहरा कुआं निकल गया। लोगों ने जब देखा तो उसकी सूचना तत्काल इसकी जानकारी तहसीलदार मनोज कुमार को दी गई। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने पड़ताल शुरू की। इस दौरान नगर पंचायत फतेहाबाद की टीम बुलाकर पानी के कटान को गड्ढे के बजाय तालाब की ओर मोड़ दिया गया। वहीं गड्ढे से लोगों को दूर रहने को कहा गया है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि राजकुमार चक, तरुण असोलिया एवं नगर पंचायत फतेहाबाद की टीम मौजूद रही।

## पचपन में बचपन फ्रेंडशिप डे पर खूब किया धमाल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। पंचवटी सखिया पचपन से सत्तर की उम्र में दिखा जोश लजीज व्यंजनों के साथ लिया फ्रेंडशिप डे का आनंद झूमे नाचे गीत गाते हुवे कई गेम खेल कर अपने बचपन को किया।



जो मजा मित्रता में है वह रिश्तो में नही रिश्ते तो छूट जाते हैं मित्रता हमेशा कायम रहती मौजूद रही, आशा कपूर,सुमन चाहर, लता भक्तयानी,उमा सिंह,मंजू शर्मा,चांदनी भोजवानी,मधु पचौरी,गीता आहूजा, सुनीला जैन, मंजू अग्रवाल,सुमिता अरोड़ा,पीहू राजपूत, ममता चौहान, संतोष गुप्ता,वीना माधवानी,सीमा सिंह,ममता शर्मा, रोजी आदि।

## फूड फेस्टिवल में लें साउथ इंडियन डिश का मजा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। भारत के विभिन्न हिस्सों में लजीज व्यंजनों की भरमार है। उनमें से एक है साउथ इंडियन फूड, लेकिन यदि आपने अब तक साउथ इंडियन की लाजवाब व्यंजन का स्वाद यदि नहीं चखा है तो अब आपके शहर में साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल में इन व्यंजनों को खाने का मौका मिल सकता है। जी हां, इन दिनों शहर के कैलाशपुरी स्थित होटल भावना क्लार्क्स इन में दक्षिण भारतीय खाद्य महोत्सव की मेजबानी कर रहा है। होटल के जनरल मैनेजर गजेन्द्र सिंह ने बताया कि यह फूड फेस्टिवल तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश के बेहतरीन प्रामाणिक भोजन का गवाह बनेगा। सभी प्रकार के डोसा, इडली, कुसुम बड़ी, टोमेटो रसम, अरिति पूरू कोबरी, चना पोंगल के साथ में बैकग्राउंड में साउथ इंडियन डेकोरेशन व संगीत पर... मसालों की खुशबू और लजीज पकवानों का



लुत्फ लेना चाहते हैं तो इस फेस्टिवल को जॉइन कर सकते हैं। होटल के सेल्स मैनेजर कौशल पाराशर ने बताया कि साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल का आयोजन होटल में 15 दिनों तक चलेगा। इस फेस्टिवल में साउथ इंडियन खाने के शौकिनों के लिए एक से बढकर एक व्यंजनों को परोसा जायेगा इस अवसर पर हेड शेफ अजीत सिंह, एचआर मैनेजर अभयपाल सिंह, कुलदीप कुमार, अबधेश शर्मा, योगिन्दर सिंह, गौरव जैन, लक्ष्य वेद योगी आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से तीज उत्सव मायके में मनाने के बाद जमाईयों के तिलक व बेटियों को उपहार देकर किया विदा

- बेटियों की विदाई पर सभी की आंखें भर आईं

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। मां और बेटी दोनों की आंखें नम थीं। नानी के घर से विदा लेते वक्त बच्चे भी दुखी थे। हर्षोल्लास के साथ तीज उत्सव मनाने के बाद विदाई की घड़ी जो आ गई थी। जमाईयों के माथे पर तिलक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर बेटियों के साथ मण्डल की बहनों ने तीज उत्सव मनाया। रात्रि निवास के दौरान बेटियों से मन की बात की। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के गेम आयोजित किए। विदाई के मौके पर मण्डल की बहनों ने विदाई गीत (विदाई करने का मन नहीं करता, विदाई हम



श्रीफल देकर और बच्चों व बेटियों को उपहार देकर विदा किया गया। माधवी अग्र महिला मण्डल द्वारा दो दिवसीय माधवी बेटियों का मायका एवं विदाई समारोह का समापन आज लोहामंडी अग्रसेन भवन में बेटियों की विदाई के साथ हुआ। कार्यक्रम में अनाथायल की विवाहित लगभग 40 बेटिया अपने ससुराल से परिवार सहित तीज उत्सव मनाने के लिए पहुंची थीं। जहां गीत मल्हार, हाथों में मेहंदी और कैसे करें...) गाए। मण्डल की अध्यक्षा पुष्पा अग्रवाल, महामंत्री ऊषा बंसल, संयोजिका आभा जैन व सुरेशचंद अग्रवाल ने बेटियों व जमाईयों के श्रीफल देकर तिलक किया। सभी बच्चों व बेटियों को उपहार दिए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपना, अलका, बीना, कुसुम, मधु, शालीनि, संगीता, रजनी, शैफाली, उषा अग्रवाल, अर्चना, ममता, रेनू, शसि, अंजली आदि उपस्थित थीं।

## भक्तों की रक्षा एवं कल्याण को अवतार लेते हैं भगवान शिव

- कलयुग में अपने चार शिष्यों के साथ अवतरित होते हैं, जब भी भक्तों की रक्षा की आवश्यकता पड़ती है तब–तब भगवान आशुतोष अवतरित हो जाते हैं।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। भगवान शिव के विविध लीलावतारों की कथा सुनाते समय कथा वाचक डॉ.दीपिका उपाध्याय ने उक्त वचन कहे। आगरा के ग्राम नगला डीम में चल रही श्रीशिवमहापुराण कथा का आज नौवां दिन था।

आज भगवान शिव के विभिन्न अवतारों की कथा सुनाते हुए कथावाचक ने बताया कि जब नारद जी ने वायु देवता से भगवान शिव के अवतारों की संख्या पूछी तो वे भी ना बता सके। उन्होंने कहा स्वयं काल भी जिनकी गति की गणना करने में सक्षम नहीं है, उन कालातीत भगवान शिव के अवतारों की गणना वे कैसे कर सकते हैं। भगवान शिव के अवतारों का वर्णन करते हुए कथा वाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने बताया कि जब हिरणकशिपु का वध करने के बाद भी नरसिंह भगवान का क्रोध शांत ना हुआ तब भगवान ने शरभ अवतार लेकर उनकी अभिमान को समाप्त किया और उन्हें श्वेतद्वीप का वास दिया। ऋषि विश्वानर के यहां गृहपति रूप में भगवान शिव अवतरित हुए और अग्नि कोण के दिग्पाल के रूप में गृहपति विराजे। महर्षि अत्रि और उनकी तेजस्वी पत्नी सती अनुसूया ने तपस्या कर ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र के अंश को चंद्रमा, दत्तात्रेय और दुर्वासा ऋषि के रूप में जन्म दिया। दुर्वासा ऋषि ने श्री कृष्ण और रुक्मिणी से अपना रथ खिंचवा कर उन्हें सुदृढ़ देह का वरदान प्रदान किया। इसी प्रकार जब गंगा स्नान करते समय दुर्वासा ऋषि का वस्त्र बह गया तब द्रौपदी ने अपना आंचल फाड़कर उन्हें ससम्मान प्रदान किया। दुर्वासा ऋषि ने वस्त्र बढ़ने का आशीर्वाद दिया जिससे चीर हरण प्रसंग में द्रौपदी की लाज बची।



भगवान शिव ने त्रेता में श्री हरि के रामअवतार के साथ हनुमान अवतार ग्रहण कर उनके कार्य सिद्ध किए। वैश्यनाथ अवतार लेकर वेश्या महानंदा का उद्धार किया। समुद्र मंथन के समय भगवान विष्णु का मान बढ़ाया। भोलेनाथ ने वृषभावतार लेकर उनके अभिमान को दूर किया। इस अवसर पर कथावाचक ने वस्तुओं जैसे गौ, स्वर्ण, भूमि, वस्त्र, ऋतु फल आदि के दान का महत्व बताया साथ ही लोगों को प्रकृति संरक्षण तथा जीव सेवा का भी संदेश दिया। इस अवसर पर मंच संचालन की व्यवस्था डा. राहुल शर्मा ने संभाली।

## सविता सेन समाज ने मांगी राजनीतिक हिस्सेदारी

## सविता समाज ने दी सरकार को आंदोलन करने की चेतावनी

- देश के हर कोने हर गांव में मौजूद सविता समाज के लोग
- सविता समाज ने आयोजित किया मंडलीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। ऑल इंडिया महापदम नन्द कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन की ओर से नन्द सविता समाज ने संजय प्लेस स्थित आहार रेस्टोरेंट पर रविवार को आगरा मंडलीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जिसमे सरकार द्वारा सविता समाज की राजनीतिक अनदेखी का मुद्दा छाया रहा द्य शिविर का शुभारम्भ मुख्य वक्ता भानु प्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अवधराज नन्द, मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार नन्द, उपाध्यक्ष देवेंद्र सविता और पवन सिंह ने तथागत बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य वक्ता भानु प्रताप सिंह ने कहा कि देश के हर कोने में सविता समाज के लोग मौजूद है। सरकार ने आज तक सविता समाज में मंत्री पद से नहीं नवाजा इस कारण भी समाज में सरकार के खिलाफ नाराजगी है द्य सरकार द्वारा सविता समाज अनदेखी करने पर शीघ्र ही एक आंदोलन किया जायेगा। सविता सेन समाज को राजनीति समीक्षा करनी चाहिए द्य राजनीति के गुणा–भाग से ही सविता समाज अपनी बात आगे रख पायेगा ।



कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र सिंह सविता ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां सविता समाज की ताकत को पहचाने इस पर संगठन देशभर में समाज के लोगो को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। हम लगातार शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को प्रेरित कर रहे है। गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कासगंज, टूंडला, शिकोहाबाद आदि जगह से सविता समाज के लोगों ने समीक्षा बैठक अपनी भागीदारी दी द्य सभी का धन्यवाद पवन सिंह ने दिया। संचालन जिलाध्यक्ष संजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निर्मला नन्द, ब्रजपाल, योगेश श्रीवास्तव, राहुल सविता एडवोकेट, लोकेन्द्र वर्मा, अशोक वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, कौशल कुमार, अनिल विधौलिया, प्रवीन सिंगारिया, विजय प्रकाश वर्मा, कुलदीप सविता, नरेंद्र नौहवार, प्रदीप सविता, ब्रजमोहन सविता, रामदेव वर्मा आदि मौजूद रहे।

## केबिनेट मंत्री ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा– श्री सिद्धिविनायक डिग्री कालेज रायभा, अछनेरा पर अटल स्मृति ट्रस्ट द्वारा सीबीएससी एवं यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, इस दौरान सबसे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं कल्याण मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्रीमती बेबीरानी मोर्या जी महिला आयोग की सदस्य एवं अटल स्मृति ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला दीक्षित,ब्लॉक प्रमुख श्री महाराज सिंह एवं सिद्धिविनायक कॉलेज के डायरेक्टर एवं ट्रस्ट के सचिव डॉ मुरारी लाल छौंकर ने भारतमाता, मां सरस्वती और पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई जी के चित्र पर दीपप्रज्वलित कर माल्यार्पण किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मोदी एवं योगी सरकार में बाल विकास एवं शिक्षा से क्षेत्र में उपलब्धियां की जानकारी दी वही बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने देश के सभी नागरिकों को 15 अगस्त के 75 वीं सालगिरह पर हर घर तिरंगा लहरा कर इस अमृत महोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जाए। वही छात्रों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। वहीं अटल स्मृति ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला दीक्षित ने अटल स्मृति ट्रस्ट के सेवा कार्यो के साथ अटल जी के जीवन शैली का वर्णन किया। वहीं सिद्धि विनायक कालेज के प्रांगन में 90प्र. से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र सिमरनजीत सिंह और मयूरी अग्रवाल के साथ–साथ अनेक छात्र छात्राओं को मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया। वही छब्ब के छात्राओं ने मुख्य अतिथि का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया।



कालेज के डायरेक्टर डॉ मुरारीलाल छोंकर का कहना है कि जो छात्र कालेज में मन लगाकर पढ़ाई पर पूर्ण रूप से ध्यान देते हैं वही छात्र देश का नाम रोशन करते हैं, वही डॉ छौंकर ने बताया कि हम प्रतिवर्ष निर्धन छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा एवं फ्री बस सेवा जैसे कार्य इस ट्रस्ट के माध्यम से करते रहते हैं, ऐसा हमारा संकल्प रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम में प्रोफेसर बृजेश रावत जी, मानवेंद्र छौंकर, गोविंद चौधरी, प्रशांत गौतम, प्रवीण बिन्दल, संतोष चौधरी,सचिन बाजपेई, देवेश पारश, कैप्टन देवीसिंह, तेजवीर सिंह पूर्व प्रधान एवं कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती डॉ सविता शर्मा, डॉ सुनीता शर्मा, आर्या पाराशर, NCC कैप्टन सीमा यादव एवं छात्र–छात्राएं एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

**प्रतिभा को पुरस्कार, माननीयों को मिला सम्मान**

## नेशनल पेनमैन चौम्पियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता प्रतिभागियों को मिले मेडल, शहर के समाजसेवियों का किया गया सम्मान!

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। प्रतिभा को सम्मान मिला तो चेहरे खिल उठे। वहीं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले शहर के गणमान्यों का भी स्मृति चिन्ह व पौधे प्रदान कर सम्मान किया गया। मौका था स्वास्तिक हैंडराइटिंग रिसर्च सेंटर, आगरा टीचर्स क्लब व ग्लोबल स्पोर्ट्स एंड स्किल डवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल पेनमैन चौम्पियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह का। जिसमें आगरा के 35 व अन्य स्थानों के लगभग 30 विद्यार्थियों ने बाजी मारी, जिन्हें प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विश्व भर से लगभग 800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने लेखन के माध्यम से कलात्मकता व रचनात्मकता का परिचय दिया।




सिटी स्क्वायर होटल खंदारी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ अप्सा के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, अमेरिका से वर्ड हैंडराइटिंग कॉन्टेस्ट के लाइफ टाइम विनर अशोक बत्रा(मेरठ से), विशिष्ठ अतिथि डॉ. चौतन्य जोशी, शिव प्रसाद शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत स्वास्तिक हैंडराइटिंग रिसर्च सेंटर की निदेशक विनीता मित्तल ने किया। गणेश वंदना के परान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्वास्तिक आध्यात्मिक पुस्तकालय का भी शुभारम्भ किया। शहर के समाजसेवियों में डॉ. मंजु गुप्ता, सुनील खेत्रपाल, डॉ. सोनू मल्होत्रा, ज्हानवी बजाज, नीलू भटनागर, ममता गोयल, रोहित अग्रवाल, अनुराधा शर्मा, मनीष राय, राधारानी गुप्ता सहित लगभग 40 लोगों को सम्मानित किया गया।

प्रतिभागी इंग्लिश में प्रिंटेड, थॉट, कर्सिव, पैराग्राफ हैंडराइटिंग व हिन्दी में सिम्पल हिन्दी, श्लोक व कविता (पोइम) हैंडराइटिंग में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। निर्णायक मण्डल में अशोक बत्रा (लाइफ टाइम विनर वर्ल्ड हैंडराइटिंग प्रतियोगिता), गीत सेनी (आर्टिस्टिक हैंडराइटिंग एक्सपर्ट), अनु गर्ग (नोयडा हिन्दी हैंडराइटिंग एक्सपर्ट), रूपाली (कैलीग्राफी एक्सपर्ट) थे।

संचालन ज्योति शर्मा व श्रुति गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्लोबल स्पेस एकेडमी के दिव्यांशु गर्ग, आगरा टीचर्स क्लब के लव अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, प्रेरणा सिंह, कशिश, शिल्पी आदि उपस्थित थे।

## रविवार को जनपद में कोविड-19 टीकाकरण एहतियाती डोज के लगाए गए मेगा कैंप, केंद्रीय राज्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेगा कैंप का किया उदघाटन!

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 7 अगस्त। जनपद में रविवार को कोविड टीका की एहतियाती डोज के लिए मेगा कैंप लगा। जनपद में विभिन्न केंद्रों पर आयोजित हुए इस कैंप का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने किया। इसमें उत्साह के साथ लोगों ने एहतियाती डोज लगवाई। एसएन मेडिकल कॉलेज स्थित टीकाकरण केंद्र पर केंद्रीय कानून एवं विधि राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने मेगा कैंप का शुभारंभ किया। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 18 से 59 वर्ष तक के लोगों को कोविड टीके की एहतियाती डोज 30 सितंबर तक मुफ्त लगाई जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत रविवार को मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जनपद में 247 केंद्रों पर मेगा कैंप आयोजित हुए। इन पर बड़ी संख्या में कोविड टीके की एहतियाती डोज लगाई गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि 18 से 59 वर्ष तक वे लोग जिन्हें दूसरी डोज लगवाए हुए छह माह या 26 सप्ताह हो गए हैं, वे अपने जिला अस्पताल, एसएन मेडिकल कॉलेज सहित शहरी व




ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों पर बने टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को पहले कोवैक्सीन लगी है उन्हें कोवैक्सीन और जिन्हें कोविशील्ड उन्हें कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जाएगी।

ईएसआई हॉस्पिटल स्थित टीकाकरण केंद्र पर लगे मेगा वैक्सीनेशन कैंप का उदघाटन पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा और मनमोहन कुशवाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्र की प्रभारी डॉ. सलोनी और अन्य स्टाफ मौजूद रहा। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में मनोज गर्ग द्वारा मेगा कैंप का शुभारंभ हुआ। यूपीएचसी हरीपर्वत पश्चिम पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने मेगा कैंप का उदघाटन किया और युवाओं को कोविड टीके की एहतियाती डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. पीके शर्मा सहित डिप्टी सीएमओ डॉ. शशिकांत राहुल, केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीनम चतुर्वेदी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। आंवलखेड़ा केंद्र पर आरके सिंह राघव और दीक्षा चौहान ने उदघाटन किय। बिचपुरी में ब्लॉक प्रमुख ने उदघाटन किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव, डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. बीएस चंदेल, यूएनडीपी के प्रोजेक्ट ऑफिसर अवधेश व अन्य चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहे।

एहतियाती डोज लगवाने के बाद लाभार्थी राहुल ने बताया कि उन्होंने एहतियाती डोज लगवा ली है। अब वे खुद को कोविड संक्रमण से सुरक्षित महसूस कर रही हैं। 42 वर्षीय अमित कुमार ने बताया कि एहतियाती डोज को मुफ्त में लगाना सरकार का अच्छा फैसला है। इसको देखते हुए उन्होंने भी मेगा कैंप में अपने एहतियाती डोज लगवा ली है।

# संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी पार्टी ने नगर निगम चुनाव को लेकर, एक बैठक संपन्न हुई

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव द्वारा नगर निगम चुनाव आगरा प्रभारी बनाए गए वर्तमान में विधायक बृजेश कठेरिया , सचिन यादव आशुतोष मौर्य ने समाजवादी पार्टी के जिला महानगर संगठन के मुख्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की आने वाले नगर निगम के चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पार्टी के सक्रिय सदस्य बनाने के आदेश निर्देशित किए। जिससे आने वाले नगर निगम के चुनाव के मद्देनजर रखते हुए संगठन मजबूत हो ज्यादा सक्रिय सदस्य बने जिस से आगरा के मेयर एवं ज्यादा से ज्यादा पार्षद समाजवादी पार्टी जीत सके। महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार, जिलाध्यक्ष लाल सिंह लोधी, सौरभ गुप्ता, पुष्पेंद्र शर्मा पवन धनेरिया मुकेश यादव निर्वेश शर्मा अरुण चेरिया अनूप यादव मशहूर कुरेशी,विनोद श्रोत्रिय, रोहित एवं समस्त पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### भूमि जैन को उनके निवास पर किया सम्मानित

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। सामाजिक संस्था चिराग युथ फाउंडेशन द्वारा रविवार को सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में आगरा मंडल में टॉप करने वाली भूमि जैन को उनके निवास आवास विकास में सम्मानित किया। भूमि जैन और उनके माता पिता ने संस्था द्वारा दिए गए सम्मान का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक विकास कार्यों की प्रशंसा की । इस मौके पर अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, महामंत्री रोहित वडेरा, एड सुनील शर्मा, के लाल त्रिलोकानी,अंकुर जैन,लिली गोयल,संजय शर्मा, पर्यावरणविद चन्द्रशेखर शर्मा,अनुज खण्डेलवाल और विनोद शर्मा मुख्य तौर पर मौजूद रहे ।



### आगरा ट्रांस यमुना कालोनी अंबे हास्पिटल पर, जिला कार्यकारिणी मासिक बैठक हुई

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा। ट्रांस यमुना कॉलोनी अंबे हॉस्पिटल पर, जिला कार्यकारिणी मासिक बैठक मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव गिरिजेश पटेल उपस्थित हुए एवं मंडल प्रभारी डॉ महेश चौधरी भी शामिल हुए बैठक में एससीएसटी प्रदेश उपाध्यक्ष खेमराज सिंह और महिला महानगर उपाध्यक्ष साधना कुशवाह एवं रणवीर डाकरे एवं अशोक यादव समस्त अपना दल एस पार्टी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे कई लोगो को दी सदस्ताह अपना दल एस की और राष्ट्रीय सचिव जी ने कहां की आने वाले आगामी चुनाव 2024 में अपना दल एस पार्टी को मजबूत बनाएं दबे कुचले लोगों की समस्या को सुलझाने और उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। डॉक्टर महेश चौधरी का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।



### फ्री प्रीकाशन डोज मेगाकैम्प का हुआ उदघाट्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स / संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा – रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरावली पर मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे आजादी ली 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के तहत कोरोना से बचाव के लिए बूस्टर डोज के तौर पर फ्री प्रिकॉशन डोज सात अगस्त से 75 दिनों तक फ्री लगाई जाएंगी। मेगा कैम्प का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक चौ. बाबूलाल द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर विधायक को भी प्रीकॉशन डोज लगाई गई। मौके पर डॉ. नंदन सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा, डॉव राज कमल चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली , डॉव जितेंद्र लवानिया अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछनेरा एवं फार्मासिस्ट अहिवरन सिंह एवं स्टाफ नर्स अनीता मौजूद थे।





### हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े आप्टा के शिक्षक

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहिम हर घर तिरंगा के तहत आगरा प्रोग्रेसिव टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों को तिरंगा वितरण कर शिक्षकों विद्यार्थियों व सभी देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का आहान किया। एसोसिएशन के संस्थापक व संयोजक डॉ सुनील उपाध्याय ने कहा कि यह अभियान नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम भी करेगा। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन से संबंधित 500 से अधिक शिक्षण संस्थाएं आती है। इन सभी शिक्षण संस्थानों में हजारों विद्यार्थी पढ़ते हैं इन सभी विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा घर–घर तिरंग अभियान के प्रति प्रेरित किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ मोहित दीक्षित ने कहां की 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच में हजारों युवा विद्यार्थी व सैकड़ों शिक्षक अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित रहे डॉ सुनील उपाध्याय, डॉ मोहित दीक्षित, हरीश चौधरी, अभिनव वशिष्ट, मुकेश मिरचंदानी, विशाल प्रजापति, अपूर्व बंसल, रवि शर्मा, मोहित सिंह, नितिन सर, वैभव सर आदि।



### सीएचसी केंद्र पर मुफ्त प्रिकशन बूस्टर डोज का हुआ शुभारंभ

संवादाता हिमांशू गुप्ता। पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र के सीएचसी केंद्र पर मुफ्त प्रोपोर्शन बूस्टर डोज का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख ने फीता काटकर किया। जहां ग्रामीणों को निशुल्क बूस्टर डोज चिकित्सकों द्वारा लगाए गए। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आव्हान आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पर देश और प्रदेशों में मुफ्त प्रिकॉशन बूस्टर डोज ग्रामीणों को लगाने का अभियान शुरू किया गया है। जिसमें सभी लोगों को मुफ्त प्रिकोशन बूस्टर डोज स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क लगाए जाएंगे। इसी क्रम में रविवार को सीएचसी केंद्र पिनाहट पर भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख सतवीर सिंह भदोरिया ने फीता काटकर मुफ्त प्रिकोशन बूस्टर डोज अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणों से बूस्टर डोज लगवाने का आग्रह किया। बूस्टर डोज शुभारंभ के बाद चिकित्सकों ने ग्रामीणों को निशुल्क बूस्टर डोज लगाए।इस दौरान सीएचसी केंद्र प्रभारी डॉ विजय कुमार, लाल सिंह परिहार, डॉ लक्ष्मी नारायण वर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।



## विधायक ने किया मेगा कैंप का उदघाटन जनपद में कोविड टीके की एहतियाती डोज लगाने को आयोजित हुए मेगा कैंप

☒ बलदेव सीएचसी पर विधायक पूरन प्रकाश ने किया कैंप का उदघाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा।जनपद में रविवार को कोविड टीके की एहतियाती डोज लगाने के लिए मेगा कैंपों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बलदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विधायक पूरन प्रकाश ने मेगा कैंप का उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। सीएमओ ने इस दौरान मिठौली पीएचसी का औचक निरीक्षण भी किया।

सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद में कोविड टीकाकरण केंद्रों पर 18 से 59 वर्ष तक के लोगों को मुफ्त में एहतियाती डोज लगायी जा रही है। इसी क्रम में रविवार को एहतियाती डोज मेगा कैंप का आयोजन किया गया। केंद्रों पर बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने आकर अपने एहतियाती डोज लगवाई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसपी राठौर ने बताया कि 18 से 59 वर्ष तक वह लोग जिन्हें दूसरी डोज लगवाए हुए छह माह या 26 सप्ताह हो गए हैं, वह टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपने एहतियाती डोज लगवाएं। उन्होंने बताया कि कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के लिए 60 वर्ष आयु से अधिक आयु वालों को यह एहतियाती डोज पहले से ही निःशुल्क लग रही है।



जिला अस्पताल स्थित टीकाकरण केंद्र पर तैनात एएनएम सक्षता भारद्वाज ने बताया कि एहतियाती डोज को लेकर अब लोगों में जागरुकता बढ़ रही है और लोग एहतियाती डोज लगवाने के लिए आ रहे हैं। 38 वर्षीय मनोज ने जिला अस्पताल स्थित टीकाकरण केंद्र पर एहतियाती डोज लगवाने के बाद कहा कि यह सरकार की काफी अच्छी पहल है। यह मुझे मुफ्त में लगाई गई है। इससे पहले मैं दोनों वैक्सीन समय से लगवा चुका हूं। मुझे कोई परेशानी नहीं हुई।

## 8 अगस्त 2022 से मथुरा में किए जाएगे ऑटोमेटिक चालान



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। मथुरा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति राजीव उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया हमारे देश में हर साल सड़क हादसों में लगभग दो लाख जाने हर साल चली जाती हैं इसका सबसे मुख्य कारण यातायात नियमों का पालन ना करना होता है अगर यातायात नियमों का पालन करेंगे तो निश्चित तौर पर यह अनुपात काफी कम होगा जबकि सड़क हादसों के लिए सरकारों और जिला प्रशासन के द्वारा समय–समय पर अभियान चलाए जा रहे हैं इन अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना रहता है इसी क्रम में हमारी समिति पिछले 10 वर्षों से सड़क हादसों के लिए काम कर रही है लगातार हम लोग युवाओं को जागरूक कर रहे हैं जिसमें टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट ना लगाने से 80 प्रतिशत लोगों की जाने सड़क हादसों में सिर की चोट से चली जाती है साथ ही टू व्हीलर पर ट्रिपल राइडिंग गलत दिशा के साथ ओवर स्पीड होने के कारण भी सड़क हादसे की संभावना और बढ़ जाती है गलत दिशा में चलना मुख्य सड़क हादसों के रहते हैं इस कारण समय–समय पर सड़क हादसों में लोगों की जान चली जाती है स ऐसे हादसों से प्रेरित हमारी समिति जागरूकता अभियानों के लिए सक्रिय रुप से समाज के में रहकर समय–समय पर चलाती है ।

जिससे ऐसी घटना समाज के अंदर ना हो आने वाली 8 अगस्त से ऑटोमेटिक ई चालान करने के पीछे सरकार की मंशा यह है कि कम से कम लोगों की सड़क हादसे में जान जाए क्योंकि लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं इस कारण अब इस तरह के अभियान चलाकर लोगों को जब आर्थिक दंड लगेगा डर से लोग अब यातायात नियमों का पालन करेंगे।

## आठवीं मोहर्रम को अलमों एवं छोटे दुलदुल का जुलूस शहर में मातमी माहोल में निकाला गया

☒ महिलाओं ने अलमों पर चांदी के धागे बांध एवं दुलदुल को बूंदी, जलेबी, दाल खिला कर मांगी मन्नत।

☒ अखाड़ा कुरैशियान के उस्ताद खलीफाओं ने दिखाए हैरत अंगेज करतब

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। मोहर्रम कमेटी शहर व सदर के तत्वाधान में शहर मथुरा में हजरत इमाम हुसैन की याद में ताजियेदारी, अलमदारी, अखाड़ेदारी एवं इसी क्रम में हजरत इमाम हसन की याद में मातमी माहोल में छोटे दुलदुल का परामपरागत जुलूस सादगी के साथ निकाला जाता है। महिलाओं द्वारा मोहर्रम के पवित्र माह में निकलने वाले 52 तलवारी अलमों में मुराद व मन्नत मांगने के लिए चांदी आदि धातुओं के धागे बाधें गए एवं आज छोटे दुलदुल के जुलूस में महिलाओं द्वारा अपने बच्चों को दुलदुल के नीचे से निकाल कर और दुलदुल को बूंदी, जलेबी दाल आदि प्रसाद खिलाकर मन्नतें मांगी गई। इसी क्रम में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौ० यूनुस गाजी व सचिव अबरार खान ने बताया कि आज 08 मोहर्रम को सिराज खान निवासी काजी पाड़ा थाना कोतवाली मथुरा द्वारा अलमों व अखाड़े का जुलूस शाम 06 बजे करीब परम्परागत स्थान काजी पाड़ा से प्रारम्भ होकर चूड़ी वाली गली, नककारची टीला, कुशक गली, हनुमान टीला, चौक बाजार, घीया मण्डी, भरतपुर गेट, मनोहरपुरा, मटिया दरवाजा, बरवार पाड़ा, मण्डी रामदास, टेक नारनौल, विसायती खिड़की, हालनगंज, वृन्दावन गेट, होकर जामा मस्जिद चौक बाजार से काजी पाड़ा पहुंच कर संपन्न हुआ। इसी क्रम में जाकिर अली निवासी विसायती खिड़की बैरागपुरा थाना गोविन्द नगर के द्वारा अलम व छोटे दुलदुल का जुलूस मातम करते हुए या हसन या हुसैन की आवाज बुलंद करते हुए परम्परागत स्थान विसायती खिड़की से शाम 07 बजे प्रारंभ होकर हालनगंज, तेलीपाड़ा, लाल दरवाजा, गुडहाई बाजार, चौक बाजार, कुशक गली, हनुमान टीला, काजी पाड़ा, मानिक चौक, नककारची टीला, चौक, घीया मण्डी, खारी कुआं, सराय भरतपुर गेट, दरेसी रोड, मनोहरपुरा, मटिया गेट, मेवाती पाड़ा, नई बस्ती, ईदगाह, बरबार पाड़ा, ठेक नारनौल, अर्जुनपुरा होकर विसायती खिड़की पर सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में अखाड़ा कुरैशीयान खारी कुआं से शाम 07 से प्रारम्भ होकर भरतपुर गेट से खारी कुआं, घीया मण्डी होते हुए जामा मस्जिद चौक बाजार में लगभग दो घंटे जमा जिसमें अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने अपनी कला के हैरतअंगेज करतब दिखाए।



इसी दौरान अलमों, अखाड़े व दुलदुल के जुलूस के साथ मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद युनूस गाजी व सचिव अबरार खान वारसी एवं समस्त मोहर्रम पदाधिकारी और भारी पुलिस बल के साथ जुलूस की व्यवस्था बनाते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे। और अलग अलग स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए हजरत इमाम हुसैन की याद में शर्बत की प्याऊ व लंगर प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि मोहर्रम का महिना बहुत ही सादगी के साथ मनाया जाता है इसलिए आप सभी ताजियादार अलमदार, अखाड़ेदार जुलूसों में ढोल ना बाजाएं और अपने अपने जुलूसों को सादगी के साथ निकालें।

इस मौके पर भूरा शेख, डॉ शबनम कुरैशी, निशात अहमद, राजू फारुकी, यासीन शाह, जहीर अब्बास जैदी, शहजाद बेग, मौ० आरिफ कुरैशी, मोहम्मद चांद, गुड्डू खान, नौशाद खान, हाजी सूफी सईद कुरैशी, कायम भाई, बंटी कुरैशी, नईम अब्बासी, आबिद कुरैशी, हाजी सलीम वारसी, आरिफ खान, सादान वारसी, अजलान वारसी, मोहर्रम कमेटी मीडिया प्रभारी शाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## मथुरा जनपद के ब्लॉक नौझिल के गाँव मानागढ़ी, बाजना में संम्पन हुई किसान महापंचायत

☒ फसल ओर नस्ल बचाने के लिए देश मे फिर होगा बड़ा आंदोलन चौधरी राकेश टिकैत

☒ राष्ट्रीय,प्रदेश,मंडल, जिला, तहसील, ब्लॉक, स्तरीय पदाधिकारी रहे मौजूद

☒ इंद्र देव की तेज बारिश भी न हिला सकी किसानों का हौसला

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा,बाजना। मांट तहसील के मानागढ़ी में किसान महापंचायत का सफल आयोजन संपन्न हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि राकेश टिकैत मौजूद रहे। बारिश के मौसम में भी किसान सरदारी व पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे साथ ही पुलिस विभाग के आला अधिकारी एवं पुलिस बल बड़ी तादाद में सभा स्थल पर मौजूद रहे। किसान महापंचायत में विभिन्न बिंदुओं पर बिंदुवार विशेष चर्चा रही किसान पंचायत का आयोजन मानागढ़ी किसान सरदारी द्वारा किया गया। किसान पंचायत की अध्यक्षता भट्टा पारसौल निवासी पूरन सिंह आर्य व संचालन ललित शर्मा ने किया।किसान पंचायत का आयोजन बारिश के कारण ँव च्न्ठस्प ँब्ल्व्स मानागढ़ी में हुआ। मानागढ़ी किसान सरदारी ब कार्यक्रम आयोजक समिति ने चौधरी राकेश टिकैत के चांदी का मुकट ब पगड़ी बांध कर स्वागत किया ।साथ ही सभी गणमान्य अतिथियों का पगड़ी बांध कर आगमन पर स्वागत किया

।किसान पंचायत में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार किसानों की विभिन्न समस्याओं पर रखे। रिकू चौधरी ने किसान मसीहा चौ राकेश टिकैत को उनके बजन के बराबर सिक्को से तोला कर स्वागत सम्मान किया बही प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश पवन खटाना ने रिंकु का पगड़ी बांध स्वागत किया। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रबक्ता चौ राकेश टिकैत ने कहा कि किसान को एक जुट होकर फसल ओर नस्ल की लड़ाई लड़नी होगी।बर्तमान सरकार उन अंग्रेजो की सरकार है जिन्होंने देश को गुलाम बना दिया आज फिर से देश को गुलामी की जंजीर में जकड़ने जा रही है। अगर हम जग कर अपने लिए नही लड़े तो हम सब को इसके बुरे परिणाम झेलने पड़ेंगे।बही टिकैत साहब ने किसानों को अपने हृदय की जान बताते हुए संबोधित किया। वर्तमान बीजेपी सरकार ने किसानों पर अत्याचार किए हैं पॉलिटिकल पार्टियों को दबा दिया है जिससे कि कोई भी पक्ष वर्तमान सरकार पर पलटवार ना कर सके 1992 में लगे मुकदमे वर्तमान सरकार ने दोबारा से खोल कर किसानों पर थोप दिए हैं ।बीजेपी सरकार के नुमाइंदों पर लगे मुकदमे वापस कर लिए गए हैं ।सरकार की मंशाओं को लेकर एक बहुत बड़े आंदोलन का आगाज करना पड़ेगा एक समय वह था जब किसान कहता था सरकार सुनती थी अधिकारी सुनते थे लेकिन वर्तमान सरकार में किसान कहता है लेकिन उसकी कोई सुनता नहीं ।चौधरी राकेश टिकैत ने खुले मंच से चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी अधिकारी, कर्मचारी किसान का अहित करेंगे उनका शोषण करेंगे ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों का हिसाब वही किया जाएगा ,वहीं एनजीटी के कानूनों में बदलाव हो क्योंकि एनजीटी के कानून से केवल और केवल उद्यमियों की बड़ी कंपनियों को फायदा होगा और किसानों को घाटा होता चला जाएगा वहीं वर्तमान सरकार एक अन्य बिल लेकर के आ रही है जिसमें कि बाहर की कंपनियां भारत में आकर के दूध बेचेंगे अगर ऐसा होता है तो किसानों के पशु व किसान खत्म हो जाएंगे इसका भारतीय किसान यूनियन बहुत बड़े आंदोलन के जरिए विरोध करेगी जिस तरह से केंद्र सरकार तीन काले कानून ले करके आई थी भारतीय किसान यूनियन ने 14 महीने दिल्ली में कानून के विरोध में आंदोलन किया और कानूनों को वापस कराया ठीक उसी प्रकार के तीन काले कानून बिहार में 17 वर्ष पूर्व लागू किये गए जिसके कारण से बिहार में कोई भी मंडी नहीं बची है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों का पक्ष रखते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने बताया कि बिजली अमेंडमेंट बिल पर बिजली कर्मचारियों का साथ भारतीय किसान यूनियन देगी सरकार की मंशा है कि जिस किसान के पास 2 पशु होंगे उसे कमर्शियल कनेक्शन लेना पड़ेगा इस तरह से किसानों के साथ एक खुला अत्याचार सरकार करेगी वही अग्निपथ योजना पर बोलते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने बताया आज से भारतवर्ष में अग्नीपथ योजना के लिए भारतवर्ष में संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर आंदोलन की रणनीतियां शुरू हो चुकी है अगर अग्नीपथ योजना देश की रक्षा करने वाले रक्षक वीरों के लिए लागू होती है तो यही योजना हर विभाग में लागू होनी चाहिए रक्षकों के लिए अग्निवीर योजना है तो संसद में बैठने वालों के लिए संसद वीर योजना हो विधानसभा में बैठने वालों के लिए विधानसभा बीर योजना हो देश के नेताओं के लिए अग्निवीर योजना होनी चाहिए इस तरह से अग्निवीर योजना लागू होने से देश के युवाओं का केवल और केवल शोषण होगा इस शोषण का खुला विरोध भारतीय किसान यूनियन करेगी वर्तमान सरकार उद्यमी और व्यापारियों की सरकार है किसानों से अपील करते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि देश को एक बार फिर एक बड़े आंदोलन की जरूरत है इसलिए किसान अपने ट्रैक्टर ट्रॉली मजबूत रखें संगठित रहें और संगठन को मजबूत रखें।







किसान महापंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चोरोली राष्ट्रीय सचिव ओमपाल तालान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा रतनमान प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बुद्धा सिंह प्रधान ओमप्रकाश कसाना प्रदेश प्रवक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश राजीव मलिक प्रदेश सचिव ज्ञानी प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सुंदर सिंह बालियान प्रदेह अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश पवन खटाना,प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजे प्रधान प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश विजय तालान युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बब्बन प्रधान एनसीआर अध्यक्ष गुड्डू प्रधान एनसीआर उपाध्यक्ष मधु नगर मंडल अध्यक्ष आगरा रणवीर सिंह चाहरप्रमुख महासचिब आगरा जगदीश परिहार,प्रबक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा, मंडल प्रबक्ता प्रतिनिधि योगेश सिंगल युवा मंडल अध्यक्ष आगरा विपिन यादव मेरठ मंडल अध्यक्ष चौधरी राजमल मंडल अध्यक्ष अलीगढ़ विमल तोमर प्रमुख महासचिव अलीगढ़ मंडल रणवीर यादव उपाध्यक्ष अलीगढ़ मंडल चौधरी धर्मेंद्र मंडल सलाहकार किशन लंबरदार मंडल उपाध्यक्ष आगरा मंडल राम कुमार चौधरी मंडल महासचिव आगरा तेज बहादुर सोनी मंडल सचिव आगरा द्रोणाचार्य कुंतल जिलाध्यक्ष मथुरा देवेंद्र रघुवंशी जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद प्रेम अतुल जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सावित्री चाहर जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ आशा सचदेव जिला प्रवक्ता महिला प्रकोष्ठ आगरा किरनचौहान युवा जिला अध्यक्ष अलीगढ़ मनु बालियान मीडिया प्रभारी गौतम बुद्ध नगर सुनील प्रधान राकेश प्रजापति जिला प्रभारी कासगंज जिला संगठन मंत्री कासगंज अजमत हुसैन जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर अमित कसाना जिला अध्यक्ष अलीगढ़ यूपी कमांडो जिला सलाहकार मथुरा मलखान सिंह जिला सलाहकार मथुरा हरवीर वकील जिला उपाध्यक्ष मथुरा राकेश जिला प्रचार मंत्री मथुरा संजय अग्रवाल जिला सलाहकार मथुरा सुभाष चौधरी तहसील अध्यक्ष गोवर्धन राजकुमार नेन तहसील महासचिव गोवर्धन दयाराम चौधरी तहसील अध्यक्ष महावन चंद्रभान सिंह वरिष्ठ कार्यकर्ता महावन तहसील चंद्रपाल सिंह ब्लाक महासचिव बलदेव नीरेश सुरेश परिहार अकेला परिहार धर्मवीर परिहार सत्यवीर परिहार इंद्रपाल परिहार नीरज परिहार गोला परिहार जिला सचिव फिरोजाबाद संतोष यादव तहसील अध्यक्ष शिकोहाबाद रिंकू यादव वरिष्ठ कार्यकर्ता मंडल उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव मंडल सचिव आगरा सुरेश बाबू जिला महासचिव फिरोजाबाद दिनेश माहरे प्रमुख महासचिव फिरोजाबाद दानिश खान मंडल सचिव अजीत यादव तहसील अध्यक्ष टूंडला गजेंद्र यादव तहसील अध्यक्ष शिकोहाबाद रिंकू यादव जिला मीडिया प्रभारी फिरोजाबाद गौरव कुलश्रेष्ठ नगर अध्यक्ष शिकोहाबाद अंकित जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद ब्लॉक उपाध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष नौझिल चुनमुन चौधरी बनवारी प्रधान कैप्टन छीतरिया जिला सचिव मथुरा इंद्रपाल सिंह घुरेलाल नेताजी सूबेदार बहादुर सिंह जीतेंद्र राजेंद्र गोवर्धन सिंह जयपाल सिंह निवासी मानागढ़ी जिला उपाध्यक्ष मथुरा अशोक प्रधान अरविंद चौधरी महावीर चौधरी मनोज चौधरी करण सिंह कुंतल जगबीर सिंह देवराम कुंतल मुरारीलाल कुंतल जवाहर सिंह धर्मवीर सिंह बलदेव सिंह सेवा चौधरी रामवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन घुरे लाल शास्त्री ब्लॉक उपाध्यक्ष गोवर्धन ओपी कुंतल तहसील प्रवक्ता गोवर्धन अनिल कुंतल तहसील सचिव संजय कुंतल कोमल जी देवेंद्र नेता जी संतोष राणा साहित्य बड़ी संख्या बल में किसान सरकारी मौजूद रहे।

## रक्षा बंधन पर्व-2022 कब मनाएं 11 या 12 अगस्त क्यों कैसे

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। रक्षाबंधन का त्योहार हिंदू धर्म में सबसे बड़े त्योहारों में से एक होता है पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व हर साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है इसे राखी और राखी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है रक्षाबंधन भाई–बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक होता है। इस पर्व पर बहनें अपने भाई के माथे पर टीका और आरती उतारते हुए कलाई पर राखी बांधती हैं राखी बांधते समय बहनें भगवान से भाईयों की लंबी और सेहतमंद आयु, सुख –समृद्धि धन,वैभव और ऐशो आराम की कामना करती हैं बहन के राखी बांधने के बदले में भाई उसे तोहफे और जीवन भर रक्षा का वचन देता है। इस बार रक्षाबंधन का पावन त्योहार कब मनाएं विश्व ज्योतिषी पंडित नरेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष पंचांग के अनुसार ज्योतिष मुहूर्त के अनुसार रक्षाबंधन पर राखी हमेशा शुभ मुहूर्त का विचार करके ही बांधना शुभ होता है रक्षाबंधन के दिन बहनों को भाईयों की कलाई पर राखी बांधते वक्त भद्राकाल का विशेष ध्यान रखना चाहिए रक्षाबंधन के दिन भद्राकाल होने पर राखी




नहीं बांधी जाती है भद्राकाल में किसी भी तरह का शुभ कार्य करना वर्जित होता है। क्योकि उसमें सफलता नहीं प्राप्त होती है इस बार रक्षाबंधन पर भद्राकाल का साया मौजूद रहेगा। इस लिए भद्राकाल के समय पर भाई की कलाई पर भूलकर भी राखी न बांधे आइए जानते इस साल रक्षाबंधन के पर्व पर भद्राकाल कब से शुरू होगा

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार 11 अगस्त 2022 के दिन शाम के 5 बजकर 17 मिनट पर भद्रा पुंछ शुरू होगा जो शाम के 6 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगा फिर 6 बजकर 18 मिनट से भद्रा मुख शुरू हो जाएगा जो रात्रि के 8 बजे तक रहेगा। भद्राकाल के खत्म होने पर राखी बांधी जा सकती है। अगर आपको भद्रा काल में राखी बांधनी बहुत जरूरी हो तो इस दिन प्रदोष काल में शुभ,लाभ,अमृत में से कोई एक चौघड़िया देखकर राखी बांधी जा सकती है रक्षाबंधन तिथि– 11 अगस्त 2022 इस वर्ष पूर्णिमा तिथि आरंभ– 11 अगस्त सुबह 10 बजकर 38 मिनट से तथा पूर्णिमा की समाप्ति– 12 अगस्त. सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर होगी शुभ मुहूर्त– 11 अगस्त को सुबह 9 बजकर 28 मिनट से रात 9 बजकर 14 मिनट अभिजीत मुहूर्त– दोपहर 12 बजकर 6 मिनट से 12 बजकर 57 मिनट तक अमृत काल– शाम 6 बजकर 55 मिनट से रात 8 बजकर 20 मिनट तक ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 29 मिनट से 5 बजकर 17 मिनट तक रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त एवम परिहार इस वर्ष 11अगस्त 2022 को रक्षा बंधन प्रदोष मुहूर्त 20:52:15 से 21:14:18 तक भद्रा पूंछ काल ———शाम 5:17 से 6:18 बजे तक। (अति आवश्यक है तो) इसके बाद भद्रा समाप्त होने पर रात 08 बजकर 54 मिनट से रात 09 बजकर 49 मिनट तक राखी बांध सकते हैं। लेकिन हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार,सूर्यास्त के बाद राखी बांधना वर्जित है। इस कारण से 12 अगस्त को राखी का त्योहार शुभ माना जा रहा है 11 अगस्त के मुहूर्तों पर बांध सकते हैं राखी——परिहार 11 अगस्त पूर्णिमा को चंद्रमा मकर राशि का होने के कारण भद्रावास स्वर्ग में है अर्थात शुभ फलदायी है और यह दिवस पूर्णतया रक्षा बंधन मनाने योग्य है शास्त्रों केअनुसार जब भद्रा का वास मृत्युलोक (पृथ्वीलोक)में होता है तभी केवल वह अशुभ माना जाता है पाताल लोक अथवा स्वर्गलोक की भद्रा का वास शुभ फलदायी होता है। बेहतर होगा कि रक्षा बंधन 12 अगस्त को सुबह–सुबह 7 बजे से पहले मनाया जाए। क्योंकि 12 अगस्त को पूर्णिमा तिथि भी होगी और भद्रा भी नहीं रहेगा राखी बांधने का मंत्र येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबल तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल अर्थ रू महाबली एवं दानवेंद्र बलि राजा जिससे बद्ध हुआ, वही मैं आपको बांध रही हूं आपकी रक्षा हो यह धागा न टूटे और सदैव आपकी रक्षा हो हे राखी, तुम अडिग रहना भद्राकाल में राखी बांधना वर्जित क्यों उपाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष और आध्यात्मिक विश्व ज्योतिषी प०नरेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया भद्राकाल का समय अशुभ होता है पौराणिक कथाओं के अनुसार —— भद्रा शनिदेव की बहन हैं ऐसी मान्यता है जब माता छाया के गर्भ से भद्रा का जन्म हुआ तो समूची सृष्टि में तबाही होने लगी और वे सृष्टि को तहस–नहस करते हुए निगलने लगीं। सृष्टि में जहां पर भी किसी तरह का शुभ और मांगलिक कार्य संपन्न होता भद्रा वहां पर पहुंच कर सब कुछ नष्ट कर देती। इस कारण से भद्रा काल को अशुभ माना गया है ऐसे में भद्रा काल होने पर राखी नहीं बांधनी चाहिए इसके अलावा भी एक अन्य कथा है। रावण की बहन ने भद्राकाल में राखी बांधी जिस कारण से रावण के साम्राज्य का विनाश हो गया है। इस कारण से जब भी रक्षा बंधन के समय भद्राकाल होती है उस दौरान राखी नहीं बांधी जाती है। राखी बांधने के पीछे का शास्त्र का राखी पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन के दिन वातावरण में यमतंरगों की मात्रा अधिक होती है यमतरंगे पुरुष साकारत्व होती हैं अर्थात वे पुरुषों की देह में अधिक मात्रा में गतिमान होती हैं इसी कारण यमदूत अथवा यमराज को प्रत्यक्ष चित्र–साकारने की दृष्टि से साकारते समय पुरुष स्वरूप में साकारा जाता है । पुरुषों की देह में यमतरंगों का प्रवाह प्रारंभ होने पर उनकी सूर्यनाडी जागृत होती है और इस जागृत सूर्यनाडी के आधार से देह में स्थित रज–तम की प्रबलता बढकर यमतरंगें पूर्ण शरीर में प्रवेश करती हैं । जीव की देह में यमतरंगों की मात्रा ३० प्रतिशत से अधिक होने पर उसके प्राणों को धोखा होने की संभावना होती हैय इसलिए पुरुष में विद्यमान शिवतत्त्व को जागृत कर जीव की सुषुम्नानाडी अंशतः जागृत किया जाता है प्रत्यक्ष शक्तिबीज द्वारा अर्थात बहन द्वारा प्रवाहित होनेवाली यमतरंगों को तथा उन्हें प्रत्यक्ष कार्य करने हेतु सहायता करने के लिए सूर्यनाडी को राखी का बंधन बांधकर शांत किया जाता है राखी बांधने का भावनिक महत्त्व

रक्षाबंधन के दिन बहन द्वारा भाई के हाथ पर राखी बांधी जाती है उसका उद्देश्य होता है भाई का उत्कर्ष हो और भाई बहन की रक्षा करे भाई को राखी बांधे, इससे अधिक महत्त्वपूर्ण है कोई युवती स्त्री किसी युवक पुरुष को राखी बांधे । इस कारण विशेषत युवकों एवं पुरुषों के युवती अथवा स्त्री की ओर देखने के दृष्टिकोण में परिवर्तन होता है राखी बनाने का तरीका राखी बांधना चावल स्वर्ण एवं श्वेत सरसों को छोटी पोटली में एकत्रित बांधने से रक्षा अर्थात राखी बनती है वह रेशमी धागे से बांधी जाती है

राखी बांधने के पीछे का वैज्ञानिक मत चावल (कच्चे) के कणों का समुच्चय राखी के रूप में रेशमी धागे से बांधने की पद्धति क्यों है चावल सर्वसमावेशकता का प्रतीक है अर्थात वे सभी को अपने में समा लेनेवाले तथा सर्व तरंगों का उत्तम आदान–प्रदान करनेवाला है चावल का समुच्चय श्वेत वस्त्र में बांधकर वह रेशम मे धागे से शिवरूपी जीव के दांए हाथ पर बांधना अर्थात एक प्रकार से सात्त्विक रेशमी बंधन सिद्ध करना रेशमी धागा सात्त्विक तरंगों का गतिमान वहन करने में अग्रणी है कृति के स्तर पर प्रत्यक्ष कर्म होने हेतु यह रेशमी बंधन प्रत्यक्ष सिद्ध किया जाता है राखी बांधनेवाले जीव में विद्यमान शक्तितरंगें चावल के माध्यम से शिवरूपी जीव की ओर संक्रमित होने से उसकी सूर्यनाडी कार्यरत होती है तथा उसमें विद्यमान शिवतत्त्व जागृत होता है चावल के कणों के माध्यम से शिव की क्रियाशक्ति कार्यरत होती है एवं वायुमंडल में कार्यतरंगों का गतिमान प्रक्षेपण करती हैं, जिससे वायुमंडल के रज–तम कणों का विघटन होता है इस प्रकार रक्षाबंधन का मूल उद्देश्य शिव और शक्ति के संयोग से इस दिन का लाभ प्राप्त करना है यह मानवजाति की दृष्टि से अधिक इष्ट होता है आप सभी को रक्षा बंधन की ढेरों बधाइयां। आप सभी स्वस्थ् एवम समृद्ध रहें मेरी ईश्वर से ऐसी कामना है।

# संक्षिप्त समाचार

### आचार्य ईश्वरचंद्र रावत ने बढ़ाया वृन्दावन का गौरव श्रद्धालु का गुम हुआ कीमती मोबाइल किया उसके सुपुर्द

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,वृन्दावन। विश्वविख्यात ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन करने नई दिल्ली से आए एक श्रद्धालु सुरेन्द्र कुमार का मोबाइल फोन मन्दिर के बाहर अचानक गुम हो गया। जिसकी उन्होंने काफी खोजबीन की परंतु फोन नहीं मिला।वह अपने अत्यंत कीमती मोबाइल फोन के गुम हो जाने से अत्यधिक परेशान हो गए।अकस्मात यह फोन अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के नगर महामंत्री आचार्य ईश्वर चंद्र रावत को मिला।जिस पर उन्होंने सुरेन्द्र कुमार को खोज के उनका मोबाइल फोन उनके सुपुर्द कर दिया।इस पर नई दिल्ली निवासी सुरेन्द्र कुमार ने अत्यंत खुशी जाहिर करते हुए आचार्य ईश्वरचंद्र रावत को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।



इस कार्य की सराहना करते हुए ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि आचार्य ईश्वर चंद्र रावत ने सुरेन्द्र कुमार का कीमती मोबाइल फोन वापिस करके ईमानदारी का जो उदाहरण पेश किया है,वो अति प्रशंसनीय कार्य है।उन्होंने अपने इस नेक कार्य से न केवल विप्र समाज का अपितु समूचे वृन्दावन का गौरव बढ़ाया है।

### उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप वार्ड नंबर 28 एवं 17 मे कोविड वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा







के अनूरूप वार्ड नं 28 एवं 17 में कॉविड वैक्सीनेशन कैम्प का शुभारंभ मा0 महापौर डॉ मुकेश आर्यबन्धु जी के द्वारा फीता काटकर किया गया जिसमे महापौर जी ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के मंशा है कि देश सुरक्षित रहे एवं कोरोना से मुक्त रहे जिसके दृष्टिगत आज मथुरा छेत्र में 40 जगह पर ऐसे कैम्प लगाए जा रहे है जिसमे नागरिको को कॉविड बूस्टर डोज लगाई जाएगी इस मौके पर पार्षद मूलचंद गर्ग पार्षद तिलक वीर चौधरी पार्षद चंदन आहूजा पार्षद प्रदीप अरोड़ा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरि ओम शिवम पवन महिपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाबालिक बालिका को रास्ता रोककर दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाला आरोपी को थाना बम्हनीडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना बम्हनीडीह क्षेत्रांतर्गत रहने वाले प्रार्थी ने दिनांक 06॰08॰2022 को थाना बम्हनीडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक पुत्री स्कूल जा रही थी तो ग्राम रोहदा निवासी मुकेश्वर दास महंत इसकी नाबालिक पुत्री का रास्ता रोककर बहला फुसलाकर कर अपने स्कूटी में बैठा कर लें गया और जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 51॰2022 धारा 363, 366, 341, 450 , 376 , 511 , भादवि एवं 3 ग 4 पोस्को एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण नाबालिक बालिका से संबंधित होने एवं प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी मुकेश्वर दास महंत उम्र 22 वर्ष निवासी रोहदा थाना सारागांव को उसके मामा के घर ग्राम चोरियां थाना सारागांव में छुपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल बम्हनीडीह पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी मुकेश्वर दास महंत उम्र 22 वर्ष निवासी रोहदा थाना सारागांव को दिनांक 07॰08॰2022 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया आरोपी को गिरफ्तार करने एवं विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर राठौर, आरक्षक निरेश नेताम, अमीर पैकरा का सराहनीय योगदान रहा।



### प्रधान प्रतिनिधि पे मुकदमा दर्ज

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम। एक महीने पूर्व हुवे विबाद में पुलिस अधीक्षक देवरिया के आदेश पे भटनी पुलिस ने नोनापार निवासी रमाशंकर यादव पुत्र स्व सिवहर्ष यादव एवं प्रेमशीला देबी पत्नी काशीनाथ निवासी भटनी खास पे धारा 323 ,452,504,506 में मुकदमा दर्ज किया। मामला है 6 ॰7॰2022 का आरोप है कि नोनापार निवासी मोनू तिवारी अपने घर सोय हुवे थे तबतक भटनी खास निवासी प्रेमशीला भारती आइ ओर उनको मारने पीटने वे जाति सूचक गालियां देने लगी आवाज सुन अगल बगल के लोग इकठा हुवे ओर बीच बचाव किया उसके बाद पर्थी कि जान बची पर्थी द्वारा आवेदन देंन के बाद भी भटनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया एक महीना बित जाने के बाद पर्थी पुलिस अधीक्षक से गुहार लगया तब जा के मुकदमा दर्ज हुआ।

### टैलेंट 2022 प्रतियोगिता परीक्षा में 306 परीक्षार्थी हुए शामिल

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स सलेमपुर (देवरिया)। श्री राम पब्लिक स्कूल ठाकुर गौरी में टेलेन्ट 2022 प्रियोगिता में कुल 306 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसमें प्रथम पाली में 204 परीक्षार्थियों



ने भाग लिया एवं दूसरी पाली में 102 परीक्षार्थी थे। इसका आयोजन मंदिर सेवा समिति ठाकुर गौरी के संस्थापक अरविंद कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया था। सुबह से ही विद्यालय परिसर में चहल पहल शुरू हो गई थी। परीक्षार्थियों का स्वागत रोली चंदन से किया जा रहा था एवं उनके ऊपर विद्यालय परिवार के बच्चों द्वारा पुष्प वर्षा भी की जा रही थी। इसमें रवि प्रकाश तिवारी, शिवहरि मिश्रा, सरोज रंजन शुक्ला, विवेक गुप्ता, पंकज कुमार चौधरी, अमित गौतम, रविशंकर मिश्रा, राजीव मिश्रा, विद्यालय प्रबंधन डॉ विनय गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्या श्रीमती संध्या गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार एवम भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह, पत्रकार जवाहर गुप्ता, लिटिल फोटोग्राफर सरदार सिमरजीत सिंह, राजेश यादव दीपक प्रियंका यादव शालिनी सिंह नूतन तिवारी आदि का सक्रिय सहयोग रहा।



## फरीदपुर में फल-फूल रहा है सुल्फा गांजा कारोबार भूरे खां गोटिया में भी आ गईनशे की बहार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। स्मैक तस्करी के बाद सुल्फा गांजा कारोबार भी चरम पर है फ्लाईओवर बीसलपुर रोड के अलावा भूरे खां गोटिया में भी नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है पुलिस को भनक तक नहीं!

ज्ञात हो 18 अगस्त 2021 की रात फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने रामगंगा कटरी के गांव पड़ेरा प्रधान सईद खान उर्फ छोटे भतीजे राजू को डी सुरेश ने के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

स्मैक तस्करी के आरोप में पुलिस ने मुकदमे में 25 नाम और बढ़ाएं थे तो नगर के अलावा देहात के बड़े–बड़े तस्करों के नाम उजागर हुए पुलिस ने तस्करों की घेराबंदी कर दर्जनों तस्कर जेल में पहुंचा दिए फिर भी नशे के कारोबार पर लगाम नहीं लगी स्मैक तस्करीका कारोबार अभी तक खत्म नहीं हुआ तब तक फ्लाईओवर से लेकर बीसलपुर रोड पर सुल्फा गांजा कारोबार धड़ल्ले से पनप गया फ्लाईओवर के नीचे अभय दुकानदारों के दरबार में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा साथ ही शराब के जाम भी छलकने लगे मजे की बात यह है सुबह से शाम तक पुलिस की पहरेदारी रहती है फिर भी नशे का कारोबार चरम पर है फ्लाईओवर के नशे के कारोबार की चिंगारी नगर के भूरे खां गोटिया मैं तस्करों के घरों के आसपास दहकने लगी सूत्रों के मुताबिक जहां दिन रात सुल्फा गांजा कारोबार धड़ल्ले से फल–फूल रहा है ।

लेकिननशे के कारोबार की पुलिस को भनक तक नहीं जिसके चलते नशे के कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं नशे के कारोबारी नशे का कारोबार करके युवाओं को बर्बाद करते हुए संपत्ति जुटाने में लगे हैं जिन्हें बाबा के बुलडोजर का खौफ भी नहीं!

## युवक ने व्यवसायी को झांसा देकर साढ़े सात हजार लेकर हुआ रफू चक्कर

बराकर। बराकर फांड़ी रोड स्थित करकट शीट बिक्रेता हनुमान हार्डवेयर के मालिक जगदीश माहेश्वरी को सम्मोहित कर एक अज्ञात युवक ने साढ़े सात हजार रुपया लेकर रफू चक्कर हो गया। घटना को लेकर व्यवसायी माहेश्वरी ने बताया कि रविवार की सुबह दुकान खोलने के साथ ही एक युवक ग्राहक बनकर दुकान आया। उस ग्राहक ने दुकान के सामने अपनी बाइक को लगाकर दुकान पर चढ़ कर चार करकट शीट देने की बात की। इस एवज में उस ग्राहक ने माहेश्वरी को दो हजार का एक नोट दिया ओर पांच सौ जमा कर पंद्रह सौ लौटने की बात की। माहेश्वरी ने दुकान के भीतर अपने चेम्बर में खुदरा निकालने के लिए गए। तब तक ग्राहक भी महेश्वसरी की पीछे चेम्बर में चला गया। जहा माहेश्वरी ने एक पाँच सो की गड्डी निकाल खुदरा देते। तबतक ग्राहक ने पाँच सौ की गड्डी अपने हाथों में लेली। उसमें से नए नोट की दरकार है बोलकर नोट चुनने लगा। जहा माहेश्वरी को कुछ भी समझ में नही आया। जहा उस ग्राहक ने पंद्रह पाँच सौ के नोट निकाल कर गड्डी को वापश कर दिया कि नया नोट नही है। इस दौरान ग्राहक ने अपने दो हजार वापश देने की बात की ओर बोला कि हमको सीट नही लेना है। जहा अपना दो हजार भी वापश ले लिया और अपनी बाइक स्टार्ट कर चलते बना। इतने में दुकान का कर्मी भी दुकान पहुचा तो देखा कि मालिक बिचलित है। तब माहेश्वरी ने घटना सुनाई ओर अपने स्टाफ को पांच सौ की बंडल को गिनती करने को कहा। जहा देखा गया कि उसमें से 15 नोट गायब है। जिसकी जानकारी बराकर पुलिस को दी। जिसमे युवक हेलमेट पहने हुए है जिसकी बाइक का नंबर भी मिला है। जो किसी फातिमा खातून का नाम से है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मालूम हो कि पूरे बराकर स्टेशन रोड पूरी तरह सीसीटीवी कैमरे की कैद में है।

## गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल पश्चिमी बंगाल राग रतन कीर्तन मुकाबला आसनसोल गोधूलि में आज



नियामतपुर। हर साल की तरह इस साल भी गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल पश्चिमी बंगाल 14 वां राग रतन कीर्तन मुकाबला आयोजित कर रहा है। यह मुकाबला 7 अगस्त रविवार को गुरुद्वारा साहिब, गोधुली आसनसोल में सवेरे 10रू00 बजे से आरंभ होगा। विदित हो कि इस मुकाबले के ऑडिशन राउंड बैंडल, जमशेदपुर, धनबाद एवं रानीगंज में हुए अतः ऑडिशन राउंड के द्वारा 26 प्रतियोगी फाइनल राउंड के लिए चुने गए। फाइनल राउंड के कीर्तन मुकाबले में प्रतियोगिताओं की परख करने के लिए शनिवार को अमृतसर की पावन धरती से उस्ताद भाई सुखवंत सिंह जी आज आसनसोल की धरती में पहुंचे।

वह शाम 5:00 बजे काजी नजरुल इस्लाम, दुर्गापुर हवाई अड्डे में पहुंचे एवं उनके स्वागत के लिए गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल पूर्वी भारत के सचिव सरदार गुरविंदर सिंह राज्य सचिव सरदार जसपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार हरदीप सिंह, अतिरिक्त सचिव सरदार बलजीत सिंह, कीर्तन विंग के सचिव सरदार गुरदीप सिंह एवं इलाके के कई गणमान्य व्यक्ति वहां उपस्थित हुए पूर्वी भारत के सचिव सरदार गुरविंदर सिंह जी ने बताया की प्रिंसिपल सुखवंत सिंह जी संगीत की एक चलती फिरती संस्था है एवं गुरमत संगीत को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनका विशेष योगदान है एवं गुरु गोविंद सिंघ स्टडी सर्कल की पूरी टीम की तरफ से हम प्रिंसिपल सुखवंत सिंह जी का आसनसोल के धरती में पहुंचकर बच्चों को अपना आशीर्वाद देने के लिए उन का तहे दिल से हम धन्यवाद करते हैं।

## वीरांगना वाहिनी 14 अगस्त को भारत माता मंदिर से निकालेगी तिरंगा यात्रा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। हिंदू जागरण मंच वीरांगना वाहिनी की महिलाओं ने अमृत महोत्सव के तहत बैठक कर तिरंगा यात्रा निकालने की रणनीति बनाई जिसमें 100 मोटरसाइकिल रखने का लक्ष्य रखा गया!

शासन की पहल पर अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस दिवस के उपलक्ष में निकाली जाने वाली घर–घर तिरंगा यात्रा को लेकर हिंदू



जागरण मंच वीरांगना वाहिनी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारत माता मंदिर परबैठक कर तिरंगा यात्रा की रणनीति बनाई रणनीति के दौरान तय किया गया 14 अगस्त को भारत माता मंदिर से शाम 5रू00 बजे रैली का शुभारंभ किया जाएगा जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर वापस भारत माता मंदिर पर संपन्न हुई जिसमें 100 मोटरसाइकिल का लक्ष्य रखा गया है वीरांगना वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने रैली को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की है!

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, जिला संपर्क प्रमुख गोपाल यादव ,पंकज सक्सेना ,प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ,संगीता कश्यप, नगर अध्यक्ष प्रीति सिंह ,नगर अध्यक्ष सतपाल सिंह ,जिला मंत्री राम यादव, युवा नगर अध्यक्ष अंकित ,ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सैनी मौजूद रहे!

## आगामी 9 अगस्त को समाजवादी पार्टी द्वारा क्रांति यात्रा निकालने की रणनीति

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट! समाजवादी पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गई , बैठक में आगामी 9 अगस्त को समाजवादी पार्टी द्वारा अगस्त क्रंति यात्रा निकाले जाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के चेयरमैन सुभाष चंद जायसवाल ने की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर संग्राम यादव ने कहा कि आज भारत हमारा देश उस दौर से गुजर रहा है जिसकी परिकल्पना हमारे वीर जवानों स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले क्रांतिकारियों ने सोचा नहीं था वर्तमान सरकार जाति धर्म के नाम पर तो देश को बांट ही रही थी अब क्रांतिकारियों के नाम पर भी देश को बांटने पर आ तू है जो कभी अपने कार्यालय में तिरंगा झंडा नहीं रहा थे।

आज वह तिरंगा झंडा रैली निकाल रहे हैं उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार की गोद में बैठा है लूट हत्या अपने चरम पर है युवाओं से रोजगार छीना जा रहा है सरकारी संपत्तियों को बेचा जा रहा है मुख्यमंत्री को गोरखपुर से फुर्सत नहीं है ऐसे में प्रदेश का विकास कैसे हो पाएगा।

ब्लाक प्रमुख चंद शेखर यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार को विकास से कुछ लेना देना नहीं है यह समाज को कभी धर्म के नाम पर कभी जाति के नाम पर बांटकर के राज करना चाह रही है यह पार्टी है जो राष्ट्र सम्मान को भी राजनीति की आंखों से देख रही है आज तिरंगे का जो स्वरूप है उसे लाखों



कुर्बानियां देकर के हमने प्राप्त की है भारतीय जनता पार्टी उस पर भी राजनीति कर रही है उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत भारतीय जनता पार्टी संविधान को भी समाप्त करने पर आतुर है तथा तिरंगा झंडे को भी समाप्त करने की साजिश रच रही है यह मनुवादी व्यवस्था पर विश्वास करते हैं और उसी को थोपना चाह रहे है बैठक में मुख्य रूप से सुभाष चंद जायसवाल शीतला निषाद चंद्रजीत यादव डॉक्टर नरेंद्र नाथ यादव घनानंद गिरी कमला यादव सचिन जयसवाल,प्रदीप सोनी, तमाम लोग थे।

## कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर महिला से बलात्कार के बाद निकाह अब मारपीट कर घर से निकाला, एसएसपी से कार्यवाही कीगुहार



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। रेलवे कर्मी ने महिला को बहला–फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर बलात्कार करने के बाद निकाह किया रिटायरमेंट होने के बाद महिला को मारपीट कर घर से निकाला दर–दर न्याय को भटक रही महिला कार्यवाही को लेकर एसएसपी से लगाई गुहार!

नगर के मोहल्ला फरकपुर निवासी महिला ने एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकजको प्रार्थना पत्र देकर बताया आज से 4 वर्ष पहले उसकी मुलाकात रेलवे में तैनात कीमैन से हो गई थी मुलाकात से पूर्व उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी इसी दौरान उसने बहला–फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकरउसके साथ बेहोशी हालत में बलपूर्वक बलात्कार किया होश आने पर जब उसने आपत्ति की तो रेलवे कर्मी ने गलती का एहसास करते हुए उससे निकाह करने की बात कह दी महिला ने इज्जत की खातिर 4 वर्ष पूर्व रेलवे कर्मी से निकाह कर लिया उसी दरमियान से वह उसकी पत्नी बन कर रह रही थी रेलवे कर्मी जब रिटायरमेंट की कगार पर पहुंचा तो महिला का आरोप है उसके लड़के व सौतेले भाई एवं बहुएं मानसिक प्रताड़ना पर उतर आई और आए दिन मारपीट कर घर से भाग जाने की धमकी देने लगी 30 मई 2022 को रेलवे कर्मी रिटायर हो गया तब से वह महिला को घर से भगाने की जुगत ढूंढने लगा वही परिवार वाले भी इज्जत पर हाथ डालने की



कोशिश करने लगे महिला ने बताया कि परिजन उसकी इज्जत लूट कर घर से भगाने की फिराक में है 4 अगस्त 2022 उसकी बनवास की रात बन गई परिजनों ने मारा पीटा और रेलवे कर्मी ने तीन तलाक देने की धमकी दे डाली और महिला को जबरन मारपीट कर धक्के मार कर घर से निकाल दिया पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की कार्यवाही को लेकर पीड़ित महिला ने 6 अगस्त 2022 कोएसएसपी का दरवाजा खटखटाया है महिला ने आरोपी रेलकर्मी उसके दोनों बेटों और सौतेले भाई के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है!

## प्रकाशन डोज का शुभारंभ भाजपा विधायक और एमएलसी ने फीता काटकरकिया



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। शासन की पहल और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 18 वर्ष से अधिक लोगों को प्रकाशन डोज लगाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा विधायक और बरेली रामपुर एमएलसी ने किया सीएचसी अधीक्षक ने सम्मानित किया!

शासन की पहल पर रविवार को आजादी के अंदर महोत्सव के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को प्रकाशन रोज लगाने का अभियान चलाया गया अभियान से पूर्व भाजपा विधायक और बरेली रामपुर एमएलसी को सीएससी अधीक्षक डॉ अनुराग गौतम ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कियाअभियान का उद्घाटन भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉक्टर श्याम बिहारीलाल एवं बरेली रामपुर विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें भारी भीड़ जुटी लगभग 1130 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया जो कोरोना महामारी से जंग में कारगर साबित होगा क्योंकि जिले में कोरोना पैर पसारने लगा है।

जिसके नियंत्रण की जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की है क्योंकि 2 वर्षीय कोरोनावायरस के दौरान लोगों ने महामारी का तांडव देखा है।

लाखों लोग महामारी की चपेट में आकर मौत के मुंह में समा गए श्मशान और कब्रिस्तान में तिल रखने की जगह नहीं रही इसीलिए शासन और प्रशासन वैक्सीन का कवच लेकर मैदान में उतरा है!

इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुराग गौतम ,डॉक्टर तौफीक अहमद, डॉ विजय कुमार ,फार्मेसिस्ट धीरेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग शर्मा एवं प्रशिक्षण अधिकारी आकाश भटनागर, आशुतोष कुमार, रुचि जयसवाल ,रुकमणी देवी, प्रियंका आदि का विशेष सहयोग रहा!

## लंबी कूद प्रतियोगिता में अनुराग निषाद बने प्रथम विजेता जीती रेंजर साइकिल

दैनिक अयोध्या टाइम्स खागा (फतेहपुर)। तहसील क्षेत्र के हरदो गांव बड़े भीट बाबा स्थित ममता सिंह इंटर कॉलेज परिसर में इनामी लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व आयोजक ग्राम प्रधान नागेंद्र यादव रहे। और इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि में फीता काटकर किया ।तथा इनामी प्रतियोगिता में 19 फीट लंबी छलांग लगाकर अनुराग निषाद में प्रथम पुरस्कार विजेता बने।

खागा तहसील के हरदो बड़े भीट बाबा स्थित ममता इंटर कॉलेज परिसर में इनामी लंबी कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि दिनांक 7 जुलाई 2022 दिन रविवार को खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन को लेकर लम्बी कूद का आयोजन किया गया है। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। और इन्होंने बताया कि कुल तीन राउंड की जम्प में सुल्तानपुर जिले के अनुराग निषाद प्रयागराज में रहकर तैयारी कर रहा था ।सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्तों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुआ था। जिसमें 19 फीट लम्बी छलांग लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया तथा इन्होंने बताया कि खागा तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड विजयीपुर अन्तर्गत टेसाही





खुर्द निवासी कुलदीप कुमार व जगदीशपुर निवासी अक्षय कुमार ने 18.7 फिट छलांग लगाई। जिसपर पुनः जम्प करायी गयी।

जिसमें कुलदीप कुमार ने अक्षय कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।वही कार्यक्रम के आयोजक समिति ने प्रथम विजेता अनुराग निषाद को रेंजर साइकिल व द्वितीय विजेता कुलदीप कुमार को मिक्सी मशीन एवं तृतीय विजेता अक्षय कुमार को फर्राटा पंखा देकर पुरस्कृत किया। और फूल माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना है। वही कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र के खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष होती रहेगी और कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सदानंद डिग्री कॉलेज के प्रबंधक प्रकाश त्रिपाठी उर्फ रानू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत पाल, लंबरदार मार्केट के मालिक अमर सिंह यादव, पहाड़पुर प्रधान मदन सिंह यादव, रावेंद्र यादव सहित तमाम क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अखंड पाठ के साथ हुआ विशाल भंडारा

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर संवाददाता संजय शुक्ला फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कौंह में ग्राम प्रधान सोमू पाण्डेय के नेतृत्व में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ संपन्न हुआ । अखंड पाठ समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण नगर की कन्याओं को सर्वप्रथम पूजन तिलक कर भोजन ग्रहण कराया गया इसके पश्चात समस्त नगरवासी एवं क्षेत्र वासियों ने पहुंच कर महाप्रसाद को ग्रहण किया । कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान सोमू पाण्डेय ने बताया यह कार्यक्रम लगभग 18 वर्ष पूर्व वर्ष 2004 से अनवरत चला आ रहा है जहां श्रावण मास में आयोजक के द्वारा प्रतिवर्ष श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ तथा विशाल भंडारा कराया जाता है। विशाल भंडारे के अंतर्गत मुख्य रूप से अमित द्विवेदी धीरू मिश्रा गौरव पाण्डेय लाल तिवारी आशीष पाण्डेय अखिलेश राघव दीपक रामबाबू रजनीकांत शुक्ला तथा दिलीप शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में समस्त ग्राम वासी क्षेत्रवासी मौजूद रहे कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों का आयोजक ग्राम प्रधान ने आभार व्यक्त किया।



## मुफ्त प्रीकाशन डोज अभियान में भाजपाइयों ने दिया योगदान

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। जनपद के सभी अस्पतालों में लगे बूस्टर डोज,सभी अस्पतालों में कार्यक्रम को गति देने पहुंचे भाजपा पदाधिकारी जिला अस्पताल सहित जनपद के सभी सीएचसी व पीएचसी में आज बूस्टर डोज लोगों को दिये गये, सभी स्थानों में एक साथ भाजपा पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा गति देने के लिए लगाया गया । जिला अस्पताल में जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा,अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता पार्टी अभियान प्रभारी नीरज सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे पीएचसी सेमरहटा में जिला मंत्री व बूस्टर डोज अभियान सहप्रभारी कुलदीप भदौरिया कार्यकर्ताओं संग उपस्थित रहे, वहीं सीएचसी संक्रांत खालिस असोथर में स्थानीय विधायक विकास गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, राम महेश निषाद, करूणेश दुबे पीएचसी असोथर में मंडल अध्यक्ष आसोथर अमित अग्निहोत्री, सौरभ अग्रिहोत्री, आशुतोष, सरवर खान बहुआ में जिला उपाध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह अरिमर्दन सिंह मौजूद रहे।



## 125 फुट उंची मंदिर निर्माण को लेकर भूमिपूजन

संकतोड़िया। कुल्टी क्षेत्र के शीतलपुर राजवार पाड़ा में शिव मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजा में मुख्य यजमान के रूप में व्यवसायी एवं समाजसेवी मनोज राजवाड़ मौजूद थे। आपको बता दें मनोज राजवाड़ जनकल्याण मुलक कार्य एवं गरीब असहायों के सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहतें। आज उन्ही के नेतृत्व में यहां शिव मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ होने जा रह है और जिसके उपलक्ष्य में आज भूमि पूजन किया गया। मुख्य यजमान मनोज राजवाड़ के उपस्थिति में पूरी विधिविधान से मंत्रो उच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। पूजा के बाद सभी को भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यवसायी एवं समाजसेवी मनोज राजवाड़ ने बताया कि जोधपुर के दक्ष कारीगर द्वारा यहां 4 बीघा जमीन पर धाम के रूप में 125 फुट ऊंचाई शिव मंदिर का निर्माण किया जाएगा। वहीं सामने रिवर साइड में सड़क का भी निर्माण होगा जहां से श्रद्धालु आसानी आवाजाही कर सकेंगे। उन्होंने बताया की इस मंदिर निर्माण हेतु स्थानीय लोगो का भी अहम योगदान है। जिन्होंने मिल कर चंदा इकट्ठा करने में भी हमे सहयोग कर रहे हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में मनोज राजवाड़ के अलावा समाजसेवी तेजनारायण राम, जगरनाथ राय, सत्यजीत रवानी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



## लड़की भगाने के आरोपी के घर हुई मुनादी

अयोध्या टाइम्स संवाददाता आदर्श श्रीवास्तव सगड़ी,आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के खांड गांव में नंदलाल भारती पुत्र मुसाफिर पर जीयनपुर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 195/22 धारा 363,366 आईपीसी के तहत अप्रैल माह में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस पर आरोप था कि लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है तब से पुलिस इसकी तलाश कर रही है पर अभी तक यह घर नहीं लौटा। जबकि पूर्व में एनबीडब्ल्यू का भी वारंट इसके खिलाफ जारी किया जा चुका है। पुलिस के अथक प्रयास के बाद भी लड़की भगाने के आरोपी अब तक तो कोर्ट में सरेंडर किया एवं नाही पुलिस के हत्थे चढ़ा जिससे लड़की के परिजन काफी परेशान हैं और बार–बार थाना कोतवाली का चक्कर काट रहे हैं ।जिसको लेकर जीयनपुर कोतवाली द्वारा इसके 82 की नोटिस जारी कर दुग्गी पिटवा कर इसके घर पर और सार्वजनिक स्थान पर गांव में चस्पा किया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी लाटघाट सौरभ सिंह ने बताया कि अब यदि यह हाजिर नहीं होता है तो इसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा ।यदि इस पर भी नहीं माना तो इनाम घोषित करने की भी तैयारी इसके खिलाफ की जा रही है ।नोटिस चस्पा होने के बाद से गांव में हड़कंप मचा हुआ है।



## जीयनपुर में प्रिकॉशन डोज का हुआ सुभारम्भ

अयोध्या टाइम्स संवाददाता आदर्श श्रीवास्तव सगड़ी आजमगढ। आजादी का अमृत महोत्सव मुफ्त प्रिकाशन डोज महाभियान का शुभारंभ रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीयनपुर का श्री गणेश स्थानीय पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक ज्ञानेंद्र मिश्र ने फीता काटकर किया। अमृत महोत्सव मनाए प्रिकॉशन डोज लेकर जिम्मेदारी निभाए जैसे स्लोगन के साथ रविवार को महाअभियान की शुरुआत हुई ।जीत का टीका सबको लगे उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार एक विशेष अभियान चला रही है। रविवार को जीयनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी प्रिकॉशन डोज महा अभियान का फीता काटकर श्री गणेश करते हुए स्थानीय पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि



18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त नागरिकों को कोविड की प्रकाशन डोज निशुल्क लगाई जाएगी ऐसी सरकार ने व्यवस्था की है । कोविड वैक्सीन की द्वितीय डोज प्राप्त होने के 6 माह अथवा 26 सप्ताह पूर्ण होने के पश्चात ही। प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी तथा कोविड वैक्सीन की प्रकाशन डोज हेतु पहली एवं दूसरी खुराक में प्रदान की गई वैक्सीन का ही उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर देवानंद अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे, उन्होंने कहा कि आप सब कोविड 19 का बूस्टर डोज, को वैक्सीन, कोविशिल्ड एवं 12 से 14 वर्ष के बच्चों, सभी का टीका उपलब्ध है । इस पर प्रमुख रूप से इस अवसर पर डॉ जमीर बलदेव यादव दीपक यादव शमीम सुषमा रंजीता राय भानु सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार भेजा जेल

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद की कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बीती रात गांव के बाहर खेतों में पड़ी झोपड़ी में अचानक छापा मारा तो दो लोग अवैध कच्ची शराब निकाल रहे थे ।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अमित पुत्र मोहरपाल निवासी ग्राम कोनायाकूबपुर एवं जुगनू पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम याकूबपुर को गिरफ्तार किया ।जिनके पास से 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई ।जबकि 100 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया।पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की।



## मदरसा में पशु वध करता मौलाना गिरफ्तार, डेढ़ कुंतल मांस बरामद, 4 लोगों को लिया हिरासत में

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद, शाहजहांपुर। पुलिस महकमे में उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मदरसा में भैस का वध कर रहे हैं।पुलिस ने बिना देर किए मदरसे में छापा मारकर मौके से डेढ़ कुंटल मांस समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है।तो वहीं पशुओं के मांस की जांच के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीम बुलाई गई है।कोतवाली कांट कस्बे के मोहल्ला नवीपुर स्थित मदरसा जिलानी के अंदर पशुओं को काटा जा रहा था।इसी दौरान मुखबिर ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।कोतवाल मनोज कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ मदरसा पहुंचे। मौके से उन्होंने मौलाना बशीरुद्दीन तथा उसके दामाद बाबर समेत चार लोगो को पशुओं को काटते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस काम मे कुछ महिलाएं भी सहयोग कर रही थी।पुलिस ने मांस की जांच के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जयप्रकाश को बुलाया है। पुलिस ने मांस को कब्जे में ले लिया।पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मांस की जांच कराई जा रही है।रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ताजिया से पूर्व निकाला गया गलियों में आलम का झंडा भारी संख्या में लोगों ने लिया भाग

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर।जनपद की नगर जलालाबाद का है नगर में ताजिया उठाने ह से पूर्व अलम का झंडा निकाला जाता है। यह झंडा 2 दिन तक नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाला गया ।इसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। यह झंडा रमजानी की मकान से शुरू हुआ जो इमामबाड़े जामा मस्जिद गुनारा कसाई की पुलिया जामा मस्जिद बीच वाली गली से होते हुए सादुल्ला गंज से वापस रमजानी के मकान तक पहुंचा ।इस अवसर पर शरीफ लादेन रमजानी आशिक वाहिद शकील अलम वाले व सलीम आज प्रमुख व्यक्ति शामिल रहे।

## 15 अगस्त से शुरू होगी पुष्कर गोमती जल कलश यात्रा

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम पुवायाँ, शाहजहाँपुर। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित संगठन लोकभारती द्वारा क्षेत्र में जलसंरक्षण के विषय पर जनजागरूकता को लेकर बड़ा अभियान चल रहा है।15 अगस्त से 21 अगस्त तक पुष्कर से लाए जल कलश को केंद्र में रखते हुए पुष्कर गोमती जल कलश यात्रा के आयोजन की तैयारी बैठक आज नगर पालिका सभागार में हुई।इस यात्रा में विशेष रूप से राजस्थान के राजा लक्ष्मण सिंह तीन दिन तक रहने वाले हैं,आप जल संरक्षण के कार्य पर विश्व विख्यात व्यक्ति हैं।लोकभारती के क्षेत्रीय संयोजक संजय उपाध्याय की उपस्थिति में बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता तथा विहिप प्रान्त मंत्री राजीव सिंह को यात्रा संरक्षक बनाया गया। प्रमोद गुप्ता इस आयोजन के कोष प्रमुख होंगे।यात्रा के व्यवस्थित संचालन हेतु एक संचालक मंडल का गठन हुआ है जिसमें संजय त्रिपाठी, संदीप सिंह भूरे, हरनाम सिंह, नवीन कुमार नकूमपुर, मैकूलाल औरंगाबाद भूमिका में रहेंगे।पुवायां नगर से एक संयोजक मंडल गठित हुआ है इसमें प्रमोद गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, गौरव मिश्र, अनूप चौधरी और सुबोध वर्मा विहिप के जिलाध्यक्ष के के गुप्ता रहेंगे।यात्रा की प्रचार व्यवस्था मधु सिंह,




रीतारानी एडवोकेट, आभा गुप्ता और पुनीत तिवारी देखेंगे।हरनेत सिंह और निवेश कुमार पूरी यात्रा में साथ रहेंगे। यह यात्रा 15 अगस्त को हरे राम मंदिर पक्का तालाब से प्रारम्भ होकर 21 अगस्त को गोमती तट पन्नघाट परसमापन होगा। इस पूरी यात्रा में 6 रात्रि विश्राम होंगे।कलश यात्रा वाले हर गांव में ग्राम समिति बनेगी जो अपने गांव की व्यवस्था देखेगी।कलश पूजन के माध्यम से प्रत्येक परिवार की महिलाओं एवं बच्चों को जल संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से की जा रही यात्रा में बाहर से आए हुए संत,जल पर कार्य करने वाले अनेक क्षेत्रों के बंधु तथा लोकभारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज सिंह द्वारा लोकभारती इस क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों का आवाहन और जल संकट से सुरक्षा हेतु इस अभियान से जुड़ने की अपील की गई।

## एएनएम के गुर्गे प्रसूता के पति व परिजनों पर बना रहे हैं समझौते का दबाव

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कलान, शाहजहांपुर। प्रसव केंद्र पर नवजात शिशु मौत प्रकरण के मामले में एएनएम के गुर्गे प्रसूता के पति पर समझौते का दबाव बना रहे हैं।ज्ञात हो कि बीते माह के अंतिम दिन कृपाल निवासी पिलुआ अपनी पत्नी साधना को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस से कलान प्रसव केंद्र पर लाया था। वहां पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी शबनम ने पहले तो भर्ती करने से मना कर दिया।जब कृपाल ने स्वास्थ्य कर्मी शबनम से विनती की तो शबनम ने भर्ती करने के नाम पर 3000 की मांग की पीड़ित के पास 2000 थे।स्वास्थ्य कर्मी शबनम को दे दिए। आरोप है कि तब कहीं जाकर शबनम ने पीड़ित की पत्नी साधना को भर्ती किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं थी। स्वास्थ्य कर्मी शबनम ने प्रसूता के पति से मोमबत्ती मगाकर मोमबत्ती की रोशनी में प्रसव कराया एएनएम की लापरवाही से कृपाल के बच्चे की मौत हो गई। उसके बाद कृपाल ने स्वास्थ्य कर्मी शबनम से कहा एंबुलेंस की व्यवस्था करा दो।लेकिन स्वास्थ्य कर्मी शबनम ने कृपाल से अभद्र व्यवहार कर कहा कि यहां से भाग जाओ एंबुलेंस की सुविधा इस समय यहां नहीं है।प्रसूता के पति ने प्रसूता को अपनी गोद में उठाकर गांव तक पैदल ले गया। प्रसूता के पति ने इस घटना की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री ,जिला अधिकारी ,व मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहांपुर से की तब एएनएम शबनम के हाथ–पैर फूल गए।इसी को लेकर कलान क्षेत्र के अपने सजातीय प्रधान व अन्य गुर्गोंको लेकर प्रसूता के गांव पहुंच गए।तब उस पर समझौता कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया लेकिन प्रसूता व उसके पति ने एक न मानी। जिससे गुर्गे बैरंग वापस हो गए।



## वरिष्ठ कवि कमल मानव कोमिला बलवीर सिंह नारंग पुरस्कार, साहित्यकारों में हर्ष की लहर

- अखिल भारतीय साहित्यकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वैरागी ने फोन पर दी बधाई

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
पुवायां, शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की ओर से जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार और कवि कमल मानव को बलवीर सिंह नारंग पुरस्कार दिए जाने पर साहित्यकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। अखिल भारतीय साहित्यकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कवि प्रदीप वैरागी ने उन्हें फोन पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जनपद के साहित्यकारों लिए बड़े हर्ष का विषय है।विदित हो कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें पिछले वर्ष प्रकाशित गीत संग्रह चंद्रमा के मधु शिविर के लिए प्रदान किया गया।जिसमें उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की ओर से 40000 के नगद धनराज के साथ ही प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ कवि कमल मानव को



सम्मानित किए जाने पर अखिल भारतीय साहित्यकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रवादी कवि प्रदीप वैरागी ,सृजन साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष राम लडैते श्रीवास, संरक्षक रामबाबू शुक्ला,अरविंद पंडित तेजपाल जोशी ,हिमांशु शुक्ला ,आशीष देव ,शिव ओम प्यासा, रामप्रताप वियोगी, कालीचरन सक्सेना, आदित्य मिश्रा, रिषभ शुक्ला आलोक मिश्रा रवि सूर्या आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आये दिन फुंकते हैं ट्रांसफार्मर, नहीं मिल पा रही विद्युत आपूर्ति

- मुख्यमंत्री के आदेश को नहीं मानते विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी,विद्युत विभाग से संबंधित समस्या होने पर सीयूजी नंबर नहीं उठाते अधिकारी एवं कर्मचारी,हवा हवाई साबित हो रहा मुख्यमंत्री का आदेश

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
कलान–शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नहीं मानते हैं। विद्युत विभाग से संबंधित समस्या हो तो जरूरत पड़ने पर अधिकारी एवं कर्मचारी सीयूजी फोन तक नहीं उठाते हैं। जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री आदेश है कि जिला मुख्यालय 20 से 22 घंण्टा,तहसील मुख्यालय पर18 से 20 घण्टा, एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 से 18 घंटे बिजली दी जाए।लेकिन यहां तहसील मुख्यालय पर हवा हवाई साबित हो रहा है।तहसील मुख्यालय नगर पंचायत कलान में ब्लॉक,थाना,तहसील तथा अस्पताल परिसर को विद्युत सप्लाई करने वाला विद्युत ट्रांसफार्मर आए दिन फुंक जाता है।जिससे नगर वासियों में गहरा रोष व्याप्त है। कलान नगर पंचायत में थाना ब्लॉक,तहसील,अस्पताल आदि को विद्युत सप्लाई करने वाला बीपी इलेक्ट्रॉनिक्स के पास स्टेट हाईवे



पर रखा ट्रांसफार्मर आए दिन फुंक जाता है।जिससे अस्पताल में कोरोना टीकाकरण एंटी रैबीज इन्जक्शन आदि महत्वपूर्ण वैक्सीन का रखरखाव विद्युत अभाव के कारण नही हो पाता है।बताते हैं उक्त ट्रांसफार्मर से थाने वाली गली,ब्लॉक वाली गली,बाबा धूमनाथ आश्रम वाली गली समेत आधे कस्बे को विद्युत सप्लाई दी जाती है।जिससे ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के चलते ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं।

जिस कारण नगरवासी इस भीषण गर्मी में बेचौन हो रहे हैं। पानी की भारी किल्लत है।बताते हैं कि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस संबंध में दिलचस्पी न लेकर लापरवाह बने हुए हैं। नगर निवासी रामचंद्र गुप्ता,महेश चंद्र गुप्ता,उमेश गुप्ता,राधाकृष्णा, प्रमोद,नत्थूलाल,ब्रहमानंद, रामदास,भगवानदास आदि ने विभाग एवं जिला अधिकारी शाहजहांपुर उमेश प्रताप सिंह से हस्तक्षेप कर फुकें रखे ट्रांसफार्मर से अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवाये जाने की मांग की है।

## हर घर तिरंगा की मुहिम को सफल बनाने के लिए डाकघर में उपलब्ध कराया तिरंगा




अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहाँपुर। डाक मंडल में गुजरात के बने झंडे विक्री हेतु उपलब्ध है 20•30 साइज का झंडे का मूल्य 25 रुपए है डाक अधीक्षक दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि शाहजहाँपुर जनपद के सभी डाकघरों में झंडे विक्री हेतु उपलब्ध है! जनता की सुविधा हेतु केंद्र सरकार के डाक विभाग द्वारा हर घर तिरंगा की मुहिम को सफल बनाने हेतु प्रत्येक डाकघर में झंडे उपलब्ध कराये गये है! हर घर तिरंगा की मुहिम को सफल बनाने हेतु प्रधान डाक घर शाहजहाँपुर से एक रैली निकाली गयी । डाक कर्मचारियों ने हाथो में तिरंगा लेकर , इंडिया पोस्ट – सबका दोस्त, डाक विभाग ने ठाना है – घर तिरंगा फहराना है के नारे लगाते हुए जनता को जागरूक किया स रैली में सहायक डाक अधीक्षक सुमनेश कुमार, निरीक्षक डाकघर अतुल मिश्रा व धर्मेंद्र सिंह, पोस्टमास्टर अरुण प्रताप सिंह भदौरिया, अरविंद कुमार, मंजू कश्यप, मंजू श्रीवास्तव, प्रत्युश , आद्या दीक्षित, चंद्रोदय सिंह, आनंद अग्रवाल, अरविंद , राज कुमार, गुरजीत, शैलेश , राकेश , देवेंद्र, मनीष भट्ट, प्रमोद, हिमांशु रंजन, विवेक अवस्थी , रंम्पू लाल, जितेंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, सुरेश कुमार, हरद्वारी लाल, महेश चंद्र, राजेश कुमार, राकेश कुमार, सुरेंद्र, गुरमेल सिंह, अरुण कश्यप, अनिल राठौर, मुनीश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सिकंदरपुर अफगान में बिजली के करंट से दो महिलाएं झुलसी बाल बाल बची जान



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अफगान का है जहां गीता पत्नी उमेश फर्राटा पंखा उठा रही थी इसी दौरान किसी तरीके से पंखे में करंट आ गया जिससे महिला गीता करंट की चपेट में आ गई और झटके मारने लगी। उसकी चीख सुनकर पिंकी ने उसको डंडे से तार खींचा तार टूटकर पिंकी के चिपक गया और पिंकी बुरी तरीके से झुलस गई। गनीमत रही कि उसी समय लाइट गुल हो गई ।

जिससे दोनों महिलाएं बाल बाल मौत से बच गई ।घायल महिलाओं को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरे संगठन के जिला अध्यक्ष मनोनीत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के स्थापना दिवस के समारोह के मौके पर कार्यक्रम स्थल जागर्स पार्क दुबग्गा लखनऊ में आयोजित किया गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अर्पण सिंह कुशवाहा को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया जानकारी के अनुसार भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने स्थापना दिवस के मौके पर अर्पण सिंह कुशवाहा को जनपद शाहजहांपुर का अध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।
इस अवसर पर सभी संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जनपद के संगठन के समस्त पदाधिकारी तथा जनपद अध्यक्ष प्रमोद यादव तहसील अध्यक्ष ललन सिंह कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष तालिब खान कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष पिंटू सिंह एवं जिला प्रभारी अश्विनी सिंह इरफान अहमद मोबीनबाबा आकाश रावत वीरेंद्र यादव मैं जिला अध्यक्ष को मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निकाली जलाभिषेक यात्रा

- जलालाबाद से निकाली गई राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा जलाभिषेक यात्रा मदनापुर शिवधाम पर हुई सम्पन्न

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
जलालाबाद, शाहजहांपुर। राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत अध्यक्ष मुनिराज सिंह ने नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले कई वर्षों से श्रावण माह के पावन अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से जलाभिषेक यात्रा का आयोजन होता चला आ रहा है इसी क्रम में आज रविवार को सुबह नौ बजे नगर व क्षेत्र के हजारों युवाओं ने बाइकों पर भगवा ध्वज लगाकर गंगाजल की बोतल लेकर हर हर बम बम के जयकारों के साथ नगर जलालाबाद से बरेली रोड होते हुए मदनापुर के लिए प्रस्थान किया ।



इस यात्रा के दौरान जलालाबाद नगर पालिका चेयरमैन मुनेंद्र बाबू गुप्ता एवं कार्यकर्ताओं व गंगा मंदिर पर प्रांजल गुप्ता एवम मदनापुर थानाध्यक्ष ने शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया वहीं कार्यकर्ता डीजे पर नाचते गाते हुए नजर आए जिसके उपरांत मदनापुर फिरोजपुर महादेव के मंदिर पर पहुंचकर भक्तों ने प्रसाद ब जल चढ़ाकर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर विवेक मिश्रा नाहिल कुंवर मुनीराज सिंह ,एड कृष्ण कुमार सक्सेना,अर्पित गुप्ता भामाशाह सुमित गुप्ता, राहुल सिंह सिकंदरपुर, राहुल अवस्थी, अलक्षेंद्र सिंह,प्रदीप श्रीवास्तव ,शैलेंद्र सिंह, विपिन सिंह छोटू, भूपेंद्र सिंह कमलेश यादव सर्वेश सक्सेना, हर्सित श्रीवास्तव , अनुज सिंह अजय चंदेल, पंकज यादव आदेश कुशवाहा, प्रखर बाबू, रजत शर्मा, , मनोज सिंह दद्दा ,अभिषेक सिंह ठिगरी, प्रदीप सिंह, भन्नू, प्रवीण गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन के बड़े बेटे भरत गुप्ता ने जेसीबी से ऊपर बैठकर बजरंग दल की रैली के ऊपर फूलों की बारिश की एवं वैभव त्रिवेदी एवं समस्त नगर के हजारों कार्यकर्ता एवं सैकड़ों मोटरसाइकिल सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## प्रेरणा जूनियर वर्ग में प्रेरणा चौहान तथा सीनियर वर्ग में आलोक कुमार ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

- जनपद के अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
पुवायाँ, शाहजहाँपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद के अमर शहीदों की स्मृति और सम्मान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वाधीनता संग्राम में जनपद की भूमिका विषय पर आयोजित क्विज 75 प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में मारवाह मॉडर्न स्कूल की छात्रा प्रेरणा चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को अचंभित कर दिया।बता दें कि प्रेरणा चौहान बसखेड़ा बुजुर्ग निवासी शिक्षक शंभू सिंह की बेटी है। प्रेरणा ने कक्षा 8 की परीक्षा जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की है और वर्तमान में मारवाह मॉर्डन स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा हैवहीं लिटिल फ्लॉवर कान्वेंट स्कूल के कक्षा 6 के छात्र शिवांश देव ने जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।शिवांश के पिता रामनिवास शिक्षक हैं।

जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान पर लिटिल फ्लॉवर कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा और निगोही रोड निवासी लघु कारोबारी नवनीत शर्मा की बेटी आरुषी शर्मा और इटौली पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र आदित्य कुमार रहे संयुक्त रूप से रहे। आदित्य कुमार के पिता जयदेव कुमार किसानी और दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। सीनियर वर्ग में पुवायाँ इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र आलोक कुमार पुत्र गयाप्रसाद प्रथम, लिटिल फ्लॉवर कान्वेंट स्कूल के कक्षा 11 के छात्र गुरविंदर सिंह पुत्र रंजीत सिंह द्वितीय स्थान पर तथा पुवायाँ पब्लिक उच्चतर माध्यमिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र आयुष कुमार पुत्र कमल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। पुवायाँ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जे पी मौर्या ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय परिणाम घोषित होने के बाद अब 10 अगस्त को सफल विद्यार्थियों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन शाहजहांपुर के राजकीय इंटर कॉलेज में किया जाएगा। जिसमें प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की ओर से 15000 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।



## शम्स पब्लिक स्कूल संसारपुर में अमृत महोत्सव का आयोजन

ग्रामीण भारत जनसेवा संस्था की स्थापना 18 दिसंबर 2020 को हुई थी संस्था के द्वारा अभी तक आंख कैंप, स्वास्थ्य कैंप ,गरीब बच्चों को स्वेटर वितरण ,खिचड़ी श्रावण मास में शरबत प्याऊ एवं भंडारे सेवायोजन समय–समय पर किए गए, आर्थिक रूप से निर्धन असहाय तथा विधवाओं की मदद की गई इसी प्रकार समय–समय पर जरूरत के अनुसार जरूरत के अनुसार जनकल्याण जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सरकार की मंशा के मुताबिक कार्यक्रम किए गए जिसमें निर्धन छात्रों को काफी व कलम अन्य सामग्री के वितरण किए गए
अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। संसारपुर कुकरा खीरी ग्रामीण भारत जनसेवा संस्था द्वारा 75 आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में शम्स पब्लिक स्कूल संसारपुर खीरी के प्रांगण मैं कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष शमशाद अंसारी के द्वारा संरक्षक रामनिवास गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि रामप्रसाद देवल प्रधान प्रतिनिधि संसारपुर खीरी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले कुकरा के वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया प्रभारी बरकत अली अंसारी, अमर उजाला पत्रकार पीयूष अग्रवाल संसारपुर, सर्वेश गुप्ता पत्रकार अमृत विचार बांकेगंज,राजन गुप्ता पत्रकार हिंदुस्तान संसारपुर, विनोद गुप्ता संवाददाता लोकभारती संसारपुर व सामाजिक कार्य करने वाले नाजिम अंसारी ,मो. आजम डी फार्मा करोना वैरीयस आज को शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं क्षेत्र के सोबरन इंटर कॉलेज एवं जे पी इंटर कॉलेज में इंटर हाईस्कूल में प्रथम आने वाले विद्यार्थी मनु देवी, सौरभ कुमार ,सुफियान, जितिन कुमार ,आदित्य गिरी को संस्था की तरफ से माल्यार्पण कर वं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर



संस्था के संरक्षक जेडी अंसारी, महासचिव मो.इरफान, जिला अध्यक्ष खीरी वेदराम, अंकित गुप्ता ,सौरव राजपूत . सोहेल अहमद, मो. सलीम, अमित कुमार, वेद प्रकाश वर्मा, नसीम सलमानी, जुबेर आलम , इफामुल इस्लाम,, कार्यवाहक अध्यक्ष फुजैल अहमद, हुसैन अहमद अंसारी, सरफराज आलम, आफताब अहमद, पवन कुमार कश्यप, सैयद अशफाक अहमद, सलाउद्दीन इंजीनियर, आदेश कुमार, सुफियान अंसारी, रजनीश कुमार, सरताज आलम, कांग्रेश सोशल मीडिया महासचिव कमर आलम, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, आदेश कुमार अर्कवंशी आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्राचीन महाकाल मंदिर में दबंगों ने पुजारी को पीटा, पुजारी ने मंदिर के कपाट किए बंद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
जलालाबाद, शाहजहांपुर। थाना कांट क्षेत्र के ग्राम भैंसटाकला में महाकाल का प्राचीन मंदिर है। जिसमें 100 सालों से अधिक समय से पुजारी का परिवार पूजा याचना करता आ रहा है।विगत दिनों शाम को पुजारी गोपाल गिरी जव मन्दिर मे सोया हूआ था तव भैंसटाकला के दबंग प्रवृत्ति के अरविंद शिवकुमार अनुज यादव आए पुजारी गोपाल से दारू के लिए मंदिर के चढ़ावे में से रुपए मांगने लगे ।पुजारी ने जब इसका विरोध किया तो उक्त लोग पुजारी को लात घुसा से मारने पीटने लगे और पुजारी के सर पर तमंचा रख कर पुजारी के जेव से मंदिर के दानपात्र से रूपये जबरन निकाल ले गए । मंदिर के पुजारी ने इस घटना की जानकारी दी थाने पर तैनात मुंशी ने तहरीर न लेकर उल्टे हवालात में बंद करने की धमकी दी। हवालात बंद की धमकी दी उसके बाद मुन्शी ने पुजारी को ही धमकाने लगे और कहां मैं बताता हूं वैसी तहरीर लिखिए नहीं तो उठाकर तुम को ही बंद कर दिया जाएगा ।पुजारी को थाने पर लगभग 3 से 4 घंटे बैठाले रखा उसके बाद मुंशी ने तहरीर की भाषा बताई और अपने मन मुताबिक तहरीर लिखवाई और थाने से भगा





दिया।पुजारी ने डर की वजह से आज रविवार को मंदिर का ताला बंद रखा जिससे मंदिर पर आए श्रद्धालुओं को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। क्योंकि दबंग लोगों ने धमकी दी है अगर मंदिर पर दिखाई पड़े तो गोली मार दूंगा। पुजारी मजबूर है इसी वजह से मंदिर परिसर में ताला लगा हुआ है।वही इस संबंध में कोतवाल मनोज त्यागी से जब जानकारी चाहिए तो उन्होंने बताया पुजारी की तहरीर आई है और उस पर कार्रवाई की जाएगी मंदिर पर ताला लगाने की जानकारी उन्हें नहीं हैं ।

## वामा सारथी पुलिस लाइन द्वारा मेंहदी एवं राखी थाली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। वामा सारथी" रिजर्व पुलिस लाइन्स द्वारा आगामी भाई–बहिन के पावन त्यौहार "रक्षाबन्धन" के उपलक्ष्य मे पुलिस लाइन सभागार शाहजहाँपुर में "मेंहदी एवं राखी थाली प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया !श्रीमती सुधा राज पत्नी राजकुमार (अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली) अध्यक्षा वामा सारथी बरेली जोन के तत्वाधान में श्रीमती देवी आनन्द पत्नी एस0 आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर स्थानीय अध्यक्षा "वामा सारथी" रिजर्व पुलिस लाइन्स द्वारा को आगामी भाई–बहिन के पावन त्यौहार "रक्षाबन्धन" के उपलक्ष्य मे पुलिस लाइन सभागार शाहजहाँपुर में "मेंहदी एवं राखी थाली प्रतियोगिता में पुलिस








परिवार की छात्राओं के 02 ग्रुपों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें राखी थाली प्रतियोगिता के लिये प्रथम ग्रुप में 08 वर्ष से 14 वर्ष उम्र तक के, द्वितीय ग्रुप में मेंहदी प्रतियोगिता के लिये 15 वर्ष से अधिक उम्र की छात्रायें प्रतिभागी रही। प्रथम ग्रुप राखी थाली के प्रतिभागियों द्वारा भव्य एवं सुन्दर राखियों को बनाकर को सजाया गया तथा द्वितीय ग्रुप के द्वारा मेंहदी की विभिन्न सुन्दर आकृतियों को कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस परिवार की महिलाओ के हाथों में लगाकर प्रस्तुति की गयी।राखी थाली प्रतियोगिता में प्रथम विजेता वैष्णवी, द्वितीय शारदा एवं तृतीय गौरी तथा मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता शालिनी, द्वितीय रिया व तृतीय खुशबू को पुस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में दोनों ग्रुपों की प्रतिभागी अन्य छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। क्रार्यक्रम में श्री मती विन्नी वाजपेई पत्नी श्री संजीव कुमार वाजपेई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्रीमती संगीता सिंह एवं पुलिस परिवार की महिलायें एवं बच्चे उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के उपरान्त "वामा सारथी" रिजर्व पुलिस लाइन्स शाहजहाँपुर द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया ।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रथम सेमेस्टर की छूटी माइनर परीक्षा 27 अगस्त को ...

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। बीए प्रथम सेमेस्टर की छूटी हुई परीक्षाएं डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 27 अगस्त 2022 को संम्पन्न होनी है,इस परीक्षा में माइनर विषयों में फेल छात्र भी भाग ले सकेंगे |यह जानकारी डॉ अवधेश प्रकाश शर्मा स्मारक महाविद्यालय नसीपुर मंसारा के प्रशासक विवेक प्रताप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी |उनके अनुसार यह सूचना महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा है।

## नैनी : घरेलू कलह में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र के डांडी में 24 वर्षीया युवक ने घरेलू कलह के कारण फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों ने मृतक के ससुराल पक्ष पर दवाब डालने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है। जानकारी के अनुसार नैनी डांडी में रहने वाले 24 वर्षीय युवक मोहम्मद इस्माइल और उसकी पत्नी के बीच पिछले कई महीने से विवाद चल रहा था। शनिवार रात को इस्माइल ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर जान दे दी। जिसके बाद परिजनों ने मृतक के ससुराल पक्ष पर उस पर अत्यधिक मानसिक दवाब डालने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है।

## नगरपरिषद चाकघाट चुनाव में भाजपा के विभव जयसवाल अध्यक्ष एवं प्रतिमा गुप्ता उपाध्यक्ष चुनी गई

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज। चाकघाट |नगरपरिषद चाकघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर संपन्न हुए निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विभव कुमार जयसवाल को अध्यक्ष पद पर चुन लिया गया |वहीं उपाध्यक्ष पद पर प्रतिमा गुप्ता को उपाध्यक्ष पद पर चुन लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विभव जयसवाल को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया था उन्हें 11 मत प्राप्त हुए जबकि उनके विपक्ष में दिनकर सिंह पटेल को मात्र 4 मत ही प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रतिमा गुप्ता को खड़ा किया गया था जबकि दूसरी ओर विजय कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष पद के दावेदार थे किंतु मतदान में दोनों को बराबर मत प्राप्त होने की स्थिति में लाटरी पर्ची के माध्यम से प्रतिमा गुप्ता को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। नगरपरिषद चाकघाट में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की शानदार विजय पर भाजपा कार्यकर्ता संगठन के लोगों एवं नगर के नागरिकों ने विजई प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गाजी अब्बास की शहादत पर गमजदा बयान से अश्कबार हुए अजादार

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज। माहे मोहर्रम की आठवीं पर दिन भर अजाखानों मे हुसैनी लश्कर के अलमबरदार गाजी अब्बास की शहादत का जिक्र हुआ |अजाखानों मे ओलमा ने हजरत अब्बास की शहादत का तजकेरा किया |सुबहा से देर रात तक कहीं मजलिस हुई तो कहीं दस्तरख्वान सजा कर नजरो नियाज दिलाई गई |चक इमामबाड़ा डीप्यूटी जाहिद हुसैन मे अशरे की आठवीं मजलिस को मौलाना सय्यद रजी हैदर साहब किबला ने खिताब किया |मजलिस से पहले मर्सियाख्वान नजर अब्बास खाँ ने सोज व सलाम पढ़ा |मजलिस के फौरन बाद शबीहे जुलजनाह व एक दर्जन अलम मुबारक भी जियारत को निकाला गया |हाय सकीना हाय प्यास कघ सदाओं के बीच हजारों की संख्या मे मौजूद अकीदतमन्दों ने जुलजनाह का बोसा लिया व अलम मुबारक कि जियारत की |फूल माला चढ़ा कर मन्नतें व मुरादें भी मांगीं |अन्जुमन हैदरिया रानीमण्डी के नौहाख्वान हसन रिजवी व साथियों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा |नय्यर आब्दी ,अरशद नकवी ,सफी नकवी के आवास पर हजरत अब्बास की नज्र दिलाई गई और लोगों ने दस्तरख्वान पर नजरे मौला चखा |पान दरीबा इमामबाड़ा सफदर अली बेग मे स्व सैय्यद रजा हुसैन की ओर से प्रतिवर्ष होने वाली सालाना मजलिस अदनान रजा की ओर से आयोजित की गई |मौलाना जैगम अब्बास जैदी ने मजलिस को खिताब किया अन्जुमन हुसैनिया कदीम के नौहाख्वानों ने गमगीन नौहा पढ़ा |अहमदगंज स्थित ताहिरा हाऊस मे अनजुम व शायर अनवार अब्बास की ओर से आयोजित मजलिस मे मन्नती अलम निकाला गया अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया ने गाजी अब्बास की शहादत पर पुरदर्द नौहा पढ़ा |इसी प्रकार दरियाबाद ,रानीमण्डी ,करैली ,बख्शीबाजार ,दायरा शाह अजमल ,रौशनबाग ,शाहगंज सहित अनेकों मोहल्लों मे औरतों व मरदों की मजलिस हुई |इस मौके पर गौहर काजमी ,हसन नकवी ,नजीब इलाहाबादी ,ताशू अल्वी ,अलमास हसन ,सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,नय्यर भाई , अहसन भाई , फैजान आब्दी ,जफर मेंहदी ,बाकर मेंहदी ,कासिम रजा ,आसिफ रिजवी ,अमन ,शुजा आदि शामिल रहे।

## खड़ी ट्रक में घुसी बाइक, दो की मौत, एक घायल

बीकापुर,अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे के निकट गाड़ी ट्रक में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर पीछे के हिस्से में घुस गया जिससे बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद हालत बेहद नाजुक देख गहन इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में रिंकू सोनकर उम्र 32 पुत्र स्वर्गीय केशव प्रसाद निवासी करौंदिया जनपद सुल्तानपुर की मौत हो गई,वही घायल दीक्षा उम्र 14 पुत्री रिंकू सोनकरकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं महक पुत्री रिंकू सोनकर को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

## टूरिस्ट बस से टकराई ट्रक, ड्राइवर की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। जनपद के पटरंगा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में बस चालक की मौत हो गई। हाईवे पर ग्राम अशरफपुर गंगरेला गांव के मोड़ के निकट खड़ी टूरिस्ट बस में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना रविवार सुबह 3 बजे हुई। टूरिस्ट बस खराब हो गई थी जिसे चालक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़ी करके उसको बना रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी दोनों गाड़ियां बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई। बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। घटना की सूचना ग्राम प्रधान अशरफपुर गंगरेला ने तत्काल पटरंगा पुलिस को दी। उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह तत्काल अपने हमराही कांस्टेबल जीत बहादुर,अवनीश के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन में कोई नहीं था। बस के नीचे टायर के पास एक युवक पड़ा था, जिसकी मौत हो चुकी थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि खड़ी बस में पीछे से आ रहे ट्रक की जोरदार टक्कर हो गईस जिसमें बस के नीचे टायर बदल रहे ड्राइवर की मौत हो गई। चालक मोहन मंडल बिहार के लोकही थाना क्षेत्र के सोनपति नरहिया के रहने वाले थे। दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया गया है।

## भाजपा के नेता रामनगरी को कर रहे बदनाम : पवन पाण्डेय



पवन कुमार अयोध्या। राम नगरी में अवैध प्लाटिंग को लेकर भाजपा के नेताओं ने विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा दे दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व राज्य मंत्री पवन पांडे ने सरकार पर उंगली उठाते हुए कहा की भाजपा के नेता राम नगरी को बदनाम कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को पवन पांडे ने नकली राम भक्त बताया है। अवैध प्लाटिंग के खुलासे के बाद पवन पांडे ने अयोध्या मंडल के कमिश्नर को एक पत्र लिखा है जिसमें आरोप लगाया है कि जमीन के इस गोरखधंधे में विकास प्राधिकरण नजूल विभाग व राजस्व विभाग के कई भ्रष्ट अफसर शामिल है। इनके खिलाफ उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए |यही नहीं विकास प्राधिकरण के कुछ पटल व नजूल विभाग के रिकॉर्ड रूम को तत्काल सील कर देना चाहिए नहीं तो ये अफसर नजूल के रिकॉर्ड को भी जला सकते हैं। दरअसल अयोध्या विकास प्राधिकरण ने 40 अवैध प्लाटिंग करने वालों की एक सूची जारी की है जिसमें अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ का नाम शामिल है।

## दुकान पर बैठे युवक पर हमला, आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

बीकापुर अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खेवली गांव निवासी कमलेश कुमार निषाद पुत्र राम सुरेश निषाद ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मैं अपने दुकान पर बैठा था तभी गांव के ही विश्वनाथ पुत्र राम संवारे, धर्मेंद्र ,अंकित पुत्रगण विश्वनाथ एकजुट होकर आए और लाठी डंडा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जब मैं अपनी जान बचाकर घर में भागा तो विपक्षीगण घर में घुस कर मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार मचाने पर जब तक आसपास के लोग पहुंचते आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिलने पर घायल कमलेश कुमार निषाद को पुलिस की सुरक्षा में इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया मेडिकल परीक्षण के बाद। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विश्वनाथ पुत्र राम संवारे, धर्मेंद्र व अंकित पुत्रगण विश्वनाथ निवासी खेवली के विरुद्ध धारा 323 504 506 452 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## चौक छेत्र के व्यापारियों के लिए अपूर्णीय छती

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। प्रयागराज व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आज चौक व्यापार मंडल के संगठन मंत्री उज्जवल टंडन (चाचा जी टोपी वाले) के पिता श्री जवाहर लाल टंडन जी के देहावसान के उपरांत आयोजित शोक सभा में शहर के व्यापारियों समाजसेवियों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ 2 मिनट का मौन रखते हुए अपनी शोक संवेदना अर्पित किया शोक सभा में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी प्रशांत पांडे मुसाब खान शुभम शर्मा ,संजीव मेहरोत्रा,अन्नु केसरवानी आनंद जी टंडन,मोहन जी टंडन रॉयल सरदार मोनू अरोरा विश्वास श्रीवास्तव फैजुल नेता राजू चंगी,आलोक गुप्ता संजीव गुप्ता,अभिषेक टंडन आदि समाज के लोग उपस्थित रहे शोक सभा में उज्जवल टंडन ने बतलाया की पिता जी अपने पीछे बेटे बेटी नाती पोतों के साथ भरा पुरा परिवार छोड़ कर गए है ।

आज उनके जाने के बाद परिवार को उनकी कमी हमेशा खलेगी चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुसाब खान ने कहा की चाचा टोपी वाले के नाम से उनकी फर्म को जो ईमानदारी और क्वाल्टी की पहचान मिली वो चाचा जी की व्यापार कुशलता और सिद्धांत ही था सभी धर्म संप्रदाय और उम्र के लोगो से उनका लगाव था उनके जाने से ना सिर्फ टंडन परिवार को पुरे चौक छेत्र को एक अपूर्णीय छती हुई है अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

## हर हर घर तिरंगा का पैगाम लेकर गलियों में घूमे बच्चे



- आजादी का भव्य जश्न मनाने को नौनिहालों ने संभाली कमान लोगों से अपने घर पर तिरंगा लगाने की अपील

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। आजादी का अमृत महोत्सवश प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल लोगों, ने संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए भारत सरकार की इस पहल में नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ब्लॉक हरख के ग्राम बोजा के जय सुभाष बाल विद्या मंदिर बोजा में आठवां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस ,हर घर तिरंगा अभियान स्वच्छता कार्यक्रम आदि प्रमुखता से राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विनय कुमार स्वयं सेविका आरती कनौजिया के द्वारा जय सुभाष बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजय कुमार मौर्य के संरक्षण में आयोजित किया गया जिसमे लगभग 35 से 40 बच्चो ने प्रतिभाग किया इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस स्वच्छता अभियान और हर घर तिरंगा के विषय में लोगो को बताया गया।

## मेहंदी जुलूस शान शौकत एवम अकीदत के साथ निकाला गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। कस्बा मसौली व बांसा में आठवीं मोहर्रम का मेहंदी जुलूस शान शौकत एव अकीदत के साथ निकाला गया। हजरत कासिम की शहादत की याद में निकले जुलूस में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने शिरकत या हुसैन या हुसैन की सदाये लगायी तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया। आठवीं मोहर्रम का जुलूस कस्बा बांसा शरीफ में कस्बा सहादतगंज, रामपुर , चक, रहरामऊ धनकुटी का जुलूस गांव की गलियों में निकाला गया हजारो की संख्या में हुसैन के अकीदतमंदों ने हाथ मे अलम लेकर या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ जिस गली में निकले वहां के लोग गमगीन हो गये। इसी क्रम में कस्बा मसौली में आठवीं मोहर्रम के अलम का जुलुस सादगी एव गमगीन मौहोल में निकाला गया। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी, पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, प्रधान प्रतिनिधि मसौली मुईन अंसारी, असगर अली, अशोक यादव, विकास यादव आदि लोगो ने मातमी जुलुस में शामिल होकर हजरत इमाम हुसैन (रजि0) को याद किया।

## विकास प्राधिकरण ने जारी की अवैध प्लाटिंग करने वाले 40 लोगों की सूची




दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में राम के नाम पर जमीन में खेल करने का एक बड़ा मामला सामने आया है जिसमें अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ का नाम शामिल है। सरयू नदी के किनारे डूब क्षेत्र की जमीने सरकारी नजूल की जमीने और ग्रामीण क्षेत्र की जमीनों के एक बड़े हिस्से को सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर प्रॉपर्टी डीलरों ने बेचा है. इस खरीद–फरोख्त में किसी भी मानक का पालन नहीं किया गया है. जिस के दृष्टिगत अयोध्या विकास प्राधिकरण ने 40 ऐसे प्रॉपर्टी डीलरों की लिस्ट जारी की है जिन्होंने गैरकानूनी तरीके से जमीनें खरीदी बेची और वहां प्लाटिंग करा दी. शर्मनाक बात यह है कि इन प्रॉपर्टी डीलरों की लिस्ट में अयोध्या के सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता महापौर ऋषिकेश उपाध्याय और मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा का नाम भी शामिल है. विकास प्राधिकरण द्वारा यह लिस्ट जारी करने के बाद हड़कंप मचा हुआ है और विपक्ष अब सत्तारूढ़ दल को घेरने की तैयारी में जुट गया है। बताते चलें कि शहर के तटीय इलाकों में बड़े पैमाने पर जमीनों की प्लॉटिंग करा कर उन्हें बेचा गया वहां पर अवैध रूप से कालोनियां बसाई गई लोगों ने मकान खरीदे और अपने घर बना लिए. बीते 15 दिन पहले जब विकास प्राधिकरण ने उस इलाके को नदी का तराई इलाका मानते हुए डूब क्षेत्र घोषित कर बुलडोजर लेकर मकानों को गिराना शुरू किया तो हड़कंप मच गया। जिसके बाद जब मामले की जांच पड़ताल शुरू हुई तो पता चला कि जिन लोगों ने इस इलाके में मकान बनाए हैं उन्होंने जमीन के बैनामे से लेकर सरकारी महकमे के जरिए खारिज दाखिल की कार्रवाई और नगर निगम से मकान नंबर भी आवंटित करा लिया है. ऐसे में यह मकान स्वामी दावा कर रहे हैं कि जब उनके पास जमीन पर कब्जा लेने और मकान बनाने का अधिकार प्राप्त है तो उनके मकान और जमीन अवैध कैसे घोषित हो गए। जब इस पूरे मामले को लेकर बवाल खड़ा हुआ और विपक्ष ने सरकार को और प्रशासन को घेरना शुरू किया. तब फैजाबाद सांसद लल्लू सिंह ने करीब सप्ताह भर पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा और इस पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या जिले में बड़े पैमाने पर सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से प्रॉपर्टी डीलरों ने जमीनों की प्लॉटिंग की है और लोगों को बेचा है।

इस मामले में सांसद लल्लू सिंह ने एक एसआईटी गठित कर एसआईटी टीम के द्वारा जांच की मांग की थी। जिसके बाद अब विकास प्राधिकरण ने 40 प्रॉपर्टी डीलरों की लिस्ट जारी कर दी है |जिन जमीनों की खरीद–फरोख्त को लेकर हंगामा खड़ा हुआ है यह जमीन है अयोध्या सरयू नदी के तराई क्षेत्र से लेकर अयोध्या नगर निगम के रिहायशी इलाकों शहर से सटे ग्रामीण इलाकों से जुड़ी है. विकास प्राधिकरण द्वारा लिस्ट जारी करने के बाद हड़कंप मचा हुआ है. अवैध रूप से प्लाटिंग करने और कॉलोनी बसाने के मामले में जब सत्तारूढ़ दल के विधायक और महापौर का नाम सामने आया है तो अब इस मामले को लेकर राजनीति होना लाजमी है और कहीं ना कहीं सत्ताधारी दल के नेता सवालों के घेरे में है.वही अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा है कि लिस्ट जारी करके लोगों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है.जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अपना दल एस पार्टी का प्रदेश में तीसरा दर्जा प्राप्त होने पर मनाई खुशियां जश्न

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

शंकरगढ़(प्रयागराज)। निर्वाचन आयोग अपना दल – सोनेलाल को उत्तर प्रदेश के राज्य स्तरीय राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता दे दी है । उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा हासिल करने वाला अपना दल – सोनेलाल तीसरा दल है । उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातीय समीकरण की महत्ता हमेशा से रही है । करीब 6 फीसदी कुर्मी वोट बैंक कि जो राजनीति सोनेलाल ने शुरू की थी ,उसे अनुप्रिया पटेल आगे बढ़ाती दिखती हैं । इस बार का चुनाव परिणाम इसी ओर इशारा कर रहा है । सूबे में यादव के बाद दूसरी ओबीसी में सबसे बड़ी आबादी कुर्मी समाज की है । 2014 , 2017 ,2019 और 2022 के नतीजों के बाद कुर्मी समाज की एक बड़ी छत्रप के रूप में अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल उभर कर सामने आई हैं । इस चुनाव के बाद अनुप्रिया पटेल की पार्टी यूपी की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी और सीटों के मामले में बीएसपी और कांग्रेस को भी पछाड़ दिया । उक्त बातें अपना दल एस के सक्रिय नेता प्रबन्धक आनंद जी राठौर ने कही । शनिवार को निर्माणाधीन आनंद हॉस्पिटल ष्कपारीष स्थित प्रबन्धक आनंद राठौर के नेतृत्व में अपना दल एस पार्टी का प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी होने के उपलक्ष्य में एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया गया । पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद जमील खान ने बहन अनुप्रिया पटेल भाई आशीष से आग्रह करते हुए परम पूज्य स्व डॉक्टर सोनेलाल के सपने को साकार करते हुए , कमेरा समाज के हित में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार से विधानसभा बारा में बंद पड़े खनन कार्य को चालू कराए जिससे मजदूरों का पलायन रुक सके । पूर्वजों के जमाने से यहां की जनता गिट्टी ,बालू तोड़कर जीवन यापन करती थी । जो सन 2007 में मजदूर विरोधी बसपा सरकार ने बंद करा दिया था । कार्यक्रम के दौरान प्रबन्धक आनंद राठौर , पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद जमील खान ,बारा विधानसभा अध्यक्ष अपना दल (एस) गुड्डू पटेल ,सलीम खान ,राकेश चंद्र शुक्ला ,युवराज सिंह ,अरुण कुमार अरोरा ,मुन्ना भैया ,राम सागर यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोल चौराहा अतरसुइया के पास लगी आप प्रयागराज की तिरंगा शाखा

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा लिये गये ऐतिहासिक निर्णय के क्रम में आज चौथे रविवार को जिलाध्यक्ष प्रयागराज डॉ0अलताफ अहमद एवं जिलामहासचिव नितिन सिंह पटेल के निर्देशन में आज की तिरंगा शाखा के प्रमुख आर0आर0मिश्रा की अध्यक्षता में गोलपार्क अतरसुइया प्रयागराज में तिरंगा शाखा का आयोजन हुआ इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर राष्ट्रगान हुआ , संविधान निर्माता डॉ0भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें व अन्य महापुरुषों व अमर वीर सपूतों को नमन किया गया संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए आर0आर0 मिश्र ने अनेक क्रांतिकारियों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी से लोगों को देश प्रेम की सीख लेने की सलाह दिया। रविन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आज देश आजादी का अमृतोत्सव मना रहा है हम सभी को अपने देश की आजादी , भारतीय संविधान एवं तिरंगा के आन ,बान व शान की रक्षा करने के लिए आगे आना होगा और इसी उद्देश्य के दृष्टिगत इस तिरंगा शाखा का आयोजन किया जा रहा है स्वच्छ सरोवर , स्वच्छ पार्क , स्वच्छ वातावरण को तिरंगा शाखा में शामिल कर अभियान चलाने के क्रम में सभी उपस्थित लोगों ने पार्क की सफाई करते हुए कूड़े को डस्टबिन में डालकर उचित स्थान पर उसका निस्तारण किया और जनमानस को सन्देश देने का कार्य किया कि हमें स्वच्छता अभियान को अपने जीवन का अंग बनाना है। आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मोहम्मद जैद ,एस बी मिश्रा ,सुमित निषाद , अमन ,निखित , श्याम जी आदि लोग शामिल रहे ।

## प्रिकॉशन डोज लगना हुई शुरू



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में कोरोना से बचाव को लेकर रविवार से शुरू हुए प्रिकॉशन डोज की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा ने डोज लगवाकर किया। 7 अगस्त से प्रारंभ हुए प्रिकॉशन डोज में 18 से 59 साल तक के लोगों को निशुल्क बूस्टर डोज लगना शुरू हो गई। अभी तक सिर्फ 60 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों को ही यह सुविधा मिल रही थी। जिन लोगों को दूसरी डोज लगे हुए छह महीने का समय हो गया है वह बूस्टर डोज लगवा सकते हैं।

उल्लेखनीय हो कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान में वैक्सीन की सतर्कता डोज लगवाने में 18 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्क दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। दूसरी डोज लगवाने के छह महीने बाद सतर्कता डोज लगवाई जा सकती है। इसी क्रम में आज रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में प्रिकॉशन डोज का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर कुल भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य भुल्लन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, समाजसेवी मायाराम यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजेन्द्र यादव, रमेश यादव सहित अन्य वयस्क लोगो के एएनएम लक्ष्मी शर्मा, वन्दना प्रजापति ने प्रिकॉशन की डोज लगायी। जिला पंचायत सदस्य भुल्लन वर्मा ने कहा कि जीवन और जीविका दोनों की सुरक्षा के लिए टीका बहुत जरूरी है जिसके लिए आज से सीएचसी पर फ्री प्रिकॉशन डोज अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। मेरी सभी ग्रामीणों से अपील है कि वह कोरोना से बचने के लिए यह डोज अवश्य लगवाएं। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ0 संजीव कुमार डॉ0 सर्वेन्द्र सिंह, डीसीपीएम सुनीता पाल, संगिनी प्रतिभा, प्रेम श्रीवास्तव, फार्मेसिस्ट अशोक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अदो पक्षो में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

सोहावल–अयोध्या। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई |दोनों पक्ष एक दूसरे पर दबंगई का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है |पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल करा कर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दिया है |मामला रौनाही थाना क्षेत्र के खिरौनी गांव का है राधेश्याम सिंह पुत्र जगदेव सिंह सिंह थाने पर दी गयी तहरीर में बताया है कि पुराने जमीनी विवाद को लेकर हमारे पटीदार अखिल सिंह, विजय सिंह, पुत्र गण हरिश्चंद्र सिंह व विपिन सिंह उदय भान सिंह कल्लू सिंह पुत्र गण अयोध्या प्रसाद सिंह व दो अन्य लोग हमारी गैर मौजूदगी में रात के समय घर के अंदर दाखिल हो करके महिलाओं तथा लड़कियों से मारपीट करते हुए अभद्रता की उस समय मैं सुचिता गंज बाजार में था।

जानकारी पर जब घर पहुंचा इन लोगों ने पुनः धावा बोलकर मारपीट करते हुए पल्ला दरवाजा तोड़ते हुए फिर से मारपीट कीस जिसमें हम लोगों को गंभीर चोटें आई हैंस हमारा हाथ भी इसमें फैक्चर हो गया हैस वही दूसरे पक्ष ने भी थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि राधेश्याम सिंह आदि ने हम लोगों के साथ मारपीट की हैसउन्होंने भी कार्यवाही की मांग की है |इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर प्रभारी रौनाही अक्षय कुमार ने बताया कि दोनो तरफ से तहरीर दी गई हैस दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर के जांच शुरू कर दी गई है।

## भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन का एलान



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। भारतीय शिक्षण मंडल एवं संतो के प्रयास से भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन की मंजूरी दे दी बोर्ड के 7 सदस्यो वाली समिति में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानितकर , राष्ट्रीय कथा वाचक मोरारी बापू , योग गुरु बाबा रामदेव, गोविंद देव गिरी, योगचार्य बालकृष्ण , श्री महावीर अग्रवाल , स्वामी मुक्ता नंद , पद्म श्री डा. पूनम सूरी , काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक रहे पंडित मदन मोहन मालवीय के भतीजे गिरधर मालवीय , अवकाश प्राप्त आईएएस डा. नागेंद्र प्रसाद सिंह शामिल है।

इसके अतरिक्त 20 सदस्यी एक्जीकेटिव बोर्ड बनाया गया है। भारतीय शिक्षण मंडल के शैक्षिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह प्रभारी डा. दिलीप सिंह ने बताया की देश भर में चल रहे करीब 11 हजार से अधिक गुरुकुल प्रबंध समिति के सामने यह संकट बना रहा की उनके यहा से पढ़े हुए विद्यार्थी बिना मान्य प्रमाण पत्र के कहा जायेंगे और उनकी शैक्षिक योग्यता को किस मानक की कसौटी पर तौला जायेगा , 2018 में भारतीय शिक्षण मंडल ने उज्जैन में विराट गुरुकुल सम्मेलन आयोजित किया था जिसमे लगभग 6 देशों के गुरुकुल प्रतिनिधि सहित भारत के अनेक विधा से चलने वाले गुरुकुलों ने भाग लिया था , सम्मेलन में पहुंचे तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के समक्ष शिक्षण मंडल ने बोर्ड के गठन का प्रस्ताव दिया था। जिसकी घोषणा गत 5 अगस्त 2022 को भारत सरकार द्वारा की गई ।

इस बोर्ड से गुरुकुल शिक्षा पद्धति में अध्ययनरत विद्यार्थियों को हाई स्कूल व इंटर मीडियट की सीबीएससी के समकक्ष डिग्री को मान्यता मिलेगी, बोर्ड की गठन पर अयोध्या के अनेक गुरुकुलो में आज जश्न का माहौल रहा श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल के संस्थापक संरक्षक श्री राम बल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास, श्री हनुमत सदन के पीठाधीश्वर शिक्षा विद महंत मिथलेश नंदनी , जगतगुरु राम दिनेशाचार्य, गुरुकुल के कोष प्रमुख प्रो. आर के सिंह प्रधानाचार्य दुखहरण नाथ मिश्र , आचार्य सदाशिव तिवारी , आचार्य शिवेश पांडे सहित अनेक संतो महंतों व प्रबुद्ध जनों ने मानव संसाधन मंत्रालय के इस पहल का स्वागत करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया एवं गुरुकुल के बच्चो को मिष्ठान खिला के खुशी व्यक्त की।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने 20 हजार इनामिया अनुज पाठक को किया गिरफ्तार

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 06.08.2022 को न्यायालय ACJ(JD) JM 12 जनपद गाजीपुर के आदेश दिनांक 05.08.2022 के अनुपालन मे पुलिस कस्टडी अभिरक्षा मे अभियुक्त अनुज पाठक उर्फ चीकू पुत्र अष्टभुज पाठक निवासी वीरपुर थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर को लिया गया। अभियुक्त के निशान देही पर मु0अ0सं0 138/22 धारा 394,411 IPC से सम्बन्धित लूट का 3200 रुपया बरामद हुआ तथा दिनांक 25.07.2022 को पंजीकृत मु0अ0सं0 146/22 धारा 307,34 IPC मे अभियुक्त के निशान देही पर ग्राम धामूपुर पार्क के पास एक अदद तमंचा व एक अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया। बरामद अवैध तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 154/2022 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त थाना स्थानीय का 20000/– रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी है।

## शांति समिति की बैठक में डीएम ने दिया निर्देश, कहा शांति पूर्ण तरीके से मनाएं मुहर्रम

गाजीपुर। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रोहन पी.बोत्रे की उपस्थिति में शनिवार को मोहर्रम, रक्षाबन्धन, त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाए जाने के लिए पुलिस लाईन सभागार में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं एवं शांति समिति के सदस्यों से कहा की मोहर्रम का त्यौहार एवं जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से मनाते हुए निकाला जाए। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को जुलूस के मार्गो अन्य स्थानों पर साफ सफाई तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिए। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलूस के मार्ग में यदि कोई विद्युत के तार जर्जर व



नीचे हो तो उनको तत्काल ठीक कराया जाए तथा मार्गो में यातायात की समुचित व्यवस्था कराए जाने के संबंध में भी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि त्यौहार में कोई भी कोई भी नई परम्परा न लागू की जायेगी, न ही कोई नये स्थानो से जुलूस निकाला जायेगा, और न ही कोई अस्त्र शस्त्र लेकर जुलूस में भाग लेगा। परंपरागत जुलूस ही निर्धारित स्थानों से निकाले जायेगे। उन्होंने जुलूस के रूट का निरीक्षण भी पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को करने के साथ आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सिटी गोपी नाथ सोनी, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आर डी चौरसिया, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एंव अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा शान्ति समिति के सदस्यगण , एवं जनपद के विभिन्न्न क्षेत्रो से आये विभिन्न धर्मो के धर्मगुरू उपस्थित थे।

## गुरुकुल द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी ष्कजरी 22ष का आज रविवार दिनांक 7 अगस्त 2022 गुरुकुल कला दीर्घा, आजाद नगर में उद्घाटन श्री के. बी. सक्सेना (फाउंडर मेंबर ऑफ दर्पण कानपुर) संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत वरिष्ठ एवं अभिनेता एवं निदेशक द्वारा किया गया

गुरुकुल 5 वर्षों से कजरी मानसून शो का आयोजन कानपुर के समकालीन कलाकारों के सहयोग से करता रहा है, इस कला प्रदर्शनी में सभी कलाकारों ने सावन के दृश्य को रंगों से खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया है श्री के बी सक्सेना जी ने कानपुर के कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि कानपुर में एक ही



स्थान पर सभी कलाकार उपस्थित होकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं, चारों तरफ रंगों के खूबसूरत बादल एक नया माहौल दर्शा रहे हैं साथ ही गुरुकुल गुरु प्रोफेसर अभय द्विवेदी जी की सराहना की जिनके कारण सभी कलाकार एक स्थान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में समर्थ हुए हैं। कलाकारों ने सुंदर रंग संयोजन द्वारा वर्षा ऋतु को दर्शाया है सभी कलाकारों के भाव वर्षा ऋतु को कहीं बूंदों में, कहीं रंगीन बादलों व पहाड़ों में, कहीं हरियाली में दर्शा रहे हैं । कलाकार आर एस पांडे ने खुले हुए मैदान चारों तरफ फैली हुई हरियाली वह बादलों को घेरे हुए दर्शाया है, डॉक्टर नगीना गुप्ता ने बादलों को अपनी सौंदर्यमई कल्पना द्वारा प्रस्तुत करने का प्रयास किया है, अंजलि चौरसिया ने वर्षा ऋतु को रंगों में बिखेर दिया है, आयुष चौरसिया नवोदित कलाकार जिन्होंने अपनी कलाकृति द्वारा कला क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने को तत्पर हैं, संदीप चौरसिया ने पहाड़ों का मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया है, दिव्या शर्मा ने नवीन रंगों का प्रयोग कर विहंगम चित्र बनाया है, मोहित सिंह ने सीरेमिक का प्रयोग करते हुए वर्षा ऋतु को प्रयोगात्मक रूप में लाइट के साथ एक नवीन रूप दिया है। राजकुमार सिंह ने नीले बादलों को जल रंग द्वारा अभिव्यक्त किया है, डॉ मोनिका मैथानी संयुक्त रंग संयोजन द्वारा प्राकृतिक चित्र संयोजित किया है, अभिनय प्रकाश सिंह ने ग्लास पर नवीनतम प्रयोग किया है, निशी वर्मा ने चिड़ियों को बारिश की बूंदों में भीगते जल रंग द्वारा चित्रित किया है, उत्कर्ष मालवीय ने छोटे कैनवस पर बारिश की बूंदों के सौंदर्य को व्यक्त किया है, रिचा सिंह गौर ने चाय के प्याले और वर्षा की बूंदों का सृजनात्मक रूप दिखाया है।

सीमा मिश्रा ने नाइफ द्वारा प्रयोग करते हुए एक नवीन सजन तैयार किया है, अर्चना वर्मा ने आधुनिकतम प्रयोग करते हुए लोहे की पत्ती द्वारा चित्र पूर्ण किया है, सुमित ठाकुर ने एक्रेलिक कलर द्वारा सुंदर रंग संयोजन प्रस्तुत किया है, अतुल सिंह ने बादलों की सौंदर्य मई छटा को रंगों से बिखेर दिया है, बाल कलाकार देव ने भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है, नवमी शुक्ला व गुरजीत सिंह के चित्रों में विविधता है, डॉ शालिनी पांडिया ने जल रंगों के द्वारा अद्वितीय प्राकृतिक दृश्यों का सृजन किया है, डॉ लोकेश्वर ने जल रंग द्वारा नीले आकाश का विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है, शिवांगी कनौजिया ने रोलर बना इसका प्रयोग करते हुए पहाड़ी परिदृश्य को ग्रे रंग में भीगा हुआ दिखाया है, इस अवसर पर गुरुकुल के संस्थापक प्रोफेसर अभय द्विवेदी जी ने बताया कि हर वर्ष सावन के अवसर पर गुरुकुल के कलाकारों द्वारा इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है । इस कला प्रदर्शनी में लगभग 30 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है साथ ही बताया कि गुरुकुल दृश्य कला एवं नाट्य विद्यालय का यही उद्देश्य रहा है कि कलाकार यहां पर आ कर कार्य करें वह समय–समय पर प्रदर्शनी का आयोजन होता रहे यही हमारा मूल उद्देश्य है।

## अवैध तमंचा सहित युवक को पुलिस ने धर दबोचा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज।

इंदरगढ़ कन्नौज। पुलिस अधीक्षक के निर्देश मैं अपराध और अपराधियों अंकुश लगाने के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदरगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक व्यक्ति को 315 बोर के देसी तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज कुंवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मेंअपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द



कुमार के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी तिर्वा दीपक दुवे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कमल भाटी के कुशल नेतृत्व में थाना इन्दरगढ़ पुलिस द्वारा विशेष अभियान के दृष्टिगत थाना क्षेत्र से अभियुक्त पीयूश उर्फ सौरभ गिहार पुत्र राजेन्द्र गिहार निवासी ग्राम जगतापुर थाना इन्दरगढ जनपद कन्नौज को एक देशी तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अपना दल एस की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। जिला कार्यालय रामरायपुर भदोही पर मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल के नेतृत्व में एवं संचालन का कार्य विधानसभा अध्यक्ष ने हरिलाल पाल द्वारा किया गया वही संगठन को लेकर जिलाध्यक्ष बहुत ही गंभीर दिखे एवं समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किये जो काम करेगा उसको सम्मान मिलेगा और जो पद लेकर सिर्फ औपचारिकता दिखाएगा उसे पद से मुक्त किया जाएगा और दूसरों को मौका दिया जाएगा वही जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश में निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तरीय दर्जा प्राप्त कर अपना दल एस ने जो मुकाम हासिल किया है गौरतलब हो कि समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी और मजबूती के साथ मेहनत करके पूरे उत्तर प्रदेश में केसरिया झंडा लहराए ताकि उत्तर प्रदेश में बहन अनुप्रिया पटेल जी को मुख्यमंत्री बना करके मूलक समाज की



स्थापना कर सकें हर समाज के लोगों का मान सम्मान जो हक है उनको मिल सके माननीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी कहना है सत्ता परिवर्तन नहीं करना हमें व्यवस्था परिवर्तन करना है जब व्यवस्था परिवर्तन होगा तब लोगों का हक अधिकार एवं सम्मान एवं कानूनी प्रक्रिया तब जाके पूर्ण होगी और समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बातें रखी मासिक बैठक में उपस्थिति बनवारी स्वर्णकार, सरस सिंह, सचिन दूबे, जयप्रकाश पटेल, रूद्र प्रकाश पटेल ,मोहित स्वर्णकार, योगेश यादव, जितेंद्र पटेल ,अमित विश्वकर्मा, जैद मोहम्मद ,ओम चंद पटेल, बृजेश सिंह ,सोनेलाल, गुलाबचंद सरोज, अजीत मौर्य,सुरज गुप्ता,विष्णु मोदनवाल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## दबंग महिला की दबंगई आई सामने

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश ।यह पूरा मामला जनपद बहराइच थाना रिसिया ग्राम पंचायत गोदनी बसाही में राजकीय इंटर कॉलेज बना हुआ है बच्चों को व अध्यापक अध्यापिकाओं को आने जाने में बहुत परेशानी होती है रास्ता इतना खराब है की बच्चे गिर जाते हैं आए दिन बच्चों को गिरने से आई गंभीर चोट अध्यापक अध्यापिकाओं का कहना है की कई बार शिकायती पत्र देने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुआ बच्चों के अभिभावकों का कहना है की जब भी ग्राम प्रधान रोड बनवाने के लिए आते हैं तो रोड के बगल में रहने वाले दबंग औरत बद्दी बद्दी काली देने लगती है और झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देती है रास्ता इतना खराब है अध्यापक व अध्यापिकाओं को अपनी गाड़ी कॉलेज से दूर खड़ा करना पड़ता है वह दबंग औरत



कभी गाड़ी की हवा निकलवा देती हैं और गाड़ी के टायर को पंचर करवा देती है इससे परेशान होकर अध्यापिकाओं को मजबूर होकर भाड़े के टेम्पू कर के आना पड़ता हैं दबंगों का दबंगई चरन सीमा पर बच्चों के जीवन के साथ हो रहा खेलवाड़ रोड पर गिरने से फट जाता है बच्चों का हाथ पैर फट जाता बच्चों के सिर शासन प्रशासन बना मौन शासन प्रशासन से अनुरोध है कि विद्यार्थियों के परिजनों का कहना हैं की इसमें जो दोषियों पर कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय और रोड तत्काल प्रभाव से बनवाई जाय।

## 11 से 17 अगस्त तक मनाया जायेगा तिरंगा सप्ताह : जिलाधिकारी

गाजीपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक हर घर स्वतन्त्रता सप्ताह तिरंगा कार्यक्रम मनाए जाने के लिए जनपदवासियों से अपील किया है कि उन्होने समस्त विभागाध्यक्षो, कस्बो, मुहल्लो, न्याय पंचायतो, ग्राम पंचायतो, तहसील एवं ब्लाक स्तर एवं छोटे–छोटे स्थानो चट्टी चौराहो, दुकानदारो, से अपील किया है कि दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक हर घर घर में तिरंगा फहराया जाना है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि 15 अगस्त, 2022 को अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं. इसके बाद परिवार के साथ मिलकर तिरंगे के सम्मान में राष्ट्रगान भी गाएं. उन्होने कहा कि आम लोग ऐप के जरिए अपने फोन पर जन गण मन डाउनलोड कर मानक के आधार पर बजा सकेंगे। उन्होने समस्त विभागाध्यक्षो को निर्देशित किया है कि अपने–अपने व्यवसायिक होम पेज पर हर घर तिरंगा का लोगो प्रकाशित हो एवं जिन–जिन विभागो द्वारा किसी भी प्रकार का विज्ञापन का प्रकाशन कराया जा रहा है तो उस पर '' हर घर तिरंगा'' का लोगो अवश्य प्रकासित करायी जाय। इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कराते हुए लोगो में जागरूकता लायी जाये। हमारा लक्ष्य दिनांक 11 से 15 अगस्त, 2022 तक हर घर तिरंगा फहराने हेतु मुख्यमंत्री जी का कडे निर्देश प्राप्त है। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान भाव उजागर करने हेतु प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए



प्रत्येक सरकारी अधिकारीध्कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वयन करने, वाणिज्यक एवं व्यवसायिक समूह एवं संगठनों को उनकी सहभागिता एवं तिरंगा झंडा बनवाने के लिए सी. एस.आर संसाधनों को उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करने, ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत–प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर झंडा फहराने हेतु प्रेरित करने, समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों व्यवसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेंट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, टोल प्लाजा पुलिस चौकीध्थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झंडा फहराने, बैनर, पंपलेट, स्टैंडी, होर्डिंग्स एवं अन्य उपयुक्त माध्यमों से स्थानीय भाषा में बोली में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करने, परिवहन की समस्त बसों, निजी बसों, ट्रकों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों तथा सरकारी वाहनों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का संदेश का स्टीकर लगाने, टोल प्लाजा, चेक प्वाइंटस, इत्यादि पर बैनर स्टैंडी आदि लगवाने सभी प्राथमिकध्माध्यमिक स्कूलों में पैरेन्स टीचर मीटिंग के माध्यम से कार्यक्रम की सभी को जानकारी देने, जनपद मुख्यालय में एलईडी वैन के माध्यम से एवं सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स, केबल नेटवर्क, स्थानीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्ले वीडियो अपील, आदि के द्वारा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## अम्बिवली मोहने में स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर से भव्य कावड़ यात्रा निकली, अंबरनाथ प्राचीन शिव मंदिर में करेंगे जलाभिषेक

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

कल्याण। अम्बिवली मोहने से आर एस डेरी फार्म से अम्बरनाथ तक कावड़ यात्रा का आयोजन विगत चार वर्षो से हो रहा है ।इस बार भी 7 अगस्त को आयोजन किया गया ।बता दे कि यह आयोजन मां भगवती सेवा संस्था संलग्न श्री आजाद भारत हरिकीर्तन मण्डल द्वारा संचालित मार्कण्डेय महादेव कॉंवरिया के नाम से होता रहा है ।वही संस्था के सभी सदस्यों ने आज कावड़ यात्रा में भाग लिया ।करीब 150 कावड़ यात्री इस बार कावड़ यात्रा में शामिल हुए ।कावड़ यात्रा निकलने से पहले पंडित जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा विधिवत मंत्रोचार से भगवान भोले



नाथ का पूजन व आरती हुआ ।बाद में कावड़ यात्रा निकाली गई ।इस कावड़ यात्रा में सहयोग करने व आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान भी किया गया। वही कावड़ यात्रियों में काफी उत्साह देखने को मिला। कावड़ यात्रा को प्रशासन ने भरपूर सहयोग दिया ।संस्था के लोगो ने सभी सम्मलित भक्त, सहयोग कर्ता,अतिथि,प्रशासन, व मीडिया के लोगो का भी धन्यवाद किया।

## डॉ0 अशोक 'गुलशन' ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा से वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। ''जुगनू कर सकता नहीं उसे जो काम ज्वलित दिनमान करे, वह हाथ अभी तक मिला नहीं जो हाथ मेरा सम्मान करे'' इन पंक्तियों के रचयिता और विगत 44 वर्षों से साहित्य साधना में रत डॉ0 अशोक 'गुलशन' ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा से वैश्विक स्तर पर पहचान तो बना ली किन्तु अभी तक इनके साहित्यिक सेवाओं का उचित मूल्यांकन नहीं किया जा सका है सर्बिया, इटली, ब्राजील और नाइजीरिया से साहित्यिक सेवाओं हेतु जहाँ इन्हें 04 डी0 लिट0 की मानद उपाधि प्रदान की गयी वहीं जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, फिलिस्तीन, मिस्र और भारत से 09 ऑनरेरी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा भी गया है। साहित्य के क्षेत्र में अब तक 35 देशों से 513 सम्मान,पुरस्कार, उपाधियों एवं प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित डॉ0 गुलशन को नाइजीरिया और भारत से 09 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं जिनमें इन्टरनेशनल डायमंड एवार्ड, महात्मा गाँधी इन्टरनेशनल नोबेल पीस एवार्ड, डॉ0 ए० पी०जे० अब्दुल कलाम इन्टर नेशनल अवार्ड, इंटरनेशनल गोल्डेन एवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा अवार्ड, इंटरनेशनल अचीवर्स एवार्ड, इंटरनेशनल गोल्ड स्टार एक्सीलेंसी एवार्ड, इंटरनेशनल एक्सीलेंसी एवार्ड तथा नोबेल इंटरनेशनल एवार्ड प्रमुख हैं इनके अतिरिक्त भारत के दिल्ली, म०प्र० ,हि०प्र० ,राजस्थान से इन्हें 09 राष्ट्रीय सम्मान, पुरस्कार मिले हैं जिनमें सुर साधना राष्ट्रीय सम्मान, डॉ0 अम्बेडकर भारत–भारती रत्न अलंकार, राष्ट्रीय हिन्दी सेवी सहस्त्राब्दी सम्मान, काव्य विभूति राष्ट्रीय सम्मानोपाधि, राष्ट्रीय काव्य कृति सम्मान, राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान, काव्य कौस्तुभ राष्ट्रीय सम्मानोपाधि, राष्ट्रीय रत्न एवार्ड एवं राष्ट्रीय सम्मान एवार्ड प्रदान किये गये हैं। डॉ0 गुलशन की 25 पुस्तकें प्रकाशित हैं और 26 वीं पुस्तक हिन्दी दिवस पर प्रकाशित हो रही है। इनकी पुस्तकें राजकीय पुस्तकालयों में आपूर्ति की जाती हैं। देश–विदेश की 1206 प्रकार के प्रमुख समाचार पत्र–पत्रिकाओं में इनकी लगभग तीन हजार रचनायें प्रकाशित हो चुकी हैं और साहित्य के क्षेत्र में इन्होंने 55 वर्ल्ड रिकार्ड बनाये हैं जिनमें विश्व की सबसे छोटी गजल, सबसे बड़ी गजल, सबसे लम्बी गजल, दोहा गजल, मुहावरा गजल, एक वर्ष में सबसे अधिक सम्मान पाने का तथा सबसे अधिक साहित्यिक सम्मान पाने का वर्ल्ड रिकार्ड इनके नाम दर्ज हैद्य सबसे लम्बा और अद्वितीय गीत लेखन के लिये वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स लन्दन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है तथा इनके द्वारा 655 नामों के 12634 हिन्दी अखबारों के संकलन का रिकार्ड लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। वर्ष 2011–12 में इनके हिन्दी साहित्य में योगदान विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय से एम0फिल0 हुई है तथा बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के पीएच0डी0 के शोध ग्रन्थ में इनकी छोटी बहर की गजल सम्मिलित की गयी है। भारतीय राजदूतावास की ओर से इन्होंने काठमांडू में प्रतिभाग किया है तथा भूटान, थाईलैंड और इंडोनेशिया के विश्व हिन्दी उत्सव में सम्मिलित हुये हैं। आकाशवाणी लखनऊ, जन सन्देश, पूर्वा पोस्ट टी0वी0 तथा नेपालगंज के एफएम चौनल पर इनकी अनेकों रचनायें प्रसारित हुई हैं। भारत के 17 राज्यों तथा उ०प्र० के 36 जनपदों से सम्मानित डॉ0 गुलशन को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा इनके कहानी संग्रह ' कागज के पंख' पर इक्यावन हजार रूपये की राशि सहित अमृत लाल नागर पुरस्कार, तथा काव्य संग्रह 'ख्वाब के साये' पर एक लाख रूपये की सम्मान राशि सहित डॉ0 हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार एवं इंडोनेशिया में एक लाख रूपये की राशि सहित दुष्यन्त कुमार गजल सम्मान से सम्मानित किया गया हैद्य समाज सेवा हेतु इन्हें 23 देशों से 49 ऑनरेरी डॉक्टरेट तथा 01 डी0 लिट् सहित 1137 सम्मान, पुरस्कार, उपाधियाँ तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। वर्ष 2007 से पद्मश्री पुरस्कार हेतु इनके नाम की संस्तुति जिलाधिकारी, आयुक्त, विधायक, सांसद केन्द्रीय मंत्री, राज्यमंत्री, महामहिम राज्यपाल तथा उ०प्र० सरकार द्वारा की जाती रही है।

## मिहींपुरवा तहसील परिसर से निकाली गयी तिरंगा यात्रा

- विधायक सरोज सोनकर व प्रतिनिधि अलोक जिंदल नेतृत्व में तहसील भवन से निकाली गई तिरंगा यात्रा

बहराइच,मिहींपुरवा। तहसील कार्यालय से आयोजित किया गया हर घर तिरंगा यात्रा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' अन्तर्गत आगामी 11 से 17 अगस्त, 2022 तक ''स्वतन्त्रता सप्ताह'' तथा ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रमों में समस्त जनपदवासियो की सहभागिता सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों मे घर–घर तिरंगा लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

सम्पूर्ण समाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम तथा स्वतन्त्रता सप्ताह की कार्यक्रम की सफलता हेतु डीएम व एसपी के नेतृत्व में झण्डा गीत ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा उंचा रहे हमारा'' का सामूहिक गायन हुआ।

डीएम ने आई.सी.डी.एस. विभाग के स्टाल का निरीक्षण करते हुए ''स्वतन्त्रता सप्ताह'' तथा ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के लिए ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित करने के लिए कहा कि गॉव–गॉव जाकर लोगों के बीच आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए जागरूक करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी घरों में तिरंगा फहराया जाय।



इसके पश्चात थाना मोतीपुर के संपूर्ण स्टाफ व 85 ग्राम प्रधान मौजूद रहे और साथ ही वन विभाग के रेंजर महेंद्र कुमार मौर्य तथा ककरहा रेंज के रेंजर रामकुमार अपने पूरे स्टाफ के साथ अपने रेंज कार्यालय में सभी दूरदराज से प्रधान,आंगनवाड़ी, विश्व हिंदू परिषद, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के पद अधिकारियों को जलपान के साथ स्वागत किया गया, तहसील मिहिंपुरवा के स्टाफ, अधिवक्ताओं, फरियादियों, संभ्रान्तजनों के साथ ''भारत माता की जय'' ''स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी अमर रहे'' इत्यादि देश–भक्ति से ओत–प्रोत गगनभेदी नारों के बीच तहसील भवन से मुख्य मार्ग तक तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

## मालदीव के राष्ट्रपति ने मुंबई फिल्मसिटी का दौरा किया

–अनिल बेदाग–

मालदीव के राष्ट्रपति श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने गोरेगांव पूर्व में महाराष्ट्र फिल्म, थिएटर और सांस्कृतिक विकास निगम के दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी का दौरा किया।

इस अवसर पर निगम के प्रबंध निदेशक विवेक भीमनवार ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल बॉलीवुड पार्क और क्रोमा स्टूडियो की सुंदरता से प्रभावित हुआ। प्रतिनिधिमंडल में मालदीव के राष्ट्रपति, वित्त मंत्री इब्राहिम आमिर, आर्थिक विकास मंत्री फैयाज इस्माइल, भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर शामिल थे। बॉलीवुड पार्क में







मराठी, हिंदी और मालदीवियन भाषा में नृत्य के साथ एक कॉमेडी शो का आयोजन किया गया। क्रोमा स्टूडियो में शूटिंग से पहले और बाद में कैसे बदलाव, इफेक्ट्स किए जाते हैं, इसका एक प्रदर्शन भी दिखाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने धारावाहिक श्तारक मेहता का उल्टा चश्माश के सेट का भी दौरा किया। पर्यटन और उद्योग के अवसरों के साथ, मालदीव में कई स्थान हैं जो फिल्मांकन के लिए उपयुक्त हैं और यह भारतीय निर्माताओं का पसंदीदा फिल्मांकन स्थान है, श्री भीमंवर ने कहा।

इस अवसर पर निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक कुमार खैरे, बॉलीवुड पार्क के निदेशक संतोष मिजगर, चिराग शाह, रवि रूपारेलिया सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

## जदयू के उत्तर प्रदेश महासचिव चुने गये डीएम सिंह गहरवार

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। जनता दल युनाइटेड के तत्वावधान में रविवार को भदोही के एक होटल में कार्यकर्ता संवाद का कार्यक्रम रखा गया। जहां पर पार्टी की मजबूती और विस्तार को लेकर काफी चर्चा हुई ।कार्यक्रम की शुरूआत माल्यार्पण और स्वागत से हुआ। जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने कहा कि जदयू का नाम तो बडा है लेकिन पार्टी भदोही में छोटी है लेकिन जनता के सहयोग से हम मजबूत हो सकते है। सपा के परिवार का ही समाजवाद है। जदयू में पूरा समाज और सभी धर्म व जाति के लोग परिवार के है। कहा कि पिछले चुनाव में डीएम सिंह गहरवार ने एक मिशाल पेश किया। जिससे जदयू भदोही में और मजबूत हुई है। सभी लोग इस मजबूती में सहभागी बने।

डीएम सिंह गहरवार ने कहा कि सूचना के बाद सोचना नही होता है अच्छे कार्यकर्ताओं में। कहा कि मै चुनाव लड़ा। धन और बाहुबल से प्रभाव दिखा सकते है स्वभाव से नही। जितना लोग एक दिन निवेश करते थे उतना खर्च मेरा पूरे चुनाव



में खर्च हुआ। देश में लोकतंत्र नही बल्कि दलतंत्र के आधार पर चुनाव होना है। लोग धन के प्रभाव से लोगों को इकट्ठा करते है जबकि डीएम सिंह अपने स्वभाव से लोगों का आशीर्वाद मिलता है। कहा कि समाजवादी विचारधारा के नाम पर लोग जनता को बहका रहे है आज समाजवादी विचारधारा के नाम पर अखिलेशियन विचारधारा प्रभावी है जो एक दुसरे से पूरी तरह अलग है। भदोही में आयातित नेताओं को खत्म करने में भदोही का कोई नेता ही कर सकता है। जनता का विश्वास जिसके साथ है उसमें सभी का सहयोग जरूरी है। जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे पूरी ईमानदारी से किया जायेगा लेकिन कार्यकर्ताओ को प्रताड़ित करना बर्दास्त नही है। सभी लोग संकल्प लेकर दस दस लोगों को जोडे और पार्टी को मजबूत करे जिससे पूर्ण बहुमत की सरकार बन सके। राजनीति में समर्पण, सत्यता, स्वीकार्यता होने पर सफलता अवश्य मिलती है। जदयू जिला प्रभारी व मुख्य अतिथि अवधेश पटेल ने कहा कि 2015 और आज की स्थिति में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। विपरीत धारा में तैरने वाला साहसी होता है। कहा कि आज की पढाई इतनी मंहगी हो गई है कि सबके बस की बात नही है। बिहार में सरकार युवाओं की पढाई के लिए चार लाख का क्रेडिट कार्ड मिलता है। बिहार के मुख्यमंत्री ने बच्चों की साइकिल दी जिससे वे आराम से विद्यालय जा रहे है। कहा कि असली समाजवाद परिवारवाद से नही स्थापित हो सकता है जिसमें आम लोगों की जरूरत रही। सभी के साथ मिलने पर न केवल एक राज्य बल्कि पूरे देश में अपने को स्थापित कर सकें। जदयू दिखावा नही करती है।

उदास मत हो यदि किसी ने धोखा दिया

सच तो यह है कि समझने का मौका दिया।

इस मौके पर प्रदेश अवधेश सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष सर्वेश राय, विमलधर दूबे, विनय राय, इंदरीश अंसारी, आदर्श शुक्ला, जयप्रकाश सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार सिर्फ जनता को झूठा विकास का ढिंढोरा पीटती रही : जजलाल

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

भदोही। कांग्रेस कमेटी भदोही के जिला महासचिव जजलाल राय ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद महंगाई लगातार बढ़ रही है इससे यह साबित हो रहा है कि भाजपा सत्ता में आई है जनता के हिस्से में सिर्फ महंगाई,तबाही लाई है ।महंगाई की मार से गरीब और मध्यम वर्ग दोनों परेशान है।

इस सरकार में गैस सिलेंडर,दूध, दही,पनीर,आटा,दाल,सब्जी,तेल जैसी आदि महंगाई घरेलू अर्थव्यवस्था चौपट दिखाई देती। कहा कि भाजपा के इस जंगल राज में रसोई से जुड़ा हर सामान महंगा हो गया है। सीएनजी व पीएनजी के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। सीएनजी के दाम पिछले 7 महीने में 6 बार बढ़े हैं। पीएनजी के दाम भी 6 बार बढ़े हैं। श्री राय ने कहा कि भाजपा की इस डबल इंजन की सरकार लोगों के मुंह का निवाला छीनने पर आमादा है। भाजपा की सारी कोशिशें आंकड़ों के मायाजाल से जनसमुदाय को प्रभावित सिर्फ करने की है। भाजपा जनता के रुपयों से सरकारों की खरीद–फरोख्त करने में ही लगी है। इस तरह भाजपा अपने भ्रष्टाचार का बोझ जनता पर डाल रही है। भाजपा की कोई चाल सफल नहीं



होने वाली क्योंकि लोग भाजपा की हकीकत जान व पहचान चुकी हैं।

श्री राय ने कहां की आम जनता कि चीतां अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी विचारधारा वाली सरकार से दूर हो सकती है क्योंकि भाजपा सरकार जनता को अपने विकास का झूठा ढिंढोरा हमेशा पीटती रही है।

कांग्रेस पार्टी ही विकल्प है जनता के सामने क्योंकि महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य पदार्थ आवश्यक वस्तुओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठा रही है।।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## आजादी के अमृत महोत्सव यस कंप्यूटर पर पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के द्वारा मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में के यम एस कंप्यूटर इंस्टीट्यूट पयागपुर की तरफ से कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव रहे।इंस्टिट्यूट की तरफ से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो पयागपुर नगर पंचायत क्षेत्रका भ्रमण किया और तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के गानों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इसके बाद निर्णायक मंडल द्वारा विजयीछात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। निर्णायक मंडल में राम प्रकाश इंटर कॉलेज सुहेलवा के प्रधानाचार्य आसाराम यादव न्यू रॉयल मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामपाल गुप्ता अमरीश तिवारी थे। कला प्रतियोगिता मे 60 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।इस अवसर पर अंकुर सिंह सूरज श्रीवास्तव राजू तिवारी शेरो मिश्रा भानु सत्यम श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।अमृत महोत्सव व कला प्रतियोगिता में आए हुए संस्था के डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव ने सबका आभार प्रकट किया।



## ग्राम नगवाकला में बन्द रास्ते को खुलवाने की ग्रामीण ने की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय तहसील व कोतवाली क्षेत्र कर्नलगंज अन्तर्गत ग्रामपंचायत नगवाकला के मजरा शीरपुरवा निवासी पेशकार पाण्डेय ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत किया




है। पीड़ित ग्रामीण ने की गई शिकायत में कहा है कि उसके ग्राम पंचायत नगवाकला के ही निवासी कुछ दबंग किस्म के लोगों ने एकराय होकर खलिहान व चकमार्ग को पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया है। यही नहीं बबूल का पेड़ काटकर रास्ते पर रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। ग्रामीणों के विरोध करने पर गाली देते हुये आमादा फौजदारी हो रहे हैं। पीड़ित ने खलिहान एवं चकमार्ग को खाली कराने की मांग की है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है, लेकिन यदि ऐसा है तो जांचोपरान्त कार्यवाही की जायेगी।

## शाण्डिल्य शांडिल्य एक ब्राह्मण गोत्र है, ये वेदाध्ययन करने वाले ब्राह्मण हैं, यह गोत्र ब्राह्मणों के अनेक गोत्रों में से एक है

दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तर प्रदेश। महाभारत अनुशासन पर्व के अनुसार युधिष्ठिर की सभा में विद्यमान ऋषियों में शाण्डिल्य का नाम भी है। ब्राह्मणों से ही इस संसार का अस्तित्व है अतः इस संसार के प्रारंभ सतयुग से ही शांडिल्य ऋषि और अन्य ब्राह्मणों का अस्तित्व कायम है, अतः मान्यता यह भी है के सबसे पहले सतयुग में वेद–शास्त्र तथा शस्त्रों की शिक्षा भी ऋषि शांडिल्य तथा गार्गस्य ऋषि के आश्रम में ही प्रारंभ हुई। शांडिल्य ऋषि त्रेतायुग में राजा दिलीप के राजपुरोहित बताए गए है, वहीं द्वापर में वे राजा नंद के पुजारी हैं, एक समय में वे राजा त्रिशुंक के पुजारी थे तो दूसरे समय में वे महाभारत के नायक भीष्म पितामह तथा अपने ब्राह्मण भ्राता श्री परशुराम के साथ वार्तालाप करते हुए दिखाए गए हैं। कलयुग के प्रारंभ में वे जन्मेजय के पुत्र शतानीक के पुत्रेष्ठित यज्ञ को पूर्ण करते दिखाई देते हैं। इसके साथ ही वस्तुतः शांडिल्य एक ऐतिहासिक ब्राह्मण ऋषि हैं लेकिन कालांतर में उनके नाम से उपाधियां शुरू हुई है जैसे वशिष्ठ, विशवामित्र और व्यास नाम से उपाधियां होती हैं। शांडिल्य गोत्र ख्दुबे तिवारी,त्रिपाठी,शर्मा,मिश्रा,गोस्वामी वंश) शांडिल्य ऋषि के बारह पुत्र बताए जाते हैं जो इन बारह गांवों से प्रभुत्व रखते हैं। पिंडी, सोहगोरा, संरयाँ, श्रीजन, धतूरा, अतरौरा,बगराइच, बलूआ, हलदी, झूडीयाँ, उनवलियाँ, लोनापार, कटियारी, लोनापार में लोनाखार, कानापार, छपरा भी समाहित है। इन्हीं बारह गांव से आज चारो तरफ इनका विकास हुआ है, ये सरयूपारीण ब्राह्मण हैं। इनका गोत्र श्रीमुख शांडिल्य त्रि प्रवर है,श्री मुख शांडिल्य में घरानों का प्रचलन है जिसमें राम घराना, कृष्ण घराना, नाथ अतः विष्णु घराना, मणि घराना है, इन चारो का उदय सोहगोरा गोरखपुर से है जहाँ आज भी इन चारो का अस्तित्व कायम है। शाण्डिल्य नामक आचार्य अन्य शास्त्रों में भी स्मृत हुए हैं। हेमाद्रि के लक्षणप्रकाश में शाण्डिल्य को आयुर्वेदाचार्य कहा गया है। विभिन्न व्याख्यान ग्रंथों से पता चलता है कि इनके नाम से एक गृह्यसूत्र एवं एक स्मृतिग्रंथ भी था।

## सेवानिवृत्त हो रहे होमगार्ड की सम्मान पूर्वक विदाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश तरबगंज गोण्डा। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में होमगार्ड सूर्य प्रकाश सिंह तथा बृज किशोर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई इस मौके पर थाना अध्यक्ष महोदय मुकेश कुमार पांडे जी सब इंस्पेक्टर सुखराम यादव पूर्व पीसी यदुनाथ उपाध्याय बी०ओ०



बद्रीनाथ यादव, कंपनी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह प्लाटून सर्जन अनिरुद्ध कुमार सिंह पीआरडी जवान पिंटू कुमार, होमगार्ड शारदाबक्श सिंह अशोक कुमार सिंह दीनानाथ, जोखन, राम अधीन सिंह सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मियों ने सेवानिवृत्त सूर्य प्रकाश सिंह तथा बृजकिशोर सिंह का स्वागत किया। थाना अध्यक्ष महोदय ने सेवानिवृत्त हो रहे होमगार्ड सूर्य प्रकाश सिंह तथा वृज किशोर सिंह को टॉर्च, छाता, मिठाई तथा अंग वस्त्र के साथ–साथ रामचरितमानस की पवित्र पुस्तक भेंट की। सेवानिवृत्त हो रहे सूर्य प्रकाश सिंह तथा



वृज किशोर सिंह के सम्मान में थाना अध्यक्ष महोदय मुकेश कुमार पांडे जी ने सभी पुलिसकर्मियों को एकत्रित कर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया इस अवसर पर सूर्य प्रकाश सिंह तथा बृजकिशोर सिंह काफी भावुक दिखे और अपने अन्य समस्त स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वसुधा सेवा संस्थान के अंतर्गत एक गरीब वृद्ध व्यक्तिको जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में किया गया ब्लड डोनेट

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश गोण्डा। वसुधा सेवा संस्थान के अंतर्गत एक गरीब वृद्ध व्यक्ति को जिला अस्पताल गोंडा के ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट किया गया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में शुक्रवार को ओ नेगेटिव ब्लड ग्रुप ना मिलने पर मौके पर पहुंचे अनुज कुमार द्विवेदी पत्रकार जिनका ब्लड ग्रुप चेक करने के दौरान ओ नेगेटिव ब्लड ग्रुप पाया गया। जहाँ पत्रकार अनुज कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार पांच अगस्त को वृद्ध को ब्लड डोनेट किया। इस मौके पर वसुधा सेवा संस्थान के कार्यकर्ता जुग्गीलाल गुप्ता जी एवं एडवोकेट राकेश पाल जी अंकित द्विवेदी, एडवोकेट घनश्याम जी सहित कई लोग मौजूद रहे।



## महिला व उसके पुत्र को मारने पीटने व भद्दी भद्दी गालियाँ देने के संबंध में विपक्षीगण के विरुद्ध थाने में दी गयी तहरीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कर्नलगंज, गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कादीपुर निवासिनी एक महिला ने गाँव के दबंग विपक्षी गणों द्वारा उसे व उसके पुत्र को मारने पीटने और भद्दी भद्दी गालियाँ देने से काफी त्रस्त होकर इस संबंध में थाने में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं उचित कार्यवाही की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला सपना सिंह पत्नी मनोज सिंह निवासिनी ग्राम कादीपुर थाना व तहसील कर्नलगंज गोण्डा ने शनिवार को थाना कोतवाली कर्नलगंज में दी गई तहरीर में कहा है कि उसका बच्चा दिनांक 06/08/2022 दिन शनिवार को सुबह अपने घर के बाहर शौंच कर रहा था, इतने में विपक्षी गण लाल सिंह पुत्र कैलाश सिंह व राज सिंह पुत्र कैलाश सिंह निवासी ग्राम कादीपुर थाना कर्नलगंज गोण्डा आये और मेरे बच्चे को मारने लगे। जिससे प्रार्थिनी का बच्चा रोते चिल्लाते अपनी मां के पास घर पहुंचा तब भी विपक्षीगण पीछा करते हुए घर में आ गए और प्रार्थिनी को मां बहन की भद्दी–भद्दी गाली गुप्ता देते हुए मारने लगे। कुछ देर में आस पड़ोस के लोग पहुंचे तब किसी तरह से प्रार्थिनी को छोड़ा।प्रार्थिनी के परिवार के लोग हैदराबाद में मजदूरी के सिलसिले में चले गए हैं, इससे वह घर में अकेली है।

विपक्षीगण उसी का नाजायज फायदा उठाते हैं और ऐसी घटना कई बार कारित कर चुके हैं। जिससे काफी त्रस्त होकर पीड़ित महिला ने उक्त संबंध में थाने में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं उचित कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## दो होमगार्डो के मध्य हुई जमकर मारपीट में एक की मौत,दो गंभीर घायल

- महिला समेत दो गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश गोण्डा। जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत ठाकुर दीन पुरवा ठड़क्की पट्टी में नकछेद त्रिवारी पुत्र रामप्रसाद, मुकेश पुत्र नकछेद व ठाकुर प्रसाद पुत्र नकछेद तथा अरुण प्रसाद मिश्र पुत्र मुन्नाराम व दिवाकर प्रसाद पुत्र मुन्नाराम ( दोनों होमगार्ड) के मध्य खेत में सीमेंट का खंभा गाड़ने को लेकर विवाद हुआ।

जिसमें नकछेद व उनके सहयोगी गणों द्वारा अरुण प्रसाद व दिवाकर उपरोक्त को लाठी–डंडे व धारदार हथियार से चोट पहुंचाई गयी। जिससे इलाज के दौरान अरुण प्रसाद उम्र 54 वर्ष



की मृत्यु हो गई व दिवाकर मिश्र उम्र 52 वर्ष व मनोजा पत्नी दिवाकर उम्र 35 वर्ष घायल हो गयी है। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटनास्थल पर उच्चाधिकारीगण व पुलिस बल मौजूद है। वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मौके कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## बलहा विधायक एवं प्रतिनिधि के नेतृत्व में धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा



संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी

- पूरा मिहींपुरवा कस्बा दिखा तिरंगामय,कस्बे वासियों में देश के प्रति दिखा काफी उत्साह

दैनिक अयोध्या टाइम्स रोशनी तिवारी मोतीपुर बहराइच

मोतीपुर बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मिहींपुरवा कस्बे में बलहा विधायक सरोज सोनकर एवं प्रतिनिधि आलोक जिंदल के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई ।तिरंगा यात्रा अस्थाई तहसील गल्ला मंडी परिसर से शुरू होकर मोतीपुर वन वैरियर पर समाप्त हुई ।तिरंगा यात्रा के समापन पर बलहा विधायक एवं प्रतिनिधि ने देश को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश को आजादी दिलाने वाले सभी महापुरुषों को याद करते हुए उन्हें नमन वंदन किया। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों को अपने देश के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए देश के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर मोतीपुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, हरगोविंद पाण्डेय, अरविंद मदेशिया, रामफल रावत,जुगुल किशोर पोरवाल,कुंवर सिंह, सुभाष चन्द्र,पीयूष मौर्य,धनीराम लोधी, बच्छराज लोधी, अशोक लोधी,अजय गुप्ता,नीरज मिश्रा, समेत सभी ग्राम प्रधान ,बूथ एवं सेक्टर अध्यक्ष तथा पन्ना प्रमुख समेत भारी संख्या में कस्बेवासी शामिल रहे।

## महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा हर हर गंगा हर घर तिरंगा का रैली निकालकर सभी को जागरुक किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। महिला एवम बाल विकास संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन के दौरान आज दिनांक 07/08/2022 को ग्राम पंचायत वजीरपुर ब्लॉक चितौर जनपद बहराइच में महिला एवम बाल विकास संस्थान ने हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत हर घर तिरंगा महोत्सव मनाया जिसमे संस्था द्वारा बताया गया की हर घर नल से जल मिले गा व हर घर तिरंगा फिरेगा ग्राम पंचायत के समस्त मजरो से लोग आय और अपनी सहभागिता निभाई व सपथ भी लिया अपने अपने घरों पे तिरंगा वा देश की रक्षा का वा संस्था सभी घरों पे तिरंगा फहराने को लेके सबसे निवेदन किया वा सबसे जल जीवन मिशन के तहत जो टंकी बन रही उसके कनैक्शन हेतु जागरूक किया जिसमे ग्राम प्रधान वा कार्यकर्ता पूजा , बृजेश कुमारी सीमा, रेखा , सन्तोष वा अन्य कार्यकर्ता मौजुद रहे।




## कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम चौरी में चोरी करने के आरोप में किशोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

- पूंछताछ कर किया गया पुलिस के हवाले
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से कोतवाली कर्नलगंज पुलिस की गस्त और चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था की खुल रही पोल

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा

कर्नलगंज, गोण्डा। रविवार को थाना कोतवाली कर्नलगंज अंतर्गत सिकरी गाँव में ग्रामीणों द्वारा एक किशोर को चोरी के आरोप में पकड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए किशोर को चोरी के आरोप में थाने के हवाले किया जाना बताया जा रहा है। वहीं इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जो स्थानीय पुलिस की गस्त और चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था की पोल खोलते हुए कर्नलगंज पुलिस की कार्य शैली को सवालिया कटघरे में खड़ा कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिकरी से जुड़ा है, जहाँ ग्रामीणों द्वारा एक किशोर को चोरी के आरोप में पकड़े जाने का मामले में से संबंधित वायरल वीडियो में किशोर द्वारा ग्रामीणों के पूछताछ के दौरान अपना नाम लवकुश पिता का नाम राम धीरज और अपने साथ के सूरज नाम के व्यक्ति निवासी सिकरी, गुड्डू, रामपाल,रवि निवासी भोंका पतिसा होना बताते हुए चार स्थानों परशा महेशी, सिकरी में तिवारी के यहाँ, अपने गांव में छीटू प्रधान के यहाँ और एक कबाड़ी की दुकान में चोरी किया जाना कहा जा रहा है। इसी के साथ ही काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी में सख्ती से बार बार कुरेदने और कुबूल करवाने पर उक्त



किशोर ने दीवाल पर रात दो बजे अकेले चढ़कर चोरी करना कहकर अपने गैंग में उपरोक्त सूरज, गुड्डू, रामपाल,रवि का नाम गिनाते हुए उसका सरगना सूरज को बताया गया। वहीं पकड़े गए किशोर द्वारा ग्रामीणों को इन सभी लोगों की फोटो दिखाने पर पहचान करने की बात भी कही जा रही है। जिससे ग्रामीणों ने पूँछताछ के पश्चात किशोर को पुलिस के हवाले किया जाना बताया गया। बताते चलें कि इस मामले ने स्थानीय पुलिस की गस्त और चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। जिससे कोतवाली कर्नलगंज पुलिस की कार्य शैली सवालिया घेरे में है।

## मदरसा एजुकेशन लर्निंग एप की ट्रेनिंग में चार सौ पचपन मदरसा शिक्षक किये गए प्रशिक्षित

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। मदरसा एजुकेशन लर्निंग एप की ट्रेनिंग जनपद के मदरसों में कार्यरत शिक्षकों को जिला अल्पसंख्यक विभाग के माध्यम से गाँधी पार्क स्थित टाउन हाल में दो पालियों में दी गयी। जिसमें प्रथम पाली में दस बजे से साढ़े बारह बजे तक सदर गोण्डा तहसील के दो सौ इक्कीस शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया तथा द्वितीय पाली में दो बजे से साढ़े चार बजे तक तहसील करनैलगंज, तरबगंज व मनकापुर के दो सौ चौतींस शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभाग के कर्मचारी वरिष्ठ सहायक मुजफ्फर सिद्दीकी, नीरज चौबे, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद साजिद,आनन्द सिंह, उदय प्रताप सिंह, शंकर गिरी आदि की उपस्थिति में कम्पनी यूपी डिस्को के पंकज वर्मा व संजय कुमार ने ट्रेनिंग दी।कार्यक्रम की सूचना देते हुए संगठन मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक के जिला अध्यक्ष मोहसिन खान ने सरकार की प्रसंशा की कहा सरकार मदरसा व अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षा के प्रति गम्भीर है और मुख्यमंत्री माननीय योगी जी व मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ० इफ्तिखार जावेद साहब का शिक्षकों की ओर से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर इरफान अहमद खान, आफताब अहमद, रिजवान अहमद, जावेद अहमद अंसारी, सिराजुल हक, जुबैर, अब्दुल हन्नान, मुमताज अहमद, सूफिया,ममता सिंह, कामिनी देवी, राहिला, सालिहा, अंकिता तिवारी जलालुद्दीन, नफीस अंसारी, आरिफ, अजय, इरशाद, विनय आदि सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## घर में सो रही महिला पर तेंदुआ का हमला, भर्ती

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी सुजौली, बहराइच। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम गडरियनपुरवा निवासी एक महिला घर में सो रही थी। रविवार तड़के चार बजे तेंदुए ने महिला पर हमला कर नोच लिया। महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

सुजौली रेंज के ग्राम पंचायत सुजौली के मजरा गडरियन पुरवा निवासी राम बहादुर की 35 वर्षीय पत्नी घर में सो रही थी। रविवार तड़के चार बजे के आसपास जंगल से निकलकर तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ ने महिला के दाहिने हाथ को दबोच लिया। महिला ने शोर मचाया, तब परिवार के लोग दौड़े। इसी दौरान हाका लगाने पर तेंदुआ फरार हो गया। महिला को पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया गया है। महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से झोली से मोतीपुर सीएचसी रेफर कर दिया गया है वहीं घटना की सूचना पर पाकर मौके पर सुजौली प्रधान राजेश गुप्ता व काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे घटना की सूचना प्रधान व ग्रामीणों के द्वारा रेंज कार्यालय में दी है। मौके पर वाचर सूरज शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, बेफई,रामदुलारे चौकीदार पहुंचे ,



वन क्षेत्राधिकारी सुजौली रेंज रामकुमार ने बताया पीड़ित महिला के परिजनों को तत्काल दो हजार की आर्थिक मदद दी गई है।

## आजादी का अमृत महोत्सव 11 से 17 अप्रैल तक आईकॉनिक विक के रूप में मनाया जाएगा : हरि ओम सिंह

- अमृत महोत्सव को लेकर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन (आ0भा 0फा0ए0) ने की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश । गोंडा रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक हुई जिसमे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनांक 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रमुख सचिव अनीता सिंह खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन लखनऊ द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है देवीपाटन मंडल के निमित सहायक आयुक्त



औषधि मनोज कुमार एवम औषधि निरीक्षक राजिया बानो के निर्देश पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक की और जागरूकता अभियान के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया और जनपद के सैकड़ों फार्मासिस्ट साथियों को तिरंगा भेंट किया गया ।

जिलाध्यक्ष हरि ओम सिंह ने बताया कि आजादी के 75वी वर्षगांठ पर जनपद के समस्त मेडिकल स्टोरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए सभी फार्मासिस्ट साथियों को से आवाहन किया गया है और सभी ब्लॉक अध्यक्ष को तिरंगा लगाने के लिए लक्ष्य दिया गया है ।

अमर श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के लगभग पांच हजार मेडिकल स्टोर पर तिरंगा लहराया जायेगा। बैठक में मनोज सैनी , आर के साहू, शशिकांत मिश्रा, मोहित सिंह ,विजय पांडे, राहुल , राकेश, आदि मौजूद रहे ।

## आजादी के अमृत महोत्सव प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- बच्चों ने कलाकृतियों उकेरकर समाज को दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स रानीपुर बहराइच। हुजूरपुर विकासखंड के अंतर्गत रानीपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव में स्थित ब्लू– बेल्स एवरग्रीन एकेडमी में शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों द्वारा कलाकृतियां उकेरकर भारत के महापुरुषों को नमन किया गया व उनके द्वारा किए गए कार्यों को राष्ट्र के उद्धार के लिए सराहनीय बताया गया । आजादी के अमृत महोत्सव पर बच्चों ने चित्रकला में प्रतिभा दिखाई। विद्यालय के

शेखर सिंह, अभय राज, अखंड कुमार, शिवम यादव, अजय सिंह, हर्षित मिश्रा, शैलेश पुष्कर, संचित यादव, देवेंद्र साहनी, सौम्या यादव, शिवानी पुष्कर, निधी यादव, सुधा सिंह, शालू भारती, शिवानी श्रीवास्तव, उम्मे कुलशुम, हर्षिता सिंह, श्रृष्टि सिंह, जीविका गुप्ता, आंचल गुप्ता ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम आकाश, द्वितीय शालू भारती, तीसरा शेखर सिंह स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक मुस्तकीम अहमद ने कहा कि भारत का स्वाधीनता संग्राम विश्व के अब तक के सबसे महान और गौरवशाली संघर्षों में से एक रहा है। इस बार मौका इसलिए भी खास है, क्योंकि आजादी के इस वर्ष को देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। यह महोत्सव क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, देशभक्तों की





स्वाधीनता का ऐसा अमृत है जो हमें देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वाधीनता संग्राम से जुड़े महापुरुषों के साथ ही अन्य विधाओं पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य एस. के. मिश्रा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने अमृत महोत्सव का आगाज 12 मार्च 2022 साबरमती से शुरू करके देश में शांति और अमन की परचम को बुलंद किया है। जिसमे देश के सभी क्रांतिकारियों को नमन किया जाएगा और स्वाधीनता के प्रति एक नई बुलंदियों को युवा तक पहुंचाया जाएगा । इस मौके पर उप प्रधानाचार्य मस्त राम मौर्या , अनिल भास्कर ,अरशद अहमद , अनुभव सक्सेना,विनय गौतम , सुधीर यादव मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत लखनापुर के कुछ दबंगो के द्वारा पूर्व का रास्ता होते हुए भी जबरन पीड़ितों के गाटा संख्या मे मोहर्रम का जुलूस

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोंडा उत्तर प्रदेश। थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखनापुर के कुछ दबंगो के द्वारा पूर्व का रास्ता होते हुए भी जबरन पीड़ितों के गाटा संख्या मे मोहर्रम का जुलूस । पूरा मामला आपको बता दे कि थाना कटरा बाजार की क्षेत्र ग्राम पंचायत लखनापुर के निवासीगण जोगिन्दर सिंह भीम सिंह ओमकार कुलदीप शिवशंकर वर्मा दिलीप वर्मा अंशु कश्यप चन्दर यादव संतोष कुमार वर्मा आदि लोगों ने आरोप लगाया है कि दबंगो के द्वारा मोहर्रम त्योहार के दौरान ताजिया ग्राम प्रधान के बाग से होते हुए रेलवे लाइन के किनारे से निकलकर कर्बला जाते थे यही मुस्लिम समुदाय का पुराना रास्ता है पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान राकेश कुमार मिश्र के छोटे भाई (प्रतिनिधि)महेश कुमार मिश्र(पिन्टू मिश्र) लखनापुर के राजनीतिक व्देशवस वोट बैंक की राजनीति के कारण पुलिस प्रशासन व उपजिलाधिकारी से मिलकर नाजायज दबाव बनाकर नये रास्ते से ताजिया निकालवाना चाहते हैं नया रास्ता पीड़ितों के गाटा संख्या 171 से होकर काली जी के मंदिर के बगल से निकलता है मुस्लिम समुदाय की प्रथा है जिस रास्ते से ताजिया निकलती है उसी रास्ते से दोबारा निकलने का प्रयत्न करते हैं पीड़ितों ने बताया कि यदि कोई व्यवधान होता है तो शासन प्रशासन की जवाब देही बढ़ जाती है क्योंकि प्रधान के बाग से होकर पूर्व से मुस्लिम समुदाय के लोगों कि ताजिया निकलती थी जिस कारण प्रधान पद प्राप्त हो जाने पर वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि (पिन्टू मिश्र) द्वारा अपने बाग को बचाकर पीड़ितों के गाटा संख्या 171से होकर काली जी के मंदिर के बगल से ताजिया निकलने का नया रास्ता बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है।इस मामले को लेकर राजेंद्र प्रताप सिंह व रमेश यादव जयबख्श सिंह उपजिलाधिरी करनैलगंज से मिलने गये तो उपजिलाधिरी ने डाटकर भगा दिया इस पूरे प्रकरण को राजेन्द्र प्रताप सिंह संतोष कुमार गुप्ता रमेश यादव शनि सिंह आदि दर्जनों लोगों ने मुख्यमंत्री आई जी जिलाधिकारी गोण्डा पुलिस



अधिक्षक गोण्डा को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# संक्षिप्त समाचार

## एमएलसी ने फीता काटकर किया मेगा कैम्प का शुभारंभ

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। जलालाबाद आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कोरोना महामारी पर अंकुश के लिए 15 जुलाई से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।लेकिन फिर भी लोगों की सुविधा के लिए मेगा कैंप लगाया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में रविवार को स्वास्थ्य विभाग कोविड–19 वैक्सीनेशन के लिए मेगा कैंप लगाया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायकध्वर्तमान एमएलसी बनबारी लाल दोहरे ने फीता काटकर मेगा कैम्प का शुभारंभ किया।प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि 22 टीकाकरण केंद्रों पर 1040 लोगों का टीकाकरण किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि कोविड संक्रमण से बचाव के लिए एहतियाती डोज लगवाना आवश्यक है। जिन्हें दूसरी डोज लगे छह माह पूरे हो चुके हैं वह इस मेगा कैंप का लाभ उठाकर एहतियाती डोज जरूर लगवा लें।इसके साथ ही उन्होने कहा कि कोविड अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है,दो गज दूरी बनाकर रखे इसका विशेष रूप से ख्याल रखे।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कैंप लगाकर चलाया सदस्यता अभियान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। आज समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने ठठिया में समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान के अन्तर्गत कैम्प लगाकर सैकड़ो लोगो को समाजवादी पार्टी का सदस्य बनाया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने लोगो से समाजवादी पार्टी से जुड़ने की अपील करते



हुये कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीबो मजदूरो किसानों नोजवानो की लड़ाई लड़ने का काम करती है। आज जिस तरह केंद्र और प्रदेश की सरकारो ने जिस तरह महगांई और बेरोजगारी से आम जनता की कमर तोड़ने का जो काम किया है। उससे अगर कोई न्याय दिलाने का काम कर सकती है तो वो केवल समाजवादी पार्टी है । इस मौके संजय , बबलू यादव , गोविन्द कुशवाहा , महेन्द्र सिंह राणा , सुमन दोहरे , गीता यादव , उमेश सक्सेना , अशोक , लल्लू सिंह , अनंत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## निधन पर शोक

चित्रकूट। जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधिवक्ता दिनेश तिवारी के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करती है। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया की अधिवक्ता दिनेष तिवारी बहुत मिलनसार व्यक्ति थे और हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित थे, उनके निधन से कांग्रेस पार्टी की अपूर्ण क्षति हुई है, इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है। दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रत्याशी मानिकपुर कांग्रेस पार्टी रंजना बराती लाल पांडे, हेमराज त्रिपाठी, अवधेश करवरिया, श्रवण शुक्ला, यमुना शुक्ला, विजय मणि त्रिपाठी, राकेश वर्मा, रमा दत्त मिश्रा, कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, महेंद्र सिंह, सतनारायण, अरुणेंद्र मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, कुलदीप द्विवेदी, भगवानदीन, समदरिया, राकेश पांडेय, जगजाहिर पटेल, मानवेंद्र सिंह पटेल, अनिल यादव, अनिल गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता सहित सभी कांग्रेसियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## दबंगों ने उखाड़ दिये पक्की मेड़बंदी के लिए लगाए गए सीमेन्ट खंभे

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज (बहराइच)। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेवलिया हाता निवासी रक्षाराम ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा पक्की मेड़बंदी के लिए लगाए गए सीमेंन्ट खंभे व तार उखाड़ कर फेंक दिए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित रक्षा राम ने बताया कि 28 जुलाई को राजस्व निरीक्षक जरवल के द्वारा गाटा संख्या 626 व 627 पर पक्की मेड़बंदी कराकर कब्जा दिला दिया गया था परंतु पांच अगस्त को दिन में गांव के ही उदय राज, कैलाश, प्रमोद कुमार आदि ने जबरन मेड़बंदी के लिए लगाए गए पक्के खंभे व तार को उखाड़ कर फेंक दिया तथा जान माल की धमकी देते हुए उनसे मारपीट भी की।रक्षा राम ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की है उपजिलाधिकारी महेश कुमार कैथल ने बताया कि घटना जांच कराकर दोषियो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कराई जायेगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की रुपरेखा की गई तैयार

कैसरगंज,बहराइच। जिले के कैसरगंज विधान सभा 288 में भाजपा मंडल कैसरगंज व पयागपुर में प्रत्येक गाँव में बैठक करके आजादी के अमृत महोत्सव की रुपरेखा के अंतर्गत विधान सभा संयोजक गौरव वर्मा व सह संयोजक डॉ अरबिन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गोड़हिया नम्बर 1,नौगइया,रेवली,मरौठी,वैराकाजी,मगलमेला सहित कई अन्य गांवों का भ्रमण करके आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई इस दौरान उनके साथ जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, सेक्टर संयोजक बृजेश कुमार सिंह, सेक्टर प्रभारी पंकज श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, हिमांशु मिश्रा सजनलाल लोधी, भगवती प्रसाद, पवन कुमार यादव, राघवेंद्र गुप्ता ,राकेश,नीरज कुमार मौर्या सहित आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकलव्य महाविद्यालय से जरवल ब्लॉक तक निकली जायेगी भव्य तिरंगा यात्रा : सौरभ पांडये

कैसरगंज। जरवल ब्लॉक मुख्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल जरवल की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सौरभ सरीन पांडये ने की बैठक में मौजूद युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से आगामी 9 अगस्त



को पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को सफल व भव्य स्वरूप देने के लिए कार्यकर्ताओं से सुझाव व चर्चा की गई, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सौरभ सरीन पांडये ने बताया आगामी तिरंगा यात्रा जो 9 अगस्त को सुबह 10 से जरवल रोड स्थित एकलव्य महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जरवलरोड चौराहा,रिठौड़ा, धनराजपुर अठैसा,बरवलिया, होते हुए जरवल ब्लॉक मुख्यालय पर 12 बजे समापन्न होगा।आयोजित तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख इं0 विपेंद्र वर्मा भी मौजूद रहेंगे।आयोजित बैठक में जिलामंत्री सौरभ कसौधन ,जोगिंदर सिंह,ऋषि राजपूत, अजय यादव एडवोकेट, राहुल गोस्वामी,आकाश चौहान, मोनु सिंह,रौनक कसौधन सहित तमाम भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृद्धजन उठाएं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों का लाभ : विदुषी मेहा

- वृद्धाश्रम में लगाया गया शिविर



चित्रकूट। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देशन में पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने रविवार को वृद्धाश्रम का मुआयना किया। उन्होंने वृद्धजनों से अनुरोध किया कि वे वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों का लाभ उठाएं।

इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। पूर्णकालिक सचिव ने वृद्धों को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने अन्य आवश्यक कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। विदुषी मेहा ने शिविर में माता–पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 की जानकारी दी। बताया कि माता–पिता व वरिष्ठ नागरिकों को रखरखाव के रूप में मासिक भत्ता प्रदान करना उत्तराधिकारी का कानूनी दायित्व है।

# तेरह हजार लोगों ने ली मुफ्त एहतियाती डोज

- रविवार को मेगा कैम्प

चित्रकूट। कोविड टीकाकरण में तेजी लाने के लिए जनपद में रविवार को निःशुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने टीका लगवा कर इसका शुभारंभ किया। तेरह हजार लोगों ने एहतियाती टीका लगवाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि 15 जुलाई से 75 दिनों के लिए प्रदेश में 18 साल से अधिक उम्र के नागरिकों को निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निःशुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी में इसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने खुद टीका लगवा कर किया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा मुकेश पहाड़ी ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण जरूरी है। जिले में छह लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क प्रिकाशन डोज दिया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रिकाशन डोज उन लोगों को लगाई जा रही हैं, जिन्हें दूसरी डोज लगवाए हुए छहमाह से अधिक का समय हो चुका है। रविवार को प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसके लिए इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर के माध्यम से फोन काल और निगरानी समितियों, फ्रंटलाइन वर्कर, आशा एवं आंगनबाडी एवं एएनएम द्वारा व्यक्तिगत फालोअप करते हुए लक्षित समूह को मेगा कैम्प के बारे में जानकारी देकर निःशुल्क प्रिकाशन डोज लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ निःशुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप आयोजित किए गए। रविवार को आयोजित मेगा शिविरों में जनपद में नौ हजार लोगों ने प्रिकॉशन डोज ली। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर, स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की बनाई रूपरेखा

चित्रकूट। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की संयोजक मंडल की बैठक आहूत की गई। जिला संयोजक विजय चंद गुप्त के आवास पर गायत्री शक्ति पीठ चित्रकूट के संचालक डॉ राम नारायण त्रिपाठी द्वार कार्य योजना बनाई गई तथा जिला संयोजक ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में जिला समन्वयक भवानी दिन यादव, सह जिला संयोजक जितेंद्र सिंह, कर्वी तहसील संयोजक जेपी मिश्रा, जे पी इंटर कॉलेज प्रबंधक समिति के विशिष्ट सदस्य शिव बरन त्रिपाठी, प्राचार्य प्रखर, जिला संगठक ए बी पी धर्म जागरण प्रमुख बुंदेल खंड सत्यदेव शुक्ला, युवा समन्वयक प्रमोद पटेल, मानिकपुर तहसील समन्वयक डॉ संग्राम सिंह, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी जिला समन्वयक सविता तिवारी तथा संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी पुष्पा शर्मा आदि सभी ने कार्य योजना पर विचार किया तथा मऊ तहसील से डॉ राजकुमार शर्मा, मार्तंड शुक्ला, रामसेवक त्रिपाठी, ममता तिवारी के नेतृत्व में तहसील में परीक्षा संपन्न होगी तथा राजापुर तहसील में मनोज त्रिपाठी तहसील समन्वयक तथा गठित होने वाली तहसील समिति राजापुर के माध्यम से एवं मानिकपुर तहसील में तहसील संयोजक संग्राम सिंह के द्वारा गठित होने वाली टीम के माध्यम से परीक्षा संपन्न की जाएगी।

# आत्मा से परमात्मा का मिलन ही है रासलीला



चित्रकूट। ग्राम लोहदा में चल रही श्रीमदभागवत कथा का छठवाँ दिन आनन्दोत्सव के साथ सम्पन्न हुआ। व्यास पीठ से आचार्य बालकृष्ण भार्गव ने रासलीला का तात्विक भाव प्रगट किया, रासलीला कोई लौकिक नहि अपितु आत्मा से परमात्मा का मिलन ही रासलीला है, जो करोड़ो जन्मों से जीव परमात्मा से मिलने को उद्यत है। प्रभु रासलीला के माध्यम से आत्मा से रमण कर रहे हैं। साथ ही कंस के उद्धार की कथा के माध्यम से जीव के अंदर जो अभिमान बैठा है, उसे भगवान ने नष्ट किया। कंस हमारे हृदय में अहंकार के रूप मे पाया जाता है। जरासंध का आक्रमण मथुरा में कृष्ण के ऊपर सत्रह बार हुआ, इसका तात्पर्य हैं जवानी और बुढापे की संधि, बुढापा जीव पर सत्रह प्रकार से आक्रमण करता है, भगवान कृष्ण जब वृन्दावन मे सबको छोड़कर मथुरा जाते हैं तव वृजवासियो की स्थिति ऐसी होती है जैसे शरीर के बिना देह का कोई मतलब नहीं होता, गोपी उद्धव संवाद नन्द यशोदा, राधा, ग्वाल बाल सखाओं से भगवान का वियोग सुनकर भक्तों के हृदय में भक्ति रूपी धारा प्रवाहित हुई। श्रीकृष्ण वृन्दावन से मथुरा लीला, द्वारिका लीला मे रुक्मिणी विवाह से भक्तों को आनन्दित किया। कथा के आयोजक भाजपा नेता हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी प्रदीप शुक्ल सभी का आभार प्रगट किया।

# यातायात प्रभारी द्वारा की गयी वाहन चेकिंग



चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव एवं यातायात पुलिस द्वारा ट्राफिक चौराहा पर वाहनों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट, ओवरस्पीड वाहनों, तीन सवारी की चेकिंग की गयी । यातायात प्रभारी द्वारा चेकिंग के दौरान मोबाइल फोन, हैंडसेट का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों को हिदायत दी गयी कि भविष्य में वाहन चालते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। वाहन धीमी गति से सतर्कता पूर्वक चलाए। टैम्पों चालकों को निर्देश दिये गये कि अवैध रूप से सड़क पर पार्किंग न करें। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट न लगाए, दो पहिया वाहन में 3 सवारी, टैम्पों, रिक्शा में ओवरलोड सवारी पाए गए वाहनों का पेण्डिंग ई–चालान किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी देकर नियमों का पालन करने के लिए बताया गया ।

# विकासखंड बेहटा का ग्राम विकास अधिकारी 2019 से आज तक कई ग्राम पंचायतों को लगाया चूना जायलो गाड़ी से कर रहा ऐसो आराम



दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला क्राइम ब्यूरो श्रवण कुमार वर्मा हब की रिपोर्ट सीतापुर। जनपद सीतापुर के अंतर्गत विकासखंड बेहटा के ग्राम पंचायत चंदेशुवा में तैनात धर्मेंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी 2019 से आज तक अनेकों ग्राम पंचायतों में आए विकास के पैसे से कर रहा मौज मस्ती कर ऐसो आराम की जिंदगी व्यतीत कर रहा है ।इसने चंदेसुवा दहली पट्टी बिचला बरेती सहित कई ग्राम पंचायतों में आए विकास के नाम पर पैसों को हड़प कर सुबह से शाम तक जायलो गाड़ी करीब 100 से 150 किलोमीटर तक बराबर ऐसी चलाते हुए सफर करता है। तथा कभी ग्राम पंचायतों में नहीं जाता है। चौराहे व सचिवालय में बैठकर गुझिया मटर टिक्की ठंडा समोसा आदि की बराबर की पार्टियां चलती रहती है। ऐसी स्थिति में जायलो गाड़ी में डीजल सहित करीब 4000 से 5000 तक का खर्च प्रतिदिन आता है। यह पैसा इसके पास कोई पूछने वाला नहीं है कि कहां से आता है। इसकी शक्ल को देखने पर ही अधिकारियों को पता चल जाएगा कि महीने में यह कितने कमाता है और कितना खर्च करता है। सबसे बड़ी बात यह है कि किसी भी उच्च अधिकारियों का ध्यान आज तक धर्मेंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी की तरफ नहीं गया कि आखिरकार इतना पैसा इसके पास आता है तो कहां से आता है। जब कि विकासखंड अधिकारियों के लिए भी सरकारी गाड़ी मिलती है जो बिना एसी के चलती है। अब आप लोग समझ गए होंगे कि धर्मेंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी विकास के नाम पर अवैध तरीके से कैसे पैसे का बंदरबांट कर जनता को बेवकूफ बनाता है। ऐसा तो नहीं है कि कहीं उच्च अधिकारियों का हांथ इसको भ्रष्ट बनाने में हो यदि ऐसा नहीं है तो आज तक किसी भी अधिकारी का ध्यान इस की तरफ क्यों नहीं गया ।अब देखना यह है कि उच्च अधिकारियों द्वारा ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पर किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है या इसे भ्रष्टाचारी बनने में बढ़ावा दिया जाएगा।

# अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



चित्रकूट। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश शासन अमित मोहन प्रसाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत देखते हुए तीमारदार मरीज एवं प्रसूता महिलाओं से स्वास्थ्य लाभ सहित शासन से मिल रही योजनाओं के बारे में जानकारी की। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अपर मुख्य सचिव को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी का अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अमित मोहन प्रसाद ने निरीक्षण किया और तीमारदार मरीज प्रसूता महिलाओं से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी किया। कोविड वैक्सीनेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान 37 लाभार्थियों ने बूस्टर डोज लगवाया। प्रसव कक्ष में भर्ती महिलाओं से स्वास्थ्य लाभ तथा हालचाल जाना। प्रसूता महिलाओं से कहा कि जन्म के बाद बच्चे को मां का दूध जरूरी है, सभी महिलाओं से जन्म के बाद बच्चे को दूध पिलाने की बात कही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खानपान साफ–सफाई स्वास्थ्य व्यवस्था निरीक्षण के दौरान ठीक रहा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह ने पेयजल, जनरेटर की समस्या से अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को अवगत कराया। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा 18 से 60 वर्ष बूस्टर डोज कैंप का ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर अपर निदेशक डॉ रमेश तोमर, हेमंत यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, चिकित्सक बरखा सिंह, डॉ आकांक्षा, डॉ शैलेंद्र सिंह, एलटी डॉ राजेंद्र सिंह, यात्रा भारद्वाज, चीफ फार्मासिस्ट डॉ मान सिंह, एएनएम शिवलता त्रिपाठी, सीएचओ शुभम गुप्ता, संगिनी उर्मिला गुप्ता, आशा शबनम बेगम, विद्यावती साहू आदि मौजूद रहे।

# गहोई वैश्य समाज ने की बढती कुरीतियों पर चर्चा

चित्रकूट। अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा का तीसरे सत्र का अधिवेशन श्रीधर धाम जानकी कुंड में प्रारंभ हुआ। समाज में बढ़ती हुई कुरीतियों पर चर्चा की गई तथा मुख्य रूप से प्री वेडिंग सूट्स बंद होने चाहिए, शादियों में अश्लीलता का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए, शादी समारोह में फिजूलखर्ची रोकी जानी चाहिए, दहेज प्रथा पूरी तरह से बंद होनी चाहिए, कम से कम दो संतान होने के लिए नई पीढ़ी को जागरूक करना होगा नहीं तो आने वाले समय पर रिश्ते समाप्त हो जाएंगे, पूरे देश में गहोई वैश्य समाज की संख्या 5500000 होने के बावजूद भी राजनीतिक दृष्टिकोण से अभी इतने महत्वपूर्ण पदों पर नहीं पहुंच पाए हैं, जहां तक होना चाहिए, आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो स्थिति समाज की संतोषजनक है तथा शैक्षणिक दृष्टिकोण में भी किसी से पीछे नहीं है, समाज के अधिकांश नवयुवक उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न कोने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, पीपीएस सहित न्याय विभाग में बहुत सारे युवा पहुंच चुके हैं।

मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष गहोई के के कठल, राष्ट्रीय महामंत्री गहोई आलोक गुप्ता सहित 21 निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी गण एवं स्थानीय स्तर से गहोई गुलाब गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष, गहोई आलोक गुप्ता, गहोई राजकिशोर पिपरसानिया, हरदेव प्रसाद गहोई, गोविंद गहोई, गहोई शिव कुमार सेठिया, गहोई विजय पिपरसानिया तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष गहोई अमित अपनी टीम के साथ सेवाएं दे रहे हैं।

# आधार कार्ड लिंक कराने का काम शतप्रतिशत करें : एसडीएम

- मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किया बूथों का मुआयना

चित्रकूट। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उप जिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ल, स्वीप को ऑर्डिनेटर चित्रकूट डॉ एस कुरील व तहसीलदार मऊ शशि कांत मणि ने संयुक्त रुप से बूथ संख्या 73 व 74 प्राथमिक विद्यालय हटवा, बूथ संख्या 229 प्राथमिक विद्यालय पुरा व बूथ संख्या 75 प्राथमिक विद्यालय सुरौंधा विकास क्षेत्र मऊ के इन बूथों का निरीक्षण किया। जहां सभी बीएलओ व पदाविहीत उपस्थित पाए गए। भारत निर्वाचन आयोग 1 अगस्त 2022 से मतदाता पुनरीक्षण अभियान का संचालन कर रहा है, जिसके तहत नए मतदाताओं को जोड़ने और आधार कार्ड लिंक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी के तहत आज सभी बूथों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, आधार कार्ड को मतदाता सूची से लिंक करने, विलोपन, संशोधन व परिवर्धन आदि से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। इसी का अवलोकन करने के लिए मऊ–मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र–237 के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी मऊ द्वारा बूथों का निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी मऊ का यह संकल्प है कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने और उनका नाम आधार कार्ड से लिंक करने का कार्य शत–प्रतिशत किया जाना है। इस




अभियान को गति प्रदान करने के लिए लगातार सक्रिय हैं। ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावो में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, अपितु इस देश के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। इस संकल्प को पूरा करना है। इसके साथ ही जिलाधिकारी चित्रकूट अभिषेक आनंद द्वारा अपनी निर्वाचन संबंधी पूरी टीम के साथ जनपद के सभी बूथों का अवलोकन किया जा रहा हैं।

# एसडीएम व सीओ ने किया शराब की दुकानों का निरीक्षण

- संयुक्त टीम ने बंभुरी गांव में बरामद की अवैध शराब

मऊ, चित्रकूट। उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ल व क्षेत्राधिकारी सुबोध गौतम ने रविवार को कस्बे की देसी व विदेशी मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किया। उधर, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बंभुरी गांव में छापा मारकर अवैध शराब बरामद की।

दुकानों के मुआयने के दौरान मौजूद स्टॉक का सत्यापन भी किया गया। एसडीएम ने दुकानदारों को नियमानुसार शराब बिक्री करने की हिदायत दी। उधर, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मऊ थाना क्षेत्र के बंभुरी गांव में छापा मारकर अवैध शराब बरामद की। मौके पर ही लहन नष्ट किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र यादव ने बताया कि बीती शाम मऊ के बंभुरी गांव में आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्र, आबकारी सिपाही दीपक, शिवसागर, पुलिस उप निरीक्षक विजय बहादुर यादव, महिला पुलिस आरक्षी अपर्णा शर्मा एवं आबकारी टीम ने दबिश दी। इस दौरान आरोपी महिला को 10 लीटर कच्ची शराब व 100 किलोग्राम लहन के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।



# जिले में आयोजित हुए कोविड टीकाकरण मेगा कैंप में पन्द्रह हजार लोगों को लगी एहतियाती डोज

- कोरोना से बचाव के लिए समय से टीकाकरण जरुरी : सीएमओ



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। कोरोना संक्रमण से बचाव व बुस्टर डोज को गति देने के उद्देश्य से रविवार को जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेल्थ एवं वैलनेस सेंटरों व चिन्हित गांवों में कोविड टीकाकरण मेगा कैंप का अभियान चलाया गया। इस अभियान का आगाज जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला की मौजूदगी में विधायक कैलाश राजपूत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिर्वा में फीता काटकर किया।

इस दौरान विधायक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीका लेना जरुरी है। यह पूरी तरह सुरक्षित है। किसी भी प्रकार के अफवाहों और भ्रांतियों के फेर में नहीं पड़ें। सभी लोग टीका लगवाएं साथ ही अपने गली–मोहल्ला, पास–पड़ोस के लोगों, रिश्तेदारों समेत सभी लोगों को भी टीका लेने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी शुभ्रांतु शुक्ला ने कहा कि कोरोना का संकट अभी बरकरार है। अभी भी नए मरीज मिल रहे हैं। इसलिए सजग रहने की आवश्यकता है। अभी तक जिन्होंने कोविड वैक्सीन की कोई भी डोज नहीं ली है। वे अपना पहला डोज जरूर लें। पहला डोज ले चुके लोग समय से दूसरी डोज लें और दूसरी डोज लें चुके लोग एहतियाती डोजअवश्य लगाएं। इसमें किसी तरह की कोताही न बरतें। बेझिझक स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंच टीका लगवाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.विनोद कुमार ने कहा कि लोगों को टीकाकरण के महत्व को समझना चाहिए। कोविड वैक्सीन कोरोना से हमारी रक्षा करती है।

यदि किसी ने वैक्सीन नहीं लगवाई है।तो लगवाने के लिए आगे आएं। कोविड टीकाकरण अभियान तभी सफल होगा। जब एक भी व्यक्ति टीका लगवाने से नहीं छूटेगा। कोई भी व्यक्ति टीका लगने से न छूटे यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.गीतम सिंह ने कहा की जिले को 10,26,708 लोगों को बूस्टर डोज लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसको 30 सितंबर तक पूरा किया जाना है। रविवार को चले कोविड टीकाकरण मेगा कैंप में 200 टीकाकरण बूथों के माध्यम से 16,732लोगों का टीकाकरण किया गया। जिनमें 15,109 लोगों ने एहतियाती डोज लगवायी। इस तरह अभी तक 90,720 लोगों को बूस्टर डोज लगाई जा चुकी है उन्होंने कहा कि 30 सितम्बर तक चलने वाले अभियान में एहतियाती डोज के लिए पात्र व्यक्तियों को टीकाकरण केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आँगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं की है। साथ ही निर्देश हैं कि सभी अपने कार्यक्षेत्र में पहुँचकर पात्र लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण केन्द्र लाना सुनिश्चित करें। इस दौरान सामुदायिक केन्द्र के चिकित्साधीक्षक डा.राजन शर्मा,डि. सुधान्शु जिला कोल्ड चेन मैनेजर इरशाद वेग व सौरभ रितुराज सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### सड़क के किनारे पड़ा मिला 28 वर्षीय युवक का शव

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद 7 अगस्त। फतेहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया में सुबह सड़क के किनारे एक 28 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ मिला जिसकी दुर्घटना में मौत का अंदेशा लगाया जा रहा है एक सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा उसकी पहचान कराई गई । पहचान होने के बाद उसके परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के



अनुसार रविवार समय 8रू45 बजे राजकुमार शर्मा ने सूचना दी कि एक पुरुष नाम पता अज्ञात का शव ग्राम पलिया में मिला है। ग्रामीणों ने युवक की दुर्घटना में मौत होने का अंदेशा जताया। घटना की जानकारी पर फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा शव की पहचान के प्रयास किए गए। जिसे कुछ देर बाद गांव वालों द्वारा पहचान लिया गया। जिसकी पहचान नरेश उम्र 28 पुत्र स्वर्गीय होती लाल निवासी ग्राम विचोला थाना फतेहाबाद जनपद आगरा के रूप में की गई। जिसे उसके परिजन अपने घर पर ले गए । शव को मोर्चरी भिजवा दिया गया है ।

### श्रावण मास के अंतिम रविवार पर बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम द्विवेदी–कानपुर रविवार भैरव घाट स्थित भैरव मंदिर में बाबा भैरव नाथ जी का सावन के अंतिम रविवार पर हुआ भव्य वार्षिकोत्सव, जिसमें भव्यता श्री बाबा का हुआ सिंगार आरती हवन और भंडारा में लाखों लोगों ने चका बाबा का प्रसाद। श्रावण मास के अन्तिम रविवार को भैरव मन्दिर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाबा के



वार्षिकोत्सव श्रावण मास के अंतिम रविवार पर जागरण का भी आयोजन किया गया जहां पर भगवान श्री कृष्ण और राधा की रासलीला का भी मंचन कर कलाकारों ने भक्तों का मन मोह लिया।

बाबा की प्रातः काल सुबह 5रू00 बजे से मंगला आरती उसके बाद मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन किया गया और संध्या आरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लाखों लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।–श्री श्री १०८ महन्त सुमेर दास, प्राचीन भैरव मन्दिर वही दूरदराज से साधु संत महंतो बाबा भैरव नाथ के अद्भुत सुंदर अलौकिक श्रृंगार के दर्शन कर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

### पढाई के लिए जान जोखिम में डाल रहे बेटे-बेटियां, कीचड से सन जाते हैं कपडे, कई हुए गिर कर चुटैल, राम कुआं में 500 मीटर की सडक नहीं हो सकी पक्की, गुहार


जैतपुर । जैतपुर के डेढ हजार की आबादी वाले रामकुआं गांव के बेटे–बेटी पढाई के लिए जान जोखिम में डालने को मजबूर हो गये हैं। गढी प्रतापपुरा से जुडने वाले रामकुआं के रास्ते में रेलवे का अंडर पास में 6–8 फीट गहराई तक पानी भरा है। गांव से चित्राहाट जाने वाले रास्ते और नाहिकापुरा गांव की सडक के बीच करीब 500 मीटर



का कच्चा रास्ता है। जिसपर वनी कच्ची सडक पर गड्ढो में जल भराव से कीचड और दलदल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी चिकनी होने कीम बजह से कीचड में गिरकर बच्चों के कपडे खराब हो जाते है। कई बच्चे चुटैल भी हो गये है। सडक को पक्का कराए जाने की सालों पुरानी मांग पूरी नहीं हो सकी है। गांव के अशोक कुमार, मुंशी सिंह, अजब सिंह, बादाम सिंह, राजेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, छोटे सिंह, सुनील कुमार, पंकज सिंह, दीपक, केशव सिंह, उदयवीर सिंह, लालजीत, इन्द्रजीत, पवन आदि ने डीएम और सीएम से सडक को पक्का कराए जाने की गुहार लगाई है।

### शाकाहारी अपनायें जीवन सुखी बनाए हाथ जोड़कर बिना हमारी हो जाओ सब शाकाहारी- राज कुमार सरोज जौनपुर

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब, विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।




इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत जी उन्नाव व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। राधेश्याम गुर्जर लखनऊ ने कहा कि मांसाहारी भोजन छोड़कर शाकाहारी भोजन करें और समाज का विकास करें । राम कुमार पासी जबलपुर ने कहा कि स्वस्थ रहें मस्त रहें शाकाहारी भोजन करें । अमृत लाल जी रायबरेली ने कहा कि सामाजिक आर्थिक एवं मानसिक स्वस्थ रहने के लिए शाकाहारी जरूरी है । नवीन भारती नालंदा बिहार ने कहा कि जैसे खाए अन्न वैसे रहे मन शाकाहारी अपनाएं क्योंकि तंदुरुस्त रहने के लिए हरी सब्जी आदि अच्छे स्वास्थ्य रहने के लिए सुद्ध आहार है।

सावित्री रावत रायबरेली ने कहा कि हमें शुद्ध भोजन करना है साग सब्जी फल को अपनाना है मांसाहारी छोड़ना है ।

रामहित भारती ने कहा कि हमें सात्विक भोजन से अच्छे विचार होते हैं शाकाहारी व्यक्ति सकारात्मक सोच सोंचताहै डॉक्टर सुभाष चंद्र पासी ने कहा की लंबी उम्र निरोगी काया शाकाहारी का अद्भुत माया राजकुमार सरोज ने कहा कि पासी समाज के लोगों से निवेदन है कि शाकाहार अपनाएं हाथ जोड़कर विनय हमारी हो जाओ सब शाकाहारी रामकेश जी ने कहा कि मांसाहार को छोड़कर शाकाहारी अपनाते हैं ।

तो हमारे समाज को आगे बढ़ने में कोई रोक नहीं सकता। इस कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ , डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयाग राज , श्री राम कुमार पासी जबलपुर,अशोक महतो दरभंगा बिहार,नवीन भारती नालंदा बिहार, रामहित भारती प्रयागराज अशोक पासी अहमदाबाद, अमरनाथ सरोज ,शिवराम रावत उन्नाव,गोविंद कुमार उन्नाव, राधेश्याम गुर्जर लखनऊ ,रामकेश जी रायबरेली,दयाराम रावत रायबरेली ,राजीव कुमार भदोही बालकराम हरदोई, मुकेश भारती, सावित्री रावत रायबरेली ,सुखराम रावत लखनऊ ,मुकेश सरोज, राज कुमार सरोज जौनपुर, अमृत लाल जी रायबरेली ,अश्विनी कुमार आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## प्रतापगढ़ के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा मौका

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रतापगढ़। कर्नल/एआरओ अमेठी ने बताया है कि प्रतापगढ़ के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा अवसर है। वर्ष 2022–23 के लिए अग्निपथ योजना के अन्तर्गत प्रतापगढ़ जनपद के साथ ही प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, कौशाम्बी, अमेठी, महाराजगंज, रायबरेली, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर तथा सुल्तानपुर (कुल 13 जनपद) जनपदों की सेना भर्ती रैली का आयोजन 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन 05 अगस्त से 03 सितम्बर, 2022 तक कर सकते है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर किया जा सकेगा।

## पत्नी को आत्म हत्या हेतु विवश करने के आरोपी को धनघटा पुलिस ने किया गिरफ्तार




दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी संत कबीर नगर । पत्नी को आत्म हत्या करने के लिए विवश करने के आरोपी को धनघटा पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी बबलू राजभर पर दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने एवं आत्म हत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया गया है । आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय रवाना किया । न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया । मामला धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम डेबरी टोला सिसवा का है । पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश ने बताया कि प्रकरण में मृतका के परिजनों ने अभियोग पंजीकृत कराया है । उनका आरोप है कि पति एवं ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे । इसी को लेकर इतना विवश कर दिया कि उसने आत्म हत्या कर लिया । ससुरालवालों ने शव को भी ठिकाने लगा दिया । पुलिस ने तहरीर पर धारा 498 ए , 306 , 201 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया । प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्ण देव सिंह ने बताया कि आरोपी बबलू राजभर पुत्र मंगरु ग्राम डेबरी टोला सिसवा थाना धनघटा को नेतवापुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजा गया ।

## मतदाताओं के आधार एकत्रीकरण शिविर का एडीएम ने लिया जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव संत कबीर नगर । मतदाता सूची से आधार लिंक करने हेतु जिले में स्वैच्छिक आधार एकत्रीकरण का विशेष शिविर लगाया गया। विभिन्न मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर में आधार एकत्र किया गया । जिला मुख्यालय के खलीलाबाद शहर में स्थित पीबी गर्ल्स इंटर कालेज के शिविर का उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जायजा लिया । बीएलओ एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों से पात्र मतदाताओं द्वारा फॉर्म – 6 बी प्राप्त होने की संख्या एवं प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त किया।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष कैंप का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही एक अगस्त से प्रारम्भ हो गई है । उन्होंने कहा कि आधार नम्बर एकत्र किये जाने सम्बंधी फार्म–6बी ऑनलाइन रूप से ईआरओ नेट, गरूणा , एनवीएसपी , वीएचए एवं http//nvsp.in पर भी उपलब्ध है । उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु आगामी 21 अगस्त दिन रविवार को भी विशेष शिविर आयोजित लिए किया जाएगा । यह कैम्प जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर लगाया जाएगा । इन केन्द्रों पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म – 6 बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भर कर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं ।

## अवैध तमंचा एवं जीवित कारतूस के साथ एक बदमाश को धनघटा पुलिस ने दबोचा

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी संत कबीर नगर। जिले की धनघटा पुलिस ने अवैध तमंचा एवं जीवित कारतूस के साथ एक बदमाश को धनघटा पुलिस ने दबोच लिया । गिरफ्तार आरोपी मिमताज के पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जीवित कारतूस बरामद किया।




गिरफ्तार बदमाश को पुलिस ने न्यायालय रवाना किया पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में धनघटा पुलिस ने एक बदमाश को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया । प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्ण देव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश मिमताज पुत्र रफीक ग्राम मैली थाना धनघटा का रहने वाला है । उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया । आरोपी को पुलिस चौकी प्रभारी लोहरैया हरेन्द्र नाथ राय ने गिरफ्तार किया ।

## डलमऊ के गंगा घाट पर समाजसेवी वीरेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर का किया गया अंतिम संस्कार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महराजगंज, रायबरेली। समाजसेवी के निधन से क्षेत्र मे दौडी शोक की लहर कोतवाली क्षेत्र के अशर्फाबाद गांव के वीरेंद्र सिंह पुत्र शिवराम सिंह उम्र 65 वर्ष का निधन हो गया वीरेंद्र सिंह काफी मिलनसार स्वभाव के थे और गरीबों की मदद में कभी पीछे नहीं हटते थे और समाज सेवा के लिए क्षेत्र मे जाने जाते थे करीब 1 माह से वह पेट की बीमारी के कारण अस्वस्थ चल रहे थे उनका इलाज लखनऊ से चल रहा था शनिवार की रात्रि करीब 9:00 बजे जैसे ही यह सूचना ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों को हुई वीरेंद्र सिंह के आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया संतोष सिंह



उर्फ (बब्लू सिंह) ने बताया कि शनिवार रात 9:00 बजे के करीब हमारे चाचा वीरेंद्र सिंह का निधन हो गया जो करीब 1 माह से अस्वस्थ चल रहे थे वीरेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर को डलमऊ के गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मेगा शिविर में 18 से 59 वर्ष के साढ़े तीन हजार को लगा एहतियाती टीका

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लिए 30 सितम्बर तक ही है निःशुल्क टीके की सुविधा

संतकबीरनगर। देश में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है । कोविड – 19 से बचाव के लिए एहतियाती टीकाकरण का निःशुल्क अभियान चलाया जा रहा है । जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों और हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर मेगा शिविर आयोजित किया गया । इस मेगा कैम्प में 18 से 59 आयु वर्ग के साढ़े तीन हजार लोगों को निःशुल्क एहतियाती टीका लगाया गया । इस आयु वर्ग के टीकाकरण की निःशुल्क सुविधा 30 सितम्बर तक सभी सत्र स्थलों पर उपलब्ध रहेगी । इस आयु वर्ग से अधिक यानि 59 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पहले से ही निःशुल्क एहतियाती डोज की सुविधा दी जा रही है । टीका वही लोग लगवा सकते हैं जिनको कोविड टीके की दूसरी डोज लिए छह माह का वक्त बीत चुका हो। संयुक्त जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में प्रिकॉशन डोज अभियान का उदघाटन खलीलाबाद के विधायक अंकुर राज तिवारी ने किया । इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों से कोविड के टीके लगवाने की अपील किया । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में कैम्प का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानन्द ने किया । कांशीराम शहरी आवासीय चिकित्सालय में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्यामसुन्दर वर्मा , अरबन पीएचसी मगहर में नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता वर्मा के साथ ही सभी सीएचसी , पीएचसी, न्यू पीएचसी, अरबन हेल्थ सेण्टर , हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर रविवार को इसका विधिवत शुभारंभ हुआ । एसीएमओ डॉ मोहन झा ने कहा कि यह टीका वही लोग लगवा सकते हैं । जिनको कोविड का दूसरा टीका लगवाए 6 माह का समय बीत गया हो । उन्होंने कहा कि सभी डोज लेने के बावजूद कोविड नियमों का कठोरता से



पालन करना है । बिना मास्क के बाहर न निकलें भीड़भाड़ से बचे और हाथों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान ने जिले में आयोजित मेगा कैम्प में कुल 35 सौ लोगों को प्रिकाशनरी डोज लगाया गया है । सीएचसी खलीलाबाद में पहला डोज लगवाने वाले जय गोविन्द पाल ने बताया कि गांव की आशा कार्यकर्ता सुनीता के माध्यम से इस शिविर की जानकारी हुई । इस दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आर पी मौर्या , एपीडेमियोलाजिस्ट ( जिला महामारी रोग विशेषज्ञ ) डॉ मुबारक अली , जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ एलसी यादव , सीएचसी खलीलाबाद के अधीक्षक डॉ आर एस यादव , यूनीसेफ के जिला समन्वयक रितेश सिंह , जिला वैक्सीन मैनेजर सुशील कुमार मौर्या , फार्मासिस्ट सत्यव्रत तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में जनता करें सहयोग

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य लालगंज रायबरेली। आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव के अंतर्गत घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लालगंज नगर में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ,प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ,उपजा अध्यक्ष सुशील शुक्ला के द्वारा किया गया ।जन जागरूकता रैली अटल चौक गांधी चौराहे से निकलकर अमर शहीद लालचंद्र स्वर्णकार स्मारक पर समाप्त हुई। इस मध्य सैकड़ों दुकानदारों को भारत के और हम सब के स्वाभिमान और अभिमान का प्रतीक तिरंगा वितरण किया गया ।इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी लोग पूर्ण सहयोग प्रदान करें



तथा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास के साथ मनाएं ।प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने कहा कि हम सभी लोग देशभक्त की भावना का परिचय देते हुए अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा फहरा कर भारत राष्ट्र की शान को शिखर पर ले जाने का कार्य करें ।वही कार्यक्रम के संयोजक उपजा अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा कि घर–घर तिरंगा फहराने से जहां राष्ट्र का नाम रोशन होगा ।वही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का भी सम्मान बढ़ेगा ,उनको सम्मान मिलेगा। हम सब तिरंगा फहरा कर स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे ।जन जागरूकता रैली के तहत रघुवीर इंस्टीट्यूट की निदेशक डॉ मोनिका मिश्रा को तिरंगा प्रदान कर बच्चों को भी अपने अपने घरों में तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बच्चा पांडे ,समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा शेर बहादुर सिंह अतुल त्रिपाठी,याकूब खान, महेश सोनी, कैलाश बाजपेई, चंद्रशेखर शरण सिंह, शिवम गुप्ता ,मंटू बाजपेई, उमेश श्रीवास्तव ,अजय प्रताप सिंह, शशि राज पटेल, शीतला गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, ब्रम्हेन्द विक्रम सिंह, देवेंद्र अवस्थी, अशोक शुक्ला, विजय बाजपेयी, राधेश्याम गुप्ता ,देवेश अग्निहोत्री, यशपाल सिंह ,आदित्य वर्मा, श्रवण यादव, लक्ष्मी शंकर गुप्ता ,देवी कुमार गुप्ता, सागर निर्मल ,अमित कुमार, अनुज अग्निहोत्री, आयुष कौशल ,राहुल रावत, अभिषेक शर्मा ,सुमित त्रिपाठी लक्ष्मी शंकर गुप्ता ,मोहम्मद परवेज ,मोहम्मद अफजल आदि लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

## 18570 फीट की उंचाई पर स्थिति श्री किन्नर कैलाश की रोमांचक यात्रा की पूरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली। 18570 फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे कठिन रोमांचक यात्रा से श्री किन्नर कैलाश के दर्शन करके वापस आए पंच कैलाशी राम प्रकाश श्रीवास्तव उनके साथ श्रीखंड कैलाश यात्रा पूरी करके कैलाशी राकेश मिश्रा, कैलाशी ममता मिश्रा और महेन्द्र अग्रवाल रायबरेली से देव भूमि हिमाचल प्रदेश में श्रीखंड कैलाश जो 36 किलो मीटर ऊंची पैदल यात्रा के साथ दुनिया के सबसे कठिन यात्रा में से एक श्रीखंड कैलाश यात्रा जो लगभग 18 किलोमीटर पैदल चलकर पूरी की। पंच कैलाशी राम प्रकाश श्रीवास्तव का रायबरेली रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। पंच कैलाशी राम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया की यह यात्रा अत्यंत कठिनाइयों भरी होती है। यात्रा में लगभग 7 दिन पैदल चलना होता है। परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत होती हैं, पहाड़ों पर चलना इतना आसान नहीं है, जहां पर झरने बरसात से भीगते हुए बर्फ पर चलना। उन्होंने बताया मैंने 19 जुलाई से रायबरेली से यात्रा शुरू की थी और आज वापस आया हूं। प्रभु भोलेनाथ की बहुत बड़ी कृपा रही है और माता पिता का आशीर्वाद रहा है, जिससे मैं यह यात्रा पूरी कर सका हूं। महेंद्र अग्रवाल अमरनाथ यात्री महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री विनोद वालेचा,



अल्पसंख्यक महामंत्री भाजपा हनुमंत जन सेवा समिति के कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व अध्यक्ष अंबुज वर्मा एवं शिवकुमार अग्रवाल, रामकुमार तिवारी, मानव सेवा संस्थान अजय श्रीवास्तव, डॉक्टर शालिनी, रायबरेली फोटोग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा अपने अध्यक्ष का स्वागत किया गया। रायबरेली फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से उपाध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद, प्रमोद श्रीवास्तव, शुभम मिश्रा, सुमित सेठ आदि ने अध्यक्ष जी को अत्यंत कष्टकारी यात्रा को पूरी करने के लिए बधाई दी।

## 15 अगस्त को अमर शहीद रितेश पाल के सम्मान में निकाला जायेगा तिरंगा यात्रा : कृष्ण कुमार पाल



दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता सतीश कुमार मिश्रा प्रतापगढ़। दिनांक 07 अगस्त 2022 को पालभवन भंगवा चुंगी प्रतापगढ़ में शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के द्वारा समाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान आये हुए वक्तागण लोगों ने कहा कि शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया संगठन आज कई राज्यो मे बहुत तेजी के साथ आगे बढ रहा है । हम सभी लोगो की जिम्मेदारी बनती है कि शेफर्ड धामू पाल जी के नेतृत्व में संगठन को प्रतापगढ़ में मजबूती के साथ खड़ा करे। जिससे समाज को आगे बढाया जा सके।

बैठक मे शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया संगठन का विस्तार किया गया ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शेफर्ड धामू पाल के आदेश पर ,जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार पाल, के द्वारा मुकेश पाल को प्रयागराज का मंडल सचिव एडवोकेट डी.एन पाल जिला संयोजक संतराम पाल को जिला प्रवक्ता एंड.राजेश पाल को जिला विधि सलाहकार अरूण पाल को मंगरौरा ब्लाक अध्यक्ष विकास पाल को मंगरौरा ब्लाक उपाध्यक्ष जंग बहादुर पाल को जिला महामंत्री नरसिंह बहादुर पाल को पट्टी का तहसील अध्यक्ष नीरज पाल ब्लाक सचिव सदर लाल बहादुर पाल को देवसरा का ब्लाक उपाध्यक्ष सरिता पाल जिला सचिव महिला मोर्चा के पद पर नियुक्त किया गया।

और 15 अगस्त को अमर शहीद रितेश पाल के सम्मान में प्रतापगढ़ में भव्य तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के रणनीति बनाई गयी। सभी से अपील किया गया कि समय 9:00 बजे भारी मात्रा में पाल भवन पहुंचे। बैठक का कुशल संचालन हरिकेश कुमार पाल ने किया।इस दौरान मुख्य रूप से ,प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा उर्मी पाल ,सरिता पाल जिला सचिव महिला मोर्चा ,मुम्बई संयोजक लाल बहादुर पाल ,श्रवण पाल फौजी ,एडवोकेट डी.एन. पाल ,एडवोकेट शिव कुमार पाल ,राजेंद्र पाल (शिक्षक) ,,भानू प्रताप पाल, कन्हैया लाल पाल,, एडवोकेट कृष्ण कुमार पाल जिला अध्यक्ष एस. टी.एफ.,, मुकेश पाल राम कैलाश पाल ,आशुतोष पाल पत्रकार ,संजय पाल पत्रकार, अरूण पाल शिक्षक ,अमर बहादुर पाल जिला मीडिया प्रभारी, शेफर्ड पवन पाल जिला शोसल मीडिया प्रभारी ,लाल बहादुर पाल, जंग बहादुर पाल ,विकास पाल, राहुल पाल तहसील अध्यक्ष रानीगंज ,नरसिंह बहादुर पाल तहसील अध्यक्ष पट्टी ,राजेश पाल एडवोकेट ,अरविंद पाल ,विमल पाल ,रूपेश पाल ,चंदन पाल हिमांशु पाल ,राम चंद्र पाल ,संदीप पाल ,शिव राम पाल ,ज्ञान प्रकाश पाल ,आदि सैकडो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।इस खबर की पुष्टि दैनिक अयोध्या टाइम्स नहीं करता है, इस खबर की जानकारी कृष्ण कुमार पाल के द्वारा दी गई है।

## गोहन पुलिस ने पांच वारंटी किये गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में त्योहारों को देखते हुए जिले में चलाए जा रहे वारंटी और वांछितों की धरपकड़ अभियान के चलते गोहन थाना पुलिस ने पांच वारंटी गिरफ्तार किए। इसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे वांछित व वारंटियों की धरपकड़ के लिए गोहन थाना पुलिस ने पांच वारंटी मुदित सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी कुरसेडा थाना गोहन, राजकुमार पुत्र दयाराम निवासी गोरा भूपिका थाना गोहन, रामजी पुत्र राघव राम तिवारी निवासी नावर, विनोद पुत्र रामभरोसे निवासी महापौली और राम भरोसे पुत्र बुद्धू निवासी महापौली थाना गोहन पांचों वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी संतोष कुमार पुत्र मूलचंद्र ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र जिसकी उम्र तकरीबन 15 वर्ष नाम ऋषभ है। वह शनिवार को सुबह स्कूल महर्षि विद्या मंदिर उरई की जाने की कहकर घर से निकला था और वापस नहीं आया। जब काफी समय हो गया तो परिजनों को इसकी चिंता हुई। तो उन्होंने काफी उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं किशोर का पता नहीं चला। इस पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। वही शहर के एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 15 वर्ष की बेटी घर से कहीं चली गई है। उन्होंने बहुत खोजबीन की, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज : गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी संजीदा पत्नी अमीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आमिर खान पुत्र रशीद खान निवासी रसूलपुर थाना गोहन और सात अन्य साथियों ने उसे अतिरिक्त दहेज की मांग की। जब उसने इसका विरोध किया तो सभी ससुराली जनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। इसपर थाना पुलिस ने दहेज एक्ट सहित मारपीट और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ससुराली जनों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही।



मारपीट की रिपोर्ट दर्ज : रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम राठौरनपुरा निवासी नरेंद्र पुत्र सुदामा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही सुरेश पुत्र सुनील बौद्ध और उसके दो अन्य साथियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसका हाथ तोड़ दिया। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

जुआरियों को पुलिस ने दबोचा : गोहन थाना प्रभारी महेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि गल्ला मंडी के सामने जुआ खेला जा रहा है। इस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर छापा मारा और शिशुपाल पुत्र शेर सिंह निवासी गोहन और सात अन्य जुआरियों को दबोच लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 8580 रुपये और एक ताश की गड्डी बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने सभी जुआरियों के खिलाफ जी एक्ट की कार्यवाही की।

## बाढ़ की त्रासदी से बचे तो उर्वरक की आवश्यकता ने किया बेहाल



(सुबोध कुमार तिवारी प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स, छौड़ादानों)। किसानो के लिए यह वर्ष खुशहाल रहा कि बारिश कम हुई और बाढ़ से राहत मिली, परंतु खेतों में पौधे लगाए काफी समय हो गए और अभी तक किसान अपने खेतों में उर्वरक नहीं डाल पाए । हालांकि इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए जिला से धीरे –धीरे पहल किया जा रहा है और किसानों तक उर्वरक पहुंचाने के लिए समुचित व्यवस्था भी की गई है । उपर्युक्त तस्वीर को देख कर ही समझा जा सकता है कि आज भी बहुत सारे किसान अपने खेतों में उर्वरक का प्रयोग नहीं कर पाए हैं । इस चिलचिलाती धूप में भी यूरिया कि आवश्यकता के आगे लोग गर्मी भूल कर क्रमबद्ध होकर बेसब्री से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं । यह तस्वीर एकडरी पंचायत के पैक्स का है जहां के पैक्साध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी किसानों की परेशानी को समझते हुए इतने भीड़ के बीच शांति पूर्ण ढंग यूरिया का वितरण कर रहे हैं । ज्ञातव्य हो एकडरी पंचायत में ग्राम एकडरी ,रामपुर ,छोटा मुरली , और बड़ा मुरली है ।सारे गांव से लोग पहुंचे हुए हैं और सबको यूरिया मिल जाए इस उम्मीद में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। व्यवस्था को सुचारू और सुव्यवस्थित करने के लिए प्रखंड कार्यालय से कृषि समन्वयक हरि किशोर शर्मा और कृषि सलाहकार अशोक कुमार उपस्थित रहे और शांतिपूर्ण ढंग से वितरण में मदद किय। किसानों में उत्साह और यूरिया प्राप्ति की उमंग भी देखी गयी।

## नवप्रशिक्षित शिक्षकों के एरियर भुगतान हेतु DEODS गलत नीति के खिलाफ आंदोलन

ई अशोक कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स (छौडादानों मोतीहारी सिटी) छौडादानों। प्रखण्ड मुख्यालय में शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति पूर्वी चंपारण की बैनर तले नवप्रशिक्षित शिक्षकों के वर्षों से बकाया अंतर वेतन (एरियर)भुगतान सहित अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए आज छौडादानों ठत्ब् मुख्यालय के समक्ष दोपहर में क्म्व् मोतिहारी का पुतला दहन कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति खातुन,कोषाध्यक्ष माधव कुमार,प्रखंड महासचिव ललित किशोर प्रसाद,प्रखंड सचिव सुभाष चंद्र प्रसाद,मिडिया प्रभारी महेश प्रसाद,राजेश रंजन,हरेन्द्र पासवान,जाकि अहमद, नंदु पासवान,जनार्दन कुमार, सुजीत कुमार, सुधीर कुमार,प्रेमचंद पासवान,अब्दुल रहिम,मुख्तार अंसारी,संजय कुमार,विरेंद्र कुमार यादव, रामप्रवेश यादव,आफताब आलम,विरेंद्र राम, अवध किशोर यादव,मो शौहेल अख्तर,बृजकिशोर



प्रखण्ड इकाई के प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद,अध्यक्ष महिला शिक्षिका हुस्ने आरा सिंह आदि शिक्षक शिक्षिका द्वारा आंदोलन में चढ बढ के शामिल होकर आंदोलन का आहवान हुआ।

## विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने लोगों से केंद्र सरकार एवं पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के अवसर पर बाढ़ विधानसभा के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने आज दिनांक 7 अगस्त 2022 को बाढ़ स्थित डाक बंगला में जनता दरबार में उपस्थित लोगों से केंद्र सरकार एवं पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की । 13 अगस्त से 15 अगस्त तक बाढ़ विधानसभा के प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा इसके लिए पूरे विधानसभा में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि जागरूकता अभियान चलाने हेतु सभी स्तर पर तैयारी कर ली गई है । कार्यकर्ता प्रत्येक मंडलों में घूम–घूम कर केंद्र सरकार एवं पार्टी के अभियान को सफल बनाएंगे एवं लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे । इस अवसर पर सत्यनारायण प्रसाद , तनिक सिंह गुरु जी , अवधेश सिंह , संजय गिरी आशुतोष कुमार सिंह , शिवदयाल , सत्येंद्र सिंह , हरी प्रधान , रेखा देवी , संजीव कुमार



मुन्ना , प्रीति रानी , परमानंद सिंह , रंजन कुमार सिंह व धीरज सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 67वीं संयुक्त प्रारंभिकप्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के डीएसपी रंजीत कुमार रजक के कई ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने छापेमारी

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 67वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के डीएसपी रंजीत कुमार रजक के कई ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने छापेमारी की है. रंजीत कुमार के अररिया स्थित ससुराल और कटिहार के ठिकाने पर रेड हुआ है. टीम अभी तक अंदर छापेमारी की प्रक्रिया में है. वहीं प्रश्न–पत्र लीक मामले से जुड़े दस्तावेजों को खंगाले जाने की सूचना है। शनिवार को सूचना मीडिया को नहीं दी गयी है. जानकारी के अनुसार, इओयू की टीम बीपीएससी पेपर लीक मामले से जुड़े दस्तावेजों को खंगाल रही है। इओयू की टीम कटिहार समेत चार ठिकानों पर छापा मार रही है. हंसवर गांव स्थित आवास और पेट्रोल पंप पर छापेमारी की गई है. बताते चलें कि रंजीत कुमार रजक को बर्खास्त कर दिया गया है. जांच में ये बात सामने आयी है कि गिरफ्तार डीएसपी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। अकूत संपत्ति बनाने वाले रंजीत रजक अब जेल की सलाखों के पीछे हैं. रंजीत कुमार रजक पर पेपर लीक के मुख्य



इओयू की टीम कटिहार व अररिया में छापेमारी के लिए पहुंची. अररिया के महादेव चौक पर गिरफ्तार डीएसपी रंजीत कुमार रजक का ससुराल है. जहां छापेमारी की गयी है. खबर लिखे जाने तक टीम अंदर की कार्रवाई में लगी हुई थी. फिलहाल किसी तरह की आरोपित और गया के रामशरण सिंह इवनिंग कॉलेज डेल्हा के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक रहे शक्ति कुमार के साथ सांठ–गांठ के आरोप है. आरोपित की शक्ति कुमार से लगातार फोन पर बातचीत होती थी। रंजीत कुमार पहले भी दागी रह चुका है।

## महंगाई और लगातार बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर बिहार के सभी जिला मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च - महागठबंधन

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल )
सुपौल। बेरोजगारी और कमरतोड़ महंगाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर आज महागठबंधन द्वारा जिला मुख्यालय के सदर बाजार में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। जिसमे बड़ी संख्यां में महागठबंधन के तमाम नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। राजद जिलाध्यक्ष रामनाथ मंडल के नेतृत्व में निकाले गए इस प्रतिरोध मार्च में पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव, एमएलसी अजय कुमार सिंह, पूर्व सांसद विश्वमोहन कुमार सहित तमाम महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए बतादें कि बढ़ती तानाशाही, मुस्लिमो को बदनाम करने की साजिश, बुलडोजर राज, कमर तोड़ महंगाई और लगातार बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर आज जिला मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव ने कहा कि बढ़ती मंहगाई से आम लोग त्रस्त हो गया है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से आम जन आक्रोश में हैं महंगाई की मार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पूर्व सांसद विश्व मोहन कुमार ने कहा कि सरकार को आम लोगों की चिंता नहीं है यही कारण है कि सिर्फ बड़े औद्योगिक घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए महंगाई बढ़ा दी गई है। नौजवान युवा रोजगार के लिए दर बदर भटक रहे हैं। उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। किसानों की हालत खराब हो गई है। इस मौके पर तमाम वक्ताओं ने इन मुद्दों को लेकर सरकार के विरोध में वक्तव्य दिया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण समाज के हर तबके के लोग प्रभावित है। रोजगार नहीं मिलने से युवा अक्रोशित हैं, महंगाई बढ़ जाने से लोगों की परेशानी दिन वी दिन बढ़ती जा रही है। किसान परेशान है। खेती से मुंह मोड़ रहे हैं। कहा यही हाल रहा तो लोग बाध्य होकर सड़क पर उतड़ने को बाध्य हो जाएंगे। लेकिन इन सबके बावजूद सरकार अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रही है। प्रतिरोध प्रतिरोध मार्च में शामिल लोग कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों से लिखित तख्ती हाथ में लेकर प्रदर्शित किया। इस दौरान सरकार के विरोध में नारेबाजी भी की गई। प्रतिरोध मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समाहरणालय तक पहुंची। जहां जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिरोध मार्च में महागठबंधन के तमाम दल के नेता और कार्यकर्ता सहित विभिन्न संगठनों के लोग भी शामिल हुए।
इस मौके पर कामरेड जयनारायण यादव, बिमल यादव,अजय कुमार अजनबी, अरविंद शर्मा, विजय कुमार यादव,भोला यादव,जितेंद्र चौधरी, अनोज आर्य उर्फ लव यादव, छाया रानी, रमेश कुमार यादव, कारी यादव,जगदेव राम,शमशेर आलम, शिवना रायण यादव,दुखी लाल यादव,माणिक लाल यादव, डॉ चंद्रभाष, सत्यनारायण मंडल, दिनेश प्रसाद यादव, ललित कैहलानिया, सोनी यादव, प्रकाश यादव,कविता कुमारी, संतोष सरदार,राजेश यादव, प्रवेश सीताराम मंडल,राजेंद्र साह,बिशनाथ पांडे,रामनंदन यादव, मनोज यादव,नीतीश मुखिया,विद्याभूषण कुमार, पप्पू चौधरी,मदन कुमार पासवान मो फुरकान,जयशंकर आजाद,कामेश्वर मरमेता, सज्जन कुमार संत,हसन अंसारी, बागबानी शर्मा,पप्पू यादव, प्रशम प्रकाश, जयकृष्ण कुमार, ब्रह्म किशोर भारती, मंगल कुमार,मनोज



प्रवीण, रामसुंदर मुखिया, बांके बिहारी मंडल, रामचंद्र मंडल,डॉ अमन कुमार,बसंत कुमार,योगेंद्र खेरवार, देवनारायण मुखिया, रामसागर पासवान, बिनोद कुमार यादव, मो जलील, विद्या देवी, चंद्रिका कुमारी, एकता कुमारी, कुमारी मधु,विष्णुदेव महतो,महादेव यादव, सुरेन्द्र कुमार श्यामल मुखिया, संतोष सुशांत,एनटीआर संजीव, अनिल यादव, सूर्यनारायण यादव, श्याम यादव, मो इरफान, मुकेश मरीक, अब्दूल सतार,सुरेश पाल, प्रिंश कुमार,उदित नारायण यादव,विजय कुमार,विवेक चौधरी, सुभाष यादव, भगवानदत्त यादव, अजीत कुमार,सुरेश राम, शिवनारायण शर्मा,शामिल हुए।

## रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा 7अगस्त रविवार को सीनियर सिटीजन मेडिकल जाँच एवं मुफ्त दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया

ई.




अशोक कुमार सवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स छौडादानो, मोतिहारी सिटी। पिछले 53 वर्षों से जिले में मानवता की सेवा करती रही है । जिसका लाभ लाखों बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं को मिलता रहा है ।इस नई रोटरी वर्ष में सीनियर सिटीजन का का आयोजन दिनांक 7 अगस्त रविवार 2022 को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी मोतिहारी के प्रांगण में एक वरिष्ठ नागरिकों का निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा किया गयासइस शिविर के चेयरमैन रोटेरियन डॉ अमित कुमार ने कहा कि सीनियर सिटीजन मेडीकल शिविर एवं दवा वितरण रोटरी क्लब मोतिहारी के मुख्य कार्यो में से एक है ।इस शिविर में आये हुए मरीजो का परिचय पत्र बनाया गया ।जिससे उनका रेगुलर इलाज होता रहे ।इस शिविर में सभी तरह के बीमारियों का इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के द्वारा की जाती है ।इस शिविर के को चेयरमैन रोटेरियन राहुल गुप्ता ने कहा कि इस शिविर में ब्लड प्रेशर और मधुमेह का जांच फ्री में किया जाएगा। इस शिविर में शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं महिला चिकित्सको रोटेरियन डॉ ओमप्रकाश ,रोटेरियन डॉ सुबोध कुमार सिंह, रोटेरियन डॉ अमित कुमार,,डॉ रंभा पांडेय के द्वारा लोगों का मुफ्त में इलाज किया गया तथा उनकी जांच कर उन्हें दवा दी गयी। शिविर में आये हए मरीजो,डॉक्टर, रोटेरियन, रोट्रेक्ट, पत्रकारो,तथा अन्य को धन्यवाद ज्ञापन दिया।शिविर का आयोजन प्रातः 11रू00 बजे से दिन के 2रू00 बजे तक किया गया । शिविर में रोटरी क्लब मोतिहारी के रोटेरियन महेश प्रसाद सिन्हा, रोटेरियन राहुल कुमार गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष और रोटेरियन बिभूति नारायण सिंह, रोट्रेक्ट क्लब बापूधाम के पूर्व अध्यक्ष विवेक गुप्ता,अध्यक्ष विकाश कुमार,रोट्रेक्ट क्लब ईस्ट चम्पारण के रितेश कुमार,अवधेश कुमार तथा रेड क्रॉस के अरुण जी ,स्टाफ और अन्य उपस्थित थे। अध्यक्ष सीनियर सिटीजन मेडिकल शिविर प्रोग्राम, रोटेरियन डॉ अमित कुमार।

## सौभाग्य एवं समृद्धि की पूजा है चुहड़ी की माँ काली पूजा : वर्मा प्रसाद

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह सनातन धर्म में आस्था के भिन्न भिन्न अवसरों में श्रावण मास में होनेवाली मां काली पूजा चम्पारण की ऐतिहासिक पूजा अर्चना में एक है । प्रत्येक वर्ष सावन में यह पूजा हजारों श्रद्धालुओं के साथ भव्य शोभा यात्रा के बीच मनाई जाती है । शोभा यात्रा और पूजन अर्चन का शुभारंभ प्रत्येक वर्ष नरकटियागंज के महान समाजसेवी बर्मा प्रसाद के शुभ हाथों फीता काटकर , दीप जलाकर किया जाता है । उद्घाटन कर्ता सह मुख्य अतिथि के रूप में चुहड़ी के इस भव्य आयोजन में बर्मा प्रसाद सबसे मजबूत कड़ी के रूप में माने जाते हैं । बेतिया जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर चुहड़ी गांव के हजारों ग्रामीण बर्मा प्रसाद को भगवा पगड़ी , फूलमाला , तिलक चंदन और अंगवस्त्र से सम्मानित करते हैं। इस वर्ष भी इन सारी प्रक्रियाओं के साथ विशाल शोभायात्रा का नेतृत्व बर्मा प्रसाद ने किया जहां उनके साथ चम्पारण के खेल जगत के मसीहा सुनील वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही । हजारों माताओं बहनों को बर्मा प्रसाद के द्वारा समानित भी किया जाता है जो अपने आप में एक बड़ा कार्य है। चुहड़ी गांव के मंदिर निर्माण में बर्मा प्रसाद ने लाखों लाख रुपये सहित अन्य निर्माण सामग्री का सहयोग किया है जिसके बदौलत वर्षों से जर्जर पड़ा वह मंदिर आज श्रद्धालुओं के भक्ति का केंद्र बना हुआ है। इतने बड़े सहयोग के कारण श्री प्रसाद उस गांव के हर ग्रामवासी के दिलों पर राज करते हैं । ग्रामीण बच्चा पंडित और डॉ बरकात अली की मानें तो सावन मास की यह पूजा लाखों श्रद्धालुओं के बीच समपन्न होती है जिसके पूरे खर्च का बोझ अकेले बर्मा प्रसाद उठाते हैं जो इस गांव ही नहीं चंपारण के लिए गौरव की बात है।



मां काली पूजा सहित , शिव पूजा और अन्य धार्मिक कार्यों में सबसे ज्यादा दान और सहयोग करनेवालों में बर्मा प्रसाद का नाम सर्वोपरी है जो एक विधायक , सांसद और किसी मंत्री के कोष से भी ऊपर की बात है । समाज में इतने बड़े दानवीर का होना भी अपने आप में एक अनोखा उदाहरण है जिसकी मिसाल बर्मा प्रसाद हैं ।

## मोहन कुशवाहा ने कहा कि सिरहा पैक्स में किसानों को नहीं उपलब्ध कराया जा रहा खाद बीज,हो रही है परेशानी,पैक्स अध्यक्ष निष्क्रिय



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पकड़ीदयाल प्रखंड के अंतर्गत सिरहा पंचायत के टैक्स को लेकर महागठबंधन के नेता एवं सिरहा पंचायत के समाजसेवी 'मोहन कुशवाहा ने कहा कि सिरहा पैक्स में किसानों को नहीं उपलब्ध कराया जा रहा खाद बीज,हो रही है परेशानी,पैक्स अध्यक्ष हो गये हैं निष्क्रिय। मोहन कुशवाहा ने कहा कि पैक्स अध्यक्ष श्री बिरेंद्र प्रसाद कुशवाहा के निष्क्रिय हो जाने से सिरहा पंचायत के किसानों को हो रही है परेशानी। सरकार पैक्स के माध्यम से किसानों की सुविधा के लिए खाद, बीज,की सुविधा उपलब्ध कराती है ।वह बिरेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में किसानों को नहीं मिल रहा है। खरीफ सीजन में यूरिया मिलना चाहिए किंतु पैक्स अध्यक्ष के नाकामीयत की वजह से किसानों को कोई सुविधा प्रदान नहीं हो पा रही है।

एक सवाल के जवाब में मोहन कुशवाहा ने कहा कि मैं पैक्स अध्यक्ष से कभी मिला नहीं हूं,सिरहा पंचायत की जनता की आवाज आपको बतला रहा हूं। उन्होंने कहा कि सुनने में आता है की खाद बीज का लायसेंस नहीं है तो उस कार्य को बिरेंद्र प्रसाद जितने के बाद कराना उनका दायित्व बनता है,यह कहकर बिरेंद्र प्रसाद मुक्ती नही पा सकते हैं। उन्होंने जनता को सिरहा पंचायत के किसानों के साथ चुनावी समय में यहां तक कहा था कि एक बार पैक्स अध्यक्ष बन जाऊं तो मैं सिरहा पंचायत के पैक्स को चमका दुंगा। किसानों को हर सुविधा मैं उपलब्ध कराऊंगा, किंतु उनकी घोषणा सिर्फ घोषणा ही रह गई।
मोहन कुशवाहा ने कहा कि उनकी दायित्व बनती है कि किसानों की सुविधा हम कैसे उपलब्ध कराएं, आज हमारे सिरहा पंचायत का किसान काफी परेशान है,एक युरिया के बोरा के लिए छः किलोमीटर दूर सिरहा पंचायत के किसानों को जाना पड़ता है। मोहन कुशवाहा ने कहा कि सिरहा पंचायत के पैक्स के माध्यम से सुविधा किसानों को नहीं उपलब्ध कराया जाएगा तो हमारी महागठबंधन कृषि मंत्री, सहकारिता मंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री तक सुविधा उपलब्ध कराने एवं सिरहा पंचायत पैक्स के कार्यों की जांच कराने हेतु आवेदन पत्र के माध्यम से अनुरोध किया जाएगा।
मोहन कुशवाहा ने कहा कि पैक्स अध्यक्ष महोदय के कार्यों का क्या महत्व है, कृपया पैक्स अध्यक्ष महोदय सिरहा के किसानों की सुविधा पर विचार करें सिर्फ यह कह देना कि लाइसेंस नहीं है, तो लाइसेंस कराना, किसानों के लिए खाद बीज लाना,उनका कार्य है। पंचायत के किसानों को चाहिए सुविधा, पैक्स अध्यक्ष किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने में फेल हो चुके हैं। मोहन कुशवाहा ने कहा कि खाद बीज का मामला हो, या धान अधिप्राप्ति का मामला हो, चाहे गेहूं अधिप्राप्ति का मामला हो, सबकुछ फेल हो गई है। पैक्स अध्यक्ष महोदय की कार्यक्रम सिरहा पंचायत के किसानों के अनुसार संतोषप्रद नहीं है। उनकी कार्य बिल्कुल निष्क्रियता की ओर सिरहा में साबित हो रही है। इस पर अयोध्या टाइम्स द्वारा पैक्स अध्यक्ष श्री बिरेंद्र प्रसाद कुशवाहा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि शुरू से सिरहा पंचायत पैक्स में लाइसेंस नहीं है, तो 3 साल की अवधि में मैं कहां से कर सकता हूं, जहां तक ऑफिशियल कार्यक्रम की बात है तो मैंने कृषि यंत्र लाने का काम किया,गोदाम बनवाने का कार्य किया। जब अयोध्या टाइम्स द्वारा विशेष कुछ जानने का इच्छा व्यक्त किया गया तो पैक्स अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि अभी मैं गाड़ी चला रहा हूं समय मिलने पर बिशेष बात करूंगा।

## कांवरियों के लिए सेवा शिविर एवं शिव जागरण का कार्यक्रम आयोजित



साहिल कुमार सिंह (ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। गंगा समग्र काढ़ागोला घाट समिति के तत्वाधान में गंगेश्वरनाथ शिव मंदिर के प्रांगण में सन्ध्या 7:00 बजे से कांवरियों के लिए सेवा शिविर एवं शिव जागरण का कार्यक्रम किया जाना है। सेवा शिविर में कांवरियों के लिए शुद्ध जल,शरबत,चाय एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था किया गया है। आप सादर आमंत्रित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर प्रभारी ने एएनएम पर की कारवाई

वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा कन्हैया कुमार ने कोविड 19 टीकाकरण में शिथिलता को लेकर 8 एएनएम पर सख्त कारवाई की है। इस टीकाकरण महाअभियान में अनुपमा कुमारी, अर्चना कुमारी, उषा कुमारी, सुप्रतिमा कुमारी, संजु कुमारी, विभा कुमारी, स्मिता कुमारी, रंजु कुमारी एएनएम द्वारा कार्य आज कार्य नहीं किया गया। यह लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। प्रभारी कन्हैया ने बताया इन सभी एएनएम के कार्य नहीं करने से जिला एवं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा का टीकाकरण का स्तर काफी खराब हुआ है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सभी 8 एएनएम का एक सप्ताह का वेतन कटौती की गई है। साथ ही उक्त सभी एएनएम को निर्देश दिया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा एवं ही प्रपत्र क गठन हेतु उच्चाधाकारियों को सूचित किया जाएगा।

### रात्रि प्रहरी संघ का अहम बैठक

साहिल कुमार सिंह(ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। कटिहार जिला रात्रि प्रहरी संघ का अहम बैठक 13/08/2022 को जिले के हरिशंकर नायक उच्च विद्यालय में दिन के 11बजे रखा गया इसकी सुचना कटिहार जिला अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज वा सचिव अरुण कुमार ने बताया कि संगठन मजबुती और नौकरी स्थाई करने के लिए बुलाया गया है ज्ञात हो 15अगस्त के बाद बिहार रात्रि प्रहरी का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मुलाकात करेगा

### शिवम झा बने युवा जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष

विद्यापतिनगर/दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! विद्यापति नगर प्रखंड जदयू कार्यालय में जनता दल (यूनाइटेड) के प्रखंड अध्यक्ष हरेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई इसमें संगठन के विस्तार एवं आगे की रणनीतियों पर चर्चा हुई ! बैठक में सर्वसम्मति से मऊ धनेशपुर दक्षिण निवासी युवा नेता शिवम् कुमार झा को युवा जदयू का प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया! प्रखंड उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवम् कुमार झा ने बताया कि मैं पूरी निष्ठा और लगन के साथ पार्टी के विस्तार के लिए काम करूंगा तथा जो भी पार्टी का आदेश होगा, उसे हर संभव पूरा करने का कोशिश करूंगा ! मौके पर जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष हरेश प्रसाद सिंह, मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के सरपंच रंजीत सिंह, युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष



विनोद कुमार सिंह, युवा जदयू के प्रखंड सचिव आशीष झा, सुनील सिंह के अलावा बड़ी संख्या में जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मशरक में ट्रक और डस्टर कार में टक्कर, डस्टर कार क्षतिग्रस्त

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक मलमलिया सिवान शीतलपुर एस एच 73 पर मशरक थाना क्षेत्र के बंसोही में रविवार की अहले सुबह ट्रक के अचानक सड़क पर आ जाने से डस्टर कार की टक्कर हो गई जिसमें डस्टर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही चालक मामूली रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी रंजीत प्रसाद पिता तारकेश्वर प्रसाद के रूप में हुई। घटना में घायल के रिश्तेदार ने बताया कि रंजीत प्रसाद अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर ससुराल सारण जिले के शीतलपुर गये थें वहीं पर सबको छोड़कर घर वापस मशरक के रास्ते आ रहें थे कि बंसोही में अचानक सड़क किनारे लगी ट्रक के सड़क पर आ जाने से टक्कर हो गई जिसमें डस्टर कार क्षतिग्रस्त हो गई वही डस्टर कार चला रहे रंजीत प्रसाद मामूली रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बढ़ते बेरोजगारी, मंहगाई के खिलाफ महागठबंधन द्वारा निकाला गया प्रतिरोध मार्च

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। राजधानी पटना सहित बाढ़ में भी रविवार को महागठबंधन के नेताओं द्वारा बाढ़ अनुमंडल



मुख्यालय में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार ,बाढ़ तथा सूखे आदि मुद्दों को लेकर प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान वर्तमान सरकार की विफलता के विरोध में नारेबाजी की गई। महागठबंधन द्वारा कांग्रेस मैदान से विरोध मार्च निकाला गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अनुमंडल कार्यालय में जाकर समाप्त हो गया। इस दौरान कांग्रेस, राजद तथा वामपंथी दलों के द्वारा सरकार की नीति की जमकर आलोचना की गई। इस मौके पर दिनेश यादव, महेश सिंह , पप्पू टप्छ आदि मौजूद थे। इस संबंध में नेताओं द्वारा अनुमंडल प्रशासन को ज्ञापन भी दिया गया।

### प्रथम नेशनल जैवलिन डे का आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कंपलेक्स में किया गया

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। प्रथम जैवलिन थ्रो डे के रूप में जश्न मना रहा है आज भारत नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक ओलंपिक गोल्ड मेडल के रूप में। नेशनल जैवलिन थ्रोवर नीरज चोपड़ा को याद करते हुए आज पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉन्पलेक्स में जैवलिन थ्रो का आयोजन किया गया था इस आयोजन में बहुत जिला से बालक बालिका है अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए स्पोर्ट कंपलेक्स पहुंची थी इसी उपलक्ष में बाढ़ की कुछ बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा को लेकर वहां पहुंची पहुंची थी। संजना कुमारी ,पूजा मुरमुर, तेरेसा बेसरा एवं निभा कुमारी। अंडर सिक्सटीन बालिका वर्ग में पूजा मुरमुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और उन्हें कांस्य पदक देकर सम्मानित करते हुए 2000 नगद राशि भी प्रदान की गई। बाढ़ के लिए गर्व की बात है पहली बार नीरज चोपड़ा के प्रथम नेशनल जैवलिन डे के उपलक्ष में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिस में बाढ़ की बेटी ने अपना परचम लहराया यह बालिका संत जोसेफ कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल प्लस टू बाढ़ में अभी अपने शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रही है विद्यालय की प्राचार्या शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सहपाठियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और साथ में विद्यालय कोच प्रमोद कुमार को भी विद्यालय प्राचार्या सिस्टर दीपिका के द्वारा शुभकामना दी गई हैं।



## धानुक एकता मंच नालंदा जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। जातीय जनगणना हेतू धानुक एकता मंच के बैनर तले नालंदा बिंद प्रखंड के बिंद पंचायत सरकार भवन में जातीय जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान धानुक जाति के एक महासभा का आयोजन किया गया है!इस मंच की अध्यक्षता उमेश राऊत मुखिया जी बिंद पंचायत के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मैं अपने पंचायत में धानुक जाति को एकत्रित होने का आवाहन करते हुए कहा कि हम धानुक हैं किसी के बहकावे में न आकर समाज के उत्थान करने का काम करेंगे। इस मंच का संचालन चंद्र भूषण जी ने किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में जाकर धानुक जाति को जगाने का काम करना है भविष्य में आने वाले पीढ़ी सिर्फ जनगणना में हम लोग जाति के कॉलम में सिर्फ धानुक ही लिखवाने का काम करें जिससे धानुक जाति की जनसंख्या मालूम हो सके और आबादी के हिसाब से हमारा आरक्षण में संख्या बढ़ाई जाए उसके लेकर हम लोग एकजुट होकर गर्व से कहें की हम धानुक हैं। इस बैठक में जिला कमेटी के उपाध्यक्ष वीर मनी मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोग घर घर जाकर जगाने का काम करेंगे की धानुक जाति संगठित होकर समाज के प्रति जागरूक करना है इस सभा में विभिन्न लोगों ने संबोधित करने का काम किया जिला कमेटी के उपाध्यक्ष अरविंद राउत ,कपिल देव प्रसाद ,धर्मवीर कुमार ,प्रभात कुमार ,कौशलेंद्र कुमार मन्नू , मनोरंजन जी, बिंद प्रखंड के प्रमुख पति ललित महतो , दयानंद जी ,पंचायत समिति



धानुक ही लिखें ।इस बैठक में धानुक एकता मंच कमिटी के जिला अध्यक्ष मुकेश धानुक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जाति मुन्ना, उमेश जी, रवि मंडल, आजाद जी, साथ ही साथ अमोद कुमार धानुक एकता मंच कमिटी के मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे ।

## बगहा में दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता कर दी गई हत्या

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दहेज की मांग को लेकर ससुराल वाले के द्वारा एक नवविवाहित की शनिवार की देर रात हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि अनिता और अनिल ने साल 2019 में लव मैरिज की थी। अनिल के प्यार में पागल हुए अनिता ने अपने ही मां–बाप का साथ छोड़ दिया था और उसने अनिल से शादी कर ली थी। मामला बगहा का है,



जहां शादी के बाद अनिता से दहेज की मांग की जाने लगी। दहेज के लिए मना करने पर उसके साथ लगातार मारपीट की जाने लगी। मामला इतना बढ़ गया कि शनिवार की रात उसकी हत्या कर दी गई। घटना बगहा नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मुहल्ला वार्ड संख्या 26 की है।

यहां के रहने वाले छोटेलाल चौधरी के बेटे अनिल चौधरी की पत्नी अनिता देवी की संदेहास्पद स्थिति में शव मिला है। मृतका के पिता का कहना है कि दहेज के लिए उसकी हत्या कर दी गई है। उन्होंने महिला के ससुर छोटेलाल चौधरी, पति अनिल चौधरी और सास चिंता देवी पर गंभीर आरोप लगाया है। घटना को लेकर मृतका के पिता सुभाष चौधरी ने बताया कि मेरी बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। वे हमसे लगातार 3 लाख रुपये मांग रहे थे, जिसका मैं विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर मेरी बेटी को मौत के घाट उतार दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बगहा राजद कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य व्यापी आहवान पर प्रतिरोध मार्च निकाला गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। राष्ट्रीय जनता दल बिहार के आह्ववान पर बगहा में युवा राजद जिलाध्यक्ष पप्पू यादव और बगहा राजद महासचिव आलमगीर रब्बानी के द्वारा जानलेवा बेहिसाब मंहगाई,भीषण बेरोजगारी, सुखाड़, कालाबाजारी,भायंकर भ्रष्टाचारी,युवा विरोधी अग्निपथ योजना,आर्थिक केरेंट लगाने वाली बिजली संशोधन विल व स्मार्ट मीटर,खाद्य सामग्री व बच्चों के शिक्षा सामग्री सहित मुर्दों के कफन पर ळैज तथा देश में फैलाये जा रहे धार्मिक नफरत व उन्माद के विरुद्ध राजद पार्टी कार्यालय से अनुमंडल मुख्यालय तक सैकड़ों की संख्या में विशाल आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला गया। लाल हरा झंडा बैनर से लेश,बड़ी संख्या में अपनी मांगों से संबंधित नारों से, रोको मंहगाई बांधो दाम नहीं तो होगा नींद हराम,दो करोड़ प्रति बर्ष रोजगार का वादा कहां गया मोदी जवाब दो,19 लाख रोजगार का क्या हुआ नीतीश जवाब दो, बिजली संशोधन विल व स्मार्ट मीटर बंद करो, बिहार को सुखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करो, किसानों को प्रति एकड़ पच्चास हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि दो,भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, अग्निपथ योजना वापस लो, हिटलर शाही नहीं चली तो मोदी शाही नहीं चलेगी, नीतीश – मोदी मुर्दाबाद आदि गगन भेदी नारा लगाते हुए राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अनुमंडल मुख्यालय आये। जहां प्रतिरोध मार्च प्रतिरोध सभा में तब्दील हो गया। युवा राजद जिलाध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में चलें सभा को सम्बोधित करते राजद के महासचिव आलमगीर रब्बानी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों का जमकर आलोचना करते कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अडानी अंबानी को और अमीर बनाने के चक्कर में जनता उपयोगी वस्तुएं पर ळैज लगाकर गरीबों को मार रही है। मंहगाई बेरोजगारी तो सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जनता की मूल भूत समस्याओं से सरकार का कोई लेना देना नहीं है सिर्फ जात पात धर्म मजहब का झगड़ा लगाकर धार्मिक नफरत व उन्माद फैला कर राजनीतिक रोटी सेक रही है। पेट्रोल डीजल रसोई गैस सहित सभी वस्तुएं की कमीत जनता पर बोझ बन गई है। भयंकर सुखाड़ से पूरा बिहार त्रस्त है, किसान मंहगी खेती से आर्थिक तंगी में है। किसान यूरिया खाद के लिए हाहाकार में है,और यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही है। पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सैनिक भर्ती एवं व्यवस्था को बिना पेंशन चार बर्षो के लिए अग्निपथ योजना के सहारे युवाओं को फौज में भर्ती देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। अडानी अंबानी जैसे पूंजीपतियों के हाथ देश की सम्पत्ति को कौड़ी के भाव बेचा जा रहा हैं।



आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों ने माफी मांगने एवं अंग्रेजों का चाटूकारी करने वाले आज अपने को बड़ा राष्ट्रभक्त बन रहा है। आज देश संकट में है। संविधान खतरे में है। आमजन मंहगाई बेरोजगारी से परेशान है। और मंदिर मस्जिद, हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश को बांटा जा रहा है। उपस्थित सभा को सम्बोधित करते एवं प्रतिरोध मार्च में साकेत पाठक, सुरेंद्र यादव, जाकिर हुसैन, कोनैन आलम, सुजीत यादव, विष्णु कुमार महतो, शिव नारायण यादव, विपिन यादव, छेदी यादव सहित सैकड़ों की तादाद में पार्टी के महिला और पुरुष शामिल रहे।

## अंतिम सोमवारी आज, विद्यापतिधाम में भक्तों का उत्साह चरम पर

विद्यापतिनगर / दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)! सावन मास की अंतिम सोमवारी को लेकर रविवार से ही विद्यापतिधाम उगना महादेव मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है, रविवार को अहले सुबह करीब 2रू00 बजे से ही पूरा मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भर गया ! सभी ओर बोलबम – बोलबम, के नारे अनुगुंजित हो रहे हैं ! मंदिर तक आने वाली प्रायः सभी मुख्य सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार देखी जा रही है, लाल – गेरुआ वस्त्र में सजे कांवड़ियों से पूरा विद्यापति धाम शोभायमान दिख रहा है ! ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आज एक लाख से भी अधिक श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रार्थना करेंगे !

अंकित सोमवारी को लेकर विद्यापतिधाम में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला रविवार से ही प्रारंभ हो गया है, दूरदराज से लोग बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए सड़क एवं रेल मार्ग से विद्यापति धाम पहुंच रहे हैं ! सोमवार की सुबह मंदिर के पुजारियों द्वारा भगवान शंकर का विधिवत पूजन किया जाएगा, इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए जाएंगे, रविवार की शाम तक विद्यापति धाम में आए लोगों के हुजूम को देखकर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले तीन सोमवारी का रिकॉर्ड आज टूट जाएगा, चौथे एवं अंतिम सोमवारी होने के कारण सबसे अधिक श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ की पूजा–अर्चना करेंगे, इस अवसर से कोई भी वंचित रहना नहीं चाहता ! मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में अधिकांशतः महिलाएं एवं युवतियां देखी जा रही है, हालांकि पुरुषों का उत्साह भी अपने चरम पर है ! इस बार मंदिर पहुंचने वालों में वृद्ध महिलाओं की संख्या भी अधिक देखी जा रही है, सभी बाबा भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं ! बच्चों एवं युवाओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र झूला है, सुबह से लेकर देर शाम तक लोग झूला का आनंद लेते नजर आए, वहीं महिलाएं पूजा अर्चना के बाद खरीददारी में व्यस्त दिखी !

अंकित सोमवारी पर लोगों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भी पूरी तैयारी की है, पुलिस के द्वारा विद्यापतिनगर प्रखंड मुख्यालय से मंदिर होते हुए मालगोदाम स्टेशन तक सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है ! प्रशासन के द्वारा रविवार से ही विद्यापति प्रखंड मुख्यालय से मंदिर की ओर आने वाली मुख्य सड़क पर गाड़ियों के परिचालन को रोक गया है, वही दलसिंहसराय की ओर से आने वाली गाड़ियों को भी इण्डेण गैस एजेंसी के पास ही रोका जा रहा है ! मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, मुख्य द्वार एवं मंदिर प्रांगण में सादी वर्दी में भी सुरक्षा बलों को लगाया गया है, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है ! पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं ! हालांकि पूजा अर्चना करने आए श्रद्धालुओं के अनुसार सुरक्षाबलों की संख्या नाकाफी है! कई महिलाओं ने बताया कि मंदिर परिसर में सुरक्षा बलों की कमी के कारण युवकों हुड़दंग किया जाता है ! श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को लेकर विद्यापतिधाम एवं आसपास के सभी शिवालयों में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का जलाभिषेक करने के लिए ताता लगा रहा।

इसके लिए सभी शिवालयों को रंग रोगन कर ,फूल पत्तियों से सजाया गया है और शाम में महा आरती की जाएगी!

विद्यापति धाम मंदिर परिषद अध्यक्ष गणेश गिरी ने बताया कि पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रहे हैं, उनके ठहराव, पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है ! रविवार को पूजा अर्चना के लिए आए अजीत कुमार झा, मनीष निषाद,





चंदन कुमार, राजीव कुमार, रश्मि, नंदनी, एवं अर्चना ने बताया कि भोलेनाथ की पूजा कर मन को असीम शांति की प्राप्ति हुई ! हालांकि मंदिर के आसपास साफ सफाई की उचित व्यवस्था नहीं थी जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रहे हैं !

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जिला मे सफल बनाना है - जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। भाजपा शिवहर ग्रामीण मंडल कि बैठक मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार के अध्यक्षता में ठाकुर रत्नाकर राणाजी, के गोला स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिला मंत्री सह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ नूतन सिंह उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ नूतन सिंह जी ने कहा कि इस वर्ष का 75 वा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हम सभी देश वासियों के लिए यादगार रहेगा क्योंकि कि देश वर्ष 2022 को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। केन्द्र सरकार ने पूरे भारतवर्ष के नागरिकों का आह्वान किया कि हम सभी अपने अपने घरों पर 13अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा आवश्यक फहराएं और अपने नयी पीढ़ी को देश के आजादी के किस्से आवश्य सुनाएं ताकि हमारे बच्चे भी इस आजादी के महत्व एवं हमारे पुर्वजों के त्याग और बलिदान को याद करते रहें। डॉ नूतन सिंह ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्यूटर इत्यादि के माध्यम से भी इस महाअभियान को सफलता के मुकाम तक पहुंचाएं और हम सभी अपने डी पी में तिरंगा आवश्य लगाएं साथ साथ यह भी कहा कि अपने घरों पर झंडोत्तोलन आपने घर के सबसे छोटे बच्चे से करवाते हुए सेल्फी अवश्य लें। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का वर्ष है कि हम सभी इस अमृत महोत्सव के गवाह बन रहे हैं इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री के आह्वान को सफल बनाने में एवं राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होकर अपने अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा आवश्य लगाएं एवं लोगों को प्रेरित भी करें ताकि गांव शहर का कोई घर बीना तिरंगा नही हो साथ साथ सभी कार्यकर्ता अपने गांव में लगातार 8 दिसंबर से प्रभातफेरी निकालें जिससे समाज में जागरूकता पैदा हो। कार्यक्रम में अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम स्वारथ साह, मंडल महामंत्री एवं मंडल कार्यक्रम सह प्रभारी पवन कुमार, मनोज गिरी, कार्यक्रम प्रभारी मंडल उपाध्यक्ष राम निवास कुमार, श्रीकांत कुमार, मंडल मंत्री प्रभात कुमार सुमन, अनिल कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख राज कुमार सिंह राज किशोर राय, अशोक कुमार, बिन्दु पटेल, केशव कुमार, धर्मवीर राय , धर्मेन्द्र कुमार, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पटोरी अनुमंडल में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की घोषणा के बाद लोगो में खुशी की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर,पटोरी। समस्तीपुर जिले के पटोरी अनुमंडल में लोगों के लिए रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की घोषणा के बाद लोगो में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। कई वर्षों से लंबित यह मांग पूरी अब पूरी होने वाली है। ज्ञात हो कि अनुमंडल बनने के बाद पटोरी इकलौता ऐसा अनुमंडल मुख्यालय था, जहां निबंधन कार्यालय नहीं बनाया गया था। पटोरी के लोगों को दलसिंहसराय या समस्तीपुर जाकर खेतों का निबंधन कराना पड़ता था। इसके लिए कई दिन का समय भी लग जाता था और अधिक उम्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को यह फैसला लिया गया कि पटोरी में निबंधन कार्यालय खोला जाएगा। ज्ञात हो कि 25 वर्ष पहले पटोरी में अनुमंडल कार्यालय की स्थापना की गई थी। उसके बाद से ही लोगों ने यहां पर निबंधन कार्यालय खोलने की मांग शुरू कर दी थी। नियमानुसार सालाना कम से कम 8000 निबंधन नहीं होने के कारण पटोरी में निबंधन कार्यालय नहीं खोला जा रहा था पटोरी में निबंधन कार्यालय खुल जाने के बाद अब क्षेत्र का विकास भी होगा। निबंधक के अतिरिक्त यहां पर 9 कर्मियों की बहाली की घोषणा भी की गई है। स्वभाविक है कि यहां पर अपने निबंधन कार्यालय का सृजन होगा तो इसके लिए अलग से भवन भी बनाए जाएंगे। इसके आसपास के लोगों के रहन–सहन और व्यवसाय दोनों पर अच्छे असर पड़ेगा। रोजगार का अवसर भी लोगों को मिल सकेगा। रजिस्ट्री ऑफिस समस्तीपुर और दलसिंहसराय होने के कारण लोगों के समक्ष सुरक्षा की सबसे बड़ी समस्या थी, जो अब दूर हो सकेगी। पटोरी अनुमंडल के तीन प्रखंडों के 45 पंचायतों के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए भी अब सुविधा बढ़ जाएगी। पटोरी में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने के लिए पूर्व विधायक अजय कुमार बुलगानीन और एज्या यादव ने तो कई बार पत्राचार भी किया था।



वर्तमान विधायक रणविजय साहू तथा मोहिउद्दीननगर के विधायक राजेश कुमार सिंह ने भी इसके लिए कई बार प्रयास किया और सदन में भी प्रश्न उठाया था। इसके अतिरिक्त जदयू नेता मनोज कुमार सिंह डुमरी और जाप नेता सूर्यनारायण सहनी ने भी कई बार प्रयास किया और उच्च अधिकारियों से लेकर मंत्रियों तक पत्राचार किया।

लेकिन कब इन लोगों की पुकार सुन लिया गया है।पटोरी में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की घोषणा के बाद विधायक रणविजय साहू का पटोरी के विभिन्न क्षेत्रों में स्वागत किया गया। इसके लिए कई सभाएं आयोजित की गईं। उनका यह स्वागत पटोरी बाजार के चंदन चौक तथा अंबेडकर चौक पर विधायक का स्वागत किया गया तथा उन्हें फूल माला माला पहनाकर निबंधन कार्यालय खुलवाने में अथक प्रयास करने के लिए बधाई दी गई।

## समाहरणालय स्थित टीवसीवपीव भवन सुपौल में बैठक आयोजित की गई

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल । सरकार के संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार पटना के पत्रांक 549 , दिनांक 29 जुलाई 2022 के द्वारा निर्गत पत्र में कोविड–19 के संक्रमण के मद्देनजर स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2022 के आयोजन के संबंध में दिए गए निर्देश के आलोक में दिनांक 6 अगस्त 2022 को जिला अधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में समाहर णालय स्थित टीवसीवपीव भवन सुपौल में बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभागीय निर्देश के आलोक में कोविड–19 के संक्रमण के मद्देनजर स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2022 के आयोजन के संबंध में निम्न दिशा निर्देश दिए गए। कोविड–19 के संक्रमण की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग को बरकरार रखने हेतु स्वतंत्रता दिवस समारोह 2022 में आगंतुकों की संख्या को कम करके 1/4 से 1/6 किया जाए । मात्र अतिविशिष्ट महानुभावों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह 2020 में आम जनता को आमंत्रित नहीं किया जाए। समारोह में भाग लेने वाले महानुभावों को ई कार्ड के माध्यम से आमंत्रण भेजा जाए। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से स्वतंत्रता सेनानियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित नहीं किया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह मैं अन्य राज्यों से आने वाले विशिष्ट महानुभाव को आमंत्रित नहीं किया जाए। समारोह में झांकियों का प्रदर्शन नहीं किया जाए।' समारोह में भारत में भाग लेने वाले जवानों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग कायम के संबंध में गृह विभाग बिहार द्वारा निर्णय लिया जाए एवं इस आलोक में जवानों की टुकड़ी ध्संख्या का निर्धारण किया जाए तथा बच्चों से संबंधित एनसीसी एवं स्कूल का परेड नहीं किया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह 2022 के अवसर पर किसी भी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित किया जाए। समारोह स्थल पर आगंतुकों, वाहन ,स्टेज , पोडियम आदि के लिए सैनिटाइजेशन एवं थर्मल स्कैनिंग की समुचित व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग सुपौल के द्वारा किया जाएगा। गांधी मैदान सुपौल स्थित मुख्य समारोह स्थल पर झंडा तोलन किया जाएगा। स्वतंत्र दिवस समारोह 2022 का लाइव प्रदर्शन (सोशल मीडिया , फेसबुक , वेबकास्ट , केबल टीवी आदि के माध्यम से) की व्यवस्था की जाए । सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं आईवटीव विभाग समुचित व्यवस्था करेंगे , ताकि आम जनता अपने घरों से स्वच्छता दिवस समारोह का दृश्यावलोकन कर सके। इसका अनुपालन जिला आईवटीव प्रबंधक,सुपौल करेंगे। गांधी मैदान सुपौल स्थित मुख्य समारोह के अतिरिक्त महादलित टोला में



स्थानीय पदाधिकारी भाग ले सकेंगे तथा बुजुर्ग महादलित सदस्याध्सदस्य के द्वारा ही झंडा तोलन किया जाएगा । कोविड 19 के संक्रमण के मद्देनजर उपयुक्त व्यवस्था जिले के सभी पदाधिकारियों एवं स्थानीय निकायों के द्वारा भी अनुसरण करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन स्कूल द्वारा विभिन्न स्थानों पर झंडा तोलन कार्यक्रम निम्न प्रकार समय निर्धारित किया गया। जिला में सबसे पहले गांधी मैदान सुपौल (मुख्य समारोह स्थल) पर 9:00 बजे पूर्वाहन , समाहर णालय , सुपौल 9:45 बजे पूर्वाहन, मेला समिति , सुपौल 10:00 बजे पूर्वाहन , डॉ भीमराव अंबेडकर स्मारक, सुपौल 10:20 बजे पूर्वाहन, गांधी स्मारक , सुपौल में 10:30 बजे पूर्वाहन , रेड क्रॉस सोसाइटी भवन परिसर , सुपौल 10:40 बजे पूर्वाह्न में श्रीमान कौशल कुमार जिला पदाधिकारी के द्वारा झंडातोलन किया जाएगा । साथ ही साथ अनुमंडल कार्यालय , सुपौल में 10:25 बजे पूर्वाहन में श्रीमान अनुमंडल पदाधिकारी , सुपौल के द्वारा झंडातोलन किया जाएगा । जिला परिषद , सुपौल 10रू35 बजे पूर्वाहन में जिला परिषद् अध्यक्ष श्रीमति कमला देवी द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा । सदर थाना , सुपौल में 10रू50 बजे पूर्वाह्न में श्रीमान थानाध्यक्ष के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा । पुलिस केंद्र , सुपौल में 11:00 बजे पूर्वाहन में श्री डीव अमरकेश , भावपुवसेव, पुलिस अधीक्षक सुपौल के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। बैठक में श्री विधु भूषण चौधरी अपर समाहर्ता , सुपौल, श्री सुरेश प्रसाद,विशेष कार्य पदाधिकारी , सुपौल , श्री बृज बिहारी भगत ,निदेशक डीवआरव डीवएव , सुपौल , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , सुपौल एवं डॉ मिहिर कुमार वर्मा सिविल सर्जन , सुपौल इसके अतिरिक्त जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे । जनप्रतिनिधि के रूप में श्री युगल किशोर अग्रवाल , डॉ विजय शंकर चौधरी , श्री राघवेंद्र झा एवं अन्य प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे ।

# संक्षिप्त समाचार

## कोविड टीकाकरण महाअभियान 08 अगस्त से 13 अगस्त तक चलेगा

(संजय कुशवाहा, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स, रक्सौल, पूर्वी चंपारण) रक्सौल। प्रखण्ड के अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा आयोजित कोविड टीकाकरण महाअभियान कार्यक्रम हेतु राजकीय एवं निजी विधालयों तथा ऑगनबाड़ी केन्द्र हेतु कोविड टीकाकरण महाअभियान माइकोप्लान (सूक्ष्म कार्य योजना) दिनांक– 08.08.2022 सोमवार से 13.08.22 तक अयोजित होगा।

## देश आजादी का अमृत महोत्सव मना : भाजपा

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल । देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है इस सुअवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर घर तिरंगाश कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है उक्त बातें हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रभारी सुरेश कुमार सुमन और सुमन कुमार ने कही, उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल का यह अवसर वर्तमान पीढ़ी को अमृत की तरह प्राप्त होगा,



एक ऐसा अमृत जो हमें प्रति पल देश के लिए जीने, कुछ करने के लिए प्रेरित करेगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर प्रभारी बनाया गया है । कहा कीश हर घर तिरंगाश कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में 20 करोड़ से अधिक परिवारों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के कार्यक्रम को सफल बनाएं जाना है, देश भक्ति से ओतप्रोत इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शंकर चौधरी उस खोखा बाबू ने कहा कि आजादी का यह अमृत महोत्सव आने वाली पीढ़ी के लिए एक नई दिशा देगी वहीं वही अध्यक्षता कर रहे सुपौल नगर मंडल के अध्यक्ष महेश देव जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता समाज के सभी वर्गों के लोगों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपेश कुमार गुप्ता, शंकर मंडल, बिरू मंडल, विमलानंद झा, रामनारायण मंडल, प्रकाश पोदार, महेश मंडल, कमल मंडल, रंजीत मंडल, मनोज दास सहित सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा हुए कोरोना पॉजिटिव

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। राजधानी पटना से बड़ी खबर आ रही है कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी ट्वीटर के माध्यम से लोगों को दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में बताया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी, इसके बाद उन्होंने कोरोना की जांच



कराई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद वह आइसोलेशन में चले गए हैं। इसके साथ उन्होंने उन लोगों से जो उनके संपर्क में आए हैं, उनसे भी कोविड टेस्ट कराने का आग्रह किया है। हालांकि उन्होंने अपनी स्थिति के बारे में विशेष जानकारी नहीं दी। आपको बताते चलें कि कुछ दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कोरोना पॉजिटिव हो गये थे।

## चांदकेवारी रामलीला गाछी चौक श्रावण माह के पावन मेला का आयोजन किया गया व्यवस्थापक जैन ने किया जनता से भाग लेने का अपील

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। पारू प्रखंड के चांदकेवाड़ी रामलीला गाछी मे हर साल की भांति इस साल भी श्रावण की पावन माह में मेला का आयोजन किया गया है जिसको हम लोग सुगरिया मेला के नाम से जानते हैं कल दिनांक 08/08/2022 को और कल समेया माई की पूजन का दिन सुनिश्चित हुआ है सभी भक्तगण मेला में आए और पूजा व्यवस्था में सहयोग करें और मेला की आनंद ले और किसी प्रकार की नशे में पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इस बार पूजा कही से किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है करोना प्रोटोकॉल खत्म हो चुका है स्थानचांदकेवारी रामलीलागाछी चौक।

## दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर घर से निकालने वाला पति गिरफ्तार

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण) कोटवा,थाना क्षेत्र के बरकुरवा गांव में छापामार कर पुलिस ने दहेज के लिए पत्नी के साथ मारपीट करने और प्रताड़ित कर घर से निकाल देने के आरोपी पति को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।मामले में पीड़िता पत्नी मंजू देवी ने थाना में आवेदन देकर पति रूपेश कुमार के खिलाफ शादी के बाद से 3 लाख रुपये नकद एवं बाइक की मांग करने, नही देने पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया था ।थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

विजय बैठा दैनिक अयोध्या टाइम्स पुरनहिया प्रखंड संवादाता) पुरनहिया। मोहर्रम को लेकर पुरनहिया थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार ने किया ।थाना अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, दोस्तीया मुखिया पति, प्रमुख प्रमोद साह जिला परिषद पृथ्वी बैठा पूर्व पंचायत समिति अमलेश सहनी और मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष एवं कमिटी के सभी सदस्यों के बीच बैठक हुई जिसमें यह बात कहीं गई की आप लोग शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन करें किसी



प्रकार का शोरगुल बात विवाद ना करें सभी लोग मिलजुल कर मोहर्रम को मनाएं ।ठक् साहब का कहना है की मोहर्रम का आयोजन सरकार के गाइडलाइन के अनुसार ही होना चाहिए। वही थाना अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता जी का कहना है कि मोहर्रम के इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए प्रशासन आपके साथ हैं । एवं आप सभी सरकार की गाइडलाइंस का पालन करें वही प्रखंड प्रमुख प्रमोद शाह वह जिला परिषद पृथ्वी बैठा जी का कहना है की मोहर्रम शांति पूर्ण हो इसके लिए हम सभी आपके साथ हैं बैठक में उपस्थित एमडी फैयाज, विजय कुमार गुप्ता सतनारायण जी एमडी नसीम अन्य लोग उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब मोतिहारी द्वारा मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता नितेश कुमार तिवारी संग्रामपुर। पिछले 53 वर्षों से जिले में मानवता की सेवा करती रही है । जिसका लाभ लाखों बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं को मिलता रहा है ।इस नई रोटरी वर्ष में सीनियर सिटीजन का का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी मोतिहारी के प्रांगण में एक वरिष्ठ नागरिकों का निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा किया गयास इस शिविर के चेयरमैन रोटेरियन डॉ अमित कुमार ने कहा कि सीनियर सिटीजन मेडीकल शिविर एवं दवा वितरण रोटरी क्लब मोतिहारी के मुख्य कार्यो में से एक है।इस शिविर में आये हुए मरीजो का परिचय पत्र बनाया गया ।जिससे उनका रेगुलर इलाज होता रहे।इस शिविर में सभी तरह के बीमारियों का इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के द्वारा की जाती है।इस शिविर के को चेयरमैन रोटेरियन राहुल गुप्ता ने कहा कि इस शिविर में ब्लड प्रेशर और मधुमेह का जांच फ्री में किया जाएगा। इस शिविर में शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं महिला चिकित्सक डॉ ओमप्रकाश , डॉ सुबोध कुमार सिंह, डॉ अमित कुमार,,डॉ रंभा पांडेय के द्वारा लोगों का मुफ्त में इलाज किया गया तथा उनकी जांच कर उन्हें दवा दी गयी। शिविर में आये हए मरीजो,डॉक्टर, रोटेरियन, रोट्रेक्ट, पत्रकारो,तथा अन्य को धन्यवाद ज्ञापन दिया। शिविर का आयोजन प्रातः 11रू00 बजे से दिन के 2रू00 बजे तक किया गया । शिविर में रोटरी क्लब मोतिहारी के रोटेरियन महेश प्रसाद सिन्हा, रोटेरियन राहुल कुमार गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष और रोटेरियन बिभूति नारायण सिंह, रोट्रेक्ट क्लब बापूधाम के पूर्व अध्यक्ष विवेक गुप्ता,अध्यक्ष विकाश कुमार, रोट्रेक्ट क्लब ईस्ट चम्पारण के रितेश कुमार,अवधेश कुमार तथा रेड क्रॉस के अरुण जी ,स्टाफ और अन्य उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी रोटेरियन डॉ अमित कुमार ने दी।

## कौन हैं भारत के नए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, जानिए उनके बारे में जरूरी बातें

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। राजस्थान के झुंझुणूं जिले के किठाना गांव में कृषि परिवार में जन्मे जगदीप धनखड़ का उपराष्ट्रपति तक का सफर बेहद दिलचस्प रहा है. वह अपने छात्र जीवन में बहुत मेधावी छात्र रहे. उनका चयन आईआईटी, एनडीए और आईएएस के लिए हुआ था. लेकिन जगदीप धनखड़ ने वकालत को अपना प्रोफेशन चुना. उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजस्थान हाई कोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट में वकालत की. उनकी गिनती देश के बड़े लीगल माइंड्स में होती है। जगदीप धनखड़ ने साल 1989 में पहली बार राजनीति में कदम रखा. उन्होंने जनता दल पार्टी के टिकट पर अपने गृह जिले झुंझणूं से लोकसभा का चुनाव लड़ा और रिकॉर्ड मतों से जीतकर सांसद बने. इस दौरान उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री के तौर पर अपनी सेवाएं दी. बाद में उन्होंने कांग्रेस जॉइन कर लिया और वर्ष 1993 में वह अजमेर जिले के किशनगढ़ से राजस्थान विधानसभा पहुंचे. उन्होंने 2003 में कांग्रेस छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए. साल 2019 में उन्हें केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया।



## राज्यव्यापी आह्वान पर महागठबंधन के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। केंद्र एवं राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत महागठबंधन के कार्यकर्ता मोतिहारी के सड़क पर उतर कर प्रतिरोध जाहिर किया महागठबंधन के सभी घटक दल जैसे राष्ट्रीय जनता दल भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा माले एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता शहर के मुफस्सिल थाना के नजदीक स्थित मंगल सेमिनरी छात्रावास के मैदान में हजारों की तादाद में एकजुट हुए जहां से राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव सीपीआईएम के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा सीपीआई के जिला मंत्री रामबचन तिवारी भाकपा माले के जिला मंत्री प्रभु देव यादव एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जुलूस के शक्ल में सरकार के विभिन्न जनविरोधी कानूनों जैसे अग्नि पथ कानून वापस लेने,महंगाई पर रोक लगाने,बेरोजगारी का निदान करने,अपराध पर रोक लगाने,खाद के कालाबाजारी पर रोक लगाने ,आवास्यक खाद्य पदार्थों पर से जीएसटी वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र एवम राज्य सरकार के विरुद्ध नारा लगाते हुए नगर थाना होते हुए मीना बाजार गांधी चौक, मधुबन छावनी चौक, आर्य समाज चौक होते हुए छतौनी चौक पर पहुंची जहां प्रतिरोध कर कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल के सुरेश प्रसाद यादव ,संतोष कुशवाहा ,पूर्व विधायक डाक्टर राजेश कुशवाहा, विधायक मनोज यादव मक्का के सत्येंद्र कुमार मिश्रा, ध्रुव त्रिवेदी, अशोक पाठक, मुकेश यादव,प्रमोद कुमार ददन, मोहम्मद एजाजुल ,शमशुल हक अंसारी, अनिल प्रसाद,अजय यादव, जमालुद्दीन राकेश कुमार झा, उगम राम ,रामाश्रय पासवान ,युवा नेता संतोष कुमार शाह, छात्र नेता मुन्ना कुमार यादव ,उदय कुशवाहा, धर्मनाथ यादव, सुरेश सिंह सीपीआई के रामबचन तिवारी, विजय शंकर सिंह ,डॉक्टर शंभू शरण सिंह, रामायण सिंह,कन्हैया प्रसाद, भरत राय भाकपा माले के प्रभु देव यादव ,भैरव दयाल सिंह ,विष्णु देव यादव,रूपलाल शर्मा, शंभू लाल यादव, दिनेश प्रसाद कुशवाहा, भाग्य नारायण चौधरी कांग्रेस के शैलेंद्र शुक्ला ,सुमित्रा यादव,पवन कुमार सिंह, अरुण प्रकाश पांडे ने नेतृत्वकारी भूमिका निभाई।



## बाढ़ की त्रासदी से बचे तो उर्वरक की आवश्यकता ने किया बेहाल

(सुबोध कुमार तिवारी प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स, छौड़ादानों)। किसानो के लिए यह वर्ष खुशहाल रहा कि बारिश कम हुई और बाढ़ से राहत मिली, परंतु खेतों में पौधे लगाए काफी समय हो गए और अभी तक किसान अपने खेतों में उर्वरक नहीं डाल पाए । हालांकि इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए जिला से धीरे –धीरे पहल किया जा रहा है और किसानों तक उर्वरक पहुंचाने के लिए समुचित व्यवस्था भी की गई है । उपर्युक्त तस्वीर को देख कर ही समझा जा सकता है कि आज भी बहुत सारे किसान अपने खेतों में उर्वरक का प्रयोग नहीं कर पाए हैं । इस चिलचिलाती धूप में भी यूरिया कि आवश्यकता के आगे लोग गर्मी भूल कर क्रमबद्ध होकर बेसब्री से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं । यह तस्वीर एकडरी पंचायत के पैक्स का है जहां के पैक्साध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी किसानों की परेशानी को समझते हुए इतने भीड़ के बीच शांति पूर्ण ढंग यूरिया का वितरण कर रहे हैं । ज्ञातव्य हो एकडरी पंचायत में ग्राम एकडरी ,रामपुर ,छोटा मुरली , और बड़ा मुरली है।सारे गांव से लोग पहुंचे हुए हैं और सबको यूरिया मिल जाए इस उम्मीद में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं । व्यवस्था को सुचारू और सुव्यवस्थित करने के लिए प्रखंड कार्यालय से कृषि समन्वयक हरि किशोर शर्मा और कृषि सलाहकार अशोक कुमार उपस्थित रहे और शांतिपूर्ण ढंग से वितरण में मदद किय।

किसानों में उत्साह और यूरिया प्राप्ति की उमंग भी देखी गयी।



## महंगाई, बेरोजगारी व खाद्य पदार्थों के दामों पर बेतहाशा वृद्धि को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस एवम पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित

रक्सौल। आदापुर कांग्रेस कमिटी के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष लालबाबू सिंह की अध्यक्षता मे रविवार को महंगाई ,बेरोजगारी व खाद्य पदार्थों के दामों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ एवं तानाशाह नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह पश्चिमी चम्पारण प्रभारी प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है.आजाद भारत में पहली बार घरेलू गैस सिलेंडर का दाम 1153 रुपए ,अनाज पर टैक्स, दही 07 ,घी 60 रुपये प्रति किलो महंगी हुई है. घरेलू उपयोग की सामग्रियों को जीएसटी के दायरें में रखकर सरकार आम जनों के पॉकेट पर डकैती करने का कार्य कर रही है.

साथ ही प्रदेश महासचिव ने कहा कि देश में 75 वर्षो में पहली बार दही,घी, पनीर,छाछ,बटर, मसाला इत्यादि के दामों में 5:की बढ़ोतरी की गई है, जो रोजमर्रा की जिंदगी जीने वालों के लिए बेहद परेशान करने वाला विषय है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों से 5000 रुपए से अधिक बिल होने पर जीएसटी देना साथ ही साथ होटल में रहनेवाले मेहमानों पर 1000 से अधिक किराया वालें कमरा लेने पर 12: जीएसटी देना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि जब 5 अगस्त को देश के सभी राज्यों में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया तो सत्ता में बैठे अहंकारी और तानाशाही सरकार ने कहा कि देश की जनता भाजपा के शासनकाल में सुखी जीवन व्यतीत कर रही है लेकिन हकीकत यह है कि उज्जवल योजना गरीबों को रुला रही है. बेतहाशा महंगाई गरीब, मजदूर, किसान,और मध्यम वर्ग परिवार के बजट को बिगाड़ने का काम कर रही है। रक्सौल विधानसभा अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार अपने तानाशाही फरमान को जबरदस्ती अपने व्यापारी मित्रों अडानी और अंबानी को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए आमजनों को परेशान कर रही है। कांग्रेस कमिटी के जिला महासचिव अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा युवा देश भारत है ,जहां तुगलकी फरमान जारी कर अग्निपथ योजना के तहत युवाओं के भविष्य के साथ भाजपा सरकार खिलवाड़ कर रही है. देश के युवाओं के लिए देश के इतिहास में यह पहला अवसर है ,जहां रोजगार मिलने से पहले बेरोजगारी का सार्टिफिकेट दिया जाएगा, जो रिटायरमेंट के बाद अडानी और अंबानी के कंपनियों का वफादारी एवं चौकीदारी करने का कार्य करेंगे। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव ने केंद्र सरकार को महंगाई पर कोसते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार देश के सभी विकास के मुद्दों पर विफल है ,जब विकास और देशहित की बात की जाती है तो हिन्दू मुस्लिम और पाकिस्तान की बात की जाती है। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी हफीज अंसारी, अनिल दुबे,मदन यादव, एकरामुल हक,मोहन राम, मोहताज अली, अमिका पासवान, मुन्ना मियां, महम्द युसुफ, मैनेजर यादव,राजा हुसैन,सोनालाल साह, नन्हें सिंह,रतन साह, कन्हैया साह, मुकेश प्रसाद, परमानंद प्रसाद गोंड ,दरोगा भगत,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## नवादा में पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन अर्ध निर्मित हथियारों के साथ 9 बदमाशों को किया गिरफ्तार



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। नवादा पुलिस ने जिले में एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। साथ ही पुलिस ने कुख्यात अपराधी मेवालाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल नवादा पुलिस कप्तान गौरव मंगला को गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद उन्होंने एक टीम गठन कर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने हथियार बनाने का उपकरण,अर्ध निर्मित हथियार, अर्ध निर्मित राइफल इंसास के बट, तैयार हथियार और कई राउंड गोलियां को बरामद किया है।बता दें कि कुख्यात अपराधी मेवालाल को पुलिस ने उसके घर गोसाई बीघा से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही छोमुहा के विपिन कुमार, पिंटू कुमार, सुबोध कुमार,नवावगंज के कौशल कुमार, भदौनी के गौरव कुमार, पांडे डीहा जितेंद्र राजवंशी, मसई के रोहित कुमार, भलुआ के विपिन कुमार आदि को गिरफ्तार किया गया है।

रजौली एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया की पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद सिरदला, रजौली,अकबरपुर पुलिस और डीआईओ टीम की मदद से मिनी गन फैक्ट्री के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। दरअसल पुलिस ने दो दिन तक ताबड़तोड़ छापामारी की। जिसके बाद मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। 2 दिन के छापामारी में 9 अपराधी को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने कहा की सिरदला में पुलिस छापामारी करने गई थी। उसी दौरान पुलिस को अपराधी से ही विशेष जानकारी प्राप्त हुआ। गोसाई बीघा गांव के एक घर में मिनी गन फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने मेवालाल राजवंशी के घर में छापेमारी की। जहां मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ और रंगेहाथ मेवालाल को गिरफ्तार भी कर लिया गया। मेवालाल पेशावर अपराधी है। कई बार पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा है। हाल में ही हत्या के मामले में छूट कर जेल से बाहर आया हैं।

## कमलापुरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बीपीएससी के सफल यशी गुप्ता को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर। शहर के एक होटल में एक सम्मान समारोह में अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम गुप्ता के द्वारा बीपीएससी में सफल यशी गुप्ता को सम्मानित किया है। यशी गुप्ता पहली परीक्षा में सफलता हासिल कर जिला उप परिवहन पदाधिकारी बनी है।

उक्त अवसर पर कमलापुरी के उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, यशी गुप्ता के माता व अखिल भारतीय कमलापुरी महासभा के महिला के राष्ट्रीय अध्यक्ष रानी गुप्ता, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट रमाकांत गुप्ता, शिवहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राधा कांत गुप्ता उर्फ बच्चू जी, भाजपा के नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, नंदन गुप्ता, अशोक गुप्ता, बैद्यनाथ शाहपुरी, सहित सैकड़ों प्रबुद्ध जन समाजसेवी मौजूद थे।

बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली यशी गुप्ता ने बताया है कि कड़ी मेहनत कर इस मुकाम को पाया है। मेरे कैरियर को बनाने में माता–पिता के साथ मेरे रिश्तेदारों की अहम भूमिका रही है। हमेशा उनके मार्गदर्शन पर चलती रहूंगी।

जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलापुरी के जयराम गुप्ता ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया है कि आप जिस रास्ते पर चल रही हो उसको इमानदारी पूर्वक करते रहो आपको सफलता कदम चूमेगी। योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामाकांत प्रसाद गुप्ता, राधा कांत प्रसाद गुप्ता उर्फ बच्चू जी ने उनके माता पिता को धन्यवाद देते हुए बीपीएससी के सफल यशी गुप्ता को उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## आरसीपी सिंह के बयान पर जदयू का पलटवार राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कही यह बात



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा). पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने शनिवार को जदयू से इस्तीफा दे दिया। वहीं इस दौरान उन्होने जदयू के खिलाफ काफी बयानबाजी की। आरसीपी सिंह के बयान के बाद बिहार का सियासी तापमान काफी बढ़ गया है। अब इसे लेकर जदयू की तरफ से आज रविवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन (ललन) सिंह ने आरसीपी सिंह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पार्टी का मालिक एक है, जिसका नाम नीतीश कुमार हैं। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह की पहचान नीतीश कुमार ने बनाई है। ललन सिंह ने कहा कि आरसीपी सिंह कहते हैं कि श्रक्ू डुबता हुआ जहाज है। लेकिन हम उनको बता देना चाहते हैं कि जदयू डुबता हुआ जहाज नहीं बल्कि दौड़ता हुआ जहाज है। मगर ये बात है कि कुछ लोग उस जहाज में छेद करना चाहते हैं। आरसीपी सिंह पार्टी के बारे में कुछ नहीं जाते हैं। उनके पास कोई ज्ञान नहीं है। आरपीसी कभी संघर्ष में साथ नहीं रहे। वह केवल सत्ता के साथी रहे।ललन सिंह ने कहा कि पूरी पार्टी नीतीश कुमार जी की आभारी है कि उन्होंने ऐसे लोगों को पहचान लिया। हमने पहले भी कहा है कि बिहार में जदयू की संख्या जो 43 पर आ गई वो जनाधार की वजह से नहीं, बल्कि उनके खिलाफ हुई षड्यंत्र की वजह से हुई, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ साजिश रची जा रही है। वर्ष 2020 में विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार को लेकर साजिश रची गई थी। चिराग मॉडल का क्या हश्र हुआ सबको पता है।

ठीक उसी तरह से एक और मॉडल तैयार किया जा रहा था। नीतीश कुमार ने इसे समय रहते समझ लिया। ललन सिंह ने बिना नाम लेते हुए कहा कि साजिश कौन कर रहा है। सबको पता है। वक्त आएगा तो खुलकर बता देंगे।

## नेशनल जेवलिन थ्रो डे पर मशरक में प्रतियोगिता आयोजित

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। नेशनल जेवलिन थ्रो डे पर मशरक में बालिका जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता आयोजित हुई । जिसमे प्रखंड के कई विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। पिछले वर्ष 7 अगस्त को ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के द्वारा जेवलिन थ्रो में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक लेने को लेकर पूरे देश एवम राज्य में मनाए जा रहे जश्न के तहत प्रथम नेशनल जेवलिन थ्रो दिवस पर राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर नीरज चोपड़ा को आदर्श मान खिलाड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा बने । प्रतियोगिता का संचालन खेल प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह के साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , अभिषेक कुमार सिंह , सिकंदर कुमार एवम कौशलेंद्र पाठक ने किया। प्रतियोगिता में जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता में अव्वल एवम पिछले राज्य तरंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता निधि कुमारी ने सबसे दूर थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया । जबकि पुष्पा कुमारी दूसरे तथा दूजा कुमारी तीसरे स्थान पर रही। इनके अलावे सिद्धि , नेहा ,आकांक्षा, आरती , खुशी एवम सुनीता ने बेहतर थ्रो किया। मौके पर खेल प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अन्य खेल विधाओं के साथ जेवलिन थ्रो का निरंतर अभ्यास कराया जायेगा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार बरनवाल ने विजेता प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित करने की बात कही।




# संक्षिप्त समाचार

## दो पक्षों की भूमि विवाद की मामला ग्राम कचहरी में सुलझा

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। हरदिया पंचायत के कमली डिग्री गांव में भूमि विवाद को लेकर खींचातानी लगभग महीने से चल रही थी ।जिसकी मामला को ग्राम कचहरी में सुलझा दिया गया। हरदिया पंचायत वार्ड संख्या 7 निवासी एक पक्ष के हीरालाल सदा पिता स्वर्गीय दुर्गी सदा एवं दूसरे पक्ष के रामबालक सदा पिता स्वर्गीय दोनों सदा के बीच भूमि विवाद का निपटारा ग्राम कचहरी के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा सुझाव दिया गया। तथा दोनों को घर बनाने का आदेश जारी कर दिया गया।



## केसरिया विधानसभा के माननीय विधायक सह जेडीयू प्रदेश महासचिव श्रीमती शालिनी मिश्र जी का रक्सौल आगमन पर जदयू कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया जोरदार स्वागत

(संजय कुशवाहा, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल रू केसरिया विधानसभा के माननीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा विधानसभा सदस्य मनोनीत होने के बाद पहली बार आज रविवार को रक्सौल पहुंची ,जहां युवा जदयू के पूर्व जिला महासचिव व रक्सौल नगर के भावी उप मेयर प्रत्याशी श्री विशाल कुशवाहा के नेतृत्व में स्थानीय जदयू के सैकड़ों नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया. इस मौके पर रक्सौल नगर में जदयू को अपने दम पर स्थापित करने वाले युवा नेता श्री विशाल कुशवाहा सहित जदयू पदाधिकारियों द्वारा माननीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा जी को अंग वस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया . तदोपरांत माननीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा स्थानीय भाजपा विधायक श्री प्रमोद सिंहा कुशवाहा के प्रथम सुपुत्र दिवंगत शैलेश कुमार सिन्हा के मृत्यु की खबर सुनकर उनके पैतृक गांव हरैया पहुंचकर शोक संतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की एवं दिवंगत शैलेश कुमार सिन्हा के मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की .मौके पर जेडीयू के प्रदेश सचिव दिनेश गुप्ता ,युवा जदयू नेता सह रक्सौल उप मेयर प्रत्याशी बिशाल कुशवाहा, प्रखण्ड अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ राव जी, युवा जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष सुशील रौनियार, व्यावसायिक प्रकोष्ट रक्सौल प्रखण्ड अध्यक्ष विकास पटेल,अजय कुमार, प्रिंस कुमार, सुशील कुमार सुबोध कुशवाहा, एकलव्य कुमार तिवारी, पंडित जी, सत्यम कुमार सहित दर्जनों जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे।




## मुहर्रम शांतिपूर्ण मनाने को लेकर बैठक आयोजित

☒ जुलूस निकालने का निबंधन सोमवार तक कराने का निदेश (कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार) खजौली प्रखंड में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के नेतृत्व में रविवार शाम को प्रखंड के फुलचनिया चौक पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित बीडीओ मनीष कुमार, थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह, राजस्व पदाधिकारी विकेश कुमार ने उपस्थित लोगों से शांति व सौहार्द के माहौल में मुहर्रम का पर्व मनाने का आग्रह किया। कहा कि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मुहर्रम समिति के लोग भी किसी अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। कहा कि सभी अखाड़ा समितियां पूर्व निर्धारित मार्ग ही जुलूस निकालें। जुलूस निकालने से पूर्व उसका निबंधन आवश्यक रुप से करवाएं। कहा कि डीजे का उपयोग भी नहीं करें। बैठक में एएसआई कविता माटे, सरपंच मोहम्मद हारुन, मुखिया प्रतिनिधि राम एकवाल राय, मो. आलम, मो. अंसारी, मो. कलाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




## चौतरवा पुलिस और उत्पाद विभाग के टीम ने 4 पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र के रोहुआ नाला के पास 4 पियक्कड़ को चौतरवा थाना पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।जो यूपी से शराब पीकर आ रहे थे। पुलिस द्वारा शराब कारोबारी के विरुद्ध चलाई जा रही छापेमारी अभियान में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमे एक डाक कर्मी भी है। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि शराबियों में मोहन चौधरी ग्राम बनचहरी,अरबिंद प्रसाद पाकड़गांव, सुखराज साह ग्राम खरपोखरा और डाक कर्मी सुदामा यादव पाकड़गांव सभी बगहा नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराबियों के विरूद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




## बगहा के पतिलार ग्राम कचहरी में आधा दर्जन मामले का हुआ निपटारा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के पतिलार ग्राम कचहरी में रविवार को शांति पूर्ण माहौल में सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पतिलार पंचायत के सरपंच लालमती देवी के द्वारा आधा दर्जन विवादित मामलों की निपटारा किया गया ।सरपंच प्रतिनिधि जग्रनाथ यादव ने बताया कि ग्राम कचहरी में दर्जनों मामलों की सुनवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक मामलों का निपटारा किया। उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में कुल आवेदन की संख्या 197 है। तथा 160 मामलों की सुनवाई करते हुए निपटारा की गई है ।साथ ही ग्राम कचहरी में 31 बैठक की गई है। तथा 19 हजार 700 रुपये की राजस्व की वसूल की गई है। इस अवसर पर उप सरपंच बबिता देवी,न्याय मित्र कुमार अतुल रंजन , समाजसेवी ललन राम,पंच नुरआलम खां, मंटू उपाध्याय,शंभु यादव,राजेश तुरहा , रामचन्द्र साह,समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे ।वही दुसरी तरफ चंदरपुर दृ रतवल ग्राम कचहरी में सरपंच दिवाकर पाठक के नेतृत्व में दर्जनों मामलों की सुनवाई करते हुए पांच विवादित मामले की निष्पादन किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में फरियादी शामिल रहे।



## डांस का सरताज सीजन-5 में कलाकारों ने जमकर मचाया डांस से धमाल

• सेलेब्रिटी ज्यूरी मेम्बर पुनीत जे. पाठ ने दिए डांस के टिप्स

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो आगरा। आरोही इवेंट्स द्वारा कलाकृति ऑडिटोरियम में आयोजित डांस के सरताज सीजन–5 का ग्राण्ड फिनाले बच्चों और किशोर–किशोरियों की एक से बढ़कर एक शानदार नृत्य प्रस्तुतियों के नाम रहा। इन कलाकारों की नृत्य प्रस्तुतियों को परखने के लिए मौजूद थे सेलेब्रिटी ज्यूरी मेंबर के तौर पर पुनीत जे. पाठक। उन्होंने कलाकारों से इस दौरान सीधा संवाद करते हुए उनको नृत्य कला से संबंधित टिप्स भी उनकी कला को और निखारने के लिए दिए। इस कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों में विजेताओं का चयन कर उनको पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को सेलेब्रिटी पुनीत जे. पाठक ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में ज्यूरी मेंबर के तौर पर फिल्म लेखक–निर्देशक सूरज तिवारी भी शामिल थे। उन्होंने भी कलाकारों को टिप्स दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और उद्यमी पूरन डावर ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथियों में एडीजी जोन राजीव कृष्ण, उद्यमी रजत अस्थाना, समाजसेवी मधु बघेल, प्रियंका चौधरी थीं। इस मौके पर अपने उदघाटन भाषण में मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के हर प्रयास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आरोही संस्था द्वारा किया जा रहा यह कार्य भी सराहनीय है। उद्यमी पूरन डावर ने कहा कि आज के दौर में हमारे कलाकारों की कला को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से और विकसित किया जा सकता है। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सार्थक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत आरोही इवेंट्स के डायरेक्टर अमित तिवारी और उनकी संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों ने किया। कलाकृति ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए इस रंगारंग और भव्य कार्यक्रम में एकल, युगल और ग्रुप डांस की प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में सात साल तक के बच्चों ने सब जूनियर, आठ साल से 15 साल तक के किशोर–किशोरियों ने जूनियर और 16 साल से ऊपर के किशोर–किशोरियों ने सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करते हुए अपनी–अपनी नृत्य कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभागार में मौजूद दर्शकों ने प्रस्तुतियों के दौरान प्रतिभाशाली प्रतिभागियों की नृत्य कला को अपनी तालियों की गड़गड़ाहट से प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में आगरा के अलावा अलीगढ़, टूंडला, ग्वालियर, हाथरस, मुरादाबाद आदि नगरों के कलाकारों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम को अंजाम तक पहुंचाने और सफल बनाने में आगरा के गणमान्य विशिष्ट जनों में अतीव सिंह, डॉ. मुकेश गोयल, केशव अग्रवाल, मनोज मित्तल, डॉ. ललितेश बलूनी, गौरव सिंह, अरविंद यादव, डॉ. सचिन मल्होत्रा, लाखन सिंह कुशवाह, अरविंद गुप्ता, गगन मित्तल, नितिन गुप्ता, नितिन गोयल, मनोज जादौन, अंशुल गर्ग, राजीव सोई, डॉ. राशिद चौधरी, विक्रम जैन ने स्पॉन्सर के रूप में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमाडा ग्रुप के एम डी श्री सुनील मंगरानी जी ने कार्यक्रम में सहयोग किया।कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में आरोही की टीम के सदस्यों में शामिल पूजा मेहरा, रिंकू शाक्य, साहिल, जुनैद, मोहित, प्रियंका आदि ने भी अपना सक्रिय सहयोग दिया। शो की शानदार एंकरिंग निधि सोनी ने की।

## करंट लगने से लाइनमैन घायल




संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। जनपद आगरा के तहसील बाह के अरनोटा फिटर पर प्रार्थी छोटेलाल पुत्र गंगाराम ग्राम वरना तहसील फतेहाबाद का निवासी है प्रार्थी छोटेलाल पुत्र गंगाराम निवासी वरना तहसील फतेहाबाद जिला आगरा विद्युत उपकेंद्र अरनोटा सब स्टेशन पर संविदा पर लाइनमैन है जो कि दिनांक 05 ,08, 2022 ,शाम को 4:20 मिनट पर एसएसओ सुनील कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी धीमिश्री थाना फतेहाबाद जिला आगरा से सीट डाउन लेकर गांव सवोरा में छोटेलाल लाइन खराब होने के कारण कार्य करने के लिए गए थे कार्य पूर्ण न होने से पहले ही बिगर पूछे सुनील कुमार S/o सुनील ने लाइन चालू कर दी खंबे पर चढ़े छोटेलाल को लाइन ने पकड़ लिया जो खंभे से नीचे गिर गया और बुरी तरह झुलस गया और सिर में काफी चोटें आई हैं जिसे लेकर फतेहाबाद आर, एस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने के कारण आगरा रेफर कर दिया जनपद आगरा के तहसील बाह के अरनोटा फिटर का पूरा मामला।

## हर दिन होगी तीज

सावन में है तीज का, एक अलग उल्लास।
प्रेम रंग में भीग कर, कहती जीवन खास।।
जैसे सावन में सदा, होती खूब बहार।
ऐसे ही हर घर सदा, मने तीज त्योहार।।
हाथों में मेंहदी रची, महक रहा है प्यार।
चूड़ी, पायल, करधनी, गोरी के श्रृंगार।।
उत्सव, पर्व, समारोह है, ये हरियाली तीज।
आती है हर साल ये, बोने खुशियां बीज।।
अगर हमीं बोते रहे, राग– द्वेष के बीज।
होंगे फीके प्रेम बिन, सावन हो या तीज।।
बोए मिलकर हम सभी, अगर प्रेम के बीज।
रहे न चिन्ता दुख कभी, हर दिन होगी तीज।।
प्यार–प्रेम सिंचित करें, हृदय यूं दे बीज।
हरी–भरी हो जिंदगी, तभी सफल हो तीज।।
भावहीन अब हो रहे, सभी तीज त्यौहार।
लगे प्यार के बीज यदि, मिटे दिलों की रार।।
सावन झूले हैं कहाँ, और कहाँ है तीज।
मन में भरे कलेश के, सबके काले बीज।।
मन को ऐसे रंग लें, भर दें ऐसा प्यार।
हर पल हर दिन ही रहे, सावन का त्यौहार।।
– सत्यवान 'सौरभ'

